# दैनिक नवसंदेश

सबकी बात, रोजाना साथ

R.N.- UDYAM-BR-26-0012779

पटना : शनिवार, 12 सितम्बर, 2026 | वर्ष -01 | अंक-205 | पृष्ठ-15 | मूल्य : 01 रु. | ई मेल- dainiknavsandesh@gmail.com


## संक्षिप्त खबरें

### बिहार में 1,240 नई MBBS सीटों को मिली मंजूरी

**पटना (एनएसबी)।** नीट यूजी-2026 की तैयारी कर रहे बिहार के छात्रों के लिए मेडिकल सीटों को लेकर बड़ी खबर है। नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) ने बिहार में एमबीबीएस की 1,240 नई सीटों को मंजूरी दी है। नई सीटें जुड़ने के बाद राज्य में एमबीबीएस की कुल सीटों की संख्या बढ़कर 4,660 हो गई है। देशभर में कुल 13,186 नई एमबीबीएस सीटें जोड़ी गई हैं।

### नवीन कुमार ने संभाला बियाडा का पदभार

**पटना।** नवीन कुमार ने बिहार औद्योगिक क्षेत्र विकास प्राधिकार (बियाडा) के प्रबंध निदेशक के रूप में पदभार ग्रहण किया। इस अवसर पर विभाग के वरीय अधिकारियों एवं कर्मियों द्वारा पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका औपचारिक स्वागत किया गया। पदभार ग्रहण के उपरांत आयोजित समीक्षा बैठक में बियाडा की विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों एवं प्रगतिरत कार्यों की जानकारी दी गई।

### महाराष्ट्र में ट्रक-बोलेरो भिड़े, 3 बच्चों समेत 8 की मौत

**मुंबई।** महाराष्ट्र के भंडारा जिले में शुक्रवार को ट्रक और बोलेरो की टक्कर में 3 बच्चों समेत 8 लोगों की मौत हो गई, जबकि 3 लोग घायल हैं। पुलिस के मुताबिक, हादसा सुबह करीब 4 बजे नागपुर-रायपुर नेशनल हाईवे पर पिंपलगांव सड़क के पास हुआ। सभी लोग छत्तीसगढ़ के रायपुर से नेशनल हाईवे-53 के रास्ते नागपुर जा रहे थे। ट्रक में फंसे पिकअप को निकालने के लिए दो जेसीबी की मदद लेनी पड़ी। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और राहत-बचाव का काम शुरू किया।

### केदारनाथ पैदल मार्ग पर बादल फटा, लैंडस्लाइड से बंद

**नई दिल्ली।** उत्तराखंड के केदारनाथ में शुक्रवार को बादल फटा। इसके बाद लैंडस्लाइड हुई। बड़े-बड़े बोल्डर गिरने से केदारनाथ पैदल मार्ग बंद हो गया है। वहीं, यूपी में लगातार हो रही बारिश से गंगा-यमुना समेत 10 से ज्यादा नदियां उफान पर हैं। इससे 26 जिले बाढ़ की चपेट में हैं और 4 लाख से ज्यादा लोग प्रभावित हैं। मिजार्पुर में पुल तो फरुर्खाबाद में हाईवे डूब गया है। मध्य प्रदेश में तीन दिन के ब्रेक के बाद मानसूनी सिस्टम फिर एक्टिव हो गया है। मौसम विभाग के मुताबिक, शुक्रवार को राज्य के 12 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट है। गुरुवार रात भोपाल, नर्मदापुरम और विदिशा में बारिश हुई। दमोह में बाढ़ के हालात हैं, कई कॉलोनियों में पानी भर गया है।

# 33.07 करोड़ की लागत से 29 जिलों में वज्रगृह-परीक्षा भवन का होगा निर्माण

## प्रथम चरण में 12 जिलों को मिली प्रशासनिक स्वीकृति

**पटना (एनएसबी)।** मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के निर्देश पर बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा राज्य के 29 जिलों में प्रस्तावित वज्रगृह-परीक्षा भवनों के निर्माण कार्य को गति देने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की गई है। इन जिलों में एक से डेढ़ एकड़ भूमि पर वज्रगृह-परीक्षा भवनों के निर्माण के लिए तकनीकी अनुमोदित प्राक्कलन के आधार पर प्रथम चरण में 12 जिलों में प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इसके निर्माण से संबंधित आधारभूत संरचना मजबूत होगी तथा बिहार विद्यालय परीक्षा समिति द्वारा आयोजित विभिन्न परीक्षाओं के प्रश्नपत्र एवं अन्य आवश्यक सामग्री के सुरक्षित भंडारण तथा परीक्षा संचालन की व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सकेगा। यह कदाचार मुक्त परीक्षा आयोजित कराने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल है।

ज्ञातव्य है कि राज्य के 29 जिलों में प्रस्तावित वजगृह-परीक्षा भवनों के निर्माण के लिए लगभग 33.07 करोड़ रुपए की प्राक्कलित राशि का प्रावधान किया गया है। प्रथम चरण में 12 स्थानों पर वज्रगृह-परीक्षा भवन निर्माण के लिए प्रशासनिक स्वीकृति दी गई है। इनमें श्री शंकर उच्च माध्यमिक विद्यालय (+2) विद्यालय तकिया, सासाराम (रोहतास), +2 श्री ढ़ेरनाथ महादेव उच्च विद्यालय, शरमा, रामगढ़ चौक, लखीसराय, राजकीय बुनियादी विद्यालय, विष्णुपुर, बेगूसराय, मध्य विद्यालय, बरियारपुर, डुमरा, सीतामढ़ी, पीएम श्री जिला स्कूल, मोतिहारी, पूर्वी चंपारण, आदर्श उच्च विद्यालय, सराय, भगवानपुर, वैशाली, उ.म.वि., रतवार, भभुआ (कैमूर), आरडीएस +2 विद्यालय, राजगीर, नालंदा, +2 उच्च विद्यालय, जमुई बाजार, जमुई, दर्शन साह महाविद्यालय, कटिहार, कन्हाई इंटर विद्यालय, नवादा एवं भूपेन्द्र नारायण मंडल विश्वविद्यालय मधेपुरा परिसर शामिल है।

### बैंक ऑफ बड़ौदा ने सीएम राहत कोष में दिए 1 करोड़ रुपये



**पटना।** बैंक ऑफ बड़ौदा की ओर से मुख्यमंत्री राहत कोष में 1 करोड़ रुपये की सहायता राशि दी गई। लोक सेवक आवास स्थित संकल्प में आज बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से मुलाकात की और 1 करोड़ रुपये का चेक सौंपा। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने बैंक के इस सहयोग के लिए आभार व्यक्त किया और कहा कि यह राशि राज्य में आपदा एवं कठिन परिस्थितियों के समय जरूरतमंद लोगों की मदद में काम आएगी।

# बिहार में सामाजिक विज्ञान शोध को मिलेगा वैश्विक सहयोग : मुख्यमंत्री



**पटना (एनएसबी)** । मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से शुक्रवार को लोक सेवक आवास स्थित संकल्प में स्विट्जरलैंड की प्रतिष्ठित संस्था स्विस नेशनल साइंस फाउंडेशन (एसएनएसएफ) के पूर्व प्रतिनिधि प्रोफेसर मैक्स बर्गमैन और डॉ. जीनेथ बर्गमैन और इंडियन काउंसिल ऑफ सोशल साइंस रिसर्च (आईसीएसएसआर) के सदस्य सचिव प्रो. धनंजय सिंह तथा विधान पार्षद नीरज कुमार ने शिष्टाचार मुलाकात की।

इस अवसर पर एसएनएसएफ और आईसीएसएसआर के प्रतिनिधियों ने बिहार में सामाजिक विज्ञान अनुसंधान को प्रोत्साहित करने तथा विभिन्न शैक्षणिक एवं शोध गतिविधियों में सहयोग करने की इच्छा व्यक्त की। उन्होंने राज्य में शोध संस्कृति को मजबूत बनाने, अकादमिक आदान-प्रदान को बढ़ावा देने और सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में नए अनुसंधान अवसर विकसित करने के लिए बिहार सरकार के साथ मिलकर कार्य करने में रुचि दिखाई। एसएनएसएफ वर्तमान में भारत में डिजिटल गवर्नेंस, स्पेस साइंस, आपदा प्रबंधन और एआई के क्षेत्र में आईसीएसएसआर के साथ मिलकर कार्य कर रही है। सीएम ने कहा कि सामाजिक विज्ञान के क्षेत्र में शोध और अनुसंधान की आज के समय में अत्यंत आवश्यकता है। इसके माध्यम से समाज की वास्तविक जरूरतों को समझने, जनकल्याणकारी योजनाओं को अधिक प्रभावी ढंग से तैयार करने तथा नीति निर्माण को मजबूत आधार प्रदान करने में सहायता मिलती है। सीएम ने दोनों संस्थाओं के प्रस्ताव का स्वागत करते हुए कहा कि बिहार के शैक्षणिक उन्नयन, कौशल विकास और अनुसंधान संस्कृति को मजबूत बनाने के लिए अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं एवं विश्वविद्यालयों का सहयोग महत्वपूर्ण साबित होगा।

**सीएम ने एसएनएसएफ के सहयोग प्रस्ताव का किया स्वागत**

# अधीक्षण अभियंता राजेंद्र कुमार के पांच ठिकानों पर छापेमारी

**इंजीनियर ने जिसे पकड़वाया, उसी की शिकायत पर हुई कार्रवाई**

**हाल ही में मुंबई में 1.75 करोड़ की खरीदी जमीन**



**पटना (एनएसबी)।** भ्रष्टाचार से जुड़े मामले में स्पेशल विजिलेंस यूनिट (एसवीयू) ने शुक्रवार को बड़ी कार्रवाई करते हुए लघु जल संसाधन विभाग के सुपरिटेंडेंट इंजीनियर राजेंद्र कुमार के पांच ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की है। जानकारी के अनुसार, एसवीयू की पांच अलग-अलग टीमें एक साथ कार्रवाई की। टीम पटना स्थित लघु जल संसाधन विभाग के कार्यालय में भी पहुंची। बताया जा रहा है कि राजेंद्र कुमार पर 3 करोड़ रुपए से अधिक की आय से अधिक संपत्ति का मामला दर्ज किया गया है। इनकी पोस्टिंग वर्तमान में लघु जल संसाधन विभाग के छपरा अंचल में अधीक्षण अभियंता के तौर पर है। इनके छपरा स्थित कार्यालय पर भी टीम ने दबिश दी है। जानकारी के मुताबिक हाल ही में राजेंद्र कुमार ने मुंबई के पनवेल इलाके में करीब 75 डिसमिल जमीन खरीदी है, जिसकी कीमत करीब 1.75 करोड़ रुपए आंकी जा रही है। टीम दस्तावेजों की जांच में जुटी है। तीन दिन पूर्व राजेंद्र कुमार की शिकायत पर आर्थिक अपराध इकाई ने उनको डरा-धमकाकर पैसे मांगने वाले दो आरोपितों को गिरफ्तार किया था। इंजीनियर की शिकायत थी कि फोन करने वाला खुद को ईओयू का पदाधिकारी बताकर जांच की फाइल अपने पास रहने और जो चाहे वह करने की धमकी देता है।

### गयाजी में होटल ग्रुप पर कार्रवाई

बैंक लोन धोखाधड़ी और मनी लॉन्ड्रिंग के मामले में ईडी ने गयाजी के एक होटल ग्रुप पर कार्रवाई की है। ईडी की टीम ने शुक्रवार को गया और बोधगया में रामनंदी होटल्स एंड रिसॉर्ट्स लिमिटेड से जुड़े कई ठिकानों पर छापेमारी की। कंपनी के निदेशक अखौरी गोपाल और उनके बेटों निशांत व नितेश से जुड़े परिसरों में भी जांच टीम पहुंची। ईडी की यह कार्रवाई प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट के तहत की गई है। कार्रवाई के दौरान दस्तावेज और वित्तीय लेन-देन से जुड़े रिकॉर्ड खंगाले जाने की बात सामने आई है।

**एमएलसी चुनाव**

## राजद ने छह उम्मीदवारों की सूची की जारी

**पटना (एनएसबी)।** बिहार में अगले कुछ महीने में विधान परिषद का चुनावे होना है। इस बाबत पार्टियों में सरगर्मी तेज है। इधर राष्ट्रीय जनता दल ने अपने उम्मीदवारों के नामों की घोषणा कर दी है। शुक्रवार को इस बाबत पत्र भी जारी हो गया। पटना शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. संजीव कुमार सिंह. पटना स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से दिलीप कुमार, कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से नितेश कुमार, दरभंगा स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से अनिल कुमार झा, सारण शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र से प्रोफेसर जयराम यादव और तिरहुत स्नातक निर्वाचन क्षेत्र से डॉ. रश्मि विनायक गौतम को उम्मीदवार बनाया गया है। आरजेडी ने जिन दो सीटों पर उम्मीदवार नहीं उतारे हैं, वह महागठबंधन के सहयोगी दलों की सीटिंग सीट है।

# आयकर विभाग की असिस्टेंड कमिश्नर को सीबीआई ने रिश्वत लेते दबोचा

**पटना (एनएसबी)।** राजधानी में आयकर विभाग की असिस्टेंट कमिश्नर सुनंदा कुमार को 15 हजार रुपए की रिश्वत लेते हुए सीबीआई ने गिरफ्तार किया है। यह गिरफ्तारी एक एनजीओ को 12ए और 80जी प्रमाणपत्र जारी करने के बदले 75 हजार रुपए की रिश्वत मांगने के मामले में हुई है।

इस दौरान सीबीआई ने विभाग की एक महिला क्लर्क को भी पकड़ा है, जिसने रिश्वत लेने में अधिकारी की मदद की थी। सीबीआई ने कार्रवाई के दौरान रिश्वत की रकम भी बरामद कर ली है। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों को पूछताछ के लिए सीबीआई अपने साथ ले गई है। एनजीओ प्रतिनिधि के मुताबिक, सीबीआई की यह कार्रवाई श्रवण ज्योति विवेकानंद संस्थान नामक एनजीओ की शिकायत पर हुई है। फरवरी में आयकर विभाग में 12ए और 80जी प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया था। 9 जून को सुनवाई के दौरान असिस्टेंट कमिश्नर सुनंदा ने पहले सीए को भेजने को कहा। हमने सीए को नहीं भेजा। इसके बाद 1 सितंबर की तारीख दूसरी सुनवाई की तारीख तय की। 1 सितंबर को तो हम आए तो उन्होंने डायरेक्ट हमसे पैसे की मांग की। बोलीं 75,000 हमको दे दीजिएगा और 10,000 स्टाफ को। उसके बाद हमने ये इसकी जानकारी सीबीआई ऑफिस में दी। संस्थान के प्रतिनिधि की शिकायत मिलने के बाद सीबीआई की भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) टीम ने आरोपों की जांच की। जांच में शिकायत सही पाई गई, जिसके बाद दोनों आरोपियों को पकड़ने के लिए एक योजना बनाई गई। पटना एसीबी की टीम ने डीएसपी रुबी चौधरी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की। आरोप है कि महिला आयकर अधिकारी ने रिश्वत की रकम खुद नहीं ली। उसने विभागीय क्लर्क के माध्यम से यह रकम ली। जैसे ही पैसों का लेन-देन हुआ, वहां पहले से मौजूद सीबीआई की टीम ने दोनों को रंगे हाथ पकड़ लिया।





**मदद करने वाली महिला क्लर्क भी गिरफ्तार**

**एनजीओ को प्रमाणपत्र जारी करने के बदले मांगे थे 75 हजार रुपए**

# राज्य में 17 की शाम हर घर में जलेगा आशीर्वाद का दीया

**मुख्य सचिव ने सेवा संकल्प अभियान की तैयारियों को लेकर की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक**

**पटना (एनएसबी)** । बिहार के मुख्य सचिव प्रत्यय अमृत की अध्यक्षता में 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले सेवा संकल्प अभियान के सफल क्रियान्वयन एवं व्यापक तैयारियों को लेकर उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक हुई। इस बैठक में राज्य के विभिन्न विभागों के प्रधान सचिव एवं सचिव भौतिक रूप से उपस्थित रहे, जबकि सभी जिलों के डीएम वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े। समीक्षा के दौरान मुख्य सचिव ने अभियान के सभी 13 प्रमुख घटकों की विभागवार स्थिति का जायजा लिया और अधिकारियों को समयबद्ध तरीके से तैयारियां पूरी करने के निर्देश दिए। अभियान की शुरूआत 17 सितंबर की संध्या को आशीर्वाद का दीया कार्यक्रम से होगी, जिसके तहत राज्य के प्रत्येक घर तथा हर जिले के कम-से-कम 10 प्रमुख व प्रतीकात्मक सार्वजनिक स्थलों पर सामूहिक दीप प्रज्वलन कराया जाएगा। इसके लिए जीविका, नगर निकायों और जन वितरण प्रणाली के माध्यम से लाभार्थियों तक दीया पहुंचाया जाएगा। वहीं 17 सितंबर से 7 अक्टूबर के बीच सभी सरकारी एवं निजी स्कूलों में सेवा चित्र के अंतर्गत विकसित भारत संकल्प विषय पर चित्रकला व भाषण प्रतियोगिताएं आयोजित होंगी, जिसके साथ ही अभिभावक-शिक्षक बैठक का भी आयोजन किया जाएगा। जन-जागरूकता फैलाने के उद्देश्य से सेवा स्मरण के तहत पिछले 25 वर्षों के सेवा कार्यों और योजनाओं पर आधारित 18-20 नाट्य टोलियां गठित की जाएंगी, जो स्कूलों, कॉलेजों और पंचायतों में नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करेंगी और 2 अक्टूबर को विशेष मंचन करेंगी।

# राष्ट्रपति पुतिन के साथ व्यापार बढ़ाने और 2030 आर्थिक सहयोग कार्यक्रम पर चर्चा हुई : पीएम

## चीन ने भारत-चीन संबंधों को रणनीतिक रूप से आगे बढ़ाने का दिया संदेश





**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के इतर नई दिल्ली में रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ उनकी मुलाकात बेहद सार्थक रही। उन्होंने बताया कि दोनों नेताओं ने व्यापारिक संबंधों को और मजबूत बनाने तथा भारत-रूस आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030 के क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की।

प्रधानमंत्री मोदी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा, "बिश्केक में हुई हमारी मुलाकात के दो सप्ताह से भी कम समय बाद दिल्ली में राष्ट्रपति पुतिन से मिलकर खुशी हुई। आज की बैठक में हमने व्यापारिक संबंधों को और मजबूत करने, आर्थिक सहयोग कार्यक्रम 2030 के क्रियान्वयन, बुनियादी ढांचे, ऊर्जा, प्रौद्योगिकी, रक्षा, संस्कृति समेत कई क्षेत्रों में सहयोग पर चर्चा की। साथ ही भारत की ब्रिक्स अध्यक्षता के दौरान वैश्विक कल्याण को आगे बढ़ाने के प्रयासों पर भी विचार साझा किए।" एक अन्य पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि भारत-रूस आर्थिक साझेदारी लगातार नई गति पकड़ रही है। उन्होंने बताया कि राष्ट्रपति पुतिन के साथ उन्होंने इनोप्रोम इंडिया प्रदर्शनी का दौरा किया, जहां दोनों देशों की कई कंपनियों ने भाग लिया। उन्होंने कहा कि यह भारत और रूस के बीच कारोबारी साझेदारी की बढ़ती गहराई को दशार्ता है। विदेश मंत्रालय (एमईए) के अनुसार, दोनों नेताओं ने राजनीतिक, आर्थिक, रक्षा, ऊर्जा, अंतरिक्ष, कौशल गतिशीलता और लोगों के बीच संपर्क जैसे क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग की प्रगति की समीक्षा की। विदेश मंत्रालय ने कहा कि दोनों नेताओं ने 9 से 11 सितंबर तक पहली बार भारत में आयोजित रूस की अंतरराष्ट्रीय औद्योगिक प्रदर्शनी इनोप्रोम इंडिया का स्वागत किया और इसे व्यापार तथा औद्योगिक सहयोग को और विस्तार देने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम बताया। भारत और चीन के रिश्तों में लगातार सुधार के संकेत मिल रहे हैं। भारत में चीन के राजदूत शू फेइहोंग ने शुक्रवार को इस बात की जानकारी दी है कि दोनों देश राष्ट्रपति शी जिनपिंग और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीच द्विपक्षीय बैठक की तैयारी कर रहे हैं। चीनी राजदूत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर पोस्ट कर लिखा, "चीन और भारत, राष्ट्रपति शी और प्रधानमंत्री मोदी के बीच द्विपक्षीय बैठक की तैयारी कर रहे हैं।

**राष्ट्रपति शी और पीएम मोदी के बीच द्विपक्षीय बैठक की तैयारी : चीनी राजदूत**

## पटना में आज लगेगा राष्ट्रीय लोक अदालत

**पटना (एनएसबी)।** राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन शनिवार को पटना सदर स्थित सिविल कोर्ट के अलावा पटना सिटी, दानापुर, बाढ़, मसौढ़ी और पालीगंज के अनुमंडल स्तरीय न्यायालयों में किया जाएगा। इसमें सुलहनीय और समझौता योग्य मामलों का पक्षकारों की आपसी सहमति से त्वरित निष्पादन किया जाएगा। लोक अदालत में मामलों के निपटारे के लिए किसी प्रकार का न्यायालय शुल्क नहीं लिया जाता है। राष्ट्रीय लोक अदालत में संधि योग्य लघु आपराधिक मामलों के अलावा परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 से जुड़े मामले, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, मोटर वाहन दुर्घटना दावा वाद, सिविल वाद, श्रम विवाद, बैंक ऋण वसूली तथा अन्य समझौता योग्य मामलों का समाधान किया जाएगा।

**पुराने ट्रैफिक चालानों के लिए गांधी मैदान में शिविर :** तीन माह से अधिक पुराने लंबित ट्रैफिक चालानों के निष्पादन के लिए गांधी मैदान के गेट संख्या-7 के समीप विशेष शिविर लगाया जाएगा। यहां 30 बेंच बनाए गए हैं।

# पटना में विधानसभा, कलेक्ट्रेट समेत 10 जगहों पर लगेगा चार्जिंग स्टेशन

## परिवहन विभाग और IOCL के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर





**पटना (एनएसबी)।** राजधानी में मुख्य सचिवालय, विधानसभा, कलेक्ट्रेट, विश्वेश्वरैया भवन, विकास भवन, सिंचाई भवन, मल्टी मॉडल हब, मल्टी लेवल कार पार्किंग, बेउर मोड़ और हार्डिंग रोड में फास्ट ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इसको लेकर परिवहन विभाग और इंडियन आयल कॉरपोरेशन लिमिटेड (आइओसीएल) के बीच शुक्रवार को महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया गया। समझौते पर राज्य परिवहन आयुक्त आरिफ अहसन तथा आइओसीएल, बिहार के स्टेट रिटेल सेल्स हेड राजीव कुमार ने हस्ताक्षर किए। राज्य परिवहन आयुक्त ने बताया कि इन चार्जिंग स्टेशनों के शुरू होने से सरकारी कार्यालयों में आने-जाने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों तथा आम लोगों को इलेक्ट्रिक वाहनों की चार्जिंग के लिए सुविधाजनक विकल्प उपलब्ध होगा। खासकर सचिवालय और अन्य प्रमुख सरकारी परिसरों में ईवी चार्जिंग की सुविधा उपलब्ध होने से इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकताओं को बड़ी राहत मिलेगी। ई-वाहनों की संख्या लगातार बढ़ रही है, जिसके लिए निजी कंपनियों के सहयोग से चार्जिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं।

**इलेक्ट्रिक वाहनों को मिलेगा बढ़ावा**

**बिहार में अब तक 210 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित :** आईओसीएल के अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि कंपनी के स्तर से राज्य में अब तक 210 ईवी चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जा चुके हैं। परिवहन विभाग के साथ हुए इस समझौते के तहत चिह्नित सरकारी परिसरों में चार्जिंग स्टेशन स्थापित किए जाएंगे। इससे इलेक्ट्रिक वाहन उपयोगकताओं को सुविधाजनक और भरोसेमंद चार्जिंग सुविधा उपलब्ध कराने में मदद मिलेगी।

# गया जी में पितृपक्ष मेला 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक

दैनिक नवसंदेश

**गया जी।** विश्व प्रसिद्ध पितृपक्ष मेले की तैयारियां पूरी हो गई हैं। इस मेले में श्रद्धालुओं की सुरक्षा और सुविधा के लिए क्यूआर कोड बैंड के साथ साथ 2500 बेड की टेंट सिटी, एवं मुफ्त बस-ई-रिक्शा, पितृपक्ष मेला क्षेत्र में 73 स्वास्थ्य शिविर और 24 घंटे कंट्रोल रूम समेत कई विशेष इंतजाम किए गए हैं।

गया जी मे शुरू होने वाले पितृपक्ष मेला 25 सितंबर से 10 अक्टूबर तक आयोजित होने वाले अंतरराष्ट्रीय महा मेले में लाखों श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है।

श्रद्धालुओं की सुविधा, सुरक्षा, स्वच्छता एवं सुगम आवागमन को लेकर प्रशासन ने कई आधुनिक एवं अनूठी पहल की हैं। इस बात की जानकारी जिलाधिकारी शशांक शुभंकर ने मिडिया को बताया कि इस बार प्रशासन का मुख्य फोकस मेले को पूरी तरह व्यवस्थित, स्वच्छ एवं श्रद्धालुओं के अनुकूल बनाने पर है। इस आस्था के सेलाब में भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था के साथ-साथ तकनीक का भी इस्तेमाल किया जा रहा है।

**बच्चे को क्यूआर कोड :** अंतरराष्ट्रीय

### पितृपक्ष मेला हाईटेक तैयारी, बच्चों को मिलेंगे क्यूआर कोड वाले बैंड

पितृपक्ष मेले में अक्सर भीड़ के कारण बच्चों के परिजनों से बिछड़ने की आशंका रहती है। इसे देखते हुए इस बार जिला प्रशासन ने विशेष फ्ट कोड बैंड की व्यवस्था की है। बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन एवं एयरपोर्ट पर पहुंचने वाले बच्चों को यह बैंड पहनाया जाएगा। क्यूआर कोड में बच्चे के माता-पिता का विवरण एवं संपर्क नंबर दर्ज रहेगा। यदि बच्चा भीड़ में बिछड़ जाता है तो पुलिसकर्मी, वलिंटियर एवं कोई अन्य व्यक्ति अपने मोबाइल से फ्ट कोड स्कैन कर तुरंत उसके परिजनों से संपर्क कर सकेगा।

**गया जी संस्कृति को दिवाल पेंटिंग जरिय लोगों का आकर्षण का केन्द्र :** गया जी शहर को नया रूप देने के लिए स्थानीय बच्चों की प्रतिभा को भी मंच दिया गया है। बच्चों के बीच प्रतियोगिता आयोजित कर पितृपक्ष मेला का आधिकारिक लोगो चुना गया है। इसके अलावा चयनित किए गए नौ अन्य लोगो का इस्तेमाल मेले के प्रचार-प्रसार में किया जाएगा।इस बार प्रशासन की पेन्ट द सिटी पहल के तहत बच्चों के 27 समूहों का चयन किया गया है। ये बच्चे शहर की दीवारों, घाटों और चौक-चौराहों पर पितृपक्ष और गया जी के धार्मिक एवं पौराणिक महत्व से जुड़ी कहानियों की पेंटिंग बना रहे हैं।



जानकारी देते जिलाधिकारी शशांक शुभंकर।

**सत्तर हजार श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था :** इस मेले में आने वाले लाखों श्रद्धालुओं के लिए जिला प्रशासन करीब 70 हजार लोगों की ठहरने क्षमता तैयार कर रहा है। गांधी मैदान में 2,500 बेड की विशाल टेंट सिटी बनाई जा रही है, जहां श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था होगी। श्रद्धालुओं को सस्ता एवं पौष्टिक भोजन उपलब्ध कराने के लिए भी विशेष इंतजाम किए गए हैं। वहीं खाने खिलाने कि व्यवस्था जीविका दीदी की रसोई के माध्यम से मात्र 25 रुपये में श्रद्धालुओं को भरपेट भोजन उपलब्ध कराया जाएगा।

**नगर निगम द्वारा सफाई से लेकर पेयजल तक व्यापक इंतजाम :** इस मेले की सफाई व्यवस्था के लिए पूरे नगर क्षेत्र को 5 जोन एवं 54 सेक्टर में बांटा गया है। श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए 364 स्थायी शौचालय, 579 प्री-फैब्रिकेटेड अस्थायी शौचालय, 134 स्नानागार और 74 चेंजिंग रूम तैयार किए जा रहे हैं। सड़कों की स्थिति बेहतर करने के लिए नगर निगम की ओर से 53 पथों एवं पथ निर्माण विभाग की ओर से 35 मुख्य सड़कों की मरम्मत कराई जा रही है। पेयजल व्यवस्था के तहत मेला क्षेत्र में 280 चापाकल, 54 प्याऊ 890 नल, 22 वाटर टैंकर और 2 वाटर एटीएम उपलब्ध रहेंगे।

**डाक विभाग की भी खास तैयारी :** पितृपक्ष मेला में आए श्रद्धालुओं के लिए डाक विभाग विशेष पितृपक्ष कवर लिफाफा जारी करेगा। इसके अलावा मेला क्षेत्र में डाक कर्मी माइक्रो-एटीएम लेकर मौजूद रहेंगे, जिससे श्रद्धालुओं को जरूरत पड़ने पर आसानी से नकद निकासी की सुविधा मिल सके।

**विभिन्न घाटों पर एस डी आर एफ की तैनाती,24 घंटे कंट्रोल रूम :** मेला में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करने के लिए एस डी आर एफ की टीम सभी प्रमुख तालाबों और घाटों पर मुस्तैद रहेगी। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए 24 घंटे हेल्पलाइन एवं कंट्रोल रूम भी संचालित किया जाएगा।जिला प्रशासन का दावा है कि इस बार तकनीक, स्वच्छता, स्वास्थ्य, परिवहन और सुरक्षा से जुड़े व्यापक इंतजामों के जरिए गयाजी पितृपक्ष मेले को श्रद्धालुओं के लिए अधिक सुरक्षित, सुविधाजनक और व्यवस्थित बनाया जाएगा।

## खबरें : एक नजर में

### नगर में आज



नाटक - सीता माई
आलेख, परिकल्पना एंव निर्देशन - रजनीश कुमार
संगीत परिकल्पना - गरिमा दिवाकर
प्रकाश परिकल्पना - रमन कुमार
दिनांक - 12 सितंबर 2026
प्रेमचंद रंगशाला पटना
समय - 6 :30
निशुल्क प्रवेश

### गैस पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य के कारण यातायात व्यवस्था में आंशिक बदलाव

**पटना / एनएसबी।** पटना ट्रैफिक पुलिस द्वारा आम जनता को सूचित किया गया है कि निर्माणाधीन आकाशवाणी मेट्रो स्टेशन के समीप गैस पाइपलाइन शिफ्टिंग कार्य के कारण यातायात व्यवस्था में आंशिक बदलाव किया गया है।
नाट्य कला भवन के सामनेः सड़क निर्माण व पाइपलाइन कार्य हेतु लगभग 2 मीटर चौड़ाई में अस्थायी ब्लक रहेगा (अनुमानित अवधि : 15 दिन)।
स्वामी नंदन से बाटा मोड़ तक : यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए दोनों लेन को आवागमन के लिए चालू करने का निर्देश दिया गया है।
कार्य पूर्ण होने के पश्चात सड़क को पुनः पूर्ववत सामान्य आवागमन हेतु बहाल कर दिया जाएगा। इस दौरान किसी भी तरह की असुविधा से बचने के लिए धैर्य बनाए रखें एवं ड्यूटी पर तैनात यातायात पुलिसकर्मियों के निर्देशों का पालन करें।

### 12 वर्षीय बच्चे ने निगल ली सीटी, पीएमसीएच में डॉक्टरों ने ब्रोंकोस्कोपी से निकाला

**पटना/ एनएसबी।** पीएमसीएच में सीटी बजाते समय एक 12 वर्षीय बच्चे के सांस की नली में सीटी चली जाने का जटिल मामला सामने आया। सीटी सांस के रास्ते ब्रोंकस में फंस गयी थी। पल्मोनरी विभाग की टीम ने ईएनटी और एनेस्थीसिया विभाग के सहयोग से ब्रोंकोस्कोपी के जरिये सीटी को सफलतापूर्वक बाहर निकाल लिया। समय पर उपचार मिलने से बच्चे की जान बच गयी। बच्चे का नाम गौतम कुमार है जो गयाजी का निवासी है ।

अस्पताल के अधीक्षक डा राजीव ने बताया कि सीटी बजाते समय बच्चे ने गलती से उसे सांस के साथ अंदर खींच लिया था। इसके बाद सीटी ब्रोंकस में जाकर फंस गयी। मामले की जानकारी मिलने पर पल्मोनरी विभाग की वरिष्ठ चिकित्सक ड साइमा एजाज के नेतृत्व में टीम ने बच्चे की जांच की और ब्रोंकोस्कोपी के जरिये विदेशी वस्तु निकालने का निर्णय लिया। पीएमसीएच के ईएनटी ऑपरेशन थिएटर नंबर-2 में ब्रोंकोस्कोपी के माध्यम से सीटी को बाहर निकाला गया। इस पूरी प्रक्रिया में पल्मोनरी विभाग की टीम के साथ जूनियर रेजिडेंट डा आदित्य और डा रोशन ने सहयोग किया। टीम ने एचओडी प्रो बीके चौधरी और वरिष्ठ शिक्षक डा समरेंद्र झा के मार्गदर्शन में प्रक्रिया पूरी की।



पीएमसीएच के ईएनटी ऑपरेशन थिएटर नंबर-2 में ब्रोंकोस्कोपी के माध्यम से सीटी को बाहर निकाला गया।

ईएनटी विभाग की एचओडी प्रो प्रीति शर्मा और उनकी पूरी टीम ने भी प्रक्रिया में सहयोग किया। वहीं, एनेस्थीसिया टीम ने बच्चे को प्रक्रिया के दौरान सुरक्षित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभायी। एनेस्थीसिया टीम को प्रो सुदामा का मार्गदर्शन मिला। अस्पताल प्रशासन ने सभी विभागों की संयुक्त टीम के प्रयास की सराहना की है।

## बुद्ध मार्ग में बनेगा बहुमंजिला विद्या भवन : मिथिलेश तिवारी

**एक ही भवन से संचालित होंगी शिक्षा विभाग की सारी गतिविधियां**

**शिक्षा मंत्री बोले-भवन की डिजाइन और सुविधाएं भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रख विकसित की जाएंगी**

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा है कि बुद्ध मार्ग स्थित टेक्स्ट बुक कार्यालय परिसर में विद्या भवन (शिक्षा भवन) का निर्माण कराया जाएगा। आने वाले समय में शिक्षा विभाग की सारी गतिविधियां इसी बहुमंजिले भवन से संचालित होंगी।

शुक्रवार की शाम टेक्स्ट बुक सभागार में आयोजित बैठक में श्री तिवारी ने भवन निर्माण के अलावा विभागीय योजनाओं और अन्य महत्वपूर्ण विषयों की समीक्षा की।

उन्होंने कहा कि विद्या भवन की डिजाइन और सुविधाएं विभाग की वर्तमान और भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर विकसित की जाएंगी। साथ ही भवन निर्माण में उच्च गुणवत्ता का पूरा ध्यान रखा जाएगा।



शुक्रवार की शाम टेक्स्ट बुक सभागार में आयोजित बैठक में शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी व अन्य।

बैठक में प्रस्तावित भवन में आवश्यक आधुनिक सुविधाओं, निर्माण से जुड़े विभिन्न पहलुओं और आगे की कार्ययोजना पर भी विमर्श किया गया। निर्माण से पहले आवश्यक प्रक्रियाओं को शीघ्र पूरा करने पर भी जोर दिया गया।

बैठक में टेक्स्ट बुक के कार्यो के सुचारु संचालन के लिए मानव बल बढ़ाने पर भी चर्चा की गई। इस दौरान शिक्षा मंत्री ने समग्र शिक्षा योजना के तहत पहली से आठवीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए पाठ्य पुस्तकों के प्रकाशन और विद्यालयों में आपूर्ति की भी अद्यतन जानकारी ली।

बैठक में शिक्षा विभाग के विशेष सचिव धर्मेद्र कुमार, टेक्स्ट बुक के निदेशक यतेंद्र कुमार पाल, बिहार विद्यालय परीक्षा समिति के अध्यक्ष त्यागराजन एस्एम् सहित विभाग के सभी वरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

मालूम हो, प्रस्तावित विद्या भवन के पहले तल्ले पर शिक्षा मंत्री, अपर मुख्य सचिव और सचिव के दफ्तर होंगे। दूसरे तल्ले पर प्राथमिक और माध्यमिक शिक्षा निदेशालय का कार्यालय होगा।

## 45 दिन तक चलेगा जमाबंदी शुद्धीकरण के लिए अभियान : डा. दिलीप जायसवाल

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डा. दिलीप जायसवाल की अध्यक्षता में शुक्रवार को पटना के शास्त्रीनगर स्थित राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान में सभी जिलों के अपर समाहर्ता (राजस्व)के कार्यो की समीक्षा की गई। इस दौरान मंत्री ने कहा कि पहली बार विभाग रैयतों के घर-घर जाकर जमाबंदी में शुद्धीकरण का अभियान 45 दिन तक चलाएगा।

इससे पहले सचिव जय सिंह ने माननीय मंत्री का पुस्तक एवं पौधा देकर स्वागत किया।



सचिव जय सिंह ने राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग के मंत्री डा. दिलीप जायसवाल का पुस्तक एवं पौधा देकर स्वागत किया।

समीक्षा के दौरान मौजा-वार अभियान चलाकर जमाबंदी को त्रुटिरहित बनाने, पांच एकड़ से अधिक क्षेत्रफल वाली सरकारी भूमि का भौतिक सत्यापन शुरू करने तथा सरकारी प्लाट से संबंधित जमाबंदियों के सत्यापन में तेजी लाने पर विशेष जोर दिया। म्यूटेशन, परिमार्जन प्लस, डिजिटाइज्ड एवं लेफ्ट आउट जमाबंदी, ई-मापी, अभियान बसेरा, सरकारी भूमि सत्यापन, मृत रैयतों के उत्तराधिकार एवं बंटवारा म्यूटेशन सहित विभिन्न राजस्व कार्यो की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। भू-अभिलेख पोर्टल पर स्कैन दस्तावेजों के अपलोड, निबंधन से पूर्व अभिलेखों के सत्यापन, लॉक जमाबंदियों को अनलॉक करने तथा गलत प्रश्नावली एवं फर्जी दस्तावेजों के मामलों में कार्रवाई की स्थिति की भी समीक्षा की गई।

बैठक में सचिव श्रीमती सीमा त्रिपाठी, सहायक निदेशक सह अपर सचिव आजीव वत्सराज, उप निदेशक श्रीमती मोना झा, विशेष कार्य पदाधिकारी नवाजिश अख्तर, अनुपम प्रकाश, उप सचिव अविनाश कुमार, सहायक निदेशक-सह-जनसंपर्क पदाधिकारी सुश्री जूही कुमारी, आईटी मैनेजर आनंद शंकर, प्रशाखा पदाधिकारी राजीव शंकर, दीनदयाल राम सहित सभी जिलों के एडीएम उपस्थित थे।

## बिहार में पीजी चिकित्सा छात्रों को बड़ी सौगात, मानदेय में उल्लेखनीय बढ़ोतरी

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** राज्य के सरकारी चिकित्सा एवं दंत महाविद्यालयों में पीजी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों के मानदेय में बिहार सरकार द्वारा महत्वपूर्ण वृद्धि की गई है। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी संकल्प के अनुसार 1 जनवरी 2026 से पीजी छात्रों के संशोधित मानदेय की नई दरें लागू होंगी।

नई व्यवस्था के तहत प्रथम वर्ष के पीजी छात्रों को 92,800, द्वितीय वर्ष के छात्रों को 1,02,000 तथा तृतीय वर्ष के छात्रों को 1,12,200 प्रतिमाह मानदेय मिलेगा। इससे पूर्व पीजी प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के छात्रों को क्रमशः 82,000, 90,200 और 99,220 मानदेय प्रतिमाह दिया जा रहा था।

मानदेय में यह वृद्धि राज्य के सरकारी चिकित्सा एवं दंत महाविद्यालयों में पीजी पाठ्यक्रम में अध्ययनरत छात्रों के हित में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे पीजी छात्रों को उनके प्रशिक्षण एवं सेवाकाल के दौरान बेहतर आर्थिक सहयोग मिलेगा और चिकित्सा शिक्षा के क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन को प्रोत्साहन मिलेगा।

स्वास्थ्य मंत्री निशांत ने कहा कि राज्य में चिकित्सा शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने के लिए सरकार लगातार आवश्यक कदम उठा रही है। उन्होंने कहा कि पीजी छात्र भविष्य के विशेषज्ञ चिकित्सक हैं और राज्य की स्वास्थ्य व्यवस्था में उनकी महत्वपूर्ण भूमिका है। मानदेय में वृद्धि से उन्हें प्रोत्साहन मिलेगा और चिकित्सा शिक्षा के प्रति बेहतर वातावरण तैयार होगा।

उन्होंने कहा कि हमारा लक्ष्य केवल चिकित्सा संस्थानों की संख्या बढ़ाने के साथ - साथ ऐसे विशेषज्ञ चिकित्सकीय मानवबल को तैयार करना है, जो राज्य के लोगों को बेहतर और गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध करा सके। पीजी छात्रों के मानदेय में यह वृद्धि इसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य सरकार चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता, मेडिकल कलेजों में आधारभूत संरचना और चिकित्सकीय मानव संसाधन को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। बेहतर प्रशिक्षण, बेहतर सुविधाएं और बेहतर मानवबल के माध्यम से बिहार की स्वास्थ्य व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा रहा है।

## गाँवों और खेतों को उजाड़ने की साजिश के खिलाफ किसान महापंचायत

**नवादा (दैनिक नवसंदेश)।** मोतनाजे और मधुबन में गंगा जलाशय और टूरिस्ट प्लेस बनाने के नाम पर सैकड़ों वर्षो से बसे गाँवों और खेतों को उजाड़ने की साजिश के खिलाफ विशाल किसान महापंचायत आयोजित हुआ।

आक्रोशित किसानों एवं मजदूरों का मोतनाजे मधुबन में आज आयोजित विशाल किसान महापंचायत को संबोधित करते हुए दुनिया भर में वाटर मैन के नाम से विख्यात मेंग्सेसे पुरस्कार विजेता जलपुरुष राजेंद्र सिंह ने कहा कि आज कि इस किसान महापंचायत ने सर्व सम्मति से मोतनाजे एवं मधुबन के लोगों ने फैसला लिया कि हम जान देंगे,परन्तु अपनी जमीन नहीं देंगे।

बक्सर सांसद किसान नेता सुधाकर सिंह ने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा कि आज बिहार के हजारों गांव की जल,जंगल और जमीन पर मोदी के प्यारे मित्र कार्पोरेटो की गिद्ध दृष्टि पड़ी गई है। बिहार में 10 लाख एकड़ जमीन किसानों से छीन कर गरीब-गुरुबों को बसाने के लिए या हमारे प्रवासी बिहारियों को वापस बिहार बुलाने के लिए उद्योग धंधे के विकास के लिए नहीं बल्कि अपने चार-पांच उद्योगपति मित्रों का पेट भरने के लिए,किसानों से सरकार जमीन जबरन हड़प रही है।



विशाल किसान महापंचायत आयोजित हुआ।

स्थानीय पूर्व विधायक मो कामरान ने कहा कि सबसे पहले हम स्थानीय होने के नाते आप सभी आए हुए मेहमानों का हार्दिक स्वागत करता हूं।उन्होंने कहा आप संघर्ष के रास्ते आगे बढ़े,जहां-जहां आपकी ट्रेन रुकेगी,वहां-वहां हम लोग चल कर आपके लिए लड़ने को हमेशा तैयार रहेंगे।

किसान नेता दिनेश कुमार ने महापंचायत को संबोधित करते हुए कहा की गंगा लिफ्ट वटर जलाशय योजना पहले भी पूरी तरह फ्लप साबित हुई है।भाजपा को चुनाव में इलेक्ट्रोल बौंड के जरिए हजारों करोड़ चंदा देने वाली मेगा इंजीनियरिंग कंपनी को सिर्फ फायदा पहुंचाने के लिए तथा सरकारी राशि की लूट करवाने का यह मैच हो रहा है।

संयुक्त किसान मोर्चा इसके लिए हर तरह से तैयार है।महापंचायत को संबोधित करते हुए किसान नेता अशोक प्रसाद सिंह ने कहा की हुकमरॉ हो गई सब कमीने लोग,खाक में मिल गए सब नगिने लोग। लिखा हो किस्मत में परदेस,वतन को याद क्या करना। जहां बेदर्द हाकिम हो,वहां फरियाद क्या करना।

किसान महापंचायत की अध्यक्षता सरपंच कपिल देव प्रसाद तथा मंच संचालन दीपक कुमार ने किया। किसान पंचायत को नागेंद्र यादव,बेनू यादव,सुधीर प्रसाद,दिलीप साह,बैजू गोपी,जगदीश मांझी,अमृत मांझी, रामबरन चौहान,नरेश पंडित, आदि ने अपना विचार व्यक्त किया। पुलिस के समक्ष जेसीबी के सामने बहादुरी से लड़नेवाली वीरांगना रेणु देवी और बसंती देवी जो जेसीबी के सामने लेटकर प्रतिरोध किया। उन्हें ससम्मान मंच पर बुलाकर अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ देकर सांसद सुधाकर सिंह ने सम्मानित किया।

## खबरें खास-खास

### शरद यादव, डॉक्टर रघुवंश प्रसाद सिंह एवं रामविलास पासवान की आदमकद प्रतिमा स्थापित करने उनकी जयंती अथवा पुण्यतिथि को राजकीय समारोह घोषित करने की मांग को लेकर मुख्यमंत्री को पत्र लिखा

**पटना/ एनएसबी।** स्व डक्टर रघुवंश प्रसाद सिंह, स्व शरद यादव एवं स्व रामविलास पासवान जी राज्य के महान विभूति होने के साथ-साथ प्रखर समाजवादी नेता थे। इन राजनेताओं ने अपने सामाजिक सरोकारों और सक्रिय राजनीतिक जीवन के माध्यम से बिहार की उल्लेखनीय सेवा की। ये देश के ऐसे सपूत रहे है जिनके व्यक्तित्व एवं तित्व से हम सभी बिहारवासी सदा ऋणी रहेंगे। आपको ज्ञात होगा कि निधन से कुछ दिन पूर्व स्व डा रघुवंश बाबू ने बिहार के तत्कालीन मुख्यमंत्री को सम्बोधित पत्र के माध्यम से अपनी कुछ मांगे पूर्ण करने की इच्छा व्यक्त की थी लेकिन 6 वर्ष बीतने के बाद भी उन मांगों पर अभी तक कोई सकारात्मक पहल नहीं हुई। मुझे विश्वास है कि आप उन लंबित मांगों को पूर्ण करने हेतु आवश्यक कदम उठायेंगे। स्व रघुवंश बाबू की अंतिम इच्छाओं को सम्मान देते हुए उन्हें पूरा करना ही उनके प्रति हमलोगों की सच्ची श्रद्धांजलि होगी। बिहार से लोकसभा और राज्यसभा दोनों सदनों में लंबे समय तक सक्रिय रहे स्व शरद यादव जी एक कद्दावर समाजवादी नेता थे जिन्होंने जीवनभर सामाजिक न्याय की राजनीति के माध्यम से विशेषकर वंचित और पिछड़े वर्गों के उत्थान में अभूतपूर्व योगदान देकर आम आदमी के जीवन स्तर को सुधारा। इसी प्रकार स्व रामविलास पासवान जी समतावादी विकास और समाजवाद के पक्षधर थे। उन्होंने अपना सम्पूर्ण जीवन दबे, कुचले और उपेक्षित वर्गों के सामाजिक उत्थान, संघर्ष, सुरक्षा एवं विकास के लिए समर्पित किया। अतः मेरा आपसे विनम्र अनुरोध है कि कृपया स्व रघुवंश बाबू, स्व शरद यादव जी एवं स्व रामविलास पासवान जी की राज्य में आदमकद प्रतिमा स्थापित करते हुए उनकी जयंती अथवा पुण्यतिथि को राजकीय समारोह घोषित किया जाए।

### बिहार विधान परिषद् के स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन के लिए राजद के अधित प्रत्याशियों की सूची जारी

**पटना/ एनएसबी।** बिहार विधान परिषद् स्नातक एवं शिक्षक निर्वाचन 2026 के लिए राष्ट्रीय जनता दल के अधित प्रत्याशी की घोषणा प्रदेश अध्यक्ष मनीलाल मंडल ने कर दी है। पार्टी के मुताबिक डा. संजीव कुमार सिंह, पटना शिक्षक दिलीप कुमार पटना स्नातक, नितेश कुमार कोशी स्नातक, अनिल कुमार झा दरभंगा स्नातक, प्रो जयराम यादव सारण शिक्षक, डा रश्मि विनायक गौतम तिरहुत स्नातक को प्रायाशी बनायो गया है। शेष दो सीटों पर विचार किया जा रहा है।

### महिलाओं एवं किशोरियों के बीच जागरूकता कार्यक्रम

**हरनौत (दैनिक नवसंदेश)।** सरकार द्वारा चलाए जा रहे विभिन्न महत्वपूर्ण सरकारी योजनाओं ,स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रम एवं जल जीवन हरियाली विषय पर मिजीरियर जर्मनी के सौजन्य से घोघरडीहा प्रखंड स्वराज्य विकास संघ के तत्वावधान में डिहरी पंचायत अंतर्गत सामुदायिक भवन हासनचक में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया । कार्यक्रम में डिहरी पंचायत के सरपंच राजकुमार राम मुख्य अतिथि के रूप में भाग लिए।



सर्वप्रथम पर्यावरण स्वास्थ्य सहेली मोनी कुमारी ने कार्यक्रम में सभी आगत अतिथियों का स्वागत करते हुए विषय प्रवेश कराते हुए सरकारी योजनाओं की जानकारी दी और कहा कि जलवायु परिवर्तन के हिसाब से हम सभी को खान पान ,रहन -सहन संबंधी आवश्यक दिशा निर्देशों का पालन करना चाहिए । घोघरडीहा प्रखंड स्वराज विकास संघ,मधुवनी संस्था से आए सीआरएचएस प्रोजेक्ट के क्लस्टर कर्डिनेटर सुनील कुमार ने विषय संबंधी चर्चा करते हुए बताया कि सरकार द्वारा स्वास्थ्य संबंधी अनेको योजनाएं चलाई जा रही है । उन्होंने एएनएम,आंगनबाड़ी सेविका, एवं आशा कार्यकर्ता की भूमिका के बारे में बताते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा दी जाने वाली सेवाओं के बारे में विस्तृत जानकारी दी । उन्होंने कार्यक्रम में बताया कि जलवायु परिवर्तन के कारण होने वाले दुष्प्रभाव को झेलने के लिए दुनिया मजबूर है ।हम सभी को पर्यावरण संरक्षण के लिए सामूहिक प्रयास करना चाहिए । वही इस मौके पर एएनएम कुमारी पुष्पा सिन्हा, आशा कार्यकर्ता नीतू कुमारी और सेविका उपमा कुमारी ने टीकाकरण के महत्व सहित स्वास्थ्य संबंधी जरूरी जानकारी प्रदान की । इस मौके पर पंच उषा देवी , उर्विला देवी ,पिंकी देवी ,ममता देवी ,किरण देवी ,सुधा देवी ,शबनम कुमारी , प्रतिमा कुमारी ,पूजा देवी ,बेबी देवी सहित दर्जनों महिलाएं एवं किशोरिया उपस्थित रही ।

### न्यायाधीश न्यायमूर्ति ने शक्तिपीठ का किया दर्शन

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** । भारत के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिपुल एम पंचोली ने शुक्रवार को पटना की आदि अनादि मूल शक्ति पीठ मां छोटी पटनदेवी के दरवार में दर्शन कर न्याय सार्वभौमम् का आशीर्वाद लिया। साथ ही यहां चल रहे 51 शक्तिपीठों की अनुतियों की स्थापना के लिए चल रहे निर्माण कार्य का अवलोकन कर कार्य की प्रगति पर प्रसन्नता व्यक्त किया। श्री पटनदेवी जी गौ मानस सेवा संस्थानम् की ओर से अध्यक्ष बाबा विवेक द्विवेदी ने न्यायमूर्ति को माता की चुनरी, ग्रंथ और प्रतिक चिन्ह देकर सम्मानित किया। बाबा ने न्याय मूर्ति को शारदीय नवरात्रि की महानवमी को आयोजित होने वाले महा आरती और छप्पन भोग आयोजन में आने का निमंत्रण दिया। न्यायमूर्ति ने यथा समय जरूर उपस्थित होने का वचन दिया और अपनी सेवा समर्पित करने का संकल्प लिया।



भारत के न्यायाधीश न्यायमूर्ति बिपुल एम पंचोली ने शुक्रवार को पटना की आदि अनादि मूल शक्ति पीठ मां छोटी पटनदेवी के दरवार में दर्शन कर न्याय सार्वभौमम् का आशीर्वाद लिया।

### संपत्ति कर संवर्धन अभियान के पहले दिन 108 संपत्तियों का कर निर्धारण, 27.90 लाख रुपये कर प्राप्त

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** पटना नगर निगम द्वारा राजस्व संग्रहण को बढ़ावा देने और अधिक से अधिक संपत्तियों को संपत्ति कर के दायरे में लाने के उद्देश्य से 'संपत्ति कर संवर्धन अभियान' की शुरुआत की गई है। नगर आयुक्त यशपाल मीणा के निर्देश पर शुक्रवार को अभियान के पहले दिन सभी छह अंचलों में व्यापक स्तर पर कार्रवाई की गई।

अभियान के तहत कर के दायरे से बाहर रह गई संपत्तियों का नया कर निर्धारण, बकायेदारों से कर की वसूली तथा पूर्व से कर के दायरे में शामिल संपत्तियों के पुनर्मूल्यांकन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। इसके लिए सभी अंचलों में वरीय पदाधिकारियों के नेतृत्व में कार्यपालक पदाधिकारी, राजस्व पदाधिकारी एवं टैक्स कलेक्टरों के साथ बैठक कर तीन स्तर पर विशेष टीमों का गठन किया गया है। प्रत्येक टीम एवं कर्मी को प्रतिदिन के लिए स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित किया गया है।

अभियान के पहले दिन सभी अंचलों में कुल 108 ऐसी संपत्तियों का कर निर्धारण किया गया, जो अब तक संपत्ति कर के दायरे से बाहर थीं। इसके अतिरिक्त35 संपत्तियों का पुनर्मूल्यांकन किया गया। टीमों द्वारा व्यवसायिक प्रतिष्ठानों, अपार्टमेंट एवं अन्य कर योग्य संपत्तियों का स्थल निरीक्षण करते हुए संपत्ति कर का आकलन किया गया तथा संबंधित संपत्तिधारकों को निर्धारित समय पर संपत्ति कर का भुगतान करने के लिए प्रेरित किया गया।

अभियान के पहले ही दिन पटना नगर निगम को कुल 27.90 लाख रुपये का संपत्ति कर प्राप्त हुआ, जो राजस्व संवर्धन की दिशा में अभियान की प्रभावी शुरुआत को दर्शाता है।

अंचलवार संपत्ति कर संग्रहण की वस्तुस्थिति-
अजीमाबाद अंचल : 80 संपत्तियों से लगभग 3 लाख रुपये
बांकीपुर अंचल : 83 संपत्तियों से लगभग 5.48 लाख रुपये
कंकड़बाग अंचल : 113 संपत्तियों से लगभग 6.23 लाख रुपये
नूतन राजधानी अंचल : 116 संपत्तियों से लगभग 5.61 लाख रुपये
पाटलिपुत्र अंचल : 163 संपत्तियों से लगभग 6.75 लाख रुपये
पटना सिटी अंचल : 44 संपत्तियों से लगभग 1.22 लाख रुपये।

## 5-दिन की बैंकिंग एवं समान पीएलआई की मांग को लेकर बैंक कर्मियों का प्रदर्शन

# यूएफबीयू के आह्वान पर बैंक हड़ताल सफल

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस (यूएफबीयू) के आह्वान पर आज देशव्यापी बैंक हड़ताल के तहत भोजपुर जिले के विभिन्न बैंकों के अधिकारी एवं कर्मचारी हड़ताल पर रहे। आरा स्थित सर्किल कार्यालय के समक्ष बैंककर्मियों ने प्रदर्शन एवं सभा की। प्रदर्शन का नेतृत्व एआईपीएनबीओए के मंडल सचिव सतीश कुमार पाठक ने किया।

उनके साथ एआईपीएनबीओए के मंडल अध्यक्ष मनोज कुमार, संयुक्त सचिव रमेश त्रिपाठी, कोषाध्यक्ष कोमल, अभिनव, अंकित, अमीषा, चंदन, धर्मवीर, अविनाश, नरेश, कामेश्वर, संदीप, अभिषेक सहित अन्य पदाधिकारी एवं सक्रिय सदस्य मौजूद रहे। प्रदर्शन में 200 से अधिक बैंक अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए। मंडल सचिव सतीश कुमार पाठक ने कहा कि बैंककर्मी अपनी जायज मांगों को लेकर लंबे समय से संघर्षरत हैं। 5-दिन की बैंकिंग लागू करना तथा सभी यूनियनों/बैंककर्मियों के लिए समान एवं न्यायसंगत पीएलआई (प्रदर्शन-आधारित प्रोत्साहन) उनकी प्रमुख मांगों में शामिल हैं। उन्होंने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र में कार्यभार और जिम्मेदारियां लगातार बढ़ रही हैं। ऐसे में बैंककर्मियों को बेहतर कार्य संतुलन प्रदान करने के लिए 5-दिन की बैंकिंग लागू किया जाना समय की मांग है। श्री पाठक ने कहा कि बैंक हड़ताल कोई छुट्टी नहीं बल्कि अपने अधिकारों एवं जायज मांगों के लिए संघर्ष का लोकतांत्रिक माध्यम है।


मांगों को लेकर प्रदर्शन करते बैंककर्मी।

बैंक अधिकारी एवं कर्मचारी पूरी एकजुटता के साथ इस संघर्ष में शामिल हैं और मांगों की पूर्ति तक आंदोलन जारी रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। हड़ताल के कारण भोजपुर जिले में बैंकिंग सेवाएं व्यापक रूप से प्रभावित रहीं। जिले में 200 करोड़ रुपये से अधिक के बैंकिंग लेन-देन के प्रभावित होने का अनुमान है। विभिन्न शाखाओं के बंद रहने के कारण नकद लेन-देन, चेक क्लियरिंग, जमा-निकासी सहित कई बैंकिंग गतिविधियां प्रभावित हुईं।

आज शुक्रवार को हड़ताल के तीन दिनों तक सामान्य बैंकिंग सेवाएं प्रभावित रहेंगी। बैंकिंग सेवाएं अब अगले कार्यदिवस से सामान्य होने की संभावना है। प्रदर्शन के दौरान बैंककर्मियों ने 5-दिन की बैंकिंग लागू करने, समान पीएलआई सुनिश्चित करने तथा बैंककर्मियों की अन्य न्यायसंगत मांगों को शीघ्र पूरा करने की मांग को लेकर जोरदार नारेबाजी की। बैंककर्मियों ने कहा कि एकता, संघर्ष और संगठन की शक्ति के बल पर अपनी जायज मांगों को हासिल करने तक आंदोलन जारी रहेगा।

## शाहपुर के लोगों को राहत की उम्मीद
## सीएम ने विधायक को दिया आश्वासन

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** गंगा नदी में आई बाढ़ से शाहपुर विधानसभा क्षेत्र में उत्पन्न गंभीर स्थिति को देखते हुए विधायक राकेश रंजन ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी से बुधवार की देर रात मुलाकात कर प्रभावित इलाकों को शीघ्र बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने की मांग की है।


विधायक राकेश रंजन ने मुख्यमंत्री से की मुलाकात।

विधायक ने मुख्यमंत्री को पत्र सौंपकर शाहपुर प्रखंड की सभी 20 पंचायतों एवं नगर पंचायत के बाढ़ प्रभावित वार्डों के साथ बिहिया प्रखंड की दोधरा, पिपरा जगदीश, कटेया, कल्याणपुर एवं फिनगी पंचायतों को बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने का आग्रह किया। पत्र में कहा गया है कि बाढ़ के कारण आवागमन, पेयजल, खाद्यान्न, पशुचारा समेत आवश्यक सुविधाएं प्रभावित हुई हैं। किसानों की फसलें भी बर्बाद हुई हैं। विधायक ने बताया कि मुख्यमंत्री ने उनकी मांग पर जल्द बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने का आश्वासन दिया है। इससे प्रभावित परिवारों को सरकारी राहत, फसल क्षति एवं अन्य सहायता मिलने का रास्ता साफ होने की उम्मीद है।

## संक्षिप्त खबरें

### जिला जनता दरबार में 55 से अधिक आवेदकों की सुनी गई समस्याएँ, डीएम ने दिए कार्रवाई के निर्देश

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी मनेश कुमार मीणा ने आज ईज ऑफ लिविंग के तहत जिला जनता दरबार में लोगों की समस्याएँ सुनीं। जनता दरबार में 55 से अधिक लोगों ने अपनी समस्याओं से संबंधित आवेदन दिए। इनमें



मुख्य रूप से राजस्व, आपदा प्रबंधन, स्वास्थ्य और शिक्षा विभाग से जुड़े मामले शामिल थे। जिला पदाधिकारी ने सभी आवेदकों की समस्याएँ सुनीं और संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का जल्द समाधान करना जिला प्रशासन की प्राथमिकता है। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को जनता दरबार में प्राप्त आवेदनों पर समय पर कार्रवाई करने तथा मामलों की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया। जिला पदाधिकारी महोदय ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को लोगों की समस्याओं पर संवेदनशीलता के साथ काम करते हुए त्वरित कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### बीस दिन पूर्व सड़क हादसे में जख्मी युवक की मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सड़क हादसे में जख्मी युवक की मौत हो गई। इलाज के दौरान सदर अस्पताल के सर्जिकल वार्ड में उसने दम तोड़ दिया। मृतक बड़हरा थाना क्षेत्र के बखोरापुर गांव निवासी डिप्टी राय का 35 वर्षीय पुत्र रिंकू कुमार उर्फ मंटू यादव है। मृतक के भाई राम प्रसाद यादव ने बताया कि बीते अगस्त माह को वह अपने गांव से सबलपुर बाजार सामान खरीदने के लिए पैदल जा रहे थे। उस दौरान फरहदा मोड़ के समीप किसी अज्ञात वाहन ने उसे टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया था। उसका इलाज शहर के निजी अस्पताल में कराया जा रहा था। तीन दिन पूर्व परिजन द्वारा उसे सदर अस्पताल लाया गया था। जहां गुरुवार की शाम उसने दम तोड़ दिया।

### सदर अस्पताल में महिला के पित्त की थैली एवं नली में पथरी का डॉ. विकास सिंह ने किया सफल ऑपरेशन

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सदर अस्पताल के ओटी में शुक्रवार को महिला मरीज के पीठ की थैली एवं नली में पथरी का सफल ऑपरेशन किया गया। लेप्रोस्कोपिक सर्जन डॉ. विकास सिंह ने सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया। ऑपरेशन



के बाद मरीज की हालत स्थिर है। चिकित्सक ने बताया कि उक्त महिला मरीज चरपोखरी थाना क्षेत्र के मुकुंदपुर गांव निवासी धर्मेंद्र राम की पत्नी रिंकू देवी है। वह पित्त की थैली एवं नली में पथरी से काफी परेशान थी। इलाज के लिए सदर अस्पताल आई। जहां उसे ऑपरेशन करने की सलाह दी गई। इसी कड़ी में आज सीबीडी एक्सप्लोरेशन ऑपरेशन किया गया। इधर, सिविल सर्जन डॉ शिवेंद्र कुमार सिन्हा ने बताया कि चरपोखरी के मुकुंदपुर निवासी महिला जॉन्डिस से पीड़ित थी। उसका उपचार कर उसके पित्त की थैली व नली में स्टोन का सफलतापूर्वक ऑपरेशन हुआ। सर्जन डॉ.विकास सिंह द्वारा ऑपरेशन किया गया। इसके लिए वे बधाई के पात्र है। पूरा ऑपरेशन सदर अस्पताल के अधीक्षक डॉ. अरुण कुमार के देखरेख में हुआ। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार का सपना है कि इस अस्पताल को सुपर स्पेशलिटी अस्पताल बनाया जाए। इसी कड़ी में आज जटिल ऑपरेशन किया गया।

### लेफ्टिनेंट बने विकास को बधाइयों का तांता, मुख्य पार्षद ने घर पहुंचकर दी शुभकामनाएं

**कोईलवर (दैनिक नवसंदेश)।** भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट के पद पर चयनित कोईलवर निवासी विकास कुमार को बधाई देने वालों का सिलसिला लगातार जारी



है। उनकी इस उपलब्धि पर क्षेत्र के लोगों में खुशी का माहौल है और विभिन्न सामाजिक व राजनीतिक लोगों द्वारा उनके घर पहुंचकर शुभकामनाएं दी जा रही हैं। इसी क्रम में शुक्रवार की देर शाम कोईलवर नगर पंचायत के मुख्य पार्षद सरताज आलम उर्फ सोनू खान विकास कुमार के घर पहुंचे और उन्हें बुके और अंग वस्त्र भेंट कर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। इस दौरान मुख्य पार्षद के साथ कई लोग भी मौजूद रहे। मौके पर पूर्व मुख्य पार्षद विनोद कुमार ने सभी आगंतुकों का स्वागत किया। मुख्य पार्षद सरताज आलम उर्फ सोनू खान ने कहा कि विकास कुमार ने अपनी मेहनत, लगन और प्रतिभा के बल पर भारतीय सेना में लेफ्टिनेंट बनकर न केवल अपने परिवार, बल्कि पूरे कोईलवर क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी सफलता युवाओं के लिए प्रेरणादायक है। उन्होंने विकास कुमार के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे सेना में अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करते हुए देश की सेवा करें। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने भी विकास कुमार को उनकी उपलब्धि के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### भूसा रखने के विवाद में अधेड़ को मारी गोली

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के सिन्हा थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर गांव में भूसा रखने के विवाद में एक अधेड़ को गोली मार दी गई। जिससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए, उन्हें इलाज के लिए सदर अस्पताल लाया गया। घटना को लेकर गांव में आसपास की इलाके में सनसनी मच गई। सूचना मिलते ही सिन्हा थानाध्यक्ष राजू कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए है। जानकारी के अनुसार जख्मी सिन्हा थाना क्षेत्र के शाहजहांपुर गांव निवासी स्व. रामस्वरूप साह के 58 वर्षीय पुत्र केश्वर साह है। घटना के संबंध में बताया जाता है कि शाहजहांपुर गांव स्थित यात्री शेड में दो लोगों के बीच भूसा रखने को लेकर विवाद हो गया। तभी हथियारबंद बदमाश के द्वारा उन्हें गोली मार दी गई। इस संबंध में सिन्हा थानाध्यक्ष राजू कुमार ने बताया कि यात्री शेड में भूसा रखने के विवाद में दो व्यक्ति को बीच विवाद हुआ। जिसमें फायरिंग करने की बात सामने आ रही है।

## बाढ़ के पानी में डूबने से युवक की मौत पर फूटा गुस्सा, मुआवजे की मांग को लेकर प्रदर्शन

# सिन्हा-सरैया रोड को जाम कर काटा बवाल


मुआवजे की मांग को लेकर पिरौटा मोड़-सिन्हा पर बवाल।

दैनिक नवसंदेश ब्यूरो

**आरा।** आरा सदर प्रखंड अंतर्गत पिरौटा मोड़ के पास आज सिन्हा-सरैया रोड को जाम कर लोगों ने बवाल काटा। विदित हो कि दो दिन पूर्व पिरौटा गांव निवासी स्व. जलेश्वर पासवान के 34 वर्षीय पुत्र तपेश्वर पासवान की बाढ़ के पानी में डूबने से मौत हो गई थी। पीड़ित परिवार को पदाधिकारियों द्वारा आश्वासन के बाद भी मुआवजा नहीं दिया जा रहा था।

आज जब पीड़ित की धर्मपत्नी रम्भा देवी को बुलाने के बाद भी मुआवजा नहीं दिया गया, तो राजद नेता रघुपति यादव के नेतृत्व में पिरौटा पंचायत के हजारों महिलाओं, पुरुषों और युवा नौजवानों ने डेढ़ घंटे तक रोड जाम और आगजनी कर विरोध प्रदर्शन किया। मौके पर भोजपुर जिला प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी हुई।

रघुपति यादव ने कहा कि बिहार सरकार के दिशा-निर्देश के अनुसार बाढ़ में डूबने से मृत्यु पर आपदा विभाग द्वारा तुरंत 4 लाख का अनुदान दिया जाता है, मगर पता नहीं किसके इशारे पर इसे रोका गया था। पहले दिन से ही पदाधिकारियों ने आश्वस्त किया था कि अगले दिन मुआवजा दे देंगे, लेकिन परिवार को दौड़ाया जा रहा था। अंततः हालात काबू से बाहर जाने की नौत आई तो मौके पर पहुंचे आरा सदर प्रखंड के अंचलाधिकारी द्वारा मृतक तपेश्वर पासवान की धर्मपत्नी रंभा देवी को 4 लाख रुपये का चेक सौंपा गया, जिसके बाद जाम को हटाया गया।

### पानी में डूबे अधेड़ का शव दूसरे दिन बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** सिन्हा थाना के कवल छपरा गांव में बाढ़ के पानी में डूबे अधेड़ का शव दूसरे दिन बरामद हुआ। मृतक सिन्हा थाना के कवल छपरा गांव निवासी स्व. बद्री यादव के 45 वर्षीय पुत्र वीर बहादुर यादव है।

### ससुराल में रह रहे डेहरी निवासी युवक का शव तीसरे दिन काव नदी से बरामद

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** तरारी थाना के करथ गांव में घर से निकले रोहतास निवासी युवक का शव तीसरे दिन बरामद हुआ, उसका शव थाना क्षेत्र के करथ गांव पुल स्थित काऊ नदी से शुक्रवार की सुबह बरामद हुआ। मृतक रोहतास जिले के डेहरी नगर थाना क्षेत्र के वार्ड नंबर-17 पटेल गली न्यू एरिया डेहरी ऑन सोन निवासी टेंगर हाशमी का 39 वर्षीय पुत्र मो. मोइनुद्दीन हाशमी वर्तमान में वह तरारी थाना क्षेत्र के करथ गांव अपने ससुराल में पूरे परिवार के साथ रहता था। मृतक के भाई मो. सोनू हाशमी ने बताया कि बुधवार की शाम वह करीब तीन बजे घर से निकले थे। देर शाम जब वह घर वापस नहीं लौटे, तब परिजनों ने काफी खोजबीन की। लेकिन कुछ पता नहीं चल सका। जिसके पश्चात परिजन द्वारा तरारी थाना में उसके लापता होने का आवेदन भी दिया गया था। इसी बीच शुक्रवार की सुबह उसका शव गांव के पुल स्थित काउ नदी से बरामद हुआ।

## हसनबाजार में मंचूरियन खाने से दादी-पोती समेत चार की हालत बिगड़ी, पोती की मौत

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** हसन बाजार थाना के हसन बाजार गांव में गुरुवार की रात मंचूरियन खाने से दादी-पोती समेत चार लोगों की हालत गंभीर हो गई, जिसमें पोती की मौत हो गई। इलाज के लिए रोहतास के बिक्रमगंज स्थित निजी अस्पताल ले जाने के दौरान दम तोड़ दिया। बीमार लोगों में गंभीर हालत में मृत बच्ची की दादी का इलाज सदर अस्पताल में कराया जा रहा है। मृत बच्ची हसन बाजार थाना के हसन बाजार गांव निवासी कुंदन कुमार गुप्ता की 7 वर्षीया पुत्री काव्या कुमारी है। बीमार लोगों में मृत बच्ची के भाई 13 वर्षीय बिट्टू कुमार, 9 वर्षीय रोहित कुमार एवं 70 वर्षीय दादी चंद्रावती कुमार शामिल है। चंद्रावती कुंवर ने बताया कि उनके रिश्ते में लग रहे भांजे ने गांव में ही बाजार से मंचूरियन घर लेकर आया था, जिसे सभी लोगों ने खाया था। खाने के कुछ देर बाद सभी को दस्त और पेट दर्द होने लगा। अचानक उनकी पोती काव्या कुमारी की हालत काफी गंभीर हो गई। जिसके बाद परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए रोहतास के बिक्रमगंज स्थित निजी अस्पताल ले जाया गया। उनके दो पोते बिट्टू कुमार एवं रोहित कुमार का इलाज परिजन द्वारा अपने स्तर से निजी अस्पताल में कराया गया। हसन बाजार थानाध्यक्ष जयराम शुक्ला ने बताया कि मंचूरियन खाने से बच्ची की मौत होने एवं उसकी दादी व दो भाइयों की बीमार होने की बात सामने आई है। जांच की जा रही है। मृत बच्ची दो भाई व एक बहन में लाडली थी। उसके माता-पिता लुधियाना में प्राइवेट कंपनी में काम करते हैं। वह दादी के पास रहती थी। उसके परिवार में मां सुमन देवी व दो भाई बिट्टू कुमार एवं रोहित कुमार है।



## पिटरो ठाकुरबाड़ी से चोरी हुई अष्टधातु की मूर्तियां लावारिस हालत में बरामद

**पीरो (दैनिक नवसंदेश)।** अगिआंव बाजार थानान्तर्गत पिटरो गांव स्थित राम जानकी मंदिर (ठाकुरबाड़ी) से वर्षों पुरानी राम लक्ष्मण व सीता की अष्टधातु की चोरी हुई तीन मूर्तियों में से दो मूर्तियां पुरैनी गांव के पास से लावारिस हालत में बरामद की गई हैं। तीसरी मूर्ति का अभी तक कोई सुराग नहीं मिला है। बता दें कि 11 जुलाई की रात अज्ञात चोर मंदिर के दरवाजे पर लगे ताले को तोड़कर मूर्तियां उखाड ले गए थे। इस दौरान चोरों ने मंदिर में लगे सीसीटीवी कैमरे को तोड़कर पास ही में फेंक दिया ताकि उनकी पहचान न हो सके। चोरी गई मूर्तियों की कीमत लाखों में है। ग्रामीणों के अनुसार इसके पहले भी दो बार मूर्तियां चुराने का प्रयास हो चुका था। पहली बार चोर मूर्तियां लेकर भागने में सफल हो गए थे लेकिन पकडे जाने के डर से मूर्तियों को सोनवर्षा (बक्सर) के पास बधार में फेंक दिया था, जहां से पुलिस ने मूर्तियों को बरामद कर लिया था। चोरी होने के बाद से अगिआंव बाजार थाना की पुलिस लगातार चोरी गई मूर्तियों की बरामदगी के लिए प्रयासरत थी। पुलिस के दबाव में आकर मूर्ति चोरों ने पकडे जाने के डर से मूर्तियों को पुरैनी कलां गांव के समीप मंदिर के पीछे लाकर लावारिस हालत में छोड दिया था। जिसे स्थानीय ग्रामीणों की सूचना पर पुलिस ने बरामद कर लिया लेकिन इस मामले में अबतक किसी की गिरफ्तारी न होना पुलिस की विफलता मानी जा रही है।



## घर में घुसकर समाजसेवी को मारी गोली

**जख्मी का शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल में कराया जा रहा इलाज**

**आक्रोशित लोगों ने अपराधियों के गिरफ्तारी को मांग को लेकर किया रोड जाम**

**आरा/गड़हनी (दैनिक नवसंदेश)।** जिले के गड़हनी थाना क्षेत्र के इसलामगंज गांव में शुक्रवार की देर शाम अपराधियों ने घर में घुसकर एक समाजसेवी को गोली मार दी। जख्मी को एक गोली बाएं हाथ में एवं दूसरी गोली उसके पेट में नाभि के पास लगी है। इससे वह गंभीर रूप से जख्मी हो गए। परिजन द्वारा उसे इलाज के लिए शहर के बाबू बाजार स्थित निजी अस्पताल लाया गया, जहां उनका इलाज चल रहा है। अपराधियों की संख्या तीन बताई जा रही है। सूचना मिलते ही गड़हनी थानाध्यक्ष कमलजीत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन शुरू कर दी है। पुलिस ने घटनास्थल से तीन खोखा एवं एक मैगजीन बरामद किया है। उधर, घटना के बाद स्थानीय ग्रामीणों का आक्रोश भड़क उठा। जिसके बाद आक्रोशित ग्रामीणों ने इस्लामगंज गांव मोड़ के समीप अपराधियों की गिरफ्तारी को मांग को लेकर सड़क जाम कर दिया है। जानकारी के अनुसार जख्मी युवक गड़हनी थाना क्षेत्र के इस्लामगंज गांव निवासी स्व. मो. इस्लाम के 48 वर्षीय पुत्र सह समाजसेवी मो. जफी हैं। वह पेशे से चालक है। घटना को लेकर गांव एवं आसपास की इलाके में सनसनी मच गई।

इधर, जख्मी समाजसेवी के चचेरे भाई मो. अमन ने बताया कि हमारे गांव में कई तस्करों द्वारा मादक पदार्थ की भारी मात्रा में कारोबार किया जा रहा है। जिसे लेकर बुधवार को गड़हनी व चरपोखरी थाना की पुलिस एवं सभी ग्रामीणों के बीच गांव में ही बैठक हुई थी। जिसमें उन्होंने इस मुद्दे पर सवाल उठाया था और मादक पदार्थ पर रोक लगाने की प्रशासन से मांग की थी। शुक्रवार की देर शाम जब अपने घर में किचन में थे। तभी अपराधी घर में घुसे और बोले कि तुम मादक पदार्थ बेचने से बंद करवाएगा। यह बोल उन्हें गोली मार दी।

**चिकित्सक डॉ. विकास बोले: स्टेबल है मरीज**

वही जख्मी का इलाज कर रहे सर्जन चिकित्सक डॉ. विकास सिंह ने बताया कि जख्मी युवक को गोली बाएं हाथ में एवं पेट के में लगी है, जो पेट के निचले हिस्से में फंस गई है। गोली लगने के कारण उसका खून काफी बह गया है और इलाज की जा रही है।

### एसडीएम ने सामुदायिक रसोई में भोजन की गुणवत्ता परखी, दी सख्त हिदायत

**शाहपुर (दैनिक नवसंदेश)।** प्रखंड की बाढ़ प्रभावित देवमलपुर पंचायत में संचालित सामुदायिक रसोईघर का शुक्रवार को एसडीएम ओमप्रकाश लाल और सीओ आनंद प्रकाश ने निरीक्षण किया। अधिकारियों ने रसोईघर में बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता और व्यवस्था का जायजा लिया। एसडीएम ने मौके पर मौजूद प्रभावित लोगों से बातचीत कर भोजन के स्वाद और गुणवत्ता की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि आपदा की इस घड़ी में प्रभावित परिवारों को गुणवत्तापूर्ण और स्वच्छ भोजन उपलब्ध कराना प्रशासन की प्राथमिकता है। भोजन की गुणवत्ता में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने स्थानीय अधिकारियों एवं रसोई संचालकों को भोजन की गुणवत्ता की नियमित जांच करने तथा साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखने का निर्देश दिया।



# सरकारी सेवा के बावजूद समाज के लिए समर्पित थे स्व. विजय : प्रो नरेन्द्र

**आरा (दैनिक नवसंदेश)।** आरा क्लब, में स्व. विजय कुमार सिंह (पूर्व अंचल अधिकारी) के प्रथम पुण्यतिथि की अवसर पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। संचालन एवं अध्यक्षता कार्यक्रम के संयोजन डॉ शशि कुमार सिंह ने किया। श्रद्धांजलि सभा को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि प्रधानाचार्य प्रो. नरेंद्र कुमार ने कहा कि स्व. विजय कुमार सिंह सरकारी सेवा में थे। यह उनका एक पक्ष है।

समाज के लिए वह समर्पित थे वह दूसरा पक्ष है। वह हमेशा जरूरतमंदों की सेवा और मित्रों के साथ सौहार्दपूर्ण संबंध बनाए रखते थे। डॉ शशि कुमार सिंह ने कहा कि स्व विजय कुमार सिंह जैन कॉलेज में हम लोग के साथ 6 से अधिक वर्षों तक पढ़े। बाद में वह नौकरी करने लगे, लेकिन उन्होंने सामाजिक दायित्व से कभी मुंह नहीं मोड़ा। पद्मश्री डॉ भीम सिंह भवेश ने कहा कि विजय भाई जैसा व्यक्ति विरले ही मिलता है। वे विलक्षण प्रतिभा के धनी थे। वे हमेशा अपनों के साथ खड़े रहते थे। डॉ. योगेंद्र सिंह ने कहा कि स्व विजय कुमार सिंह अधिकारी से कहीं ज्यादा समाज के व्यक्ति थे। वह सदैव समाज में घुल मिलकर रहते थे।


स्व. विजय सिंह की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा।

धन्यवाद ज्ञापन करते हुए विजय कुमार सिंह के छोटे भाई रिलायंस ग्रुप ऑफ इंडस्ट्रीज के वाइस प्रेसिडेंट गुलाब सिंह ने कहा कि आज इस श्रद्धांजलि सभा को देखकर मैं महसूस करता हूं कि मेरे भाई ने समाज के साथ अपना बेहतरीन और टिकाऊ रिश्ता जोड़ा था तभी इतने लोग उनको श्रद्धा सुमन अर्पित करने आए हैं। श्रद्धांजलि सभा में प्रो. कुंदन कुमार सिंह, डॉ. हरे कृष्ण उपाध्याय उर्फ सेंटर बाबा, प्रो अरुण कुमार सिंह, अनिल सम्राट, शशिकांत तिवारी, अशोक कुमार सिंह, मनोज सिंह, कुणाल पाण्डेय, सरोज कुमार, धनंजय सिंह धनु, धीरेंद्र मोहन सिंह, डॉ शशी भूषण सिंह, प्रो सत्यदेव सिंह, प्रो विजय कुमार सिंह, डॉ निर्मल कुमार सिंह, प्रो योगेंद्र सिंह, मदन राम, सतीश सिंह कुशवाहा, जगदीश सिंह कुशवाहा, गोमा सिंह, अखिलेश कुमार सिंह, श्याम किशोर सहित काफी संख्या में उपस्थित थे।

## संक्षिप्त खबरें

### राष्ट्रीय शिक्षा नीति के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल में प्रशिक्षण कार्यक्रम

**जाले (एनएसबी)।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रभावी क्रियान्वयन एवं विद्यालय में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से संत जेवियर्स इंग्लिश स्कूल, कमतौल में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय के शिक्षक शिक्षिकाओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।प्रशिक्षण के दौरान शिक्षकों को एन ई पी 2020 के प्रमुख प्रावधानों, बाल-केंद्रित शिक्षा, गतिविधि आधारित शिक्षण, अनुभवात्मक अधिगम, कौशल विकास एवं विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई प्रशिक्षिका ने कहा कि



नई शिक्षा नीति का उद्देश्य विद्यार्थियों को केवल किताबी ज्ञान तक सीमित न रखकर उनमें रचनात्मक सोच, तार्किक क्षमता, आत्मविश्वास, व्यावहारिक ज्ञान एवं जीवनोपयोगी कौशल का विकास करना है। प्रशिक्षण के दौरान विभिन्न गतिविधियों और उदाहरणों के माध्यम से नई शिक्षण पद्धतियों को समझाया गया। विद्यालय के सभी शिक्षक प्रशिक्षण के दौरान उत्सुकता पुर्वक हिस्सा लिया तथा उनके प्रश्नों का समुचित उत्तर दिया।

### गंगा स्नान कर लौट रहे दंपति की सड़क हादसे में दर्दनाक मौत



**बेनीपुर (एनएसबी)।** नगर परिषद क्षेत्र के मोहना बहेड़ा के एक दंपति की सड़क हादसे में मौत हो गई। गंगा स्नान कर घर लौटने के दौरान एसएच-55 पर ट्रक की चपेट में आने से घटनास्थल पर ही दोनों की जान चली गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया है। मिली जानकारी के अनुसार मोहना-बहेड़ा निवासी परमेश्वर मंडल के 45 वर्षीय पुत्र राधेश्याम मंडल अपनी पत्नी माला देवी के साथ सिमरिया धाम में गंगा स्नान कर बाइक से घर वापस लौट रहे थे। इसी दौरान एसएच-55 पर पंचवट्टी चौक के समीप तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को अपनी चपेट में ले लिया। हादसा इतना भीषण था कि दोनों दंपति की मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही गांव में मातम पसर गया। मृतक की मां बुच्ची देवी का रो-रो कर बुरा हाल है। उन्हें ढांढस बंधाने के लिए महिलाओं की भीड़ उमड़ पड़ी है। परिवार पर विपत्तियों का पहाड़ टूट पड़ा है। मृतक अपने पीछे दो पुत्रियां 16 वर्षीय सोनी कुमारी और 14 वर्षीय पिंकी कुमारी जो विकलांग है, तथा 18 वर्षीय पुत्र संतोष कुमार मंडल को छोड़ गए हैं। पुत्र पढ़ाई कर रहा है।इधर घटना की जानकारी पर पहुंची पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए समस्तीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। पुलिस ट्रक की तलाश में जुट गई है।

### बेनीपुर में एसडीएम ने की भूमि विवाद मामलों की सुनवाई

**शांति व्यवस्था बनाए रखने का दिया निर्देश**

**बेनीपुर (एनएसबी)।** अनुमंडल कार्यालय, बेनीपुर में शुक्रवार को निजी भूमि विवाद से संबंधित वादों की सुनवाई की गई।अनुमंडल पदाधिकारी मनीष कुमार झा ने, आज दिनांक 11/09/2026 को अपराह्न 03:00 बजे भूमि विवाद से संबंधित मामलों पर सुनवाई की। सुनवाई के दौरान दोनों पक्षों को पूर्व सूचना निर्गत कर बुलाया गया था और विवादों के समाधान की दिशा में आवश्यक कार्रवाई की गई।एसडीएम ने बताया कि संवेदनशील मामलों में शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु संबंधित थानाध्यक्ष एवं अंचल अधिकारी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया है। इस दौरान दोनों पक्ष के लोग उपस्थित थे।

### आपसी विवाद मे बहन ने सगे भाई के आंख मे झोंका मिर्ची पाउडर

**भाई बहन ने अलग-अलग दर्ज कराई एफआईआर**

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के कटासा मे गांव मे आपसी विवाद को लेकर बहन ने सगे भाई के चेहरे पर मिर्ची का पाउडर छिडक दिया। इस मामले मे दोनो भाई बहन ने सिंहवाड़ा थाना मे अलग-अलग एफआईआर दर्ज कराई है। इस मामले मे पीड़ित युवक कटासा वार्ड ग्यारह निवासी इमरान नाजिर ने बताया की 10 सितंबर को अचानक मेरी माँ मुन्नी खातून और बहन जहांना खातून दोनों घर में आई मेरी बहन गाली देने लगी। पिताजी को मारने लगी, मुझे लाठी से मारने लगी। बोलने लगी जमीन घर बेच कर मुझे पैसा दो और अपना माथा ईटा के कोन पर पटक लिया। जब मै पूछा की आप ऐसा क्यों कर रही हो तो मेरी बहन मेरे आँख पर मिर्च का बुकनी झोक दिया। वही जहाना खातून ने अपने भाई इमरान नाजिर सहित अन्य पर मारपीट करने का आरोप लगाया है। दर्ज एफआईआर मे बताया है की विवाद के दौरान लाठी से मारपीट किए जाने से वह जख्मी हुई और उसे सिंहवाड़ा सीएचसी में इलाज के लिए भर्ती कराया गया।थानाध्यक्ष बसंत कुमार ने बताया कि मामले का अनुसंधान किया जा रहा है।

### सड़क हादसे में जख्मी निजी फाइनेंस बैंक के अधिकारी की मौत

**नौ माह पहले ही थी शादी**

**दरभंगा (एनएसबी)।** मधुबनी जिले के बेनीपट्टी थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में जख्मी थाना क्षेत्र के धनौजा गांव निवासी सोनफी राम के पुत्र गंगाराम 31 वर्ष की मौत इलाज के दौरान शुक्रवार की सुबह अललपट्टी के एक निजी अस्पताल में हो गई। वे निजी बैंक में फाइनेंस अधिकारी के रूप में कार्यरत थे। बेंता थाने की पुलिस ने डीएमसीएच में शव का पोस्टमार्टम कराया। परिसर में मौजूद मृतक के पिता सोनफी राम ने बताया कि रोज की तरह वे ब ड्यूटी खत्म होने के बाद दो सितंबर की शाम बाइक से घर लौट रहे थे। इसी दौरान मधुबनी साहरघाट एसएच के मलहा मोड़ के निकट दूसरी बाइक से आमने-सामने की जोरदार टक्कर में वे बुरी तरह जख्मी हो गये। स्थानीय लोगों ने उन्हें अनुमंडलीय अस्पताल, बेनीपट्टी में भर्ती कराया। वहां से रेफर करने पर उन्हें डीएमसीएच में भर्ती करायां गया। बेहतर उपचार की उम्मीद में उन्हें अललपट्टी के निजी अस्पताल में भर्ती कराया। वहां उनकी मौत हो गई। उन्होंने बताया कि गंगाराम तीन भाई और एक बहन में सबसे छोटा था। उसका विवाह नौ माह पूर्व पिछ्ले वर्ष नवंबर महीने में हुआ है। हादसे की जानकारी से परिवार में मातम पसरा है।

### महिला शक्ति जदयू संगठन की सबसे बड़ी ताकत है

**महिला शक्ति के संकल्प से मजबूत होगा जदयू संगठन**

**दरभंगा (एनएसबी)।** सर्किट हाऊस में महिला जदयू की कार्यकर्ता समीक्षा बैठक में प्रदेश अध्यक्ष सह विधान पार्षद शिव रानी देवी प्रजापति सह महिला जदयू संगठन प्रभारी खुशबू रानी एवं सुप्रिया रानी की उपस्थिति में संगठन की मजबूती, महिला कार्यकताओं की सक्रिय भागीदारी एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। इस अवसर पर महिला जदयू प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि जदयू ने महिला को सबल और मजबूत किया है। खुशबू रानी व सुप्रिया रानी ने नीतीश कुमार के कार्य की भूरी भूरी प्रशंशा की। जदयू प्रदेश महासचिव ललिता झा ने कहा कि महिला शक्ति जदयू संगठन की सबसे बड़ी ताकत है। हम सभी महिला कार्यकताओं को एकजुट होकर संगठन को बूथ स्तर तक और मजबूत बनाना है। नगर अध्यक्ष अंजुल शर्मा ने नीतीश कुमार के नेतृत्व में बिहार के विकास और जनकल्याण के संदेश को हर घर तक पहुंचाना है। बैठक में महिला कार्यकताओं में दिखा उत्साह और समर्पण संगठन को नई ऊर्जा एवं मजबूती प्रदान करने का संकल्प है। कार्यक्रम में निशा भारती,शांति देवी,किरण देवी,इंदु देवी,मृदुला राय,फूल कुमारी देवी, एवं अन्य नेत्री मौजूद थे।



# फरक्का गंगा जल संधि बिहार के व्यापक हितों से जुड़ा गंभीर विषय

**जदयू के 'फरक्का जल संधि पर नीतीश संवाद' अभियान को मिला व्यापक जनसमर्थन**

**दरभंगा (एनएसबी)।** जदयू जिला मुख्यालय स्थित आयोजित प्रेस वार्ता में जिलाध्यक्ष सह दरभंगा ग्रामीण विधायक राजेश मंडल उर्फ ईश्वर मंडल ने फरक्का (गंगा) जल संधि को बिहार के व्यापक हितों से जुड़ा गंभीर विषय बताते हुए कहा कि बिहार के हक और बिहारवासियों के भविष्य की कीमत पर किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं किया जा सकता। फरक्का जल संधि के नवीनीकरण से पहले बिहार की जल आवश्यकताओं, किसानों की सिंचाई, पेयजल, उद्योग तथा भविष्य की पीढ़ियों की जरूरतों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जानी चाहिए।जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा एवं प्रदेश अध्यक्ष उमेश सिंह कुशवाहा के नेतृत्व में चलाया जा रहा ह्लफरक्का जल संधि पर नीतीश संवादह्व अभियान बिहार के हितों से जुड़े इस महत्वपूर्ण विषय पर जनजागरूकता पैदा करने का सराहनीय प्रयास है। गंगा किनारे बसे बिहार के जिलों में संवाद के माध्यम से आम लोगों को यह समझाने का प्रयास किया जा रहा है कि फरक्का जल संधि का बिहार की जल-व्यवस्था और भविष्य पर क्या प्रभाव पड़ रहा है। जदयू का प्रयास है कि गंगा से जुड़े बिहार के सवाल राष्ट्रीय विमर्श का हिस्सा बनें और फरक्का जल संधि पर बिहार के हित में पुनर्विचार हो। वहीँ बेनीपुर विधायक डॉ विनय चौधरी ने कहा कि 1996 में भारत और बांग्लादेश के बीच हुई फरक्का जल संधि बिहार के हित में नहीं है। संधि के नवीनीकरण के समय बिहार की वर्तमान और आगामी जल आवश्यकताओं का वैज्ञानिक एवं दीर्घकालिक आकलन किया जाना आवश्यक है। बिहार की वर्ष 2050 तक की जल जरूरतों को ध्यान में रखकर ही कोई निर्णय लिया जाना चाहिए। जदयू नेता सुदर्शन झा,महानगर अध्यक्ष माधव झा सुनील ठाकुर,कन्हैया शाह, प्रदीप महतो, अमन कुमार राय, मोहम्मद जमशेद, भोला पासवान, मुकेश कुमार सिंह आदि मौजूदा मौजूद रहे।




प्रेस वार्ता में विधायक प्रो. विनय कुमार चौधरी, विधायक ईश्वर मंडल एवं अन्य।

### बहेड़ा में 1771 लीटर विदेशी शराब बरामद, चालक-खलासी गिरफ्तार

बेनीपुर (एनएसबी)। बहेड़ा थाना पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद की है। पुलिस ने असम नंबर के एक ट्रक को जब्त कर चालक एवं खलासी को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार बीती रात पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि ट्रक संख्या एएस 01 एचसी 3431 पर भारी मात्रा में विदेशी शराब की खेप आ रही है। सूचना मिलते ही थानाध्यक्ष पंकज कुमार ने त्वरित कार्रवाई करते हुए गश्ती दल को सक्रिय किया। सादे लिबास में भी पुलिस बल को गश्ती पर लगाया गया।

जैसे ही उक्त ट्रक धरौड़ा चौक के निकट सकड़ी की ओर जाने वाले मोड़ पर पहुंची, पुलिस ने उसे रोककर तलाशी ली। चालक द्वारा संतोषजनक जवाब नहीं देने पर ट्रक की गहन जांच की गई, जिसमें भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद हुई। थानाध्यक्ष ने बताया कि जब्त शराब की गिनती करने पर कुल 201 कार्टन में 1771.920 लीटर* विदेशी शराब मिली है। इसमें 750 एमएल के 2 कार्टन, 375 एमएल के 96 कार्टन और 180 एमएल के 103

## ब्रिक्स सम्मेलन में विश्व के राष्ट्राध्यक्षों का मखाना से हुआ स्वागत : डा गोपाल जी ठाकुर

**ब्रिक्स सम्मेलन में विश्व के राष्ट्राध्यक्षों का मखान से स्वागत किया जाना मिथिला के लिए गर्व का विषय**

**दरभंगा (एनएसबी)।** ब्रिक्स सम्मेलन में विश्व के सभी राष्ट्राध्यक्षों को मखाना से स्वागत किया जाना साढ़े आठ करोड़ मिथिलावासियों के लिए बहुत बड़ी उपलब्धि है। नई दिल्ली में आयोजित ब्रिक्स सम्मिट में दुनिया के शीर्ष शक्तिशाली देशों के राष्ट्राध्यक्षों और विदेशी प्रतिनिधियों को आधिकारिक तौर भेंट की गई वेलकम किट में मखान की उपस्थिति इस बात का परिचायक है कि वैश्विक मंच पर मखान के माध्यम से मिथिला क्षेत्र का सम्मान बढ़ रहा है। भारतीय जनता पार्टी के सांसद सह लोकसभा में पार्टी के सचेतक डा. गोपाल जी ठाकुर ने ब्रिक्स सम्मेलन में मखान के माध्यम से राष्ट्राध्यक्षों के हुए सम्मान को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा है कि मखाना को देश के हर मंत्रालय की बैठकों के साथ भारत सरकार के कूटनीतिक उपहारों में शामिल करना मखान तथा मिथिला के उत्थान के प्रति केंद्र सरकार की संवेदनशीलता का ज्वलंत उदाहरण है। सांसद डा ठाकुर ने देश विदेश की हर बड़ी थाली में मिथिला के मखान की मौजूदगी की महत्ता को रेखांकित करते हुए कहा कि ब्रिक्स जैसे विश्वस्तरीय महामंच पर दुनिया भर के राजनयिकों को मिथिला के मखान को उपहार स्वरूप दिया दिए जाने से भारत के स्वाद और परंपरा को वैश्विक मान्यता दी गई है जो केंद्र सरकार की प्रशंसनीय पहल है। सांसद डा ठाकुर ने मखान के माध्यम से मिथिला क्षेत्र को आर्थिक रूप से आत्मनिर्भर बनाए जाने की इस तरह की पहल के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र



पीएम के साथ डा. गोपाल जी ठाकुर।

## डीएम ने मिथिला संस्कृत स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध संस्थान का किया निरीक्षण

**पांडुलिपियों के डिजिटाइजेशन कार्य में गुणवत्ता एवं सावधानी बरतने का निर्देश**

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार ने आज मिथिला संस्कृत स्नातकोत्तर अध्ययन एवं शोध संस्थान परिसर का विस्तृत निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने संस्थान में संरक्षित महत्वपूर्ण एवं ऐतिहासिक पांडुलिपियों के डिजिटाइजेशन हेतु स्थापित की जा रही मशीन के इंस्टॉलेशन कार्य का जायजा लिया तथा पांडुलिपियों के डिजिटाइजेशन की प्रक्रिया के संबंध में आवश्यक जानकारी प्राप्त की।जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि संस्थान में उपलब्ध सभी पांडुलिपियों का सुव्यवस्थित, सुरक्षित एवं उच्च गुणवत्ता के साथ डिजिटाइजेशन सुनिश्चित किया जाए।उन्होंने कहा कि पांडुलिपियां हमारी समृद्ध ज्ञान, संस्कृति एवं ऐतिहासिक विरासत की महत्वपूर्ण धरोहर हैं। डिजिटाइजेशन के दौरान पांडुलिपियों की सुरक्षा एवं मूल स्वरूप को संरक्षित रखते हुए कार्य को पूरी सावधानी एवं तकनीकी दक्षता के साथ संपादित किया जाए।निरीक्षण के क्रम में जिलाधिकारी ने संस्थान परिसर में चल रहे विभिन्न निमार्णाधीन कार्यों की भी विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने निमार्णाधीन बालक छात्रावास, प्रशासनिक भवन, गेस्ट हाउस, सहित अन्य आधारभूत संरचनाओं का स्थल निरीक्षण कर कार्य की वर्तमान प्रगति की जानकारी ली।जिलाधिकारी ने संस्थान परिसर में विकसित की जा रही आधारभूत संरचनाओं को संस्थान की आवश्यकता एवं उपयोगिता के अनुरूप बेहतर ढंग से विकसित करने पर बल दिया। निरीक्षण के दौरान सहायक समाहर्ता सुश्री कल्पना रावत, जिला शिक्षा पदाधिकारी श्री विद्यानंद ठाकुर, शोध संस्थान के निदेशक तथा संबंधित अभियंतागण उपस्थित थे।



जिलाधिकारी, दरभंगा कौशल कुमार।

## नाला निर्माण के गुणवत्ता पर सवाल उठते देख जेई ने रोका काम

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** भरवाड़ा नगर पंचायत में नाला निर्माण की गुणवत्ता पर स्थानीय लोगो के आक्रोश देख जेई रवि कुमार ने तत्काल काम पर रोक लगा दी है। नाला की ऊंचाई सड़क से करीब एक फीट नीचे ढाले जाने के कारण दुर्घटना की आशंका ग्रामीण व्यक्त कर रहे थे। विरोध की जानकारी मिलते ही मुख्य पार्षद सुनील भारती ने शुक्रवार को मौके पर पहुंचकर नाला निर्माण के कार्यों का जायजा लेने पहुंच गये। नाला निर्माण का निरीक्षण कर रहे मुख्य पार्षद को ग्रामीणों ने बताया कि कार्यस्थल पर बिना बोर्ड लगाए ही जैसे-तैसे नाला निर्माण का कार्य पूरा किया जा रहा है। नाला निर्माण में प्रयुक्त पदार्थ की गुणवत्ता पर भी ग्रामीण सवाल उठा रहे थे। बताया गया है कि नगर पंचायत भरवाड़ा में बौका चौक से राधा कृष्ण मंदिर होते हुए प्रताप चौक तक नाला का निर्माण चल रहा था। ग्रामीणों ने बताया कि नगर पंचायत की मनमानी के कारण भरवाड़ा भगवती चौक से नगर पंचायत कार्यालय तक बनने वाले नाला का निर्माण कार्य आधा अधुरा छोड़ने से इस सड़क पर आवागमन की समस्या बनी हुई है। नाला निर्माण जैसे तैसे करने के कारण सड़क की चौड़ाई भी घट गई है। इस संबंध में मुख्य पार्षद ने बताया कि वार्ड चार में उक्त नाला का करीब 73 लाख की लागत से निर्माण किया जा रहा है। कार्यस्थल की मॉनिटरिंग की जा रही है।



सिंहवाड़ा के भरवाड़ा नगर पंचायत में नाला निर्माण का निरीक्षण करते मुख्य पार्षद एवं अन्य ।

## हम का गरीब चौपाल यात्रा होगी ऐतिहासिक :आर के दत्ता

**दरभंगा (एनएसबी)।** हिन्दुस्तानी अवाम मोर्चा सेक्युलर के दरभंगा के जिलाध्यक्ष आर के दत्ता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए बताया शनिवार 12 सितंबर को केवटी प्रखंड के पारादीह दुर्गा मंदिर मैदान में विशाल गरीब चौपाल यात्रा कार्यक्रम का शानदार आयोजन होने जा रहा ह। गरीब चौपाल यात्रा कार्यक्रम में जिले भर के गरीबों का महाजुटान होने जा रही है और गरीब भूमिहीन मजदूर किसान अपनी अपनी समस्याओं को लेकर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं बिहार सरकार के लघु जल संसाधन मंत्री डॉ संतोष कुमार सुमन के समर्थ ज्ञापन जमा करेंगे। जिस पर ठोस रणनीति के तहत राष्ट्रीय अध्यक्ष द्वारा संबंधित अधिकारियों को अनुमोदित किया जाएगा।हम के मीडिया प्रभारी एवं प्रवक्ता, अजय कुमार कर्ण ने जानकारी दी शनिवार को होने वाले गरीब चौपाल यात्रा की तैयारी अपने अंतिम चरण में है जिले के सभी प्रखंडों से गरीबों की ऐतिहासिक भीड़ होगी। यह कार्यक्रम दरभंगा के लिए मील का पत्थर साबित होगा। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए कुशेश्वरस्थान विधानसभा क्षेत्र का दौरा जिलाध्यक्ष आर के दत्ता के नेतृत्व में किया गया। कुशेश्वरस्थान विधानसभा में पार्टी का आधार काफी मजबूत है। प्रखंड अध्यक्ष अमरजीत सदा एवं जिला सचिव राम सुधरी सदा के नेतृत्व में सघन जनसंपर्क अभियान चलाया गया। इस अवसर पर केवटी प्रखंड में किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष, रामदेव यादव, प्रखंड अध्यक्ष राम सजीवन चौपाल,जिला प्रधान महासचिव, हीरालाल राम के नेतृत्व में सघन प्रचार प्रचार किया जा रहा है। प्रदेश सचिव हरिशंकर गुप्ता,युवा जिला अध्यक्ष संतोष सिन्हा, मजदूर नेता मिश्रीलाल मंडल,जहाना खातून,फूलों देवी,दिलीप मंडल आदि ने पार्टी का झंडा बैनर लेकर केवटी बनवारी हाई स्कूल से लेकर दिल्ली मोर तक लगाने एवं पंडाल, मंच निर्माण में दिन रात लगे हुए हैं।

## भूमिहीन सवर्ण समाज के परिवारों को भी मिले आवासीय एवं कृषि भूमि : संजय सिंह पप्पू सिंह

**दरभंगा (एनएसबी)।** जिला पूर्वी भाजपा के महामंत्री संजय सिंह पप्पू सिंह ने बिहार सरकार के भू एवं राजस्व मंत्री दिलीप जायसवाल से मुलाकात कर भूमिहीन परिवारों से जुड़े विभिन्न विषयों पर चर्चा की। इस दौरान उन्होंने मंत्री को एक ज्ञापन सौंपकर भूमिहीन सवर्ण समाज के जरूरतमंद परिवारों को भी नियमानुसार जमीन उपलब्ध कराने की मांग रखी। संजय सिंह पप्पू सिंह ने कहा कि सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ समाज के प्रत्येक जरूरतमंद वर्ग तक समान रूप से पहुंचना चाहिए। सवर्ण समाज में भी बड़ी संख्या में ऐसे गरीब और जरूरतमंद परिवार हैं, जिनके पास अपना घर बनाने के लिए जमीन तक उपलब्ध नहीं है।ऐसे परिवार लंबे समय से भूमि उपलब्ध कराने की उम्मीद लगाए बैठे हैं। उन्होंने मंत्री से आग्रह किया कि सरकार द्वारा भूमिहीनों के लिए संचालित भूमि वितरण एवं अन्य संबंधित योजनाओं में पात्र भूमिहीन सवर्ण परिवारों को भी उचित अवसर और लाभ दिया जाय। श्री सिंह ने विश्वास जताया कि भू एवं राजस्व मंत्री इस मांग पर गंभीरतापूर्वक विचार करते हुए सकारात्मक पहल करेंगे।



मंत्री से मिलते संजय सिंह उर्फ पप्पू सिंह।

## विनोबा भावे की जयंती पर कार्यक्रम

**दरभंगा (एनएसबी)।** स्वतंत्रता सेनानी, भारत रत्न और भूदान आंदोलन के प्रणेता महान संत विनोबा भावे की जयंती ग्राम स्वराज्य अभियान समिति के तत्वाधान में खादी भंडार लहेरियासराय में योगेंद्र यादव के अध्यक्षता में मनाई गई। कार्यक्रम की शुरूआत विनोबा के चित्र पर सुतांजलि अर्पित कर सर्वधर्म प्रार्थना सभा से की गयी। कार्यक्रम प्रो शारदा नंद चौधरी ने कहा कि सर्वोदय और भूदान के प्रणेता विनोबा संवेदनशीलता की प्रतिमूर्ति गहन अध्येता उच्च कोटि के दार्शनिक, समाजशास्त्री गणितज्ञ और अर्थशास्त्री थे। खादी ग्रामोद्योग संघ के अध्यक्ष भगवती प्रसाद झा ने कहा विनोबा के विचारों को पाठ्यक्रम में शामिल करना की जरूरत है। डॉ बचनेश्वर झा ने बताया कि भूदान किसान की स्थिति खराब है, सरकार को भूदान यज्ञ कमिटी की गठन करनी चाहिए। समाजसेवी अजीत कुमार मिश्र ने अपने संबोधन में विनोबा जी अपनी अठारह साल की भूदान यात्रा में चौदह वर्ष तक निरंतर पैदल चलते भारत का दिग्दर्शन किया और समाज के अंतिम छोड़ पर बैठे के कल्याण के लिए भूदान गंगा के रूप में करुणा की नदी बही। उन्होंने आगे कहा आज राष्ट्र और पूरी दुनियां एक ओर आण्विक हथियार के डर के साये में है तो दूसरी ओर जलवायु संकट का खतरा सर पर मंडरा रहा है, ऐसे में अंधेरे में त्रिविध प्रकाश गांधी विनोबा जयप्रकाश जी के विचार पर समाज को चलने की जरूरत है। लेखक डॉ जावेद अब्दुल्ला ने बताया कि प्रख्यात नॉवेजीयन समाजशास्त्री जोहान गालतुग ने द वे इज गोल गांधी टुडे में महात्मा गांधी के साथ विनोबा और जेपी का प्रमुखता से उल्लेख किया है। आज दक्षिणपंथ को छोड़ दें तो स्वतंत्रता, सर्वोदय, स्वराज्य और सामाजिक न्याय जैसे मूल्यों पर कार्य करने वाले वर्ग के लिए गांधी के बाद विनोबा की सर्वोदय धारा और जे पी की जनतांत्रिक धारा वर्तमान में गांधी की चेतना को सामाजिक कर्तव्य से जोड़ने वाले दो सेतु की तरह है।



योगेंद्र यादव एवं अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### जनहित एवं जिले के विकास में अपना योगदान दें,: डीएम

**मधुबनी (एनएसबी)**।जिला प्रशासन, मधुबनी द्वारा जिले में जनहित एवं सार्वजनिक उपयोग की विभिन्न योजनाओं के लिए आवश्यक भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने हेतु इच्छुक भू-स्वामियों से स्वैच्छिक भूमि दान का आह्वान किया जाता है।यदि आपके पास ऐसी भूमि उपलब्ध है, जिसे आप सड़क, विद्यालय, स्वास्थ्य केंद्र, आंगनबाड़ी केंद्र, खेल मैदान, पंचायत भवन अथवा अन्य सार्वजनिक उपयोग के लिए स्वेच्छा से दान करना चाहते हैं, तो अपना प्रस्ताव जिला प्रशासन, मधुबनी के समक्ष प्रस्तुत कर सकते हैं।

आपका भूमि दान जिले के विकास को गति देने के साथ-साथ आने वाली पीढ़ियों के लिए एक स्थायी सार्वजनिक संपत्ति के निर्माण में महत्वपूर्ण योगदान देगा। आइए, जनहित में भूमि दान करें और मधुबनी के विकास में सहभागी बनें।

### गणेश पूजनोत्सव शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक

**खजौली (एनएसबी)**।प्रखंड क्षेत्र में गणेश पूजनोत्सव शांतिपूर्ण आयोजन को लेकर शांति समिति की बैठक स्थानीय थाना परिसर में शुक्रवार को आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित गणेश पूजा समिति के सदस्यों को मंदिर एवं मेला परिसर में आग से सुरक्षा को लेकर अग्निशमन यंत्र लगाने, भीड़ की निगरानी हेतु मंदिर एवं प्रमुख स्थलों पर सीसीटीवी कैमरा लगाने, शांति व्यवस्था कायम रखने हेतु मेला परिक्षेत्र में



प्रयाप्त संख्या में स्वयंसेवी सदस्यों की प्रतिनियक्ति करने का निर्देश प्रशासनिक पदाधिकारियों द्वारा दिया गया। थानाध्यक्ष सपन कुमार ने कहा कि मंदिर परिसर एवं झूला के पास सुरक्षा को लेकर पुलिस एवं स्वयंसेवी तैनात रहेंगे। उन्होने पूजा समिति के सदस्यों को भी पूजा के दौरान सतर्क रहने तथा किसी अप्रिय स्थिति में तत्काल पुलिस प्रशासन को सूचना देने का। निर्देश दिया। बैठक में बीडीओ चन्दन कुमार, सीओ सिमरन आजाद, जिला पार्षद दीपक कुमार सिंह, खजौली मेला समिति अध्यक्ष अमित कुमार, उपाध्यक्ष उमेश कुमार, सचिव भोला कुमार, सुरेश कुमार बाबा, विनोद पासवान, मनोज कुमार सिंह, मुखिया अर्जुन सिंह, अशोक कुमार, रामकुमार सिंह,सिंह, जय प्रकाश मंडल , सत्रुधन राउत,विनोद पासवान, जयप्रकाश सिंह,रमेश चौधरी,रमेश कुमार सिंह,मुरारी चौधरी, मनोज सिंह, सुशील कुमार सिंह, महेन्द्र सिंह,अशोक सिंह, रामनरेश यादव, रंजीत कुमार,भरोशी साफी, धर्मेंद्र महंतों, संजय सिंह, सहित विभिन्न मेला समिति के सदस्य उपस्थित थे।

### बारिश में कीचड़ बना बेनीपट्टी ब्लॉक बाइपास, अंडरपास के पास आवागमन जानलेवा

**बेनीपट्टी (एनएसबी)**। भारतमाला परियोजना के तहत बेनीपट्टी से गुजर रही फोरलेन सड़क निर्माण के कारण ब्लॉक बाइपास रोड पर इन दिनों आवागमन मुश्किल हो गया है। निमार्णाधीन व्हीकल अंडरपास के समीप बनाई गई वैकल्पिक सड़क हल्की बारिश में ही कीचड़ में तब्दील हो जाती है। इससे खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए इस रास्ते से गुजरना जोखिम भरा हो गया है।



बेनीपट्टी ब्लॉक बाइपास रोड अंबेडकर चौक से जुड़ती है। फोरलेन निर्माण के कारण मुख्य मार्ग पर यातायात का दबाव और जाम बढ़ने की स्थिति में स्थानीय लोग इस बाइपास का उपयोग करते हैं। प्रशासनिक पदाधिकारियों के आवास एवं कार्यालय तक पहुंचने के लिए भी यह मार्ग महत्वपूर्ण संपर्क पथ माना जाता है। फोरलेन निर्माण के दौरान व्हीकल अंडरपास के समीप आवागमन के लिए बनाई गई वैकल्पिक सड़क की स्थिति बारिश में सबसे ज्यादा खराब हो जाती है। बाइपास के अन्य हिस्सों की स्थिति अपेक्षाकृत ठीक है, लेकिन अंडरपास के पास पहुंचते ही सड़क पर मिट्टी और पानी जमा होकर गहरे कीचड़ का रूप ले लेते हैं। इससे दोपहिया वाहनों के फिसलने और दुर्घटनाग्रस्त होने का खतरा बना रहता है। स्थानीय लोगों के अनुसार, निर्माण कार्य शुरू होने के बाद से बारिश के दौरान इस हिस्से की समस्या बनी हुई है। हल्की बारिश के बाद भी सड़क पर फिसलन बढ़ जाती है और बाइक सवारों को काफी परेशानी होती है। कई लोग गिरते-पड़ते किसी तरह रास्ता पार करने को मजबूर हैं। चारपहिया वाहनों के आवागमन में भी कीचड़ के कारण परेशानी हो रही है। स्थानीय लोगों ने निर्माण एजेंसी से वैकल्पिक मार्ग को बारिश के अनुकूल बनाने, कीचड़ की समस्या का स्थायी समाधान करने तथा अंडरपास निर्माण के दौरान सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है। लोगों का कहना है कि यह मार्ग शहर के महत्वपूर्ण संपर्क पथों में शामिल है, इसलिए निर्माण कार्य के दौरान आम लोगों की सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### तालाबों को स्वच्छ और प्रदूषणमुक्त बनाने की पहल, उच्चैठ में चला विशेष सफाई अभियान

**जलस्रोत केवल पानी के स्रोत नहीं, पर्यावरण और सामाजिक जीवन के आधार हैं: डीपीओ आनंद अंकित**

**मधुबनी (एनएसबी)**। नदियों एवं अन्य जलस्रोतों की स्वच्छता, संरक्षण तथा जनभागीदारी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से जिला गंगा समिति, मधुबनी द्वारा चलाए जा रहे ह्यएक दिन जलस्रोतों के स्वच्छता के नामह्न अभियान के तहत शुक्रवार को नगर पंचायत बेनीपट्टी द्वारा उच्चैठ भगवती स्थान परिसर स्थित तालाब एवं तालाब घाटों की विशेष साफ-सफाई कराई गई। जिला गंगा समिति के इस अभियान के माध्यम से जिले के विभिन्न जलस्रोतों को स्वच्छ एवं प्रदूषणमुक्त बनाए रखने के साथ-साथ आमजन को जलस्रोतों के संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। अभियान के तहत नगर पंचायत बेनीपट्टी के स्वच्छताकर्मियों द्वारा तालाब एवं घाट परिसर में जमा कचरे और गंदगी को हटाकर साफ-सफाई की गई। इस अवसर पर डीपीओ, जिला गंगा समिति (नमामि गंगे), मधुबनी आनंद अंकित ने कहा कि जलस्रोत केवल जल के भंडार नहीं, बल्कि हमारे पर्यावरणीय संतुलन, जैव विविधता और सामाजिक जीवन के महत्वपूर्ण आधार हैं। जिला गंगा समिति द्वारा ह्यएक दिन जलस्रोतों के स्वच्छता के नामह्न अभियान के माध्यम से लोगों को जलस्रोतों की स्वच्छता एवं संरक्षण के प्रति जागरूक किया जा रहा है। जलस्रोतों को स्वच्छ बनाए रखना केवल प्रशासन की जिम्मेदारी नहीं, बल्कि प्रत्येक नागरिक की सामूहिक जिम्मेदारी है।उन्होंने कहा कि जलस्रोतों में कचरा डालने की प्रवृत्ति को रोकने के लिए जनभागीदारी आवश्यक है। उन्होंने आमजन से अपील की कि वे तालाब, नदी एवं अन्य जलस्रोतों में किसी भी प्रकार का कचरा न डालें तथा अपने आसपास के जलस्रोतों को स्वच्छ एवं सुरक्षित रखने में सक्रिय सहयोग करें।मौके पर स्वच्छता पदाधिकारी शिव कुमार ने भी लोगों से तालाब एवं अन्य जलस्रोतों के आसपास स्वच्छता बनाए रखने तथा जलस्रोतों में कचरा नहीं डालने की अपील की। उन्होंने कहा कि जलस्रोतों की स्वच्छता को स्थायी रूप से बनाए रखने के लिए आमजन की सक्रिय भागीदारी बेहद जरूरी है।सफाई अभियान के दौरान स्वच्छता पर्यवेक्षक सहित नगर पंचायत बेनीपट्टी के स्वच्छताकर्मी उपस्थित रहे।



# अस्पताल की साफ-सफाई व व्यवस्थाओं में सुधार का निर्देश

**बेनीपट्टी(एनएसबी)**। अनुमंडल पदाधिकारी बेनीपट्टी के कार्यालय प्रकोष्ठ में शुक्रवार को एसडीओ शारंग पाणि पाण्डेय की अध्यक्षता में अनुमंडलीय अस्पताल बेनीपट्टी के रोगी कल्याण समिति की बैठक हुई। इसमें अस्पताल से जुड़ी विभिन्न समस्याओं और उनके निराकरण को लेकर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक की शुरूआत पिछली बैठक में लिए गए प्रस्तावों की संपुष्टि के साथ हुई। बैठक में सदस्यों ने अस्पताल की साफ-सफाई तथा पर्ची काउंटर और आपातकालीन कक्ष में पंखे की व्यवस्था नहीं होने का मुद्दा उठाया। एसडीओ ने मामले को गंभीरता से लेते हुए तत्काल पंखा ठीक कराने की कार्रवाई कराई। साथ ही अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ. अवधेश कुमार को अस्पताल में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया। उपाधीक्षक ने सामान्य कचरा उठाव के लिए नगर पंचायत को निर्देशित कराने का अनुरोध किया। इस पर एसडीओ ने तत्काल नगर पंचायत को कचरा उठाव सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। वहीं, जीविका के माध्यम से अस्पताल में ह्यदीदी की रसोईह्न जल्द शुरू कराने का निर्देश भी दिया गया। बैठक में बताया गया कि पिछले माह की तुलना में अगस्त में अनुमंडलीय अस्पताल में 18 प्रतिशत अधिक प्रसव हुए हैं। हालांकि यह उपलब्धि निर्धारित लक्ष्य का 49 प्रतिशत है। इस पर एसडीओ ने उपाधीक्षक एवं स्वास्थ्य प्रबंधक को लक्ष्य के अनुरूप उपलब्धि हासिल करने के लिए आशा कार्यकताओं की नियमित बैठक कराने तथा शून्य उपस्थिति वाली आशा कार्यकताओं से कारणपृच्छा करने का निर्देश दिया। एसडीओ ने टीबी मरीजों की स्क्रीनिंग, चिन्हित मरीजों और उन्हें उपलब्ध कराई जा रही दवाओं की भी जानकारी ली। साथ ही अस्पताल में माहवार एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड, प्रसव सहित अन्य स्वास्थ्य सेवाओं से संबंधित प्रतिवेदन 24 घंटे के भीतर उपलब्ध कराने का निर्देश उपाधीक्षक एवं स्वास्थ्य प्रबंधक को दिया। बैठक में अस्पताल की नियमित जांच कराने पर सर्वसम्मति से निर्णय लिया गया। एसडीओ ने कार्यपालक दंडाधिकारी-सह-अनुमंडल कल्याण पदाधिकारी को प्रत्येक सप्ताह अस्पताल का औचक निरीक्षण कर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में शशिभूषण सिंह, सीमा मंडल, पलटन पासवान, अंजली देवी, अस्पताल के उपाधीक्षक, स्वास्थ्य प्रबंधक सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।



बैठक करते एसडीएम

### पोषण माह के शुभारंभ एवं सफल संचालन हेतु बैठक

**बेनीपट्टी (एनएसबी)**।पोषण माह के सफल शुभारंभ एवं प्रभावी संचालन के उद्देश्य से बाल विकास परियोजना कार्यालय, बेनीपट्टी में सीडीपीओ कुमारी रेखा की अध्यक्षता में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में पोषण माह के दौरान आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों, पोषण ट्रैकर, गृह भ्रमण, जन-जागरूकता अभियान तथा अन्य महत्वपूर्ण योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विस्तार से चर्चा की गई।

इस अवसर पर सभी एल.एस. (महिला पर्यवेक्षिका) एवं प्रखंड समन्वयक उपस्थित रहे। सीडीपीओ ने सभी को निर्धारित कैलेंडर के अनुसार गतिविधियों का सफलतापूर्वक संचालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए, ताकि पोषण माह को जनभागीदारी के साथ सफल बनाया गया!



बैठक करते

# डी.बी. कॉलेज में एनसीसी के 43 नए कैडेटों का चयन, जल्द शुरू होगा प्रशिक्षण

**एनसीसी से छात्रों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता होगी विकसित : डॉ चंदन कुमार**

**जयनगर (एनएसबी)**। डी.बी. कॉलेज, जयनगर की 4/34 बिहार एनसीसी कंपनी में सत्र 2026-29 के लिए नए कैडेटों की भर्ती प्रक्रिया शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं निर्धारित मानकों के अनुरूप संपन्न हुई। भर्ती प्रक्रिया के तहत स्नातक प्रथम सेमेस्टर के 23 छात्र एवं 11 छात्राओं सहित कुल 43 कैडेटों का एनसीसी प्रथम वर्ष के लिए चयन किया गया।चयन प्रक्रिया के दौरान अभ्यर्थियों की शारीरिक दक्षता एवं क्षमता की जांच की गई। निर्धारित शारीरिक मानकों पर खरा उतरने वाले अभ्यर्थियों का चयन किया गया। 34 बिहार बटालियन एनसीसी मुख्यालय से पहुंचे सूबेदार राज कुमार एवं हवलदार देवव्रत ने चयन प्रक्रिया को सफलतापूर्वक संपन्न कराया।इस अवसर पर प्रभारी प्रधानाचार्य डॉ. संजय कुमार पासवान, सीटीओ डॉ. चंदन कुमार एवं मीडिया प्रभारी डॉ. शैलेश कुमार सिंह प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। महाविद्यालय प्रशासन की ओर से चयनित कैडेटों को शुभकामनाएं देते हुए उनके अनुशासन, नेतृत्व क्षमता एवं राष्ट्रसेवा की भावना को मजबूत करने की अपेक्षा व्यक्त की गई। एनसीसी पदाधिकारी डॉ. चंदन कुमार ने बताया कि, चयनित कैडेटों का प्रशिक्षण शीघ्र प्रारंभ किया जाएगा, जिसमें शारीरिक प्रशिक्षण, अनुशासन, नेतृत्व विकास, ड्रिल तथा राष्ट्रसेवा से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का प्रशिक्षण दिया जाएगा। एनसीसी के माध्यम से छात्रों में अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित करने पर विशेष जोर दिया जाएगा।चयन प्रक्रिया को सफल बनाने में सीनियर कैडेट ममता कुमारी, सुनीता कुमारी, धर्म कुमार, राहुल कुमार रंजन, दीपक कुमार ठाकुर एवं उमाशंकर ने सक्रिय सहयोग किया।



### कांग्रेस ने पंचायतों में फहराया झंडा.कांग्रेस कार्यकताओं ने देशभक्ति के संदेश के साथ लोगों को किया जागरूक

**जयनगर (एनएसबी)।(एनएसबी)**। बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी के निदेर्शानुसार चलाए जा रहे ह्यहर घर झंडाह्न कार्यक्रम के तहत शुक्रवार को मधुबनी जिला कांग्रेस कमेटी पश्चिम के तत्वावधान में विभिन्न पंचायतों में अभियान चलाया गया। जिला कांग्रेस कमेटी पश्चिम की जिलाध्यक्ष मीना देवी कुशवाहा के नेतृत्व एवं प्रखंड कांग्रेस अध्यक्ष सुरेंद्र महतो की अध्यक्षता में बरही पंचायत, बेलही पश्चिमी, देवधा मध्य एवं देवधा दक्षिणी पंचायत में कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कांग्रेस कार्यकताओं एवं पंचायत पदाधिकारियों ने अपने-अपने क्षेत्रों में लोगों के घरों तक पहुंचकर झंडा लगाने के लिए प्रेरित किया। हर घर में झंडा पहुंचाने का उद्देश्य आम लोगों में राष्ट्रप्रेम और राष्ट्रीय एकता की भावना को और मजबूत करना है।अभियान में पंचायत अध्यक्ष, मंडल अध्यक्ष सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यकताओं ने झंडे के प्रति सम्मान और देश के प्रति समर्पण का संदेश देते हुए लोगों से अभियान में बढ़-चढ़कर भागीदारी करने की अपील की।कार्यक्रम में अयोधि पासवान, मोहम्मद मुमताज, मोहम्मद आरिफ, अरुण प्रकाश प्रधान, किशोरी राम, मोहम्मद अकबर, महंत मुकेश दास, मोहम्मद नसीम, मोहम्मद फारूक, सीता देवी, कौशल्या देवी, बबीता देवी, रोशन खातून, सहाना खातून, रजिया खातून, शबनम खातून, शमा खातून सहित बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता एवं समर्थक मौजूद रहे।



# सीमावर्ती गांवों के विकास की नई रफ्तार से ग्रामीण जनता की बदल रही तस्वीर



बैठक करते अधिकारी

**मधुबनी (एनएसबी)**। जिले में वाइब्रेंट विलेजेज कार्यक्रम के प्रभावी एवं समयबद्ध क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी के निर्देश पर डीडीसी तुषार कुमार ने संबंधित विभाग के पदाधिकारियों के साथ विभागवार प्रगति की समीक्षा बैठक की। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों के समग्र एवं संतुलित विकास, आधारभूत संरचनाओं के सुदृढ़ीकरण, स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं आजीविका के अवसरों के सृजन तथा केंद्र एवं राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर विस्तृत विचार-विमर्श किया गया। बैठक में डीडीसी ने कहा कि वाइब्रेंट विलेजेज कार्यक्रम-क्क का उद्देश्य सीमावर्ती क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को बेहतर मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने के साथ-साथ इन क्षेत्रों को विकास की मुख्यधारा से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती गाँवों का विकास केवल आधारभूत संरचनाओं के निर्माण तक सीमित नहीं होना चाहिए, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, सड़क, बिजली, पेयजल, डिजिटल कनेक्टिविटी, आजीविका, कौशल विकास, पर्यटन एवं स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में समेकित प्रयास किए जाने चाहिए। इसके तहत

**मधुबनी जिला के 7 प्रखंड निम्नवत है-**

बासोपट्टी,हरलाखी,जयनगर,मधवापुर,लदनियां,खुटौना,लौकही

**36 चयनित गाँवों की सूची निम्नवत है-**

**प्रखंड :** चयनित गाँव,बासोपट्टी खौना, जोंकी, लौठवा, मझौरा ,हरलाखी ,गंगौर, गोपालपुर, हरलाखी, कमतौल, करुणा, मनोहरपुर, नहरनियां, फुलहर, पिपरौन, उमगांव,जयनगर,बेलही, शिलानाथ, दुल्लीपट्टी, उसराही, देवधा,मधवापुर,बसबरिया, दुर्गापट्टी, हनुमान नगर, लोमा, महुआ, परसा, राम नगर कजरा, सहार,लदनियां,जोगिया,खुटौना,अनहरबन, बंदरझूली, पिपराही, लछमीपुर, लौकही,नारी, थरवाही, हरभंगा, महदेवा, अन्धरामठ, भरफोरी

डीडीसी ने संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि कार्यक्रम के तहत चयनित गाँवों की आवश्यकताओं का सूक्ष्म स्तर पर आकलन करते हुए प्राथमिकता के आधार पर विकास योजनाएं तैयार की जाएं। उन्होंने कहा कि प्रत्येक चयनित गाँव की स्थानीय आवश्यकताओं, उपलब्ध संसाधनों एवं विकास की संभावनाओं को ध्यान में रखते हुए योजनाओं का चयन किया जाए, ताकि कार्यक्रम का वास्तविक लाभ सीमावर्ती आबादी तक पहुंच सके। उन्होंने सभी संबंधित विभागों को आपसी समन्वय के साथ कार्य करने का निर्देश देते हुए कहा कि वाइब्रेंट विलेजेज कार्यक्रम-क्कके अंतर्गत विभिन्न विभागों की योजनाओं का अधिकतम सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि जिन क्षेत्रों में सड़क, बिजली, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा, संचार एवं अन्य बुनियादी सुविधाओं की कमी है, वहां प्राथमिकता के आधार पर कार्य किए जाएं। बैठक में सीमावर्ती क्षेत्रों में स्थानीय स्तर पर रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर बढ़ाने पर भी विशेष जोर दिया गया। डीडीसी ने कहा कि स्थानीय युवाओं, महिलाओं, स्वयं सहायता समूहों, किसान उत्पादक संगठनों तथा अन्य सामुदायिक संस्थाओं को योजनाओं से जोड़कर आजीविका के स्थायी अवसर उपलब्ध कराए जा सकते हैं। इससे स्थानीय अर्थव्यवस्था को मजबूती मिलने के साथ-साथ पलायन को कम करने में भी मदद मिलेगी। उन्होंने कहा कि मधुबनी अपनी विशिष्ट सांस्कृतिक पहचान, मिथिला कला, हस्तशिल्प एवं स्थानीय उत्पादों के लिए देश-दुनिया में प्रसिद्ध है। सीमावर्ती क्षेत्रों में उपलब्ध स्थानीय कला, संस्कृति एवं प्राकृतिक संसाधनों की संभावनाओं को चिन्हित कर पर्यटन एवं स्थानीय आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देने की दिशा में भी कार्य किया जाना चाहिए। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार के नए अवसर सृजित किए जा सकते हैं। बैठक में शिक्षा एवं स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ करने पर भी चर्चा की गई। डीडीसी ने कहा कि सीमावर्ती गाँवों के बच्चों को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा उपलब्ध कराना तथा ग्रामीण आबादी को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं से जोड़ना कार्यक्रम की प्राथमिकताओं में शामिल होना चाहिए। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों को विद्यालयों एवं स्वास्थ्य संस्थानों में उपलब्ध सुविधाओं का आकलन कर आवश्यक सुधार एवं आधारभूत संरचना के प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया। डिजिटल एवं दूरसंचार कनेक्टिविटी को लेकर कहा कि वर्तमान समय में इंटरनेट एवं संचार सुविधा विकास का महत्वपूर्ण आधार है। सीमावर्ती क्षेत्रों में बेहतर डिजिटल कनेक्टिविटी उपलब्ध होने से शिक्षा, स्वास्थ्य, बैंकिंग, सरकारी सेवाओं एवं रोजगार संबंधी अवसरों तक लोगों की पहुंच और अधिक आसान होगी। कार्यक्रम के तहत प्रस्तावित एवं स्वीकृत योजनाओं की प्रगति की नियमित समीक्षा करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि योजनाओं के क्रियान्वयन में गुणवत्ता से किसी भी प्रकार का समझौता नहीं किया जाए तथा निर्धारित समय-सीमा के भीतर कार्य पूर्ण कराने पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने अधिकारियों को स्थल निरीक्षण एवं योजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने को कहा।उन्होंने कहा कि वाइब्रेंट विलेजेज कार्यक्रम-क्क सीमावर्ती क्षेत्रों के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर है। इसके माध्यम से सीमावर्ती गाँवों में विकास की गति को तेज करते हुए लोगों के जीवन स्तर में व्यापक सुधार लाया जा सकता है। सभी विभागों को पूरी प्रतिबद्धता एवं समन्वित प्रयास के साथ कार्य करते हुए कार्यक्रम के उद्देश्यों को धरातल पर उतारना होगा।

# ऑनलाइन एवं ऑफलाइन माध्यम से प्राप्त 252 आवेदनों की सुनवाई कर उनकी समस्याओं का किया समाधान

**मधुबनी,(एनएसबी)**।जिला पदाधिकारी, श्री आनंद शर्मा द्वारा शुक्रवार को समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यसबका सम्मान-जीवन आसान ह्न कार्यक्रम के तहत आमजनों से सीधे संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए । कार्यक्रम के दौरान जिले के विभिन्न प्रखंडों एवं पंचायतों से आए दर्जनों लोगों ने अपनी-अपनी समस्याएं अधिकारियों के समक्ष रखीं, जिनके समाधान के लिए संबंधित विभागों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।इसी क्रम में पंडौल प्रखंड की नरपति नगर पंचायत निवासी राहुल कुमार ने राशन कार्ड बनवाने तथा कार्ड प्राप्त होने के बाद आयुष्मान कार्ड के माध्यम से इलाज कराने हेतु आवेदन दिया। वहीं रामदुलारी कुमारी, राजनगर, लदनियां निवासी बासगीत पर्चा निर्गत करने हेतु आवेदन दिया। प्रखंड अंधराठाढ़ी निवासी देव कुमार यादव के द्वारा जमीन विवाद के निपटारा को लेकर आवेदन दिया। रहिका प्रखंड निवासी आकर्ष कुमार ठाकुर ने सड़क निर्माण के उपरांत जल निकासी की समुचित व्यवस्था न होने तथा जलजमाव की समस्या के समाधान हेतु पत्र दिया। परिवादी मनोज कुमार राम रहिका प्रखंड की शंभुआर पंचायत निवासी ने गांव में आवागमन की कठिनाई को दूर करने हेतु नई नाली और सड़क निर्माण कराने के संबंध में आवेदन दिया है। इसी क्रम में बिस्फी प्रखंड की सिंगिया पश्चिम पंचायत निवासी गोविंद कुमार ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क निर्माण योजना के तहत शेष 400 मीटर भूमि से अवैध अतिक्रमण हटवाकर कार्य पूर्ण कराने हेतु आवेदन दिया। सरस्वती कुमारी लदनियां प्रखंड निवासी ने भूमिहीन होने के कारण वासभूमि उपलब्ध कराने हेतु आवेदन दिया। इसके अतिरिक्त कार्यक्रम के तहत विभिन्न विभागों के पदाधिकारियों ने भी अपने-अपने कक्षों में उपस्थित होकर जिले भर से आए लोगों की समस्याएं सुनीं तथा उनके समाधान के लिए आवश्यक कदम उठाए।

उल्लेखनीय है कि सेवा-संवाद-समाधान अनुश्रवण प्रणाली के तहत ह्यसबका सम्मान-जीवन आसानह्न कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य आम नागरिकों को सम्मानपूर्वक उनकी समस्याओं का समाधान उपलब्ध कराना तथा प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक जन-हितैषी, पारदर्शी एवं उत्तरदायी बनाना है।जिला पदाधिकारी ने कहा कि प्रशासन आम जनता की समस्याओं के समाधान के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। सभी पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि प्राप्त शिकायतों का समयबद्ध, पारदर्शी एवं प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए ताकि आम नागरिकों को सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें और उन्हें बेहतर प्रशासनिक सेवा प्राप्त हो सके। *कार्यक्रम के अंत में अधिकारियों द्वारा बताया गया कि बारी-बारी से सभी आवेदकों की शिकायतें सुनी गईं तथा उनके त्वरित समाधान के लिए अग्रेतर कार्रवाई शुरू कर दी गई है। उन्होंने जानकारी देते हुए कहा कि सरकार के द्वारा हरेक महीने के प्रथम एवं तीसरे मंगलवार को पंचायत में सहयोग शिविर चलाया जा रहा है, जो पूरी तरह ऑनलाइन प्रक्रिया है। आए हुए आवेदनों का तीस दिनों के अंदर उसका निष्पादन किया जाना है। अपनी शिकायतों को लेकर घर बैठे ही सहयोग शिविर पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है।



शिकायत सुनते जिलाधिकारी

राज्यपाल ने समारोह के बीच बीआरए बिहार विवि के नव निर्मित महाराजा गेट आईटी भवन और स्वामी विवेकानंद पार्क का किया उद्घाटन

# विश्वविद्यालय कैंपस में स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा स्थापित होना गर्व की बात : राज्यपाल

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बिहार के राज्यपाल सह कुलाधिपति लेफ्टिनेंट जनरल सैयद अता हसनैन शुक्रवार को मुजफ्फरपुर पहुँचे, जहां उन्होंने बीआरए बिहार विवि में कई कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि भाग लेते हुए कई नई उपलब्धियों का उद्घाटन किया।

इस दौरान उन्होंने विवि परिसर में नवनिर्मित तांबे से बनी स्वामी विवेकानंद की आदमकद प्रतिमा का अनावरण किया।

**राजयपाल के आगमन को लेकर सुबह से दोपहर तक चाक चौबंद सुरक्षा घेरे में रहा बीआरए बिहार विश्वविद्यालय परिसर**

साथ ही परिसर मे बने स्वामी विवेकानंद पार्क का विधिवत उद्घाटन किया। साथ हीं राज्यपाल ने विश्वविद्यालय में नवनिर्मित महाराजा गेट एवं आईटी सेल भवन का भी उद्घाटन किया। इस मौके पर उन्होंने



स्वामी विवेकानंद पार्क का उद्घाटन करते राज्यपाल ले.ज.सैयद अता हसनैन।

कहा कि स्वामी विवेकानंद हमसब के प्रेरणाश्रोत हैं। इस दृष्टिकोण से विश्वविद्यालय में उनकी प्रतिमा स्थापित किया जाना गौरव की बात है। विवि में आईटी सेल भवन के उद्घाटन के संदर्भ मे उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय में आईटी सेल की उपलब्धता आवश्यक हो गया है। भारत सरकार की सारी योजनाएं और कार्यक्रम ऑनलाइन हीं संचालित किए जा रहे है। इस स्थिति को देखते हुए सभी विश्वविद्यालयों मे आईटी सेल की उपलब्धता अनिवार्य हो गई है। इस अनिवार्यता को देखते हुए सभी विश्वविद्यालयों मे आईटी सेल का निर्माण कराया जा रहा है। अनावरण और उद्घाटन कार्यक्रम के बाद राजयपाल सह कुलांधिपति ने विश्वविद्यालय के शिक्षकों और छात्रों से संवाद किया। इस दौरान उन्होंने कुलपति को कई दिशा निर्देश भी दिए। समारोह का आयोजित सिमित दायरे


लोकार्पण समारोह में मंचस्थ राज्यपाल व अन्य।

में हीं किया गया था और चुनिंदा लोग हीं इस कार्यक्रम मे शामिल हुए।

हालांकी राज्यपाल सह कुलाधिपति के आगमन के मद्देनजर शुक्रवार को बीआरए बिहार विश्वविद्यालय परिसर कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के घेरे में रहा। परिसर में जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती की गई थी। विश्वविद्यालय पहुंचने के बाद राज्यपाल सबसे पहले न्यू गेस्ट हाउस गए। वहां उन्होंने अपनी मां के नाम पर पौधा लगाया। इसके बाद वे उद्घाटन स्थल पर पहुंचे और विश्वविद्यालय में तैयार कराई गई विभिन्न नवनिर्मित सुविधाओं का उद्घाटन किया। सुरक्षा के मद्देनजर विश्वविद्यालय के मुख्य प्रवेश द्वार से लेकर कार्यक्रम स्थल तक पुलिस और सुरक्षा बलों की तैनाती की गई थी। अधिकारियों की निगरानी में राज्यपाल का कार्यक्रम निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार संपन्न हुआ।

## राज्यपाल के आगमन पर एलएस कॉलेज में छात्र ने किया हंगामा, धक्का-मुक्की

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** बीआरए बिहार विश्वविद्यालय अंतर्गत लंगट सिंह कॉलेज में शुक्रवार को राज्यपाल के पहुंचते ही मुख्य द्वार पर अचानक जबर्दस्त हंगामा खड़ा हो गया। राज्यपाल कॉलेज परिसर में आयोजित स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा अनावरण समारोह और छात्र संवाद कार्यक्रम में शामिल होने पहुंचे थे। इसी दौरान एक छात्र अपनी मांगों से संबंधित ज्ञापन लेकर अंदर जाने का प्रयास करने लगा, जिसे सुरक्षा बलों ने प्रवेश द्वार पर ही रोक दिया।

इसके बाद दोनों पक्षों के बीच तीखी नोकझोंक और खींचतान शुरू हो गई। राज्यपाल के आगमन को लेकर कॉलेज परिसर और मुख्य द्वार पर सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए थे। जैसे ही राज्यपाल का काफिला अंदर दाखिल हुआ, छात्र ज्ञापन सौंपने की जिद पर अड़ गया और गेट के अंदर जाने का प्रयास करने लगा। वहीं छात्र को अंदर घुसने से रोकते हुए सुरक्षाकर्मियों ने प्रोटोकॉल और सुरक्षा मानकों का हवाला देते हुए छात्र को मुख्य द्वार पर ही रोक दिया। वही अंदर जाने से रोके जाने से नाराज छात्र सुरक्षाकर्मियों से उलझ पड़ा और देखते ही देखते विवाद बढ़ गया। छात्र द्वारा जबरन अंदर घुसने का बार बार प्रयास किए जाने पर सुरक्षाकर्मियों ने धक्का देते हुए गेट से हटाना चाहा, जिसके बाद सुरक्षा बलों और छात्र के बीच काफी देर तक धक्का-मुक्की हुई।


राज्यपाल से मिलने के लिए गेट मे घुसने का प्रयास करते छात्र को जबरन पुलिस वाहन मे ठेल कर बैठाने का मशक्कत करते पुलिसकर्मी।

मुख्य द्वार पर अचानक हुए इस अप्रत्याशित घटना से मौके पर कुछ देर के लिए अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया। यह देख वहां मौजूद अन्य छात्र और आगंतुक भी सकते में आ गए। हालांकि, गेट पर मुस्तैद पुलिस और विशेष सुरक्षा बलों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छात्र को बलपूर्वक नियंत्रित किया और मुख्य द्वार से हटाकर वहां मौजूद पुलिस के हवाले कर दिया और कई पुलिसकर्मियों ने उस छात्र को जबरन ठेल कर पुलिस वाहन में बैठाया और थाना ले गए। इसके बाद वहां स्थिति सामान्य हुई।

## जंदाहा में 25अक्टूबर को गूंजेगी हमारी आवाज ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं पर होगा मंथन


बैठक के पश्चात कार्यक्रम को लेकर विमर्श करते संगठन के सदस्य गण।

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं, उनके अधिकारों और पत्रकारिता के सामने उत्पन्न चुनौतियों को लेकर मीडिया फॉर बॉर्डर हार्मनी की ओर से 25 अक्टूबर को जंदाहा में हमारी आवाज कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। इसमें वैशाली, मुजफ्फरपुर और सारण जिले के पत्रकारों के साथ स्थानीय जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक अधिकारी शामिल होंगे। कार्यक्रम में पत्रकार अपनी समस्याएं और मांगें रखेंगे तथा उनके समाधान की दिशा में पहल पर चर्चा होगी। कार्यक्रम की तैयारी को लेकर महुआ के फुलवरिया में एमएफबीएच के विधानसभा प्रभारी वरीय पत्रकार नवनीत कुमार के आवास पर बैठक हुई। बैठक में 25 अक्टूबर को जंदाहा में हमारी आवाज कार्यक्रम आयोजित करने की घोषणा की गई। कार्यक्रम में ग्रामीण पत्रकारों की समस्या और पत्रकार, पत्रकारिता और सरकार विषय पर संवाद होगा। बैठक में संगठन के संरक्षक वरीय पत्रकार अनिरुद्ध राजा ने कहा कि एमएफबीएच लगातार ग्रामीण पत्रकारों की समस्याओं को लेकर काम कर रहा है। हमारी आवाज कार्यक्रम के माध्यम से पत्रकारों की ओर से रखी गई, मांगों पर सरकार ने गंभीरता से कार्रवाई की है। पत्रकारों के लिए बीमा और पेंशन योजना लागू होना इसी दिशा में महत्वपूर्ण पहल है। उन्होंने कहा कि अब सभी ग्रामीण पत्रकारों को मान्यता प्राप्त पत्रकार का दर्जा देने तथा वरिष्ठ पत्रकारों को पेंशन के दायरे में लाने जैसे मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाएगा। कार्यक्रम में पत्रकार सीधे अपनी समस्याएं रखेंगे और उनके समाधान के लिए जनप्रतिनिधियों व प्रशासनिक अधिकारियों के साथ संवाद किया जाएगा। संगठन के महासचिव वरीय पत्रकार ब्रजेश कुमार ने कहा कि वैशाली जिले के विधायक और सांसद भी कार्यक्रम में शामिल होकर पत्रकारों की समस्याओं के निदान की पहल करेंगे।

**वैशाली, मुजफ्फरपुर व सारण के पत्रकार होंगे शामिल, विधायक-सांसद एवं प्रशासनिक अधिकारियों के साथ होगा संवाद**

इससे पहले संगठन की ओर से मुजफ्फरपुर के सरैया में 27 सितंबर 2026 को प्रस्तावित हमारी आवाज कार्यक्रम में भी वैशाली जिले के प्रत्येक प्रखंड से पत्रकारों की भागीदारी होगी। बैठक में एमएफबीएच के जिला महासचिव वरीय पत्रकार ब्रजेश कुमार, अमरेंद्र तिवारी, जिला अध्यक्ष प्रभात कुमार, नवनीत कुमार, संतोष वर्मा,प्रशांत क्रांतिकारी, अनिरुद्ध राजा, राजेश कुमार, रेणु सिंह आदि मौजूद रहे। वहीं गोरौल में आयोजित बैठक में संगठन के संरक्षक वरीय पत्रकार मोहन कुमार सुधांशु, शैलेंद्र कुमार पांडे, सुधीर कुमार झा, मनीष कुमार, मोहम्मद जाहिद वारसी और अमरेश कुमार शर्मा ने भाग लिया।

## खाद विक्रेताओं का प्रदर्शन, थोक स्तर पर उचित दर और आपूर्ति सुनिश्चित होने तक उर्वरक उठाव से किया इंकार



**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** खाद की कीमतों और थोक विक्रेताओं की ओर से कथित दबाव के विरोध में उर्वरक दुकानदारों ने प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। दुकानदारों का आरोप है कि थोक विक्रेताओं की ओर से निर्धारित कीमत के अलावा साइड प्रोडक्ट खरीदने का दबाव बनाया जाता है। इससे खुदरा खाद विक्रेताओं पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। दुकानदारों ने बताया कि यूरिया और डीएपी की उपलब्धता एवं कीमत को लेकर भी परेशानी बनी हुई है। उनका कहना है कि शिकायत किए जाने के बावजूद थोक विक्रेताओं पर अपेक्षित कार्रवाई नहीं हो रही है, जिससे कृषि विभाग के अधिकारियों के प्रति भी नाराजगी है। प्रदर्शन के बाद उर्वरक विक्रेता संघ के पदाधिकारियों ने स्पष्ट किया कि जबतक थोक स्तर पर दुकानदारों को तय और उचित दर पर खाद उपलब्ध नहीं कराई जाती, तबतक वे खाद का उठाव नहीं करेंगे। संघ ने सभी दुकानदारों से इस फैसले पर एकजुट रहने की अपील की है। संघ ने चेतावनी दी कि फैसले का पालन नहीं करने वाले दुकानदारों के खिलाफ संघ अपने स्तर से कार्रवाई करेगा। दुकानदारों ने कहा कि किसानों को परेशान करना उनका उद्देश्य नहीं है। वर्तमान में उनके पास उपलब्ध यूरिया और डीएपी का वितरण किसानों के बीच जारी रखा जाएगा। उनका आंदोलन किसानों के खिलाफ नहीं, बल्कि खाद की खरीद-बिक्री में उचित दर और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए है।

## संक्षिप्त खबरें

### पारु प्रखंड क्षेत्र के किसानों ने औद्योगिक विकास के लिए किए जा रहे खेतिहर जमीन अधिग्रहण को नियम विरुद्ध बताया, 28 को धरना प्रदर्शन का लिया निर्णय

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** पारु प्रखंड के चतुरपटी, भोजपटटी, हरपुर कपरफोरा, चैनपुर चिउटाहां मौजा के औद्योगिक विकास के नाम पर अधिग्रहित की जा रही 800 एकर जमीन के मामले को लेकर क्षेत्र के चार दर्जन से अधिक किसानो ने शुक्रवार को अखिल भारतीय खेत मजदूर किसान सभा के राज्य अध्यक्ष उदय चौधरी एवं पारू प्रखंड के किसान नेता रामानन्द राम व बच्चा बाबू कुमार के नेतृत्व मे जिलाधिकारी के जनता दरबार मे उपस्थित होकर उन्हें बताया कि जिन किसानों की जमीन अधिग्रहित की जा रही है, उनके पास जमीन के अलावा जीविकोपार्जन का और कोई साधन नहीं है। किसानों ने कहा कि नियमानुसार जमीन अधिग्रहण से पूर्व जमीन मालिकों से अनुमति या सहमति भी नहीं ली गई है। किसानों ने जिलाधिकारी से इस मामले मे उनकी जमीन अधिग्रहित नहीं किए जाने का अनुरोध किया। किसानों ने बताया कि इस मामले मे जिलाधिकारी द्वारा कोई जबाब नहीं दिए जाने पर किसानों ने बैठक कर प्रशासन द्वारा नियम के बिरुद्ध जमीन अधिग्रहण किए जाने का आरोप लगाते हुए बैठक में निर्णय लिया कि अपनी जमीन बचाने के लिए क्षेत्र के किसान 28 सितंबर को समाहरणालय परिसर मे धरना प्रदर्शन करेंगे। बैठक में जवाहर प्रसाद यादव, विश्वनाथ साह, रामशोभित यादव सरपंच, सुरेश सिंह, रामविलास चौधरी, अनिसुल रहमान, मो नसीम अहमद, योगेन्द्र महतो सहित कुल 50 किसान शामिल थे।


जिलाधिकारी से मिलने पहुँचे पारु क्षेत्र के किसान लोग

### अनियंत्रित ट्रक मटन हाउस में घुसा, दुकान जमींदोज

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** मुजफ्फरपुर-हाजीपुर फोरलेन पर बलिया के समीप शुक्रवार की अहले सुबह तेज रफ्तार बालू लदा ट्रक अनियंत्रित होकर सड़क किनारे स्थित मटन हाउस में जा घुसा। टक्कर इतनी जबर्दस्त थी कि दुकान पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर जमींदोज हो गई। हालांकि, सुबह का वक्त होने के कारण दुकान में कोई कर्मचारी या ग्राहक मौजूद नहीं था, जिससे बड़ी जनहानि टल गई।

हादसे में ट्रक का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हुआ है और चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। दुर्घटना के बाद जोरदार आवाज सुनकर आसपास के लोग मौके पर जुट गए। पुलिस और स्थानीय लोगों ने काफी मशक्कत के बाद चालक को क्षतिग्रस्त केबिन से बाहर निकाला। गंभीर रूप से घायल चालक को पुलिस की मदद से तत्काल नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त ट्रक को जब्त कर लिया है और मामले की जांच शुरू कर दी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि मुजफ्फरपुर-हाजीपुर फोरलेन पर तेज रफ्तार और अनियंत्रित वाहनों के कारण लगातार सड़क हादसे हो रहे हैं। लोगों ने वाहनों की रफ्तार पर नियंत्रण और मार्ग पर प्रभावी निगरानी व्यवस्था बढ़ाने की मांग की है।

### गायघाट में शराब से भरा ट्रक जब्त, कटर मशीन से काटकर निकाली गई बोतलें, एक गिरफ्तार

**मुजफ्फरपुर (एसएनबी)।** गायघाट थाना क्षेत्र के दरभंगा-मुजफ्फरपुर राष्ट्रीय राजमार्ग (एनएच-27) पर गायघाट स्थित सतनाम पेट्रोल पंप के पास पुलिस ने शराब से लदे एक ट्रक को जब्त किया है। ट्रक से 317.25 लीटर अंग्रेजी शराब बरामद की गई है। शराब को ट्रक के अंदर इस तरह छिपाकर रखा गया था कि उसे निकालने के लिए कटर मशीन का सहारा लेना पड़ा। पुलिस की मौजूदगी में कटर मशीन से ट्रक के हिस्से को काटकर उसके अंदर छिपाकर रखी गई अंग्रेजी शराब की बोतलों को बाहर निकाला गया। पुलिस ने मौके से एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। बरामद शराब की कुल मात्रा 317.25 लीटर बताई गई है। प्रभारी थानाध्यक्ष पूजा कुमारी ने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति से पूछताछ की जा रही है।

### बैंक कर्मचारियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल का सिटू ने किया समर्थन, मांग को ठहराया जायज

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** सेंटर ऑफ इंडियन ट्रेड यूनियन्स (सिटू ) ने यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स के आह्वान पर बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों द्वारा उठाई गई मांगों और राष्ट्रव्यापी संघर्ष का दृढ़ समर्थन किया है। सिटू के मुजफ्फरपुर प्रभारी सुंदेश्वर सहनी ने कहा कि बैंकिंग क्षेत्र देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ है और बैंक कर्मचारियों की समस्याओं की अनदेखी कर सरकार एवं बैंक प्रबंधन सार्वजनिक बैंकिंग व्यवस्था को मजबूत नहीं कर सकते। सिटू नेताओं नेबैंक यूनियनों द्वारा 5-दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने किमांग को जायज ठहराते हुए इसे लागु करने कि मांग की है। सीपीएम जिला कमिटी सदस्य सूरज कुमार सिंह ने कहा कि सरकार द्वारा कर्मचारियों के साथ बिना पर्याप्त द्विपक्षीय विमर्श के नीतियां थोपना श्रम अधिकारों और सामूहिक सौदेबाजी की भावना के खिलाफ है। बैंक कर्मचारियों की मेहनत के कारण ही देश की बैंकिंग व्यवस्था निरंतर चल रही है। इसलिए उनके अधिकारों, सम्मानजनक कार्य-परिस्थितियों और न्यायपूर्ण सेवा शर्तों की रक्षा करना सरकार की जिम्मेदारी है।

## पॉक्सो मामले में गायघाट के पूर्व थानेदार राजा सिंह को झटका, अग्रिम जमानत याचिका खारिज

**मुजफ्फरपुर(एनएसबी)।** गायघाट थाना के पूर्व थानाध्यक्ष राजा सिंह को पॉक्सो से जुड़े एक गंभीर मामले में अदालत से बड़ा झटका लगा है। पॉक्सो एक्ट की विशेष अदालत संख्या-एक के न्यायाधीश धीरेंद्र मिश्रा ने आरोपित पूर्व थानेदार की अग्रिम जमानत याचिका खारिज कर दी है।

मामले की सुनवाई के दौरान कोर्ट ने समन मिलने के बावजूद आरोपित के न्यायालय में उपस्थित नहीं होने को गंभीरता से लिया। मामले की गंभीरता को देखते हुए विशेष न्यायाधीश ने अग्रिम जमानत देने से इनकार करते हुए याचिका खारिज कर दी। अदालत के इस आदेश के बाद पूर्व थानेदार राजा सिंह की मुश्किलें बढ़ गई हैं। अग्रिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद अब उनकी गिरफ्तारी की संभावना बढ़ गई है। मामले में न्यायालय के आगे के आदेश और पुलिस की कार्रवाई पर नजर बनी हुई है।

## सदर अस्पताल में पहली बार दुर्लभ हिस्टेरेक्टॉमी सर्जरी सफल

### महिला को मिला नया जीवन, निजी अस्पतालों के महंगे खर्च से मिली राहत, निःशुल्क हुआ ऑपरेशन

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं के क्षेत्र में एक नया इतिहास रचा गया है। अस्पताल के डॉक्टरों की टीम ने एक अत्यंत जटिल और दुर्लभ मामले में सफल हिस्टेरेक्टॉमी (गर्भाशय निकालने का ऑपरेशन) कर महिला मरीज को नई जिंदगी दी है।

सदर अस्पताल में इस तरह का यह पहला अत्यंत दुर्लभ केस था, जिसे चिकित्सकों ने पूरी कुशलता के साथ सफलतापूर्वक अंजाम दिया। यह जटिल ऑपरेशन सदर अस्पताल की प्रमुख स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ. प्रेरणा सिंह के नेतृत्व में किया गया। सर्जरी में वरिष्ठ एनेस्थेटिस्ट डॉ. निगम ने बेहोशी की जटिल प्रक्रिया को संभाला, वहीं जनरल सर्जन डॉ. प्रभात ने तकनीकी व सर्जिकल बैकअप देकर इसे सफल बनाया। सदर अस्पताल में इस तरह की जटिल व दुर्लभ सर्जरी की शुरूआत से अब अनावश्यक रेफरल पर भी प्रभावी अंकुश लगेगा। पहले ऐसे हाई-


सदर अस्पताल मे गर्भाशय निकालने का पहली बार ऑपरेशन में लगी मेडिकल टीम।

रिस्क और पेचीदा मामलों में मरीजों को तत्काल हायर सेंटर (एसकेएमसीएच या पटना) रेफर करना पड़ता था, जिससे मरीजों की जान का जोखिम और आर्थिक बोझ दोनों बढ़ जाता था। अब सदर अस्पताल में ही विशेषज्ञों की मौजूदगी और अत्याधुनिक सुविधाओं के चलते ऐसे गंभीर मामलों का सफल इलाज संभव हो रहा है, जिससे रेफरल दर में भारी गिरावट आएगी और स्थानीय स्तर पर ही आम जनता को फौरी राहत मिलेगी। इस सफलता की सराहना करते हुए सिविल सर्जन डॉ सुधीर कुमार ने मेडिकल टीम को बधाई दी। उन्होंने कहा कि सदर अस्पताल में स्वास्थ्य सेवाओं का लगातार विस्तार हो रहा है। यह पहला मौका है जब इतने दुर्लभ मामले में सफल हिस्टेरेक्टॉमी की गई है। डॉ. प्रेरणा सिंह, डॉ. निगम और डॉ. प्रभात की टीम ने सराहनीय कार्य किया है। हमारी प्राथमिकता रेफरल को न्यूनतम कर मरीजों को यहीं संपूर्ण उपचार देना है। अब जिले के लोगों को गंभीर रोगों के इलाज के लिए बड़े शहरों या महंगे निजी अस्पतालों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

सफल ऑपरेशन के बाद महिला के परिजनों ने डॉक्टरों और स्वास्थ्य प्रशासन का आभार जताया है। पूरी प्रक्रिया अस्पताल में पूर्णतः निःशुल्क संपन्न हुई।

यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर देशव्यापी हड़ताल के तहत बैंक कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

# पाँच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था और न्यायसंगत पीएलआई की मांग

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर देशव्यापी बैंक हड़ताल के समर्थन में शुक्रवार को मुजफ्फरपुर स्थित इंडियन बैंक अंचल कार्यालय के समक्ष बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने जोरदार प्रदर्शन किया। इस दौरान कर्मचारियों ने पाँच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करने के साथ-साथ पीएलआई को न्यायसंगत, पारदर्शी और सामूहिक प्रदर्शन के आधार पर लागू करने की मांग की।

प्रदर्शन के बाद आयोजित सभा को एआईबीओसी के कॉमरेड विशाल सिन्हा, एआईबीईए के कॉमरेड सर्वेश कुमार तथा बीईएफआई के कॉमरेड अभिषेक कुमार ने संबोधित किया। वक्ताओं ने कहा कि पाँच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों की लंबे समय से लंबित मांग है। मार्च 2024 में आईबीए के साथ हुए समझौते के बाद पाँच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था की सिफारिश सरकार को भेजे



अपनी दो सूत्री मांगो को लेकर राष्ट्रव्यापी हड़ताल से पूर्व प्रदर्शन करते विभिन्न बैंकों के अधिकारी एवं कर्मचारी गण।

जाने की बात कही गई थी, लेकिन इसके क्रियान्वयन को लेकर अबतक कोई निश्चित समयसीमा सामने नहीं आई है।

एआईबीओसी के विशाल सिन्हा ने कहा कि बैंक कर्मचारी सप्ताह के पाँच कार्य दिवसों में अपनी जिम्मेदारियों का पूरी निष्ठा से निर्वहन कर रहे हैं। डिजिटल बैंकिंग और तकनीकी सुविधाओं के विस्तार के बावजूद कर्मचारियों पर काम का दबाव लगातार बढ़ा है। ऐसे में सभी शनिवार को बैंक अवकाश घोषित करते हुए पाँच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था लागू करना आवश्यक है। पीएलआई के मुद्दे पर उन्होंने कहा कि बैंक की व्यवसाय वृद्धि, लाभप्रदता और ग्राहक सेवा किसी एक वर्ग के प्रयास का परिणाम नहीं है। इसमें क्लर्क, सब-स्टाफ, अधिकारी और वरिष्ठ अधिकारियों समेत पूरी टीम की सामूहिक भूमिका होती है। इसलिए परफॉर्मेंस लिंकड ईसेंटिव की व्यवस्था भी सामूहिक प्रदर्शन और न्यायसंगत सिद्धांतों पर आधारित होनी चाहिए।

एआईबीईए के सर्वेश कुमार ने कहा कि पीएलआई से संबंधित किसी भी बदलाव का निर्णय आईबीए और मान्यता प्राप्त बैंक यूनियनों के बीच द्विपक्षीय बातचीत के माध्यम से होना चाहिए। उन्होंने स्केल IV एवं उससे ऊपर के अधिकारियों के लिए प्रस्तावित पीएलआई व्यवस्था को लेकर यूनियनों की आपत्ति का उल्लेख करते हुए कहा कि प्रोत्साहन की व्यवस्था में पारदर्शिता, समानता और सामूहिकता को प्राथमिकता मिलनी चाहिए। उनके अनुसार 2025-26 के लिए स्केल IV से VIII अधिकारियों की पीएलआई योजना फिलहाल स्थगित रखी गई है और इस विषय पर द्विपक्षीय चर्चा की जानी है।

बीईएफआई के अभिषेक कुमार ने कहा कि बैंकिंग व्यवस्था में प्रत्येक कर्मचारी की भूमिका महत्वपूर्ण है और बैंक की उपलब्धियों को केवल उच्च पदों पर बैठे अधिकारियों के प्रदर्शन से जोड़ना उचित नहीं है। उन्होंने कहा कि यूएफबीयू पीएलआई के सिद्धांत के खिलाफ नहीं है, बल्कि ऐसी एकतरफा व्यवस्था का विरोध करता है, जो कर्मचारियों के बीच असमानता पैदा करे और द्विपक्षीय समझौते की प्रक्रिया को कमजोर करे। सभा में वक्ताओं ने कहा कि पाँच दिवसीय बैंकिंग व्यवस्था और न्यायसंगत पीएलआई दोनों ही कर्मचारियों की सेवा शर्तों, समानता और सामूहिक सौदेबाजी के अधिकार से जुड़े महत्वपूर्ण मुद्दे हैं। इस दौरान अन्य बैंक कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने भी अपने विचार रखे और दोनों मांगों को लेकर एकजुटता जताई। प्रदर्शन में प्रसून कुमार, आलोक रंजन, अभिजीत कुमार, कुमार गौरव, कृष्ण कुमार, आर्यन भारद्वाज, महेश प्रसाद, राज कुमार राम, नवीन कुमार ठाकुर एवं किशोर राम सहित बड़ी संख्या में बैंक कर्मचारी एवं अधिकारी शामिल थे।

# सिकंदरपुर में दादी जी के महाश्रृंगार दर्शन को उमड़ी भीड़

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** श्री भाद्रपद अमावस्या महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को सिकंदरपुर स्थित दादी धाम में आस्था का सैलाब उमड़ पड़ा। सुबह मंगल आरती के साथ शुरू हुआ धार्मिक अनुष्ठानों का सिलसिला देर रात शयन आरती तक चलता रहा। दादी जी के भव्य महाश्रृंगार के दर्शन और पूजा-अर्चना के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचे। ह्यजय दादी कीह्न के जयकारों से मंदिर परिसर गूंजता रहा।

कार्यक्रम की शुरूआत प्रातः पांच बजे मंगल आरती से हुई। इसके बाद 5:30 बजे से समाजबंधुओं ने सपरिवार दादी जी के समक्ष जात-पाटा पूजन किया। सुप्रसिद्ध भजन गायक आलोक शर्मा ने भजनों की प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भक्ति में सराबोर कर दिया। भजनों पर भक्त झूमते नजर आए। अमावस्या के विशेष आयोजन को लेकर दादी धाम को दिल्ली और कोलकाता से आए कलाकारों ने फूलों, फलों, इत्र और आकर्षक विद्युत सज्जा से सजाया। दादी जी के मनोहारी महाश्रृंगार के दर्शन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। महोत्सव का प्रमुख आकर्षण 27 घंटे तक लगातार प्रज्वलित ज्योत रही। इसके दर्शन के लिए भी बड़ी संख्या में भक्त पहुंचे।

संध्या पांच बजे से रात 10 बजे तक कोलकाता की ईशा अग्रवाल और कानपुर के राज रस्तोगी ने भजनों की प्रस्तुति दी। भजन संध्या में श्रद्धालु देर तक भक्तिरस में डूबे रहे। शाम सात बजे बनारस से आए पुरोहितों ने दादी जी की भव्य महाआरती कराई। शंख-घंटियों और जयकारों के बीच हुई महाआरती में श्रद्धालुओं ने बड़ी संख्या में भाग लिया। रात 10:30 बजे शयन आरती के साथ दूसरे दिन के कार्यक्रमों का समापन हुआ।

आयोजन में ट्रस्ट बोर्ड अध्यक्ष श्याम भीमसेरिया, पूर्व संरक्षक पुरुषोत्तम लाल पोद्दार, गरीबनाथ बंका, मंत्री शेषनाथ केजरीवाल, रतन तुलस्यान, सज्जन शर्मा, प्रबंध समिति अध्यक्ष रमेश झुनझुनवाला, रामगोपाल जालान, रमेश चौधरी, निरंजन तुलस्यान, सौरव केडिया, प्रभात बंका, जयप्रकाश सराफ, सुशील सिंघानिया, डा. रतन नथानी, भगवती नेमानी, मुकेश रुंगटा, समीर तुलस्यान, अमित तुलस्यान, संदीप तुलस्यान, प्रकाश तुलस्यान, प्रदीप तुलस्यान, सुरेश अग्रवाल, आदित्य बंका, निकेत नथानी, श्याम सराफ, श्याम सुंदर टिबरेवाल, केशव तुलस्यान, मोहित पोद्दार, मारवाड़ी समाज अध्यक्ष श्याम सुन्दर भरतिया, आयुष बंका, राज कुमार सराफ, विक्रांत केजरीवाल, श्रवण सराफ, जयप्रकाश चोखानी, प्रकाश केजरीवाल, आलोक केजरीवाल, अशोक नेमानी, नितिन ढंढारिया और पिंटू तुलस्यान सहित अनेक सदस्य एवं श्रद्धालु मौजूद रहे।

प्रबंध समिति महामंत्री श्रवण सर्राफ ने कार्यक्रम का संचालन किया। जात-पाटा पूजन के दौरान मारवाड़ी युवा मंच की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद वितरण की व्यवस्था की गई। मीडिया प्रभारी आलोक केजरीवाल ने बताया कि समाजबंधुओं के सहयोग से महोत्सव संपन्न हुआ।


भाद्रपद अमावस्या महोत्सव के दूसरे दिन दादी जी के मनोहारी महाश्रृंगार।


दादी जी की भव्य महाआरती करते बनारस से आए पुरोहित व उपस्थित श्रद्धालु।

**भाद्रपद अमावस्या महोत्सव के दूसरे दिन में दादी धाम में उमड़ा आस्था का सैलाब, भजनों से देर रात तक भक्तिरस में डूबा दादी धाम**

## बैरगनिया रेल क्षेत्र के जलकुंभी से 35 वर्षीय युवक का शव बरामद

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पूर्व मध्य रेलवे के बैरगनिया रेल क्षेत्र के जलकुंभी से पुलिस ने एक अज्ञात 35 बर्षीय युवक का शव बरामद कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मिली जानकारी के अनुसार शहर के पटेल चौक के समीपवर्ती दक्षिण दिशा में चल रहे कई तरह के दुकानों के पीछे रेल क्षेत्र की जलकुंभी में शुक्रवार की सुबह एक अज्ञात युवक का शव पेट के बल पड़ा हुआ देखते ही लोगों में सरगर्मी बढ़ गयी और देखते ही देखते लोगों की भारी भीड़ जुट गई।

इस घटना की सूचना पर रेल पुलिस, बैरगनिया पुलिस के बीच अपने-अपने क्षेत्र को लेकर शव कई घन्टे तक यथा स्थिति पड़ा रहा फिर थानाध्यक्ष अरविन्द कुमार गिरी, पीएसआई विभाकर कुमार, एएसआई शिशु श्री सशस्त्र दल बल के साथ पहुँचकर शव को जलकुंभी से बाहर निकलवाया बावजूद उसकी पहचान नहीं हो सकी है। शव को देखने से प्रतीत हो रहा है कि रात शनिवार को आहुत महावीरी झंडा देखने आए मृतक किसी दुकान में नाश्ता करके दुकान के पीछे जलकुंभी साइड में मूत्र त्यागने गया होगा और नशे में होने से वह जलकुंभी में गिरा और उसकी मौत हो गयी,चूंकि उस दिन बाजा की शोर में उंसके धड़ाम से गिरने की आवाज तक किसी को सुनाई नहीं दी होगी, हालांकि पुलिस विभिन्न विन्दुओं पर जांच पड़ताल कर रही है। थानाध्यक्ष श्री गिरी ने बताया कि शव के जलकुंभी में अत्यधिक फूल जाने से उंसके चेहरे की पहचान संभव नहीं हो रही है। उन्होंने लोगों की पहचान में सहयोग की अपील की। बहरहाल मौत शहर में चर्चा का विषय बना हुआ है।


रेलवे के जलकुंभी से युवक का शव निकलवाने पहुँची पुलिस।

## संक्षिप्त खबरें

### सीता जन्मभूमि पर गूंजा घोष वादन, दस राज्यों की 52 मातृशक्ति ने लिया प्रशिक्षण

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** राष्ट्र सेविका समिति, उत्तर-पूर्व क्षेत्र द्वारा आयोजित पांच दिवसीय घोष प्रशिक्षण वर्ग का समापन शुक्रवार को जानकी जन्मभूमि पुनौराधाम स्थित सीता मंडपम के समीप हुआ। प्रशिक्षण वर्ग में दस राज्यों से पहुंचीं 52 मातृशक्ति बहनों ने घोष वादन का प्रशिक्षण प्राप्त किया। समापन अवसर पर माता सीता मंदिर के समक्ष प्रशिक्षित मातृशक्ति ने विभिन्न घोष वाद्य यंत्रों का वादन कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया। प्रशिक्षण के दौरान प्रतिभागियों को वंशी, वेणु, त्रिकोण, झल्लरी, आनक एवं पनव सहित विभिन्न घोष वाद्य यंत्रों के वादन का प्रशिक्षण दिया गया। इस अवसर पर पुनौराधाम के महंत कौशल किशोर दास ने सभी प्रशिक्षणार्थी मातृशक्ति को अंगवस्त्र प्रदान कर आशीर्वाद दिया। उन्होंने माता सीता की जन्मभूमि पुनौराधाम के धार्मिक एवं ऐतिहासिक महत्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि मान्यता के अनुसार माता सीता के जन्म के साथ ही क्षेत्र में व्याप्त बारह वर्षों का अकाल समाप्त हुआ था। उन्होंने पुनौराधाम को पुण्यारण्य, पुण्यभूमि और पुण्य रस से सिंचित उर्वरा भूमि बताते हुए कहा कि सीता कुंड के समीप ही माता जानकी का जन्म हुआ था। महंत के आशीर्वाद के बाद सीता संवाद आध्यात्मिक एवं साहित्यिक यात्रा के निदेशक आग्नेय कुमार ने प्रशिक्षण वर्ग के प्रशिक्षकों एवं प्रशिक्षणार्थियों को ह्यसीता जन्मभूमि पंच तीर्थ दर्शनह्न पुस्तिका भेंट की। कार्यक्रम में राष्ट्र सेविका समिति की अखिल भारतीय सह कार्यवाहिका सुनीता हल्डेकर, पखिला बोरो, उत्तर बिहार संभाग कार्यवाहिका विनीता सिंह, प्रमुख डॉ. प्रतिमा आनंद, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विभाग प्रचारक मृत्युंजय, संघ के विभाग संपर्क प्रमुख आग्नेय कुमार सहित विभाग कार्यकारिणी के सदस्य एवं अन्य गणमान्य लोग उपस्थित थे।




### 22वीं राष्ट्रीय मास्टर्स तैराकी प्रतियोगिता में भाग लेने के लिये बिहार मास्टर्स तैराकी टीम पहुंची हरियाणा

**मुजफ्फरपुर (एनएसबी)।** हरियाणा के बहादुरगढ़ में 11 से 13 सितंबर तक आयोजित हो रही 22वीं राष्ट्रीय मास्टर्स तैराकी प्रतियोगिता-2026 में भाग लेने के लिये के लिए 18 सदस्यीय बिहार मास्टर्स तैराकी टीम हरियाणा पहुंची। बिहार टीम में पुरुष वर्ग मे प्रभाकर नन्दन, मुरारी मोहन शर्मा, बिजेन्द्र राय, सत्यनारायण प्रसाद, कुंदन राज, रवि शंकर, सुधीर कुमार, जितेंद्र कुमार, अतुल कुमार, राकेश कुमार, अरुण गोंड, रोहित कुमार, कुशल कुमार, दीपक कुमार व महिला वर्ग में लक्ष्मीना देवी, टुलटुल अग्निहोत्री, मीनाक्षी, सरिता सिंह शामिल हैं। टीम का नेतृत्व मनेजर कुंदन राज व कोच बिजन्द्र राय कर रहें हैं। पूरे भारत से भारी संख्या में लगभग 2000 मास्टर्स इस राष्ट्रीय प्रतियोगिता में अपनी दावेदारी प्रस्तुत कर रहे हैं। टीम की सफलता के लिए बिहार तैराकी संघ की अध्यक्षा मानसी सिंह, मुख्य निदेशक रामविलास पांडेय, सचिव अखिलेश्वर नाथ तिवारी, मनीष कुमार, गजेंद्र कुमार, अविनाश कुमार आदि तैराकी के संघीय पदाधिकारियों ने टीम की सफलता के लिए शुभकामनाएं व्यक्त की हैं।



हरियाणा पहुंची बिहार मास्टर्स तैराकी टीम के सदस्य।

### दस मिनट का आश्वासन, घंटों का इंतजार, बैरगनिया में बिजली संकट से त्राहिमाम

**बैरगनिया/सीतामढ़ी (एनएसबी)।** बैरगनिया नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में इन दिनों बिजली आपूर्ति की बदहाल स्थिति ने लोगों की परेशानी बढ़ा दी है। बार-बार बिजली गुल होने और घंटों आपूर्ति बाधित रहने से आम उपभोक्ताओं के दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। उमस भरी गर्मी के बीच वृद्ध, बच्चे, बीमार और विद्यार्थी सबसे अधिक परेशान हैं। बिजली के अभाव में पेयजल की समस्या के साथ पढ़ाई और अन्य जरूरी घरेलू कार्य भी प्रभावित हो रहे हैं।स्थानीय उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली कब आएगी और कब चली जाएगी, इसका कोई निश्चित समय नहीं रह गया है। शिकायत के लिए विभागीय अधिकारियों से संपर्क करने पर भी तत्काल राहत नहीं मिल पा रही है। आबकारी चौक निवासी प्रो. डॉ. नरेश कुमार ने बताया कि प्रभारी बिजली अभियंता संतोष रमन से संपर्क करने का प्रयास किया गया। कई बार फोन नहीं उठाया गया। फोन उठने पर करीब दस मिनट में बिजली आपूर्ति बहाल होने का आश्वासन दिया गया, लेकिन यह दस मिनट घंटों में बदल गया। समाचार संप्रेषण तक भी बिजली आपूर्ति बहाल नहीं हो सकी थी। प्रो. डॉ. नरेश कुमार ने प्रभारी बिजली अभियंता संतोष रमन एवं जिला पदाधिकारी से मामले में शीघ्र संज्ञान लेकर नगर एवं ग्रामीण क्षेत्रों में नियमित और सुचारू बिजली आपूर्ति सुनिश्चित कराने का आग्रह किया है।

### लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा, सड़क दुर्घटना संबंधी आंकड़े अद्यतन करने का निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** पुलिस उपाधीक्षक, यातायात की अध्यक्षता में शुक्रवार को सभी अपर थानाध्यक्ष-सह-आईआरएडी/ई-डीएआर के नोडल पदाधिकारियों की समीक्षात्मक बैठक हुई। इसमें शनिवार को होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत की तैयारियों की समीक्षा की गई। बैठक में सड़क दुर्घटनाओं से संबंधित आंकड़ों एवं आवश्यक विवरणों को आईआरएडी/ई-डीएआर पोर्टल पर समयबद्ध रूप से दर्ज कर अद्यतन रखने का निर्देश दिया गया। पुलिस उपाधीक्षक ने नोडल पदाधिकारियों को लंबित प्रविष्टियों का शीघ्र निष्पादन करने तथा दुर्घटनाओं से संबंधित सभी आवश्यक जानकारी नियमित रूप से अद्यतन करने को कहा।

# 17 सितंबर से चलेगा कायाकल्प अभियान

**सीतामढी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में उनके कार्यालय कक्ष में कायाकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा की गई एवं इस अभियान के सफल संचालन के मद्देनजर कई आवश्यक निर्देश दिए गए। बताया गया कि 17 सितंबर से अभियान की शुरूआत होगी जो मार्च 2027 तक चलेगा। इसके तहत प्रत्येक पंचायत से 15 योजनाओं का चयन किया जाना है, जिसमें स्वास्थ्य विभाग से संबंधित योजनाओं को भी शामिल करने का निर्देश दिया गया।

जिला पदाधिकारी ने बेहतर प्रदर्शन करने वाले स्वास्थ्य संस्थानों को प्रोत्साहित करने की बात कही। टॉप प्रदर्शन करने वाले तीन संस्थानों को जिला स्तर पर पुरस्कृत किया जाएगा।

बैठक में स्वास्थ्य संस्थानों के बेसिक इंफ्रास्ट्रक्चर, साफ-सफाई एवं अन्य आवश्यक सुविधाओं को बेहतर करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि दीपावली से पूर्व सभी स्वास्थ्य संस्थानों में छोटे-छोटे बुनियादी ढांचागत सुधार, रंग-रोगन, लघु मरम्मत, साफ-सफाई एवं आवश्यक सुविधाओं को दुरुस्त किया जाए। इन कार्यों को 02 अक्टूबर तक पूरा कर रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया गया।

**कायाकल्प अभियान के सफल संचालन के मद्देनजर दिए गए कई आवश्यक निर्देश**

संबंधित संस्थानों को अपने द्वारा किए गए सुधार एवं उपलब्धियों को पीपीटी के माध्यम से प्रस्तुत करना होगा।

ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत संरचनाओं एवं परिसंपत्तियों को सुदृढ़ करने तथा आवश्यकतानुसार नई परिसंपत्तियों के निर्माण को लेकर जिला पदाधिकारी श्री सुल्तानिया के द्वारा आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में मुख्य सचिव, बिहार के निर्देश के आलोक में ग्रामीण क्षेत्रों में उपलब्ध आधारभूत संरचनाओं एवं परिसंपत्तियों के सुदृढ़ीकरण की कार्ययोजना पर चर्चा की गई। जिला पदाधिकारी ने सभी संबंधित पदाधिकारियों को निर्देश दिया कि प्रत्येक ग्राम पंचायत में स्थानीय आवश्यकताओं एवं प्राथमिकता के आधार पर लगभग 10-15 योजनाओं को चिह्नित किया जाए। चिह्नित की जाने वाली योजनाओं में ग्राम पंचायत से संबंधित आधारभूत संरचनाओं का सुदृढ़ीकरण/उन्नयन एवं आवश्यकतानुसार नवीन निर्माण शामिल हैं। इसी प्रकार विद्यालयों के भवन एवं अन्य आधारभूत संरचनाओं, आंगनबाड़ी केंद्रों तथा सामुदायिक भवनों के सुदृढ़ीकरण एवं उन्नयन पर भी विशेष ध्यान देने का निर्देश दिया गया।

स्वास्थ्य उपकेंद्रों के सुदृढ़ीकरण, उन्नयन एवं आवश्यकतानुसार नवीन निर्माण के साथ-साथ स्थानीय जरूरत से जुड़ी अन्य महत्वपूर्ण आधारभूत संरचनाओं को भी प्राथमिकता देने को कहा गया। जिला पदाधिकारी ने निर्देश दिया कि योजनाओं का चयन करते समय स्थानीय आवश्यकता, जनहित एवं उपयोगिता को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जाए। सभी चयनित योजनाओं की सूची तैयार कर निर्धारित समय-सीमा में जिला स्तर पर प्रतिवेदन उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। उप विकास आयुक्त को प्राप्त प्रतिवेदनों का समेकन एवं परीक्षण करते हुए आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा गया। सभी प्रखंड विकास पदाधिकारियों को अपने-अपने प्रखंड में इस कार्य के लिए नोडल पदाधिकारी के रूप में कार्य करने तथा योजनाओं के चयन की प्रक्रिया का अनुश्रवण करने का निर्देश दिया गया।

साथ ही, नवीन निर्माण से संबंधित किसी भी योजना के चयन से पूर्व भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। जिला पदाधिकारी ने कहा कि विशेष अभियान के तहत चयनित योजनाएं वास्तव में आवश्यक एवं जनोपयोगी हों तथा उनका क्रियान्वयन प्रभावी ढंग से सुनिश्चित किया जाए। बैठक में विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे जबकि अन्य पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े हुए थे।


कायाकल्प अभियान की तैयारियों की समीक्षा बैठक करते जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया।

## एक महीने तक चलेगा भाजपा का सेवा संकल्प अभियान : संजय गुप्ता

**सीतामढी (एनएसबी)।** भाजपा के जिलाध्यक्ष मनीष कुमार गुप्ता के अध्यक्षता में जिला अतिथि गृह के सभागार में कुम्हरार, पटना के विधायक संजय गुप्ता ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के 25 वर्षों के सेवा, सुशासन और समर्पण को जनभागीदारी के माध्यम से जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से भारतीय जनता पार्टी द्वारा आयोजित सेवा संकल्प अभियान को एक महिना तक चलाया जाएगा।

श्री गुप्ता ने मीडिया को संबोधित करते हुए कहा कि सेवा केवल कार्यक्रम नहीं, बल्कि भाजपा की कार्यसंस्कृति और जनसेवा का संकल्प है। उन्होंने अभियान के सभी कार्यक्रमों को जिला से प्रखंड, पंचायत और बूथ स्तर तक प्रभावी ढंग से पहुंचाने पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि सेवा संकल्प अभियान के तहत आशीर्वाद का दीया, 25 करोड़ बच्चों के सपनों का भारत— राष्ट्रव्यापी ड्रॉइंग एवं भाषण प्रतियोगिता, नमो सेवा गाथा, आंगन का उत्सव, कहानी बदलाव की, सेवा मेरा योगदान, विकसित भारत संकल्प यात्रा, सेवा सेतु अभियान, राष्ट्रीय इनोवेशन चैलेंज, रंगोली राष्ट्र एवं जनसेवक महाकुंभ जैसे प्रमुख कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। 'आशीर्वाद का दीया के माध्यम से लाभार्थी परिवारों की सहभागिता सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया गया। सेवा संकल्प अभियान को सीतामढ़ी के प्रत्येक गांव, पंचायत, मंडल और बूथ तक पहुंचाने तथा अधिक से अधिक नागरिकों को सेवा एवं जनभागीदारी से जोड़ने पर बल दिया। धन्यवाद ज्ञापन महामंत्री संजीव राय ने किया। मंच का संचालन रमण कुमार श्रीवास्तव मीडिया प्रभारी सह जिला प्रवक्ता ने किया। इस अवसर पर बथनाहा विधायक अनिल कुमार, रीगा पूर्व विधायक श्रीमती नगीना देवी, महामंत्री चुनचुन सिंह, उपाध्यक्ष सुभाष केसरी, नवेन्दू किशोर, दीपलाल बघेला, सुबंश राय, प्रो. बेबी नम्रता, गोपाल कुमार, प्रिंस तिवारी, विशाल कुमार सिंह, अवनीश कुमार, ज्ञानेन्द्र कुमार, मीनी राय, प्रभास चन्द्र ठाकुर, रजनी जायसवाल, गौरव कुमार सिंह, राहुल कुमार सिंह, उमेश गिरी, नंदेश्वर यादव उपस्थित थे।



जिला अतिथि गृह में प्रेस वार्ता करते पटना के विधायक संजय गुप्ता।

## प्रबोधन पर्व के रूप मे मनायी गयी आचार्य विनोबा की जयंती

**सीतामढी (एनएसबी)।** आचार्य संत विनोबा भावे की 131वीं जन्म जयंती नगर स्थित सर्वोदय मंडल कार्यालय खादी ग्रामोद्योग संघ के परिसर में प्रबोधन पर्व के रूप मे मनाया गया। विनोबा जी की मूर्ति पर सूत की माला तथा पुष्पांजलिअर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष नन्दकिशोर मंडल ने की। मौके पर राष्ट्रीय महामंत्री डा. आनन्द किशोर ने आचार्य विनोबा के सामाजिक,वैचारिक कार्यक्रमों में भूदान,ग्रामदान और सर्वोदय समाज के कार्यक्रम तथा मानवता का आध्यात्मिक विकास को महत्वपूर्ण बताया। डा. किशोर ने कहा कि आचार्य को देश में 48लाख एकड से अधिक तथा संयुक्त बिहार में 2117873 एकड जमीन भूदान में मिला परन्तु दुर्भाग्य की बात है कि मौजूदा केन्द्र तथा राज्य सरकार आज तक उस जमीन का वितरण नही कर सका है।सरकार को भूदान के अमृत महोत्सव वर्ष में भूदान के अवितरित शेष भूमि को वितरित करने का संकल्प लेना चाहिए। मंत्री रामप्रमोद मिश्र ने बढते अहिंसक तथा तनावपूर्ण वातावरण में विनोबा को प्रेरणादायक बताया।

**बिहार सरकार भूदान मे अवितरित शेष भूमि का भूमीहीनों के बीच शीघ्र वितरण कराने की मांग**

पेंशनर समाज के अध्यक्ष राम एकबाल साह ने विनोबा जी के राष्ट्रीय योगदान की चर्चा की तथा कविता पाठ किया।

शिक्षक नेता ने विनोबा के विचार को छात्रों के बीच ले जाने की जरूरत बताई। शशिधर शर्मा ने विनोबा को राष्ट्रीय धरोहर बताया। अमरेन्द्र राय ने विनोबा को गरीबों तथा भूमिहीनों का भगवान बताया। खादी भण्डार के मंत्री सुरेश प्रसाद, अध्यक्ष दिनेश ठाकुर, श्याम बिहारी पंडित, डा. नवल किशोर प्र यादव, अवधेश यादव, अश्विनि कुमार मिश्र, रामसुरेश तिवारी, विजय कुमार सिंह, अशोक कुमार सिंह, जगदीश साह, विजय कुमार पाण्डेय, धनवंती देवी, महेश्वर प्रसाद साह, निर्मला देवी, नन्दकिशोर प्रसाद ने अपने विचार रखे।


खादी ग्रामोद्योग संघ के परिसर में आयोजित कार्यक्रम।

## नीलाम पत्रवाद की समीक्षा बैठक में दिए गए में कई निर्देश

**सीतामढ़ी (एनएसबी)।** जिलाधिकारी तनय सुल्तानिया की अध्यक्षता में नीलाम पत्रवाद की समीक्षात्मक बैठक हुई। डीएम ने लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन के लिए बैंकों व संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिक से अधिक नोटिस निर्गत कर तामिला कराने तथा वारंट जारी करने को कहा। बड़े बकायेदारों को चिन्हित कर कड़ी कार्रवाई का निर्देश दिया गया।

एसएफसी से जुड़े सभी नीलाम पत्र मामलों में वारंट निर्गत करने को कहा। अधिकारियों को नियमित सुनवाई कर अधिक से अधिक ऋण वसूली सुनिश्चित करने तथा रजिस्टर-09 एवं 10 से अभिलेखों का मिलान करने का निर्देश दिया गया। बैठक में एडीएम राजस्व संजीव कुमार, जिला नीलाम पत्र पदाधिकारी अभिराम त्रिवेदी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

# बाबा गणिनाथ गोविन्द जन्मोत्सव का शुभारंभ, निशान यात्रा निकाली

नवसंदेश ब्यूरो

**सीतामढ़ी।** बाबा गणिनाथ गोविन्द जन्मोत्सव समारोह का तीन दिवसीय आयोजन शुक्रवार से सीतामढ़ी में शुरू हो गया। जन्मोत्सव को लेकर बाबा गणिनाथ गोविन्द मंदिर बायपास परिसर एवं आसपास के क्षेत्रों में श्रद्धा और भक्ति का माहौल बना हुआ है। दूर-दराज के क्षेत्रों से श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला भी शुरू हो गया है।

जन्मोत्सव के शुभारंभ पर शुक्रवार को इष्ट देव सहित सभी देवी-देवताओं को निमंत्रण एवं नेवतन दिया गया। इसके बाद शाम करीब सात बजे बाबा गणिनाथ गोविन्द मंदिर, बायपास से भव्य निशान यात्रा निकाली गई। यात्रा जानकी स्थान, सोनापट्टी, महंथ साह चौक, बासुश्री सिनेमा, कोट बाजार, ब्रह्म स्थान एवं शैलेश स्थान होते हुए पुनः मंदिर पहुंचकर संपन्न हुई। निशान यात्रा में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया।


बाबा गणिनाथ गोविन्द जन्मोत्सव को लेकर शहर में निकली निशान यात्रा।

**12 सितंबर को विशेष पूजा-अर्चना :** जन्मोत्सव का मुख्य धार्मिक आयोजन शनिवार को प्रातः करीब चार बजे शुरू होगा। मुख्य यजमान अमरेन्द्र कुमार बाबा गणिनाथ गोविन्द की विधिवत पूजा-अर्चना करेंगे। इसके बाद श्रद्धालु पूजा-अर्चना करेंगे। बाहर से आने वाले भक्तों के लिए तीन धर्मशालाओं में ठहरने की व्यवस्था की गई है। भंडारा एवं महाप्रसाद की भी व्यवस्था रहेगी।

**नेवतन के साथ शुरू हुआ तीन दिवसीय आयोजन, 12 सितंबर को प्रातः चार बजे से होगी विशेष पूजा-अर्चना**

**13 सितंबर को बेत पूजन से समापन :** तीन दिवसीय जन्मोत्सव का समापन रविवार को बेत पूजन के साथ होगा। आयोजन की देखरेख अध्यक्ष अमरनाथ गुप्ता, सचिव शशि कुमार, महामंत्री सुरेश गुप्ता एवं कोषाध्यक्ष छोटू कुमार कर रहे हैं। प्रेम साह, कैलाश साह, विश्वनाथ साह, विनय कुमार, पारस कुमार, विशाल कुमार, बिट्टू, लाल बाबू शाह, अरुण शाह, किरण गुप्ता, जादू, दीनानाथ शाह एवं रमाशंकर साह सहित अन्य सदस्य सक्रिय हैं। पूजा में पुजारी असरफी साह एवं भुनेश्वर भगत सहयोग कर रहे हैं। मीडिया व्यवस्था मीडिया प्रभारी दीपक कुमार एवं सह-मीडिया प्रभारी पवन साह संभाल रहे हैं।

समारोह को शांतिपूर्ण एवं सफल बनाने में स्थानीय प्रशासन के साथ-साथ मंदिर कमेटी के सदस्यों का भी अथक प्रयास जारी है। आयोजकों ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे आगामी कार्यक्रमों में अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर बाबा गणिनाथ गोविन्द का आशीर्वाद प्राप्त करें।

## सम्पादकीय

# किताबों की ओर लौटता समाज

मोबाइल की दुनिया से निकलकर किताबों के पन्नों में तलाश रहे लोग संवाद, सुकून और सामाजिक जुड़ाव। आज जब दुनिया की बड़ी आबादी मोबाइल स्क्रीन, सोशल मीडिया और डिजिटल मनोरंजन की गिरफ्त में है, तब किताबों की ओर लौटते लोगों की तस्वीर एक सुखद सामाजिक बदलाव का संकेत देती है। अस्ट्रेलिया के मेलबर्न से सामने आया 'बुक डूफ' का चलन इसी बदलती मानसिकता की ओर इशारा करता है। यहां सैकड़ों लोग एक-दूसरे से लगभग अनजान होते हुए भी एक जगह जुटते हैं, अपनी-अपनी किताब खोलते हैं और कुछ समय तक शांतिपूर्वक पढ़ते हैं। न कोई औपचारिक परिचय, न अनावश्यक बातचीत और न ही किसी सामाजिक प्रदर्शन की बाध्यता। फिर भी उस सामूहिक मौन में एक अदृश्य जुड़ाव पैदा होता है।

यह दृश्य पहली नजर में सामान्य लग सकता है, लेकिन इसके पीछे आधुनिक समाज की एक गहरी आवश्यकता छिपी है लोग साथ रहना चाहते हैं, मगर हर साथ शोरगुल वाला नहीं होना चाहिए। लोग संवाद चाहते हैं, मगर हर संवाद शब्दों के माध्यम से हो, यह भी जरूरी नहीं। वे सामाजिक होना चाहते हैं, मगर इसके लिए शराब, देर रात की पार्टियों या लगातार मनोरंजन का सहारा लेना जरूरी नहीं मानते। शायद यही कारण है कि दुनिया के कई शहरों में सामूहिक रीडिंग, रीडिंग रिट्रीट, साहित्यिक डिनर और लेखकों के साथ 'वॉक एंड टॉक' जैसे आयोजन लोकप्रिय हो रहे हैं।

डिजिटल भीड़ में बढ़ता अकेलापन : आधुनिक तकनीक ने दुनिया को पहले से कहीं अधिक जोड़ दिया है। कुछ सेकंड में हम हजारों किलोमीटर दूर बैठे व्यक्ति से बातचीत कर सकते हैं। सोशल मीडिया पर सैकड़ों-हजारों 'कनेक्शन' बन सकते हैं। तस्वीरें, विचार, वीडियो और संदेश लगातार हमारे सामने आते रहते हैं। लेकिन इस डिजिटल जुड़ाव के बावजूद मनुष्य के भीतर अकेलेपन की अनुभूति कम नहीं हुई है। विडंबना यह है कि सोशल मीडिया पर हमारी मौजूदगी जितनी बढ़ी है, आमने-सामने बैठकर सहज रूप से समय बिताने की आदत उतनी ही कमजोर हुई है। हाथ में मोबाइल है, आंखों के सामने स्क्रीन है और आसपास लोग हैं, फिर भी मन कहीं और भटक रहा है। बातचीत के बीच मोबाइल देखना, साथ बैठे लोगों की जगह अनलाइन दुनिया में अधिक रुचि लेना और हर खाली क्षण को स्क्रीन से भर देना आज सामान्य व्यवहार बन चुका है। ऐसे समय में सामूहिक पुस्तक-पठन एक अलग तरह का सामाजिक अनुभव देता है। यहां लोग एक-दूसरे के साथ होते हैं, लेकिन एक-दूसरे की निजता में दखल नहीं देते। हर व्यक्ति अपनी किताब में डूबा रहता है, फिर भी वह अकेला नहीं होता। यह शायद आधुनिक जीवन की सबसे महत्वपूर्ण जरूरतों में से एक का उत्तर हैबिना दबाव के साथ रहने की कला।

किताब केवल ज्ञान नहीं, मानसिक शांति भी देती है : किताब को लंबे समय तक केवल ज्ञान प्राप्त करने का साधन माना जाता रहा है। लेकिन पुस्तक-पठन का प्रभाव इससे कहीं व्यापक है। एक अच्छी किताब व्यक्ति को अपने भीतर झांकने का अवसर देती है। वह उसे विचार करने, प्रश्न पूछने, कल्पना करने और अपने अनुभवों को नए ष्टिकोण से देखने की क्षमता देती है। जब कोई व्यक्ति किताब पढ़ता है, तो वह कुछ समय के लिए लगातार आने वाले नोटिफिकेशन, संदेशों और सूचनाओं की बाढ़ से बाहर निकल जाता है। पन्ने पलटने की धीमी गति मन को भी धीमा करती है। शब्दों के साथ आगे बढ़ते हुए व्यक्ति अपने विचारों को व्यवस्थित करता है। आज की तेज रफ्तार जिंदगी में यह धीमापन कमजोरी नहीं, बल्कि आवश्यकता बन गया है। हर समय जल्दी में रहने वाला समाज यदि कुछ देर रुककर पढ़ना सीख जाए, तो संभव है कि वह अपने निर्णयों में भी अधिक विचारशील और संतुलित हो।

'बुक डूफ' का संदेश केवल पढ़ने तक सीमित नहीं : सामूहिक पुस्तक-पठन का सबसे महत्वपूर्ण पहलू यह है कि यह पढ़ने को सामाजिक अनुभव में बदल रहा है। किसी कैफे, पार्क, सार्वजनिक स्थल या सामुदायिक स्थान पर लोग अपनी किताबों के साथ पहुंचते हैं। वहां कोई प्रतियोगिता नहीं होती कि किसने कितने पन्ने पढ़े। कोई यह साबित करने नहीं आता कि वह कितना विद्वान है। हर व्यक्ति अपनी गति और अपनी पसंद की किताब के साथ मौजूद रहता है। पढ़ने के बाद जब लोग आपस में किताबों, लेखकों और विचारों पर चर्चा करते हैं, तो बातचीत का स्तर भी बदल जाता है। सामान्य परिचय से आगे बढ़कर चर्चा विचारों तक पहुंचती है। एक व्यक्ति दूसरे की पसंद की किताब जानता है और उस किताब के माध्यम से उसके विचारों को समझने की कोशिश करता है।

# हिंदी सबसे आगे



डा. अंजनी कुमार झा।

एसोसिएट प्रोफेसर, मीडिया अध्ययन विभाग, महात्मा गांधी केंद्रीय विवि, मोतिहारी, बिहार।

हिन्दी भाषा की उत्तरोत्तर प्रगति के कारण अहिंदी प्रदेशों में भी यह बोली और लिखी जाने लगी है । इस भाषा के उन्नयन और प्रवाह को गति देने में हिंदी मीडिया की महती भूमिका है। अब अंग्रेजी प्रकाशक भी हिंदी में किताबें प्रकाशित करने लगे हैं । हिंदी समाचार पत्रों की रिकार्ड बिक्री हो रही है। कई अंग्रेजी स्तंभकार हिंदी चैनलों में बतौर पैनल और अखबारों में लेख लिखते हैं। बाजार और लोकप्रियता हिंदी में ही है। बड़ी संख्या में हिंदी भाषियों के प्रवास के कारण पर्व- त्योहार, संस्कृति, पहनावे को अन्य राज्य, देश थोड़े अपना भी रहे हैं।

छठ अब कई अन्य राज्यों में भी मनाया जाने लगा । अमेरिका, यूरोपीय और खाड़ी देशों में भी दीपावली मनाया जाता है । हिंदी फिल्में, गाने की अहिंदी राज्यों और देशों में धूम मची है हिंदी में साहित्य का विपुल भंडार है।

तत्कालीन प्रधानमंत्री डा. मनमोहन सिंह की हिंदी थोड़ी कमजोर थी। फिर भी वे लाल किले की प्राचीर से हिंदी में ही भाषण पढ़ते थे, जबकि हिंदी में पूछे गए सवालों का जवाब अंग्रेजी में देते थे। हालांकि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अंग्रेजी में पूछे सवालों का जवाब भी हिंदी में देते हैं । हिंदी के परिवेश के कारण नौकरशाहों को भी हिंदी में ही जवाब देने पड़ते हैं.। कई प्रांतों में सरकारी काम- काज केवल हिंदी में होते हैं । अब न्याय तंत्रों में धीरे- धीरे ही सही प्रक्रिया शुरू हो गयी है । सरकारी काम- काज और न्यायिक कार्य पूरी तरह हिंदी में हो तो आम जन को काफी लाभ मिलेगा । उन्हें भरमाने के लिये ही इसे पूरी तरह लागू नहीं किया जा रहा है ।

**एक बार उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद मुलायम सिंह यादव ने सुझाव दिया था कि संसद में सिर्फ भारतीय भाषाओं में बहस होनी चाहिए । इससे अंग्रेजी के प्रभुत्व को तोड़ने में मदद मिलती। नए शब्द गढ़ने के लिये हिंदी के पास संस्कृत की शक्ति है, जिससे हर विषय के शब्द बनाए जा सकते हैं । यह संसार की सर्वश्रेष्ठ, वैज्ञानिक लिपि देवनागरी में लिखी जाती है ।**

दरअसल पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी के बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का सारे देश में सार्वजनिक रूप से (यहां तक कि विदेशों में और देश में औपचारिक कूटनीतिक महत्व के अवसरों पर भी) हिंदी में बोलना और कहीं भी इसका विरोध न होना, इस बात को स्थापित करता है कि हिंदी ही देश की असली संपर्क भाषा है, जिसे अंग्रेजी समेत किसी भी भाषा के मुकाबले में सबसे ज्यादा समझा जाता है । देश के अधिकतम लोगों से जुड़ना है तो हिंदी या हिंदुस्तानी का प्रयोग करना अनिवार्य है,लेकिन जब भाषा के स्तर पर आप खुद को सामान्य लोगों से जुड़ते हैं तो लोगों की आपसे अपेक्षाएँ भी बढ़ जाती हैं और उन पर आप कितनी जल्दी और कितना खरा उतरते हैं, यह सवाल भाषा से बड़ा बनने लगता है ।

एक बार उत्तरप्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और सांसद मुलायम सिंह यादव ने सुझाव दिया था कि संसद में सिर्फ भारतीय भाषाओं में बहस होनी चाहिए । इससे अंग्रेजी के प्रभुत्व को तोड़ने में मदद मिलती। नए शब्द गढ़ने के लिये हिंदी के पास संस्कृत की शक्ति है, जिससे हर विषय के शब्द बनाए जा सकते हैं । यह संसार की सर्वश्रेष्ठ, वैज्ञानिक लिपि देवनागरी में लिखी जाती है । सुनिश्चित और स्पष्ट व्याकरण है. । कहीं कोई अपवाद नहीं है । ज़ो लिखा जाता है, वही पढ़ा जाता है और जो बोला जाता है, वही लिखा जाता है । इसका हजार साल का इतिहास है । मन में गहरे तक पैठ गई है कि शिक्षा कठिन शब्द है, किन्तु एजुकेशन सरल शब्द है.। करोड़ों सुशिक्षित हिंदी भाषी कहीं आवेदन देते हैं तो काम-चलाऊ अंग्रेजी में लिखते हैं या किसी से लिखवाते हैं ।

हम हिंदीभाषियों ने कब और कहाँ सुन लिया कि हिंदी में लिखने या बोलने पर असर कम होगा। हम हिचक के साथ हिंदी क्यों बोलते हैं आत्मविश्वास की कमी को दूर करने की जरूरत है । डरकर अपनी भाषा को कृत्रिम न बनाएँ। उसे खिचड़ी का रूप न दें.। जान- बूझकर अंग्रेजी शब्दों का प्रयोग न करें। विश्वास करें सेल्फ अबसेसड़ से कहीं ज्यादा अच्छा होगा आत्म- मुग्ध और स्पीच लेस से ज्यादा अच्छा होगा।

निःशब्द हिंदी फिल्मों और गानों ने इस भाषा की पहचान सात समंदर तक की है। टीवी चैनलों से भी हिंदी खूब प्रसारित हुई है । दूरदर्शन पर रामायण और महाभारत देखने के लिये हिंदीतर प्रदेशों में भी लोग आतुर रहते थे।

ईरानी शहर इसफहन में फारसी पत्रिका रस्मीन, जो पूरी तरह बॉलीवुड को समर्पित है, में हिंदी फिल्मों के समाचारों के अलावा हिंदी-फारसी फिल्मी शब्दावली का शब्दकोश भी छापा जाता है. । कई देशों में हिंदी फिल्म प्रेमियों ने दृश्य के साथ लिखे संवादों से अक्षर और शब्द जोड़कर हिंदी सीखी है । पूर्वोत्तर इलाकों में भी लोग हिंदी ऐसे ही सीखी है। विदेशों में हिंदी फिल्मों की पहुँच व्यापक है । न्यूज चैनलों के स्क्रीन की सीमित जगहों से हिंदी ने कमाल की भिड़ंत की है । स्क्रीन पर चमकने वाले सुपर बैंड अभी तक अंग्रेजी के योग्य माने जाते थे, क्योंकि चारों दिशाएँ मात्रा न होने के कारण अंग्रेजी के शब्द ज्यादा आ जाते थे, किन्तु हिंदी ने भी उस स्पेस के हिसाब से अपने को खूब ढाला है। चैनलों में चार शब्दों के वाक्य खूब बन रहे हैं। हिंदी के वाक्य-विन्यास के व्याकरण रचे जा रहे हैं।

उसी तरह टीयूटर और फेसबुक पर हो रहा है। सोशल मीडिया ने हिंदी की विविधता को समृद्ध किया है । आज की हिंदी अंग्रेजी शब्द के प्रयोग में सेकंड नहीं लगाती। उदारवाद और ग्लोबल अर्थजगत में हिंदी का दरवाजा खुल गया है । हमने कभी हिंदी की इस रफ्तार को नहीं सराहा.। एफएम रेडियो ने हिंदी को फास्ट फूड की भाषा बना दिया है ।

सामान्य व्यंग्य से लेकर हद पार करने तक वाले व्यंग्य के नए-नए वाक्य और लहजे गढ़े जा रहे हैं। रेडियो जाकी ऐसी हिंदी बोलते हुए आता है कि जैसे कोई विजेता आ रहा हो। इनकी जुबान पर अंग्रेजी के शब्द हिंदी में ऐसे समाहित हो जाते हैं जैसे पता ही न चले कि ये शब्द किसी और घर से आए हों। स्टार स्पोर्ट्स की हिंदी में कमेंटरी हिंदी को खेल की नई भाषा बना रही है । यह भाषा सिर्फ आकाश और मौसम के विवरण से नहीं बन रही, बल्कि दिग्गज खिलाड़ियों के अनुभवों से निकली तकनीकी शब्दों से बन रही है । हिंदी अब एक बैंडविथ है, जिसमें एक साथ कई हिन्दियाँ भाग रही हैं । अंग्रेजी भी हिंदी के साथ भाग रही है, किन्तु अब आगे नहीं।

इंटरनेट के आगमन पर लगा था कि हिंदी टिक नहीं पाएगी । अंग्रेजी की अनिवार्यता और बढ़ेगी, लेकिन जिस तरह से हिंदी ने वापसी की उसकी दाद तो देनी ही पड़ेगी । आज हिंदी पहले से ज्यादा बड़ी, समृद्ध और लोकप्रिय हो गई है । अंग्रेजी- सा हो चुकी राजनीति में भी हिंदी ने वापसी की है। आज हिंदी बोलते हुए सामाजिक आर्थिक हैसियत में अंग्रेजी के बराबर है । मोबाइल की दुनिया में भी कमाल की वापसी की है । तमाम महंगे फोन बिना हिंदी फॉन्ट के नहीं बिक सकते । इंटरनेट और मोबाइल तकनीक तो अंग्रेजी में आई पर हिंदी ने इसे भी अपना लिया। छात्र हिंदी कि दुर्दशा से नाराज हैं। उन्हे नेताओं पर भरोसा नहीं है । अंग्रेजी अखबारों में हिंदी के खिलाफ लेख छपे पर अब हिंदी के समर्थन में छपते हैं. । कई अंग्रेजी के स्तंभकार हिंदी में लिखते हैं । आप बस हिंदी बोलिए, लिखिए लोग मिलेंगे।

*(ये लेखक के निजी विचार हैं।)*

## वीरेंद्र सहवाग ने राइज एंड फॉल के दूसरे सीजन के मेजबान के तौर पे स्ट्रीमिंग में करी शुरुआत

**जो चीज ऊपर** चढ़े सै, उसे नीचे भी आना पड़े सै, पर राइज एंड फल में असली सवाल यो सै कि नीचे जाण का फैसला आखिर करैगा कौन पहले सीजन में अपने जबरदस्त सत्ता के खेल तै दर्शकों नै बांध के रखण के बाद, प्राइम वीडियो नै आज राइज एंड फल के दूसरे सीजन की पहली झलक दिखाई सै। इस बार मुल्तान के सुल्तान कहे जाण वाले वीरेंद्र सहवाग नै शो की कमान संभाली सै।अपनी बेखौफ बल्लेबाजी, तेज तर्रर हंसी-मजाक अर बिना लाग-लपेट बात कहण के अंदाज के लिए मशहूर सहवाग अब पहली बार इस तरह के धारावाहिक मनोरंजन कार्यक्रम की मेजबानी करदे नजर आवेंगे। अपनी दमदार शख्सियत के साथ वे एक ऐसे खेल में उतर रह्या सैं, जिथे किस्मत का रुख अंक-पट्टी तै भी ज्यादा तेजी तै बदल सकै सै।

प्रचार की शुरुआत वीरेंद्र सहवाग जिदगी के हमेशा चलते आ रहे उतार-चढ़ाव पे अपने मजेदार अंदाज में बात करते हुए करदे सैं। इसके बाद वे राइज एंड फल के दूसरे सीजन की अनिश्चित दुनिया में कदम रखदे सैं, जिथे दांव ऊंचे सैं अर कोई भी मुकाम पक्का ना सै। सहवाग नै हमेशा हर गेंद नै एक नए मौके में बदल्या सै अर किसी भी चुनौती तै कदे पीछे ना हटे। पर अब वे एक ऐसे खेल में उतर रह्या सैं, जिथे खेल के नियम बिल्कुल अलग सैं।

पेंटहाउस अर तहखाने की एकदम अलग दुनिया में बंटे इस खेल में 15 जाने-माने चेहरे दो टोलियों में बंटे सैं हुक्मरान अर कामगार। जहां हुक्मरान पेंटहाउस की सुख-सुविधाओं का मजा लेवैं सैं, वहीं कामगार तहखाने की असलियत के बीच अपना खेल खेलवैं सैं। हर फैसला, हर साथ अर हर चाल खेल का रुख बदल सकै सै। जैसे-जैसे पैसा अर असर खेल में अपनी जगह बनावै सैं, वैसे-वैसे खिलाड़ियों नै अपनी रणनीति, समझ-बूझ अर खेल को भांपण की काबिलियत के भरोसे आगे बढ़णा पड़ै सै। आपसी टकराव, गठजोड़ अर अचानक आ खड़ी होण वाली चुनौतियों के बीच हर खिलाड़ी नै सोच-समझ कै कदम उठाणा पड़ै सै। किस्मत एक पल में बदल सकै सै, इसीलिए राइज एंड फल का दूसरा सीजन एक ऐसे जोरदार मुकाबले का वादा करै सै, जिथे आगे बने रहणा सिर्फ सही चाल चलण की बात ना सै, बल्कि सही चाल कब चलणी सै, यो समझणा भी उतना ही जरूरी सै।

नए सीजन के बारे में बात करते हुए अमोग दुशाद, एवीओडी सामग्री के निदेशक अर प्रमुख, प्राइम वीडियो इंडिया, नै कहा, पहले सीजन में राइज एंड फल नै दर्शकों तै जो प्यार अर उत्साह मिल्या, उस तै हम नै इस अनोखे सत्ता के खेल नै आगे बढ़ाण की पूरी वजह मिलगी।

# हिन्दी काव्य-साहित्य के अनमोल रत्न हैं महाकवि केदारनाथ मिश्र प्रभात



बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा महाकवि की जयंती पर आयोजित समारोह ।

महाकवि केदारनाथ मिश्र प्रभात हिन्दी काव्य-साहित्य के अनमोल रत्न हैं। उनकी काव्य-कल्पनाएँ अत्यंत मोहक और चकित करती हैं। उन्होंने अपनी विलक्षण काव्य-प्रतिभा से हिन्दी-कविता को साहित्य के शिखर पर प्रतिष्ठित किया। महाभारत के महान-योद्धा कर्ण पर लिखित उनका खंड-काव्य कर्ण हो अथवा रामायण की खल स्त्री-पात्र कैकेयी , प्रभात जी ने इन पर पाठकों को नयी दृष्टि से सोचने पर विवश किया है।

यह बातें शुक्रवार को, बिहार हिन्दी साहित्य सम्मेलन द्वारा महाकवि की जयंती पर आयोजित समारोह और कवि-गोष्ठी की अध्यक्षता करते हुए सम्मेलन अध्यक्ष डा अनिल सुलभ ने कही। उन्होंने कहा कि, उनके गीत-संग्रह बैठो मेरे पास पठनीयता और रमणीयता के पुलकनकारी उदाहरण हैं। पाठकों में लोकप्रियता और विक्रय की दृष्टि से कीर्तिमान स्थापित करने वाले उपन्यासों मृत्युंजय और युगंधर का अत्यंत लोकप्रिय उपन्यासकार शिवाजी सामंत की दृष्टि में, प्रभात जी का कर्ण हिन्दी-काव्य-साहित्य का एक मात्र अनमोल गहना है।

**हिन्दी-पखवारा के वें दिन साहित्य सम्मेलन में आयोजित हुआ जयंती-समारोह, दी काव्यांजलि**

वरिष्ठ साहित्यकार डा रत्नेश्वर सिंह ने कहा कि प्रभात जी की काव्य-रचनाएँ पाठकों को उद्वेलित करती हैं। उनकी पुस्तक ज्वाला ने क्रांति को एक ऐसा बल दिया कि उससे डरी हुई अंग्रेजी सरकार ने प्रेस में ही उसपर प्रतिबन्ध लगा दिया था।

महाकवि प्रभात के कनिष्ठ पुत्र मोहन मृगेंद्र, पुत्रवधु नम्रता कुमारी, निर्मला मिश्र, पौत्र वंश प्रभात, बंगलुरु से आयीं कवयित्री और सुप्रसिद्ध ध्रुवपद-गायिका श्वेता मिश्र, विभारानी श्रीवास्तव, डा पूनम आनन्द और पं उमेश मिश्र ने भी अपने विचार व्यक्त किए तथा महाकवि को श्रद्धांजलि अर्पित की।

इस अवसर पर आयोजित कवि-गोष्ठी का आरंभ चंदा मिश्र की वाणी-वंदना से हुआ। वरिष्ठ कवि प्रो सुनील कुमार उपाध्याय, प्रो समरेंद्र नारायण आर्य, डा ओम् प्रकाश पाण्डेय वदनाम, शुभचंद्र सिन्हा, शमा कौसर शमा, प्रियंका श्रीवास्तव, शुभ्र, पूनम कतरियार, ई अशोक कुमार, सदानन्द प्रसाद, अभिराम बुद्धवाहा, अमितेश राज, अनुराग कुमार, इन्दु भूषण सहाय, शंकर शरण मधुकर ने भी अपनी रचनाओं का पाठ किया। मंच का संचालन कवि ब्रह्मानन्द पाण्डेय ने तथा धन्यवाद-ज्ञापन कृष्ण रंजन सिंह ने किया।

इस अवसर पर, वरिष्ठ शिक्षिका और रंगकर्मी निर्मला सिंह, ललिता पाण्डेय, कल्याणी कुमारी, रजनी कुमारी, ईशा कुमारी, नीतीश कुमार समेत बड़ी संख्या में सुधी श्रोता उपस्थित थे।

## प्राइम वीडियो ने रेलवे टिकटिंग की दुनिया पर बनी एक अनोखी स्कैम कॉमेडी सीरीज, एमएक्स ऑरिजिनल वेटिंग है का ट्रेलर रिलीज किया

**हर भारतीय मुसाफिर** वेटिंग लिस्ट वाले टिकट के कन्फर्म नहीं होने का दर्द अच्छे से जानता है, पर जरा सोचिए अगर कहीं मौजूद कोई शख्स, इस समस्या को दूर करने का कोई जुगाड़ ढूंढ ले और वही जुगाड़ आगे चलकर बड़े पैमाने पर पूरे देश का घोटाला बन जाए, तो क्या होगा भारत में एक्सक्लूसिव ऑरिजिनल्स के लिए सबसे बड़े स्ट्रीमिंग प्लेटफर्म, प्राइम वीडियो ने आज अपनी आने वाली एमएक्स ऑरिजिनल सीरीज, वेटिंग है का ट्रेलर रिलीज किया, जो बिल्कुल अनोखी और स्कैम को देसी अंदाज में पेश करने वाली कमेडी-ड्रामा है, जो रोजमर्रा की जिंदगी की एक मामूली-सी परेशानी को चूहे-बिल्ली के बेहद रोमांचक खेल में बदल देती है।

पटना की पृष्ठभूमि पर बनी इस सीरीज में दिव्येन्दु और भुवन अरोड़ा आमने-सामने नजर आएंगे, जहाँ एक शातिर जुगाड़ इतना बड़ा स्कैम बनने की कगार पर पहुँच जाता है, जिसके बारे में किसी ने सोचा भी न हो। नेशनल अवार्ड जीतने वाले फिल्ममेकर और सीरीज डायरेक्टर समीर विद्वांस ने जियो स्टूडियोज की पेशकश और जार पिक्चर्स प्रोडक्शन की इस सीरीज का निर्देशन किया है। इसमें हर्षिता गौर, कुमुद मिश्रा, विजय मौर्य, सृष्टि तारे और सुनीता राजवार भी अहम भूमिकाओं में नजर आने वाले हैं। ज्योति देशपांडे और अजय राय द्वारा प्रोड्यूस की गई वेटिंग है, रेलवे टिकट बुकिंग की दुनिया में हँसी और जज्बातों का तड़का लगाते हुए स्कैम जनर को बिल्कुल नए और देसी अंदाज में पेश करती है।

ट्रेलर में हमें दिव्येन्दु के किरदार सुगम मिश्रा की झलक मिलती है, जो एक रेलवे कान्स्टेबल है और चुनौतियों से भरी अपनी इस नई नौकरी में वह अपनी जगह जमाने और अपने सख्त नए बस से तालमेल बिठाने के साथ-साथ घर की परेशानियों से भी जूझ रहा है। दूसरी तरफ अफरोज हम्सा है, जिसका किरदार भुवन अरोड़ा उसने निभाया है।

## वित्तीय सलाह

# केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने अपर्याप्त स्वास्थ्य बीमा कवर को उभरता घरेलू वित्तीय जोखिम बताया

**भारत** के लाखों परिवारों के लिए एक गंभीर बीमारी वर्षों की जमा-पूंजी को खत्म कर सकती है। देश की करीब आधी आबादी अब किसी न किसी स्वास्थ्य बीमा या स्वास्थ्य वित्तपोषण योजना के दायरे में है, लेकिन इसके बावजूद कई परिवार अब भी पर्याप्त बीमा कवर से वंचित हैं। गंभीर बीमारी के इलाज की लागत मौजूदा बीमा कवर से कहीं अधिक हो जाने के कारण परिवारों पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है। केयर हेल्थ इंश्योरेंस ने परिवारों से स्वास्थ्य बीमा को केवल एक औपचारिकता नहीं, बल्कि मेडिकल इमरजेंसी के वित्तीय असर से सुरक्षा देने वाले जरूरी साधन के रूप में देखने की अपील की है।

कई भारतीय स्वास्थ्य बीमा एक बार खरीदने के बाद उसकी समीक्षा नहीं करते। वहीं, बड़ी संख्या में लोग केवल नियोक्ता की ओर से मिलने वाली ग्रुप हेल्थ पलिसी पर निर्भर रहते हैं।

दूसरी ओर, इलाज की लागत ज्यादातर लोगों की आय की तुलना में कहीं तेजी से बढ़ रही है और मौजूदा पॉलिसियों का कवर जल्द खत्म हो सकता है। कुछ साल पहले पर्याप्त लगने वाला 2 से 5 लाख रुपये का बीमा कवर अब गंभीर बीमारी का इलाज पूरा होने से पहले ही खत्म हो सकता है। कवर खत्म होने के बाद परिवारों को अपनी बचत निकालने, संपत्ति बेचने या कर्ज लेने का सहारा लेना पड़ता है। इस तरह स्वास्थ्य संकट लंबे समय के वित्तीय बोझ में बदल जाता है।

इसका असर केवल व्यक्तिगत परिवारों तक सीमित नहीं है। भारत में स्वास्थ्य सेवाओं पर जेब से होने वाला अधिक खर्च परिवारों की आर्थिक परेशानी का एक प्रमुख कारण बना हुआ है। ऐसे में व्यापक स्वास्थ्य बीमा कवरेज परिवारों की वित्तीय क्षमता मजबूत करने और भारत के सार्वभौमिक स्वास्थ्य कवरेज के लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए महत्वपूर्ण है।

हालिया सरकारी रिपोर्ट और राष्ट्रीय स्वास्थ्य आकलन सुरक्षा में मौजूद इस अंतर की गंभीरता को सामने रखते हैं - केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय के नेशनल हेल्थ अकाउंट्स एस्टिमेट्स के अनुसार, भारत के कुल स्वास्थ्य खर्च का 43. 4 प्रतिशत अब भी परिवार अपनी जेब से वहन करते हैं। यह बताता है कि मेडिकल इमरजेंसी का आर्थिक बोझ परिवारों पर कितना अधिक है।

बीमा होने के बावजूद पर्याप्त वित्तीय सुरक्षा नहीं : नेशनल स्टैटिस्टिकल ऑफिस (एनएसओ) के हाउसहोल्ड कंजम्पशन एक्सपेंडिचर सर्वे हेल्थ (2025) के अनुसार, भारतीयों के अस्पताल में भर्ती होने से जुड़े खर्च में अब भी जेब से किया जाने वाला खर्च बड़ा हिस्सा है। यानी केवल बीमा होना हमेशा पर्याप्त वित्तीय सुरक्षा की गारंटी नहीं देता।

बीमित परिवार भी अक्सर अंडरइंश्योर्ड : नियोक्ता की ग्रुप पॉलिसी और शुरुआती स्तर की फैमिली फ्लोटर पलिसियों में आमतौर पर 3 से 5 लाख रुपये तक का कवर होता है, जबकि एक बड़ी बीमारी के इलाज का खर्च इससे कई गुना अधिक हो सकता है। लिवर ट्रांसप्लांट में 18 से 35 लाख रुपये तक खर्च हो सकते हैं। वहीं, एडवांस्ड कैंसर का इलाज और जटिल हृदय संबंधी प्रक्रियाओं में भी कई लाख रुपये खर्च हो सकते हैं। ऐसे में आज सवाल सिर्फ यह नहीं है कि क्या मेरे पास स्वास्थ्य बीमा है, बल्कि यह है कि क्या मेरे पास पर्याप्त कवर है

बढ़ती मेडिकल लागत से वित्तीय सुरक्षा मजबूत करने के लिए सुझाव : हर साल स्वास्थ्य बीमा की समीक्षा करें : यह सुनिश्चित करें कि बीमित राशि परिवार की स्वास्थ्य जरूरतों, शहर में इलाज की लागत और मौजूदा मेडिकल खर्च के अनुरूप हो। कुछ साल पहले पर्याप्त लगने वाला कवर आज के इलाज के खर्च के लिए कम पड़ सकता है।

अपनी पॉलिसी को अच्छी तरह समझें: क्लेम के समय किसी परेशानी से बचने के लिए रूम रेंट की सीमा, को-पेमेंट, सब-लिमिट, एक्सक्लूजन और अटोमैटिक रिचार्ज तथा नो-क्लेम बोनस जैसे अतिरिक्त लाभों की जानकारी रखें। केवल नियोक्ता के बीमा पर निर्भर न रहेंरू ग्रुप हेल्थ इंश्योरेंस एक उपयोगी सुविधा है, लेकिन आमतौर पर इसमें 3 से 5 लाख रुपये तक की सीमा होती है। इसमें कई बार माता-पिता शामिल नहीं होते और नौकरी बदलने या छोड़ने पर यह कवर खत्म हो जाता है। कम उम्र और बेहतर स्वास्थ्य में व्यक्तिगत पलिसी खरीदने से लगातार वित्तीय सुरक्षा मिल सकती है।

# मिहिर की घर वापसी, तुलसी की दुआ हुई पूरी

## स्टार प्लस के क्योंकि सास भी कभी बहू थी में आखिरकार होने जा रही है टेलीविजन की सबसे चर्चित वापसी



**पिछले कई** हफ्तों से हर किसी के मन में बस एक ही सवाल था, क्या मिहिर वापस आ रहा है उसकी वापसी को लेकर दर्शकों के बीच तरह-तरह की चर्चाएँ और अटकलें लगाई जा रही थीं। अब आखिरकार इंतजार खत्म हो गया है! स्टार प्लस ने नया प्रोमो जारी कर इस बात की पुष्टि कर दी है कि अमर उपाध्याय, मिहिर विरानी के रूप में क्योंकि सास भी कभी बहू थी में वापसी कर रहे हैं। गणेश चतुर्थी के खास मौके पर हो रही यह घर वापसी इस अवसर को और भी यादगार बना रही है। इस बार बप्पा ने न सिर्फ तुलसी की प्रार्थना सुन ली है, बल्कि मिहिर को दोबारा शांतिनिकेतन में देखने का इंतजार कर रहे लाखों प्रशंसकों की इच्छा भी पूरी कर दी है।

अपनी इस चर्चित वापसी के बारे में अमर उपाध्याय ने कहा, मिहिर मेरे लिए सिर्फ एक किरदार नहीं है। वह मेरी जिंदगी और मेरे सफर का बेहद अहम् हिस्सा रहा है। इतने वर्षों में दर्शकों ने मिहिर को जो प्यार दिया है, उसे मैंने हमेशा अपने दिल के करीब रखा है। पिछले कुछ समय से मिहिर की वापसी को लेकर काफी चर्चा हो रही थी। मेरे प्रशंसक लगातार मुझसे पूछ रहे थे कि मैं शो में कब लौटूँगा। उनका यह उत्साह देखकर मेरी घर वापसी और भी खास हो गई है। शांतिनिकेतन लौटना और तुलसी व पूरे विरानी परिवार के बीच एक बार फिर मिहिर बनकर खड़ा होना पुरानी यादों को ताजा कर देता है। सच कहूँ तो ऐसा लग रहा है, जैसे मैं अपने घर लौट आया हूँ। हालाँकि, इस दौरान बहुत कुछ बदल चुका है। रिश्तों ने नए मोड़ लिए हैं और मिहिर अब एक ऐसे परिवार में लौट रहा है, जो अपने सफर में कई उतार-चढ़ाव से गुजर चुका है। मैं यह देखने के लिए बेहद उत्साहित हूँ कि जब मिहिर दोबारा उनकी जिंदगी में कदम रखेगा, तो दर्शकों की क्या प्रतिक्रिया होगी।

देखिए क्योंकि सास भी कभी बहू थी, हर दिन रात 10 : 30 बजे स्टार प्लस पर और कभी भी जियोहॉटस्टार पर।

# पंचायत राजनीति के संघर्ष की कहानी है फिल्म 'बिगुल'



साची तिवारी द्वारा निभाया गया ज्योति का किरदार

**फिल्म बिगुल** की कहानी पंचायत समिति सदस्यों और प्रखंड प्रमुख के चुनाव के इर्द-गिर्द घूमती है। फिल्म में पंचायत की सत्ता, राजनीतिक संघर्ष और महिलाओं के नेतृत्व को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया गया है। कहानी में पंचायत समिति के सदस्यों को एक शक्तिशाली प्रखंड प्रमुख पद के उम्मीदवार दादू काका द्वारा होटल में बंद कर दिया जाता है। इसके बाद फिल्म की नायिका ज्योति जिसका किरदार अभिनेत्री साची तिवारी निभा रही हैं,अन्याय और दबाव के खिलाफ आवाज उठाती हैं। संघर्ष के बाद वह दादू काका की राजनीतिक ताकत को चुनौती देती हैं और अंतत नई प्रखंड प्रमुख बनने में सफल होती हैं।फिल्म में कई महत्वपूर्ण और रोचक किरदारों को शामिल किया गया है। अभिनेत्री प्रिया तिवारी बिजली रानी के किरदार में नजर आएंगी। बिजली रानी का किरदार एक कोठेवाली का है,जो फिल्म की कहानी में अपनी अलग पहचान और प्रभाव रखती है। वह अपनी पंचायत प्रस्तुत करती है और कहानी को एक अलग सामाजिक एवं राजनीतिक आयाम देती है।

फिल्म की केंद्रीय भूमिका है। ज्योति के संघर्ष, साहस और नेतृत्व के माध्यम से फिल्म पंचायत स्तर की राजनीति में महिलाओं की भागीदारी और उनके नेतृत्व की क्षमता को रेखांकित करती है। 'बिगुल' मनोरंजन के साथ-साथ ग्रामीण राजनीति और सामाजिक बदलाव का संदेश देने वाली फिल्म के रूप में सामने आती है। फिल्म के डायरेक्टर और राइटर अजय सिंह, प्रोड्यूसर सोनू कुमार सिन्हा,रौशन कुमार साहबान अंसारी है।

दैनिक नवसंदेश

वायस 4 बिहार डॉटकाम की इकाई, दैनिक नवसंदेश ( डेली डिजिटल न्यूज पेपर), स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, संपादक- यू. सिंह के द्वारा वार्ड-28, नियर पानी टंकी, रानीपुर, ब्रह्मपुर, फुलवारीशरीफ, पटना-801505 से डिजिटली प्रकाशित और संपूर्ण बिहार में प्रसारित ।
इस डिजिटल समाचार पत्र में प्रकाशित सामग्री से संपादक, मुद्रक, प्रसारक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। प्राप्त स्पष्टीकरण प्रकाशित किया जायेगा। समाचारों से संबंधित सभी विवादों का न्याय क्षेत्र पटना न्यायालय (बिहार) ही होगा। (सभी पद अवैतनिक है।)

## संक्षिप्त खबरें

### पेपरलेस रजिस्ट्री अब हुई आसान, कार्यालय में फिर से लौटेगी रौनक

**रक्सौल(एनएसबी)।** सरकार की महत्वाकांक्षी योजना पेपरलेस रजिस्ट्री अब अनुमंडल के छौड़ादानो में सुलभ हो गई है। 17 अगस्त से अवर निबंधन कार्यालय में शुरू हुई नई प्रक्रिया में शुरुआती दिनों में तकनीकी दिक्कतों के कारण लोगों को काफी परेशानी हो रही थी। प्रक्रिया जटिल होने से निबंधन की गति धीमी पड़ गई थी, लेकिन अब विभागीय स्तर पर इसे पूरी तरह से सरल और पारदर्शी बना दिया गया है।उम्मीद जताई जा रही है कि अब छौड़ादानो रजिस्ट्री कार्यालय में पहले की तरह प्रतिदिन दस्तावेजों का निबंधन शुरू हो जाएगा। नई व्यवस्था के तहत जमीन खरीदी-बिक्री से जुड़े सभी दस्तावेज अनलाइन अपलोड होंगे, जिससे समय और कागजी प्रक्रिया दोनों कम होंगे।

#### नहीं होगी क्रेता-विक्रेता को परेशानी

अवर निबंधन पदाधिकारी मोहन मंडल ने बताया कि विभाग ने पेपरलेस रजिस्ट्री व्यवस्था को पूरी तरह से सरल कर दिया है। अब क्रेता और विक्रेता को निबंधन कराने में किसी तरह की परेशानी नहीं होगी। यह सरकार की महत्वपूर्ण योजना है, जो भ्रष्टाचार पर रोक और पारदर्शिता लाने के लिए शुरू की गई हैस उन्होंने कहा कि विभाग सरकार के निर्देशों के अनुसार ही काम कर रहा है। जो भी लोग कार्यालय आ रहे हैं, उनसे बातचीत कर उनकी समस्या को समझा जा रहा है और हरसंभव सहयोग किया जा रहा है। कार्यालय जनता को सेवा देने के लिए पूरी तरह से तैयार हैस पदाधिकारी ने लोगों से अपील की कि वे नई व्यवस्था को लेकर घबराएं नहीं। अनलाइन प्रक्रिया से रजिस्ट्री और भी सुगम होगी। दस्तावेजों की सुरक्षा भी बढ़ेगी। पेपरलेस सिस्टम लागू होने से छौड़ादानो सहित पूरे जिले में जमीन निबंधन में तेजी आने की उम्मीद है।

### शहद उत्पादन इकाई के भ्रमण में विद्यार्थियों ने जानी मधुमक्खी पालन की बारीकियां

**पीपराकोठी।** शैक्षणिक भ्रमण के दौरान विद्यार्थियों ने शहद उत्पादन इकाई का भ्रमण कर मधुमक्खी पालन एवं शहद उत्पादन की विभिन्न प्रक्रियाओं की व्यावहारिक जानकारी प्राप्त की। ड़ टीपी महतो के मार्गदर्शन में विद्यार्थियों को मधुमक्खी के छत्ते की संरचना, मधुमक्खी कलोनी के प्रबंधन तथा मधुमक्खियों के लिए अनुकूल परिस्थितियां बनाए रखने के तरीकों की जानकारी दी गई।भ्रमण के दौरान शहद के संग्रहण, निष्कर्षण, छानने एवं भंडारण की प्रक्रिया को भी समझाया गया। षि फसलों में मधुमक्खियों द्वारा किए जाने वाले परागण और फसल उत्पादन बढ़ाने में इसके महत्व के बारे में जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने मधुमक्खी पालन की बारीकियों को करीब से समझा और इसके व्यावहारिक पहलुओं की जानकारी हासिल की।इसके बाद ड़ मनीष एवं ड़ अर्पिता ने विद्यार्थियों को परिसर की विभिन्न इकाइयों का भ्रमण कराया। इस दौरान प्रत्येक इकाई के कार्य, संचालन एवं षि क्षेत्र में उसके महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। विद्यार्थियों ने परिसर में संचालित विभिन्न षि गतिविधियों को प्रत्यक्ष रूप से देखा।शैक्षणिक भ्रमण से विद्यार्थियों को कक्षा में प्राप्त सैद्धांतिक ज्ञान को व्यावहारिक रूप से समझने का अवसर मिला। यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए ज्ञानवर्धक और उपयोगी रहा।

### शराब के साथ महिला समेत तीन गिरफ्तार

**पहाड़पुर(एनएसबी)।** पहाड़पुर थाना पुलिस ने शराबबंदी कानून के तहत कार्रवाई करते हुए 10 लीटर चुलाई शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार सरेया बाजार निवासी ललिता देवी, पति अजय चौधरी के विरुद्ध थाना कांड संख्या 495द्26, धारा 30(ए) उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।वहीं पुलिस ने लगुनिया निवासी केदार महतो उर्फ केदार सिंह, पिता स्व़ रामप्रसाद महतो को कुर्की वारंट के मामले में गिरफ्तार किया है। इसके अलावा विशम्बरपुर निवासी भीखम मांझी, पिता भगरासन मांझी को शराब पीने के आरोप में पकड़ा गया है।पुलिस ने बताया कि तीनों को विधिवत कार्रवाई के बाद माननीय न्यायालय में उपस्थापन के लिए भेजा जा रहा है। पहाड़पुर थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि शराबबंदी कानून का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

# आज लगेगा राष्ट्रीय लोक अदालत ट्रैफिक चालान पर 50 प्रतिशत तक रियायत

## कुल 32 पीठों का हुआ गठन, चालान निपटारे के लिए लगेंगे 24 विशेष काउंटर



जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितिन त्रिपाठी।

**मोतिहारी(डीएनएस)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पूर्वी चम्पारण की ओर से 12 सितंबर को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। लोक अदालत में सुलह योग्य मामलों का आपसी समझौते के आधार पर त्वरित निपटारा किया जाएगा। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव नितिन त्रिपाठी ने जिले के नागरिकों से राष्ट्रीय लोक अदालत में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर लंबित मामलों का निपटारा कराने की अपील की है।राष्ट्रीय लोक अदालत में सिविल मामले, आपराधिक सुलह योग्य मामले, धारा 138 एनआई एक्ट, मोटर दुर्घटना दावा, बैंक ऋण, श्रम विवाद, वैवाहिक एवं पारिवारिक विवाद, राजस्व संबंधी तथा अन्य सुलह योग्य मामलों की सुनवाई की जाएगी।लोक अदालत में इस बार पुराने ट्रैफिक चालानों के निपटारे पर भी विशेष जोर दिया गया है। 90 दिन अथवा उससे अधिक पुराने यातायात चालानों के निपटारे के लिए एकमुश्त यातायात चालान निपटान योजना-2026 के तहत पात्र धाराओं में शमन राशि पर 50 प्रतिशत तक की रियायत का लाभ दिया जाएगा। ट्रैफिक चालानों के निपटारे के लिए मोतिहारी स्थित महात्मा गांधी प्रेक्षागृह में 24 विशेष काउंटर बनाए गए हैं।इसके अलावा जिले में राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए कुल 32 लोक अदालत पीठों का गठन किया गया है। प्राधिकरण ने नागरिकों से अपील की है कि वे इस अवसर का लाभ उठाकर अपने पुराने चालान एवं अन्य लंबित सुलह योग्य मामलों का सरल, शीघ्र एवं सौहार्दपूर्ण तरीके से निपटारा कराएं। प्राधिकरण ने कहा कि लोक अदालत मुकदमेबाजी को समाप्त कर आपसी समझौते और समाधान की दिशा में महत्वपूर्ण माध्यम है।

# विकास आयुक्त ने ढाका अनुमंडलीय अस्पताल का किया निरीक्षण

## मरीजों से ली स्वास्थ्य सुविधाओं की जानकारी, कर्मियों को शालीन व्यवहार का दिया निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** बिहार सरकार के विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने शुक्रवार को पूर्वी चंपारण के परिभ्रमण के दौरान ढाका अनुमंडलीय अस्पताल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव एवं सहायक समाहर्ता राज ष्ण झा भी मौजूद रहे।निरीक्षण के दौरान विकास आयुक्त ने अस्पताल परिसर की साफ-सफाई एवं व्यवस्था का जायजा लिया। उन्होंने उपस्थित चिकित्सा पदाधिकारियों एवं स्वास्थ्यकर्मियों से अस्पताल में उपलब्ध सुविधाओं, बेड की संख्या तथा मरीजों को दी जा रही स्वास्थ्य सेवाओं की जानकारी ली। उन्होंने अस्पताल में इलाजरत मरीजों से भी मुलाकात कर उन्हें मिल रही चिकित्सा सुविधाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।विकास आयुक्त ने चिकित्सा पदाधिकारियों एवं अस्पताल के सभी कर्मियों को निर्देश दिया कि अस्पताल में आने वाले प्रत्येक मरीज के साथ शालीनता एवं संवेदनशीलता से व्यवहार किया जाए। मरीजों को किसी प्रकार की परेशानी नहीं हो तथा उन्हें बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध हो, इसका विशेष ध्यान रखने को कहा। उन्होंने कहा कि सरकारी स्वास्थ्य व्यवस्था के प्रति लोगों का विश्वास मजबूत करने के लिए मरीजों की सुविधा और संतुष्टि को प्राथमिकता देना आवश्यक है। इसके बाद विकास आयुक्त ने अस्पताल परिसर में संचालित जीविका की रसोई का भी निरीक्षण किया। उन्होंने वहां तैयार किए जा रहे भोजन की गुणवत्ता का जायजा लिया तथा भोजन की दर की भी जानकारी ली। अधिकारियों को अस्पताल में मरीजों एवं उनके परिजनों के लिए उपलब्ध सुविधाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया।



निरीक्षण करते विकास आयुक्त व अन्य।

## मोतिहारी के सभी 46 वार्डों में एक-एक प्रमुख योजना की मांग

**मोतिहारी(एनएसबी)।** नगर निगम क्षेत्र के विकास एवं विभिन्न लंबित मामलों को लेकर विधायक व पूर्व मंत्री प्रमोद कुमार के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने नगर विकास एवं आवास विभाग के मंत्री नीतीश मिश्रा से मुलाकात की। शिष्टमंडल में उपमहापौर ड़ लाल बाबू प्रसाद, निगम पार्षद संजू निषाद व प्रभात कुमार तथा पार्षद प्रतिनिधि रोचक झा एवं अजय सिंह शामिल थे।

शिष्टमंडल ने नगर निगम के सभी 46 वार्डों में एक-एक प्रमुख विकास योजना की सूची मंत्री को सौंपी। बताया गया कि इन योजनाओं की अनुशंसा विधायक प्रमोद कुमार, ष्णनंदन पासवान एवं विशाल कुमार की ओर से की गई है। मुलाकात के दौरान राज्य योजना के तहत संचालित पुरानी योजनाओं को पूरा कराने तथा लंबित योजनाओं की बकाया राशि का भुगतान कराने का आग्रह किया गया।

इसके अलावा व्यवसायियों को ट्रेड लाइसेंस के ब्याज में राहत देने तथा नगर निगम के सभी वार्डों में एक-एक वार्ड कार्यालय खोलने का सुझाव दिया गया। वार्ड कार्यालय खुलने से स्थानीय लोगों को अपनी समस्याओं के समाधान के लिए निगम मुख्यालय का चक्कर नहीं लगाना पड़ेगा।

मंत्री नीतीश मिश्रा ने शिष्टमंडल को आश्वस्त किया कि मोतिहारी सांसद राधामोहन सिंह एवं विधायक प्रमोद कुमार के क्षेत्र में यथासंभव अधिक से अधिक विकास कार्य एवं योजनाओं का लाभ पहुंचाने का प्रयास किया जाएगा।

इस दौरान विधायक प्रमोद कुमार ने मंत्री को मोतिहारी आने का निमंत्रण देते हुए विकास योजनाओं का स्थल निरीक्षण करने का आग्रह किया। मंत्री ने मोतिहारी आने और योजनाओं का निरीक्षण करने पर सहमति जताई।

## जनता के दरबार में 42 आवेदन प्राप्त

### एडीएम ने अधिकारियों को दिए त्वरित निष्पादन के निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** डा. राधाकृष्णन सभागार में शुक्रवार को 'जनता के दरबार में जिला प्रशासन' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिलाधिकारी के निर्देश पर अपर समाहर्ता (लोक शिकायत) शैलेन्द्र कुमार भारती की अध्यक्षता में जिले के विभिन्न अंचलों से पहुंचे 42 आवेदकों की समस्याओं की सुनवाई की गई।सुनवाई के दौरान भूमि विवाद, अतिक्रमण, राजस्व विभाग से संबंधित मामलों सहित विभिन्न प्रकार की शिकायतें प्राप्त हुईं। एडीएम ने सभी आवेदनों पर संज्ञान लेते हुए संबंधित पदाधिकारियों को नियमानुसार कार्रवाई कर समस्याओं का शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।उन्होंने प्रभारी पदाधिकारी, जिला जन शिकायत कोषांग को प्राप्त आवेदनों को संबंधित पदाधिकारियों के पास आवश्यक निर्देश के साथ भेजने तथा उनके निष्पादन की कार्रवाई सुनिश्चित कराने को कहा। एडीएम ने कहा कि जनता से प्राप्त आवेदनों का विधिसम्मत तरीके से त्वरित निष्पादन प्रशासन की प्राथमिकता है। इस कार्यक्रम में एडीएम विभागीय जांच मो़ सिबगतुल्लाह, वरीय उप समाहर्ता विकास कुमार सहित विभिन्न विभागों के पदाधिकारी उपस्थित थे।

## बाइक टेंपो की सीधी टक्कर में युवक जख्मी

**दरभंगा (एनएसबी)।** बहेड़ी थाना क्षेत्र के बंदा चौक पर शुक्रवार को बाइक टेपों की सीधी में एक युवक बुरी तरह से जख्मी हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल बाइक सवार को बहेड़ी पीएचसी में भर्ती कराया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद डीएमसीएच रेफर कर दिया। जख्मी की पहचान समस्तीपुर जिले के सिंघिया थाना क्षेत्र के पतैला गांव के वार्ड नंबर सात निवासी पगलू पासवान के पुत्र हिरेंद्र पासवान (30) के तौर पर हुई। स्वजन अशोक कुमार ने बताया कि हिरेंद्र मजदूरी कर जीवनयापन करता है। शुक्रवार दोपहर वो दरभंगा से घर बाइक के जरिए लौट रहा था। इसी दौरान हादसा हो गया। उन्होंने बताया कि दुर्घटना में हिरेंद्र का सर फट गया है। फिलहाल उसकी हालत स्थिर है और डाक्टरों ने सीटी स्कैन कराने का परामर्श दिया है।

# चकिया में सोलर मेला का आयोजन, मिले 120 आवेदन

**चकिया (डीएनएस)।** अनुमंडल कार्यालय परिसर स्थित स्वतंत्र सभागार में शुक्रवार को पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के तहत सोलर मेला का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन स्थानीय विधायक श्यामबाबू प्रसाद यादव,विद्युत अधीक्षण अभियंता राकेश रौशन,विद्युत कार्यपालक अभियंता चकिया संतोष कुमार आदि ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके उपरांत विधायक ने अधिकारियों के साथ पीएम सोलर मेला में लगे स्टल का अवलोकन किया तथा संबंधित वेंडर्स एवं अधिकारियों से सोलर संयंत्र लगाने के लाभों के बारे में जानकारी प्राप्त की। साथ हीं मेला आए उपभोक्ताओं से संवाद कर इस योजना का लाभ लेने हेतु प्रेरित किया। साथ हीं कहा कि अपने घर को सोलर से जोड़े व बिजली बिल से मुक्ति पाए। सरकार द्वारा एक किलोवट का सोलर लगाने पर 40 हजार व दो किलोवट पर 80 हजार तथा तीन किलोवाट पर 98 हजार रुपये का अनुदान मिलेगा। वहीं कार्यपालक अभियंता संतोष कुमार ने बताया कि सोलर मेला में आए 120 उपभोक्ताओं ने अपने घरों पर सोलर लगाने के लिए आवेदन दिया है। मौके पर विद्युत कार्यपालक अभियंता मोतिहारी प्रदीप कुमार सुमन, सहायक अभियंता चकिया मनोज कुमार, मधुबन विकास कुमार,अरेराज उमंग अग्रवाल,कनीय अभियंता अजीत कुमार सहित अन्य विद्युत अधिकारी व कर्मी मौजूद थे।




दीप प्रज्वलित करते विधायक के साथ अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### डीएम ने दिया एससी-एसटी अत्याचार मामलों में लंबित आरोप पत्रों के त्वरित निष्पादन का निर्देश

**मोतिहारी(एनएसबी)।** डा. राधाकृष्णन सभागार में शुक्रवार को जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव की अध्यक्षता में अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति (अत्याचार निवारण) अधिनियम, 1989 तथा मैनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम, 2013 के तहत गठित जिला स्तरीय सतर्कता एवं अनुश्रवण समिति की बैठक हुई। बैठक में जिला कल्याण पदाधिकारी संतोष कुमार पांडे ने बताया कि वित्तीय वर्ष 2026-27 में एससी-एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम से संबंधित कुल 162 कांडों में प्रथम किस्त की मुआवजा राशि भुगतान की स्वीति दी गई है। प्राप्त 250 करोड़ रुपये के आवंटन के विरुद्ध 108 कांडों में मुआवजा राशि तथा 55 पेंशनरों के बीच कुल 2,49,34,144 रुपये का भुगतान किया जा चुका है।जिलाधिकारी ने सभी थानाध्यक्षों एवं अनुमंडल पुलिस पदाधिकारियों को अधिनियम के तहत लंबित आरोप पत्रों का शीघ्र निष्पादन करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि दर्ज मामलों में वास्तविक घटना की प्रति के अनुरूप सुसंगत धाराओं में प्राथमिकी दर्ज करना सुनिश्चित किया जाए।बैठक में मैनुअल स्कैवेंजर रोजगार निषेध एवं पुनर्वास अधिनियम के प्रावधानों के अनुपालन की भी समीक्षा की गई। नियमित रूप से सफाई कर्मियों को ड्रेस एवं सुरक्षा किट उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया। साथ ही छ।डौज्न्ॅ बीमउम के तहत क्मेसनकहपदह टमीपबसम कों नइेपकल तंजम पर उपलब्ध कराने की योजना के बारे में लोगों के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार करने का निर्देश दिया गया। बैठक में अपर समाहर्ता (विभागीय जांच), जिला कल्याण पदाधिकारी, अपर पुलिस अधीक्षक (मुख्यालय), एससी-एसटी थाना के थानाध्यक्ष सहित समिति के सदस्य उपस्थित रहे।

### 350 से अधिक लोगों को रोजगार 400 नई नियुक्तियों की तैयारी

#### विकास आयुक्त ने किया परिधान निर्माण इकाई का निरीक्षण, 11 करोड़ रुपये का हुआ है निवेश

**मोतिहारी।** बिहार के विकास आयुक्त मिहिर कुमार सिंह ने शुक्रवार को पूर्वी चंपारण में संचालित ओबेबीओ क्लोदिंग (व्झ्म्ठ० ब्सवजीपदह) इकाई का भ्रमण एवं निरीक्षण किया। इस दौरान जिलाधिकारी सौरभ सुमन यादव भी मौजूद रहे। विकास आयुक्त ने इकाई की उत्पादन गतिविधियों, आधारभूत संरचना, रोजगार की स्थिति और विस्तार की संभावनाओं की जानकारी ली। उन्होंने इकाई के संचालक आदर्श कुमार से भी विस्तृत जानकारी प्राप्त की। संचालक ने बताया कि करीब 11 करोड़ रुपये के निवेश से संचालित इस इकाई में वर्तमान में 350 से अधिक लोग कार्यरत हैं। इकाई में 250 से अधिक सिलाई मशीनें और दो एम्ब्रयडरी मशीनें लगी हैं। यहां प्रतिदिन करीब 1000 पीस की वशिंग तथा 3000 पीस की प्रिंटिंग की क्षमता है।

#### कई प्रकार के परिधानों का हो रहा निर्माण

इकाई में टी-शर्ट, शर्ट, जींस, पोलो टी-शर्ट, कुर्ता-पायजामा, लेडीज कुर्ती, लोअर समेत विभिन्न प्रकार के परिधानों का निर्माण किया जा रहा है। इकाई अपने श्रपउश्रंबा और छनेींतं नामक दो ब्रांड भी संचालित कर रही है। इसके अलावा विभिन्न ब्रांडों के लिए जब वर्क भी किया जाता है।

#### बढ़ते अर्डर से बढ़ेंगे रोजगार के अवसर

इकाई को वर्तमान में करीब 15 लाख परिधानों की मासिक आपूर्ति का अर्डर मिला है। बढ़ते अर्डर और उत्पादन की आवश्यकता को देखते हुए सोमवार से करीब 400 नए कर्मचारियों की नियुक्ति प्रक्रिया शुरू करने की तैयारी है। इससे स्थानीय स्तर पर रोजगार के अवसरों में और वृद्धि होगी। विकास आयुक्त ने इकाई की उत्पादन क्षमता और रोजगार सृजन की पहल की सराहना की। उन्होंने कहा कि जिले में वस्त्र एवं परिधान उद्योग की संभावनाओं का अधिकतम उपयोग किया जाना चाहिए। ऐसी इकाइयां स्थानीय स्तर पर रोजगार उपलब्ध कराने के साथ औद्योगिक विकास को भी गति देती हैं।जिलाधिकारी ने कहा कि पूर्वी चंपारण में औद्योगिक एवं उद्यमिता गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए जिला प्रशासन की ओर से आवश्यक सहयोग और मार्गदर्शन उपलब्ध कराया जा रहा है। रोजगार सृजन करने वाली इकाइयों को प्रोत्साहित करना प्रशासन की प्राथमिकता है। निरीक्षण के दौरान सहायक समाहर्ता, महाप्रबंधक जिला उद्योग केंद्र, जिला योजना पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी एवं अनुमंडल पुलिस उपाधीक्षक, ढाका सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

### हरसिद्धि के सोनबरसा सरेह में पेड़ से लटकता मिला युवक-युवती का शव

#### इलाके में फैली सनसनी, पुलिस जांच में जुटी

**तुरकौलिया(एनएसबी)।** हरसिद्धि थाना क्षेत्र अंतर्गत सोनबरसा गिरि टोला सरेह (चौर) से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। सरेह में स्थित एक पेड़ से एक युवक और युवती का शव फंदे से लटकता हुआ बरामद किया गया है। दिन-दहाड़े सरेह में दोनों के शव मिलने की खबर जंगल में आग की तरह फैल गई, जिसके बाद मौके पर स्थानीय ग्रामीणों की भारी भीड़ जमा हो गई।

#### पहचान में जुटी पुलिस, प्रेम-प्रसंग की चर्चा

घटना की जानकारी मिलते ही हरसिद्धि थाना पुलिस दल-बल के साथ मौके पर पहुंची। खबर लिखे जाने तक मृत युवक और युवती की पहचान नहीं हो सकी है। स्थानीय लोगों के बीच दोनों के प्रेमी-प्रेमिका होने और किसी कारणवश आत्मघाती कदम उठाने की जोरदार चर्चा है। हालांकि, पुलिस हर कोण से मामले की तफ्तीश कर रही है।

#### टीम ने जुटाए वैज्ञानिक साक्ष्य

मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए फरेंसिक साइंस लैब (थ्ैस्) की विशेष टीम को भी घटनास्थल पर बुलाया गया है। फरेंसिक एक्सपर्ट्स ने मौके से फिंगरप्रिंट्स और अन्य वैज्ञानिक साक्ष्य एकत्र किए हैं। पुलिस प्रशासन यह पता लगाने में जुटा है कि मामला आत्महत्या का है या फिर किसी ने हत्या कर साक्ष्य छिपाने की नियत से शवों को पेड़ से लटकाया है। पुलिस ने दोनों शवों को पेड़ से उतरवाकर पंचनामा तैयार किया और पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल, मोतिहारी भेज दिया है। आसपास के सभी थानों को गुमशुी की रिपोर्टो का मिलान करने और मृतकों की पहचान स्थापित करने के लिए सूचित कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट और एफएसएल जांच के आधार पर आगे की वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

### हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा हम सेकुलर का कार्यक्रम आज

**दरभंगा (एनएसबी)।** शनिवार 12 सितंबर को केवटी स्थित पाराडीह दुर्गा मंदिर मैदान में सुबह 11 बजे से हिंदुस्तानी अवाम मोर्चा हम सेकुलर की ओर से गरीब चौपाल यात्रा कई जिला में होते हुए दरभंगा में होने जा रही है। कार्यक्रम में उदघाटनकर्ता पूर्व मुख्यमंत्री व हम के संस्थापक, केंद्रीय मंत्री, जीतन राम मांझी एवं मुख्य अतिथि हम के राष्ट्रीय अध्यक्ष सह बिहार सरकार के मंत्री,ड़ संतोष कुमार सुमन होंगे। जानकारी हम के दरभंगा से जिलाध्यक्ष, आर के दत्ता ने दिया।

### सड़क दुर्घटना में तीन युवक घायल, एक रेफर

कल्याणपुर एनएसबी। कल्याणपुर प्रखंड क्षेत्र में हुई अलग-अलग सड़क दुर्घटनाओं में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों की पहचान विरसिंहपुर गांव निवासी 26 वर्षीय मंटून कुमार एवं 19 वर्षीय मोहम्मद शाहिल तथा गोपालपुर गांव निवासी 18 वर्षीय सोनू कुमार के रूप में हुई है। दुर्घटना के बाद परिजनों के सहयोग से सभी घायलों को इलाज के लिए सामुदायिक अस्पताल कल्याणपुर में भर्ती कराया गया। चिकित्सकों ने घायलों का प्राथमिक उपचार किया। सोनू कुमार की स्थिति गंभीर देखते हुए बेहतर इलाज के लिए सदर अस्पताल समस्तीपुर रेफर कर दिया गया। प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी ड़ बीक़े ठाकुर ने इसकी जानकारी दी।

## संक्षिप्त खबरें

### कनरिया पुलिस की बड़ी कार्रवाई, देसी कट्टा व चार जिंदा कारतूस के साथ दो गिरफ्तार

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** कनरिया थाना पुलिस ने अपराध नियंत्रण को लेकर चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए एक देसी कट्टा एवं चार जिंदा कारतूस के साथ दो आरोपितों को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार यह कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान विनोद सादा उर्फ बिलायती सादा, पिता स्व. सैनी सादा, निवासी खर्रा वार्ड संख्या-08, थाना कनरिया तथा ध्रुव कुमार, पिता उमेश चैधरी, निवासी दह वार्ड संख्या-11, थाना कनरिया, जिला सहरसा के रूप में की गई है। पुलिस ने दोनों के कब्जे से एक देसी कट्टा और चार जिंदा कारतूस बरामद किए हैं। पुलिस द्वारा दोनों आरोपितों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई की जा रही है। थाना पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में अवैध हथियार रखने वालों के बीच हड़कंप है।



### काशनगर पुलिस ने मैना पुल समीप 31 किलो गांजा के साथ दो तस्कर को किया गिरफ्तार

**सोनवषार्राज (एनएसबी)।** काशनगर थाना पुलिस ने शुक्रवार दोपहर एनएच-107 स्थित मैना पुल के पास से करीब 31 किलो गांजा के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार तस्करों की पहचान खगड़िया जिले के मुफस्सिल थाना क्षेत्र के अकनिया निवासी अर्जुन पासवान और बेगूसराय जिले के छोटी बलिया थाना क्षेत्र के बड़ी बलिया निवासी पंकज यादव के रूप में हुई है। काशनगर थानाध्यक्ष बजरंगी कुमार ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने मैना पुल के समीप बस से उतरने के बाद दोनों को हिरासत में लिया। तलाशी के दौरान एक थैले और प्लास्टिक की बाल्टी में रखा करीब 31 किलो गांजा बरामद हुआ। दंडाधिकारी सह सीओ ललन चौधरी की मौजूदगी में गांजे की नापी कर जब्ती सूची तैयार की गई। दोनों के खिलाफ मामला दर्ज कर न्यायिक हिरासत में भेजने की कार्रवाई की जा रही है।



### फसल क्षति के अनुरूप अनुदान नहीं मिलने पर किसान ने बीएओ को दिया आवेदन

**सोनवषार्राज (एनएसबी)।** देहद पंचायत के पदमपुर गांव निवासी किसान सह पूर्व जिला पार्षद अमरेंद्र भास्कर ने फसल क्षति के अनुरूप अनुदान की राशि नहीं मिलने को लेकर सोनवषार्राज के बीएओ रवी कुमार को आवेदन देकर समुचित अनुदान दिलाने की मांग की है। आवेदन के अनुसार बीते मार्च माह में आए चक्रवाती तूफान से खेत में लगी मक्का की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई थी। किसान ने बिहार राज्य फसल सहायता योजना के तहत ऑनलाइन आवेदन किया था। इसमें फसल क्षति का रकबा 161.5305 डिसमिल दर्ज किया गया था। किसान के अनुसार उन्होंने आवश्यक दस्तावेज किसान समन्वयक को उपलब्ध कराया था, जिसका भौतिक सत्यापन भी किया गया। सत्यापन के आधार पर करीब 12 हजार रुपये क्षतिपूर्ति राशि का अनुमान लगाया गया था। इसके बावजूद 9 सितंबर को किसान के बैंक खाते में मात्र दो हजार रुपये अनुदान राशि भेजी गई। किसान का कहना है कि गांव के उनसे छोटे रकबे वाले अन्य किसानों को भी 10-10 हजार रुपये तक की राशि मिली है। उन्होंने विभाग से दस्तावेजों एवं फसल क्षति का पुनः जांच कर शेष उचित अनुदान राशि दिलाने की मांग की है।इस संबंध में प्रखंड कृषि पदाधिकारी रवि कुमार ने बताया कि आवेदन मिला है शनिवार को जांच कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।



### 9 वीं राष्ट्रीय पोषण माह 2026 को लेकर दिए गए कई दिशा निर्देश

**बिस्फी (एनएसबी)।** महिला एवं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के निर्देश पर प्रखंड क्षेत्र के सभी आंगनबाड़ी केदो पर 9 वॉ राष्ट्रीय पोषण माह 2026 आयोजित किए जाएंगे. यह विशेष अभियान 8 अक्टूबर 2026 तक किया जाएगा. इस संबंध में सीडीपीओ अहमद रजा खॉ ने सभी पर्यवेक्षकों एवं आंगनबाड़ी सेविका और सहायिकाओं को आवश्यक दिशा निर्देश जारी कर दिया है. इस वर्ष राष्ट्रीय पोषण माह की मुख्य थीम हमारी आंगनबाड़ी हमारी जिम्मेदारी तय की गई है. सीडीपीओ ने कहा कि अभियान का मुख्य उद्देश्य व्यक्तिगत एवं सामुदायिक स्तर पर व्यवहार परिवर्तन को बढ़ावा देना तथा कुपोषण के प्रति लोगों को जागरूक करना है. इसके लिए 9 अक्टूबर तक राष्ट्रीय आयोजन किया जा रहा है. इस अभियान के तहत कैलेंडर जारी कर गतिविधि निर्धारित की गई है. जिसमें विभिन्न गतिविधियों को आयोजित कर बच्चों, गर्भवती महिलाओं, किशोरियों एवं समुदाय के स्वास्थ्य सुधार के लिए व्यापक जागरूकता अभियान चलाया जाना है. इसके अंतर्गत आहार विधिवत एवं पर्याप्त प्रोटीन, आंगनबाड़ी केदो पर ताजा एवं गर्म भोजन, सामुदायिक स्वामित्व एवं जवाबदेही, बल विकास के लिए पोषण एवं प्रारंभिक उद्दीपन, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना तथा मातृ स्वास्थ्य के लिए नगद अंतरण के बारे में लोगों को जागरूक किया जाना है. ताकि हमारी अगली पीढ़ी स्वास्थ्य हो सके. कहा कि गर्भवती महिलाओं और छोटे-छोटे बच्चों को पौष्टिक आहार ग्रहण कर ही बेहतर पोषण किया जा सकता है. और बेहतर पोषण के बच्चे स्वस्थ होंगे.तो हमारी अगली पीढ़ी स्वास्थ्य होगी.

### माइक्रोबायोलॉजी विभाग में हो रहे जांच कार्यों का लिया जायजा

**दरभंगा (एनएसबी)।** डॉ आराधना चौहान क्यूएमएस विशेषज्ञ, माइक्रोबायोलॉजिस्ट ने शुक्रवार को दरभंगा मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग में हो रहे जांच कार्यों का जायजा ली, विभाग में हो रहे जांच से संबंधित उपकरणों एवं वायरोलॉजी सीरोलोजी और बैक्टीरियोलॉजी में हो रहे जांच की जानकारी ली। एवं उन्होंने मेडिकल लैब टेक्नीशियन अकील अहमद से बैक्टीरियोलॉजी सेक्शन में हो रहे कल्चर और सेंसिटिविटी जांच की विस्तृत रुप से जानकारी ली, उन्होंने ब्लड कल्चर, फ्लूड कल्चर, बायोकेमिकल टेस्ट, एटीसीसी और एंटीबायोग्राम को भी देखी और बैक्टीरियोलॉजी सेक्शन में हो रहे गुणवत्तापूर्ण जांच कार्य की सराहना की । बैक्टीरियल ग्रोथ में सीएलएसआई गाइडलाइन के अनुसार सेंसिटिविटी जांच के लिए उपयोग किए जा रहे अलग-अलग बैक्टीरिया के अनुसार लगाए जाने वाले अलग-अलग एंटीबायोटिक उपयोग किए जाने पर उन्होंने कार्यों की सराहना कि। उनके साथ फाइंड कि रंजना पांडे भी मौजूद थी।



### पुलिस पर हमला मामले में फरार आरोपी के घर इश्तेहार चस्पा

**सिंहवाड़ा (एनएसबी)।** स्थानीय थानाक्षेत्र के लोरिका गांव मे पुलिस पर हमला करने के मामले मे फरार आरोपी प्रदुम्न सहनी के घर पुलिस ने चस्पा किया। पुलिस सूत्रो के अनुसार लोरिका गांव में हुई हिंसक घटना के दौरान पुलिस दल पर हमला किया गया था।इस दौरान उग्र भीड़ ने पुलिसकर्मियों के साथ गाली-गलौज करते हुए ईंट-पत्थर चलाए थे।

# खाने-पीने के विवाद ने लिया खूनी रूप, मारपीट में युवक की मौत; दो गिरफ्तार

**सहरसा नगर (एनएसबी)।** नवहट्टा थाना क्षेत्र के पश्चिम बालू टोला में खाने-पीने को लेकर शुरू हुआ विवाद देखते ही देखते मारपीट में बदल गया। घटना में गंभीर रूप से घायल एक युवक की इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना के बाद नवहट्टा थाना पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए तीन घंटे के भीतर हत्या कांड के दो मुख्य आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार 10 सितंबर 2026 की रात करीब 8,30 बजे पश्चिम बालू टोला, वार्ड संख्या-09 में नीतीश महतो और उनके पिता के बीच खाने-पीने को लेकर विवाद चल रहा था। इसी दौरान मिथुन महतो और उसके परिवार के अन्य सदस्य वहां पहुंच गए। आरोप है कि इस दौरान गाली-गलौज एवं धमकी के बाद दोनों पक्षों में मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में नीतीश कुमार महतो गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तत्काल प्राथमिक उपचार के लिए सदर अस्पताल, सहरसा ले जाया गया, जहां चिकित्सक ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच शुरू की। मृतक के पिता धर्मेंद्र कुमार के फर्द बयान के आधार पर नवहट्टा थाना कांड संख्या 206/2026 दर्ज किया गया। पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर के नेतृत्व में विशेष अनुसंधान एवं छापेमारी टीम गठित की गई। विशेष टीम ने तकनीकी एवं मानवीय सूचना के आधार पर लगातार कार्रवाई करते हुए घटना के मुख्य आरोपित मिथुन महतो और नूतनलाल महतो को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के मुताबिक दोनों आरोपित बालू टोला, वार्ड संख्या-09, थाना नवहट्टा के निवासी हैं। मामले में पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।



## नए भवन में जल्द शुरू होगा बनमा ईटहरी थाना का संचालन



**बनमा ईटहरी (सहरसा) (एनएसबी)।** थाना का संचालन जल्द ही नए भवन से शुरू होने की उम्मीद है। गुरुवार को सहरसा के पुलिस अधीक्षक विक्रम सिहाग ने बनमा ईटहरी थाना का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने थाना की पुलिस व्यवस्था, लंबित मामलों और निमार्णाधीन नए थाना भवन की स्थिति की जानकारी ली। निरीक्षण के बाद पत्रकारों से बातचीत में एसपी ने बताया कि नए थाना भवन का मुख्य निर्माण कार्य पूरा हो चुका है। भवन को व्यवस्थित और सुविधाजनक बनाने के लिए फिनिशिंग समेत कुछ जरूरी कार्य अभी चल रहे हैं। बिजली, पानी, कार्यालय कक्ष समेत अन्य आवश्यक सुविधाएं पूरी होने के बाद भवन को भवन निर्माण विभाग द्वारा पुलिस विभाग को हस्तांतरित किया जाएगा। इसके बाद थाना को नए परिसर में स्थानांतरित किया जाएगा। एसपी ने कहा कि नए भवन में पुलिस पदाधिकारियों और कर्मियों के साथ आम लोगों को भी बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। सभी जरूरी व्यवस्थाएं पूरी होने के बाद ही नए भवन से थाना का संचालन शुरू किया जाएगा। निरीक्षण के दौरान एसपी ने थाना में लंबित कांडों, वारंटों के निष्पादन, अपराध नियंत्रण, शराब के खिलाफ कार्रवाई और विधि-व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने थानाध्यक्ष को लंबित मामलों का त्वरित निष्पादन करने तथा आम लोगों की शिकायतों पर तत्परता से कार्रवाई करने का निर्देश दिया। नए भवन में थाना स्थानांतरित होने के बाद क्षेत्र के लोगों को पुलिस से संबंधित सेवाओं के लिए बेहतर और सुविधाजनक माहौल मिलने की उम्मीद है।

## 14 सितम्बर सोमवार को होगा हरितालिका तीज एवं मिथिला का विशिष्ट पर्व चौठचंद्र पूजा : पंडित तरुण झा



ब्रज किशोर ज्योतिष संस्थान एवं फाउंडेशन डॉ रहमान चौक सहरसा बिहार के संस्थापक एवं मिथिला के प्रसिद्ध ज्योतिषाचार्य पंडित तरुण झा जी ने बताया है की मिथिला में विश्वविद्यालय पंचांग के अनुसार हरितालिका तीज व्रत एवं चौरचन 14 सितम्बर को है, इस दिन भगवान गणेश की पूजा अवश्य होनी चाहिये, विघ्नहर्ता की कृपा बनी रहती है,साथ ही बताते चलें की भगवान वराह का अवतार दिवस भी इसी दिन है, भगवान वराह ने दुष्ट हिरणयाक्ष का वध किया था!

हरितालिका तीज में डाली 07.28 मिनट सुबह में तृतीया तिथि में भरा जाना जाये तो सर्वश्रेष्ठ अन्यथा उदया तिथि के अनुसार सूर्यास्त तक डाली भरा जा सकता है!

इस दिन सुहागिन औरतें अपने पति की लंबी आयु संतान की लम्बी आयु के लिए निर्जला व्रत रखती हैं और भगवान शिव के साथ माँ पार्वती की पूजा करती है पूजा के समय हरितालिका तीज की व्रत कथा भी अवश्य पढ़नी चाहिए !

मिथिला का अति विशिष्ट पर्व भाद्र शुक्ल पक्ष चतुर्थी चंद्र पूजा के लिए 14 सितम्बर सोमवार को संध्या बेला में मनाया जायेगा!

पंडित तरुण झा के अनुसार जैसे कि सूर्य देव की आराधना करने के लिए छठ पर्व मनाए जाते हैं तो इसी तरह चंद्र देव की आराधना करने के लिए चौरचन का त्योहार मनाया जाता है चौरचन में चन्द्रमा की पूजा संध्या काल में होती है इस दिन सुबह से लेकर शाम तक व्रती व्रत रखती हैं शाम में चावल पीसकर पीठार से अरिपण तैयार की जाती है इस त्योहार पर मीठे पकवान खीर, मिठाई और फल आदि रखे जाते हैं इस त्योहार में छाछी के दही का बहुत ज्यादा महत्व है!!!

चतुर्थी में चंद्रमा की पूजा की जाती है

इसके बाद पकवानों की डाली और फल की डाली एवं छाछी वाले दही के बर्तन चंद्र देव को भोग लगाये जाते हैं!

------------------------

डाली को उठाकर ये मंत्र पढ़ना है :------------------------

सिंह प्रसेन मवधीत्सिंहो जाम्बवताहत :

सुकुमारक मा रोदीस्तव ह्येष स्यमन्तक :

-------------------------

दही को उठा ये मंत्र पढना है :-

-------------------------

--दिव्यशंखतुषाराभं क्षीरोदार्णवसंभवम्

नमामि शशिनं भक्त्या शंभोमुर्कुट भूषणम्

# कोसी स्नातक एमएलसी चुनाव की तैयारियों को लेकर सहरसा पहुंचे प्रशांत किशोर, प्रत्याशी चयन और चुनावी रणनीति पर हुई चर्चा

**पीके ने सम्राट चैधरी के बयान पर किया पलटवार, बोलेः सम्राट चैधरी जैसे अनपढ़, अपराधी के हाथ में बिहार को छोड़कर जा नहीं सकते**



**सहरसा शहर (एनएसबी)।**जन सुराज के सूत्रधार एवं बांकीपुर से विधायक प्रशांत किशोर आगामी कोसी स्नातक निर्वाचन क्षेत्र के एमएलसी चुनाव को लेकर जिला परिषद प्रांगण स्थित 'पूजा बैंक्वेट हॉल' में आयोजित महत्वपूर्ण बैठक में शामिल हुए। बैठक की अध्यक्षता जन सुराज पार्टी के जिला अध्यक्ष कुमार अमृत राज ने की। बैठक में सहरसा, मधेपुरा, खगड़िया और सुपौल के पार्टी पदाधिकारी मौजूद रहे। इस दौरान चुनाव की तैयारियों, संभावित प्रत्याशियों के चयन और चुनाव अभियान की रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा हुई। प्रशांत किशोर ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि यह जो पूरी परिचर्चा है, यह लोकतांत्रिक तरीके से जन सुराज से जुड़े हुए लोगों हम लोगों के पदाधिकारियों और कार्यकताओं की भावनाओं का सम्मान करते हुए प्रत्याशी चुनने की एक प्रक्रिया है। कोशिश है कि सब लोगों की राय-विचार से मिलकर एक ऐसा प्रत्याशी चुना जाए, जो कल जीतकर आकर बिहार की बेहतरी के लिए, बिहार में बदलाव के लिए, बच्चों की शिक्षा और रोजगार के लिए काम कर सके।इस दौरान पीके ने सम्राट चैधरी के ह्यबेचारेह्न वाले बयान पर पलटवार करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री जी को किसी ने ह्यबेचाराह्न शब्द का शाब्दिक अर्थ नहीं समझाया है। बेचारा वो है जिसके पास कोई चारा नहीं है। तो बिहार को सुधारने के संकल्प के सामने हमारे पास कोई चारा नहीं है और हम सम्राट चैधरी जैसे अनपढ़, अपराधी के हाथ में बिहार को छोड़कर जा नहीं सकते हैं। उस नजरिए से हम बेचारे ही हैं। उन्होंने बिहार में बाढ़ संकट का जिक्र करते हुए कहा कि बिहार में पहली बार बाढ़ की स्थिति भयावह नहीं हुई है और कोसी क्षेत्र से ज्यादा इस दर्द को कौन समझता है। यह समस्या 80 वर्षों से है। यह सवाल नरेंद्र मोदी और सम्राट चैधरी से है कि 20 वर्षों से आप सत्ता में हो, आखिर बिहार को इस अभिशाप से कब राहत मिलेगी? हम आपको बता दे रहे हैं कि बाढ़ से लोगों को राहत नहीं मिलने वाली है। क्योंकि बिहार में बाढ़ सत्तासीन लोगों की कमाई का सबसे बड़ा जरिया है। बांध बनाने में चोरी, बांध को तोड़ने में चोरी, इसके बाद बाढ़ राहत में चोरी। कोई रोग फैल जाए तो उसमें चोरी। सरकार में बैठे लोग कभी नहीं चाहते हैं कि बाढ़ की समस्या से लोगों को राहत मिले। अगर बाढ़ की समस्या खत्म हो जाएगी, तो इतनी कमाई कैसी होगी? बिहार में गठबंधन की सरकार में विभागों की मारा-मारी रहती है। जल संसाधन विभाग ऐसा विभाग है, जिसे सत्तासीन दल कभी नहीं छोड़ता है। नीतीश कुमार इतने दिनों तक मुख्यमंत्री रहे, सारा विभाग बंटा, उपमुख्यमंत्री दूसरे को बना देंगे, लेकिन जल संसाधन मंत्री का विभाग अपने पास ही रखते हैं। क्योंकि यह कमाई का सबसे आसान जरिया है। मौके पर प्रदेश महासचिव नवल किशोर सिंह, ओबीसी विंग के प्रदेश अध्यक्ष ललन कुमार यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष पूर्व विधायक किशोर कुमार मुन्ना, प्रदेश अल्प संख्यक प्रकोष्ठ के वरिष्ठ नेता सरवर अली, प्रदेश संगठन महामंत्री सुभाष कुशवाहा, जिला परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि सुरेंद्र कुमार यादव, सुपौल जिला अध्यक्ष अनिल कुमार सिंह, मधेपुरा जिला अध्यक्ष गजेंद्र यादव, खगड़िया जिला अध्यक्ष गजेंद्र सिंह निषाद,विमलकांत झा,बीरबल झा,डा रजनीश रंजन, डा विमला कुमारी,किशोर कुमार सहित अन्य मौजूद थे।

# भाजपा जिलाध्यक्ष ने गिनाई मोदी सरकार की उपलब्धियां

**सहरसा(एनएसबी)।** आज सहरसा जिला अतिथि गृह में भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष साजन शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित प्रेस वार्ता में बिहार विधान परिषद के सदस्य, भाजपा के प्रदेश उपाध्यक्ष एवं कोसी क्षेत्र के संगठन प्रभारी अनिल ठाकुर जिला महामंत्री द्वय शिव भूषण सिंह भैरवानंद झा जिला मिडिया प्रभारी सुमित सिन्हा महिला मोर्चा जिलाध्यक्ष सुगामनी देवी उपस्थित रहे। विधानपार्षद अनील ठाकुर ने संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 25 साल पुरे होने के अवसर पर 2001 से मुख्यमंत्री 2014 से प्रधान मंत्री 25 साल बेमिसाल 25 वर्ष सार्वजनिक जीवन एवं उनके नेतृत्व में देश के विकास की उपलब्धियों पर विस्तार से चर्चा की।चर्चा करते हुए कहा कि 17 सितंबर से 17 अक्टूबर तक एक महीना तक 13 कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे जिसमें 17 सितंबर को जन्म दिन पर सभी घरों में लाभूकों द्वारा एवं मठ मंदिर में आशिर्वाद दिया जलायें जाएंगे केंद्र की मोदी सरकार द्वारा जनहित में संचालित विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की जानकारी प्रेस प्रतिनिधियों के समक्ष साझा की। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने विकास, सुशासन, गरीब कल्याण, महिला सशक्तिकरण, युवा विकास, किसान हित तथा बुनियादी सुविधाओं के क्षेत्र में महत्वपूर्ण प्रगति की है।प्रेस वार्ता के दौरान केंद्र सरकार की उपलब्धियों एवं जनकल्याणकारी योजनाओं को आम लोगों तक पहुंचाने तथा सरकार के कार्यों के प्रति जागरूकता बढ़ाने पर भी चर्चा हुई।



## अरसी चौक पर दो बाइक की आमने-सामने टक्कर, युवक गंभीर

**सोनवषार्राज (एनएसबी)।** काशनगर थाना क्षेत्र के अरसी चौक पर शुक्रवार को दो बाइक की आमने-सामने टक्कर में कोपा गांव निवासी राजेश कुमार (38) गंभीर रूप से जख्मी हो गए। वे सोहन रजक के पुत्र हैं। घटना के बाद काशनगर थाना की डायल-112 टीम मौके पर पहुंची और घायल को तत्काल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सोनवषार्राज पहुंचाया, जहां उनका इलाज चल रहा है। हादसे के बाद कुछ देर तक मौके पर अफरातफरी की स्थिति बनी रही।



# सहरसा की बहू अनुपम ने एम्स नर्सेस चुनाव जीत बनाया इतिहास, सर्वाधिक मत पाकर अनुपम नर्सिंग ऑफिसर्स की बनी पसंद

**संयुक्त सचिव पद पर हुई काबिज, पहली बार में धमाकेदार एंट्री**

**सहरसा शहर (एनएसबी)।** जिले के महिषी प्रखंड के बलुआहा गांव की बहू अनुपम कुमारी ने देश के सबसे प्रतिष्ठित स्वास्थ्य संस्थान एम्स दिल्ली में नर्सेस यूनियन चुनाव में रिकॉर्ड जीत हासिल की है। एम्स नर्सेस यूनियन चुनाव 2026 में सर्वाधिक मत हासिल करते संयुक्त सचिव पद पर जीत दर्ज करने वाली वे पहली बिहारी है। उन्हें कुल 2660 मत मिले और 200 मतों से उन्होंने जीत हासिल की। अनुपम ने टीम संकल्प की ओर से चुनाव में धमाकेदार उपस्थिति दर्ज कराई। वह पहली उम्मीदवार रही जिस पर हर किसी ने भरोसा जताया और नर्सिंग ऑफिसर्स की पसंद बनी। उनकी इस जीत को एम्स के नर्सिंग समुदाय में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है। एम्स दिल्ली में नर्सिंग मेडिकल ऑफिसर पद पर कार्यरत अनुपम की पहचान शुरू से कर्मठ, संघर्षशील, भरोसेमंद और मददगार छवि की रही है। नर्सिंग ऑफिसर्स के मान सम्मान और हक की लड़ाई हमेशा से वह लड़ती आई। यही वजह रहा कि क्षेत्र, जाति व धर्म की सीमाओं को तरजीह नहीं देते नर्सिंग ऑफिसर्स ने अनुपम के काम, नेतृत्व और विश्वास को प्राथमिकता दी। अनुपम ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह मेरी अकेले की जीत नहीं उन सभी नर्सिंग ऑफिसर्स की जीत है जिन्होंने अपने मत और विश्वास देकर मेरे ऊपर भरोसा जताया है। मेरी प्राथमिकता नर्सिंग ऑफिसर्स के अधिकार, सम्मान, बेहतर कार्य परिस्थिति और नर्सिंग प्रोफेशन जैसे मुद्दे को मजबूती से उठाकर उसे पूरा कराना होगा। उधर, पूर्व सरपंच रामेश्वर दास, परमेश्वर दास की पुत्रवधू और एम्स दिल्ली के रेडियोलॉजी विभाग में कार्यरत टेक्निकल ऑफिसर रमण कुमार की धर्मपत्नी के जीत से बलुआहा गांव में जश्न का माहौल है। वहीं अनुपम के पैतृक गांव मधेपुरा जिले के ग्वालपाड़ा में पिता प्रभाकर लाल दास सहित ग्रामीण काफी खुश हैं।



संक्षिप्त खबरें

## एक दिवसीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता खगड़िया में

**खगड़िया।** आगामी 13 सितंबर को जय खगड़िया शतरंज क्लब के तत्वाधान में शारदा देवी उजियार साह मेमोरियल एक दिवसीय राज्य स्तरीय ओपन शतरंज प्रतियोगिता का आयोजन खगड़िया एन ए सी रोड के आमंत्रण बैंट भवन में किया जा रहा है। 12000 इनामी राशि के इस एक दिवसीय रैपिड शतरंज प्रतियोगिता में राज्य के अनेक जिलों के जूनियर एवं सीनियर सभी खिलाड़ी भाग ले सकेंगे। जूनियर, सीनियर बालक बालिका, महिला एवं वेटरन खिलाड़ियों के लिए अलग-अलग इनामी राशि, ट्रफी, मेडल पुरस्कार में दिए जाएंगे। पहले राउंड की प्रतियोगिता 10 बजे से प्रारंभ की जाएगी। उक्त जानकारी नशा मुक्त भारत के संस्थापक सह राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम कुमार यशवंत ने दी है। यशवंत ने आगे बताया कि यह प्रतियोगिता शतरंज अभ्यास के लिए कराई जा रही है ताकि खिलाड़ी गण आगामी आने वाले फिडे रेटिंग प्रतियोगिता या राष्ट्रीय चयन प्रतियोगिता में बढ़-चढ कर अपनी प्रतिभा दिखा सकेंगे। यह प्रतियोगिता जिले के शतरंज प्रशिक्षक व अंतर्राष्ट्रीय रेटेड शतरंज खिलाड़ी सह सिनियर राष्ट्रीय निर्णायक जे के जवाहर एवं फिडे निर्णायक चन्द्र राज के साथ खगड़िया के स्टार अंतरराष्ट्रीय रेटेड शतरंज खिलाड़ी माधव कुमार यशवंत की देख रेख में समपन्न की जाएगी।जूनियर एवं वेटरन खिलाड़ियों के लिए गूगल फर्म में पंजीकरण करना अनिवार्य होगा ताकि उनका आयु वर्ग निर्धारित किया जा सके।

## पत्नी से परेशान पति ने थाना में दिया आवेदन

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के बोबिल गांव की रहनेवाली एक महिला दो बच्चों की मां बार-बार अपने ससुराल से बिना बताए मायके भाग जाती है। इस बात से परेशान होकर पीड़ित जनार्धन पासवान के28 वर्षीय पुत्र पति पंकज कुमार ने बेलदौर थाना अध्यक्ष को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाई है। पीड़ित पंकज कुमार के अनुसार उनकी शादी सहरसा जिले के सराही पासवान टोला निवासी शत्रुघ पासवान की पुत्री तारा देवी के साथ हिंदू रीति-रिवाज से धूमधाम से हुई थी। शादी के बाद दोनों के दो बच्चे भी हुए। पीड़ित का आरोप है कि उनकी पत्नी किसी अज्ञात युवक से मोबाइल पर लगातार बात करती है। जब भी वह रोजी-रोटी कमाने चंडीगढ़ जाते हैं, तो पत्नी अपनी मर्जी से दोनों बच्चों को लेकर मायके चली जाती है। विरोध करने पर मायके पक्ष के लोग पति को झूठे मुकदमे में फंसाने की धमकी देते हैं।ताजा घटना 7 सितंबर की है। पीड़ित का आरोप है कि इस बार उनकी पत्नी बक्से का ताला तोड़कर उसमें रखे 35 हजार रुपये नकद और करीब 70 हजार रुपये के कीमती जेवर लेकर मायके फरार हो गई। पति ने बताया कि इस विवाद को सुलझाने के लिए पूर्व में कई बार सामाजिक पंचायत भी बुलाई गई, लेकिन बात बनने के बजाय पत्नी ने खुदकुशी करने की धमकी और प्रयास तक कर डाला। इस संबंध में बेलदौर थाना अध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि पीड़ित युवक द्वारा लिखित आवेदन मिला है। पुलिस मामले की गंभीरता से छानबीन कर रही है और जांच के बाद दोषियों पर उचित कानूनी कार्रवाई की जाएगी। हलांकि महिला पक्ष के द्वारा इस मामले में किसी प्रकार की जानकारी नही मिली है।

## असमाजिक तत्वों एवं नशेड़ियों के कारण ग्रामीण आक्रोशित

**बेलदौर।** प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विद्यालय बेलदौर इन दिनों असामाजिक तत्वों एवं नषेरियों का अड्डा बन गया है। विद्यालय बंद होते ही बेलदौर बाजार सहित आसपास के गांवों के मनचले और स्मैक पीने वाले युवक यहाँ पहुँच जाते हैं, जिससे न केवल विद्यालय की संपत्ति को नुकसान पहुँच रहा है बल्कि आसपास का माहौल भी खराब हो रहा है। असामाजिक तत्वों ने विद्यालय में लगे करीब आधा दर्जन पंखों को क्षतिग्रस्त कर दिया है और बिजली की वायरिंग को भी तोड़-फोड़ कर पूरी तरह बर्बाद कर दिया है। इसके अलावा ये युवक मोहल्ले की लड़कियों और राहगीरों पर फब्तियाँ कसते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी कोई स्थानीय निवासी इन युवकों को मना करने या रोकने की कोशिश करता है तो उनके परिजन उल्टे दरवाजे पर आकर गाली-गलौज और झगड़ा करने पर उतारू हो जाते हैं।स्थानीय निवासियों में इस बात को लेकर गहरा आक्रोश है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि समय रहते प्रशासन ने इस पर सख्त कदम नहीं उठाए तो यहाँ कभी भी कोई बड़ी अप्रिय घटना घट सकती है। ग्रामीणों ने बेलदौर पुलिस प्रशासन और अंचल अधिकारी से मांग किया है कि विद्यालय का समय खत्म होने के बाद शाम और रात के वक्त पुलिस बल की नियमित गश्ती बढ़ाई जाए। ग्रामीणों का मानना है कि पुलिस की कड़ाई से ही स्मैकियों और उपद्रवियों पर नकेल कसी जा सकती है।

# महागठबंधन के नेताओं ने बाढ़ग्रस्त क्षेत्रों का किया दौरा, आपदा क्षेत्र घोषित करने की मांग

**खगड़िया (डीएनएस)।** सीपीआईएम के राज्य सचिव मंडल सदस्य संजय कुमार के नेतृत्व में सीपीआईएम,राजद और कांग्रेस का संयुक्त टीम जिला में आई बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सघन दौरा कर पीड़ितों से मिल कर उनका हाल जाना और सरकार तथा प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत कार्यो की जानकारी हासिल किया। महागठबंधन टीम में संजय कुमार के अलावे परबत्ता और गोगरी में सीपीआईएम जिला सचिव सुरेन्द्र प्रसाद महतों,जिला सचिवमंडल सदस्य हरेराम चौधरी,अंचल सचिव नवीन चौधरी,राजद के वरिष्ठ नेता अखिलेश्वर दास,कांग्रेस के पूर्व प्रखंड अध्यक्ष प्रभाकर यादव,सीपीआईएम नेता पियूष कुमार पंकज और अर्जुन सिंह थे। जबकि खगड़िया के प्रभावित क्षेत्रों में संजय कुमार के साथ राजद के वरिष्ठ उपाध्यक्ष प्रमोद यादव,कांग्रेस नेता नवल यादव और सीपीआईएम जिला कमिटी सदस्य संजीव कुमार शामिल रहे। संजय कुमार ने कहा है कि गंगा नदी में हर साल आ रही बाढ़ से खगड़िया जिले की स्थिति काफी गंभीर हो जाती है। अभी आयी ताजा बाढ़ से भी खगड़िया,गोगरी और परबत्ता



निरीक्षण करते महागठबंधन नेतागण।

प्रखंड की बड़ी आबादी बाढ़ से पूरी तरह बर्बाद हो गई है। लोगों का आवागमन ठप्प हो गया है,घरों से बड़े पैमाने पर लोगों को पलायन कर सड़क,बांध या दूसरी उंची स्थानों पर पोलीथीन सीट्स के नीचे जीवन बिताना पड़ रहा है। खाना, पानी, शौचालय, पशुचारा सहित अन्य आवश्यक चीजों की भारी कठिनाई उत्पन्न हो गयी है। भ्रमण के दौरान ही कल लगार में 18 वर्षीय मेधावी छात्र नवनीत कुमार का पानी से घिरे अपने घर को देखने के क्रम डूब कर मौत हो गई। खबर मिलते ही पूरा महागठबंधन टीम परबत्ता अस्पताल पहुंचा और बाद में मृतक के घर पहुंच कर परिजनों को ढाढ़स दिया।सामुदायिक किचन प्रभावित क्षेत्रों में जहां भी चल रहा है,उस पर संख्याबल का लोड ज्यादा है,ऐसे में इसे और भी व्यवस्थित करने के लिए किचन की संख्या को बढ़ाना चाहिए। सलारपुर बांध के नीचे वाले,खगड़िया कुम्हरचक्की बाले और दुर्गापुर वाले सामुदायिक किचन में नीचे रोड पर गी के बगल में लोगों को खाना खिलाया जा रहा है,जिससे बीमारी का खतरा भी उत्पन्न हो सकता है। वहीं मध्य रहीमपुर के चम्मन टोला,जो बिल्कुल बाढ़ से त्रस्त है,वहां किचन का अब तक शुरू नहीं होना सरकार और प्रशासन की लचर व्यवस्था को दिखाता है। महागठबंधन के नेताओं ने कहा प्रभावित क्षेत्रों में नाव की संख्या आबादी के हिसाब से काफी कम है,जिसे तत्काल बढ़ाना होगा।पशुचारा,पीने के पानी की व्यवस्था कम पड़ने के चलते लोगों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि परबत्ता प्रखंड के तेमथा करारी, नयागांव, माधवपुर, लगार, सलारपुर ,बिसौनी, शिरोमणि टोला,गोगरी प्रखंड के चौधा बन्नी,नवटोलिया, भदले,बोरने, झिटकिया और रामपुर,खगड़िया प्रखंड के रहीमपुर दक्षिणी,रहीमपुर मध्य,रहीमपुर उत्तरी,मानसी प्रखंड के मटिहानी,जालिमबाबू टोला एवं पूरबी ठाठा और पंचायत सहित कई क्षेत्रों में बाढ़ से व्यापक नुकसान हुआ है। महागठबंधन की टीम ने जिला में आई बाढ़ की हालात को देखते हुए प्रभावित क्षेत्रों को बाढ़ग्रस्त क्षेत्र घोषित करने की मांग किया। सरकार द्वारा तय प्रावधानों के अनुसार सभी प्रभावित परिवारों को क्षतिपूर्ति एवं मुआवजा उपलब्ध कराने की भी मांग किया गया।

## ऑटो पलटने से आधे दर्जन लोग घायल

**बेलदौर।** थाना क्षेत्र के बोबिल पंचायत के हनुमान नगर गांव से खगड़िया कोर्ट लेकर जा रही एक अटो के पलटने से उस पर सवार नौ लोग घायल हो गए। घायलों में तीन की स्थिति गंभीर देख तत्काल इलाज कर उसे बेहतर इलाज के लिए खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया गया। घटना शुक्रवार को दिन के दस बजे के करीब बीपीमंडल पुल उसराहा के समीप हुई। सभी घायलों को आस-पास के लोगों के सहयोग से पीएचसी में भर्ती करवाया गया, जहां डक्टरों के द्वारा सबों का इलाज किया जा रहा है। घायलों का पहचान हनुमान नगर वार्ड नंबर तीन निवासी 72 वर्षीय अखिलेश्वर साह, 65 वर्षीय कमलेश्वरी साह, 65 वर्षीय विलास साह, 35 वर्षीय विनोद साह, वार्ड नंबर चार निवासी 65 वर्षीय गंगा साह, 60 वर्षीय रामनारायण साह, 50 वर्षीय रघुनन्दन साह, अटो चालक ब्रह्मदेव ठाकुर के पुत्र डिगो ठाकुर एवं मधेपूरा जिला के बुधमा थाना के साधोपुर पंचायत के वार्ड नंबर तीन मनिया गाछी निवासी 70 वर्षीय गणेश साह के रूप में की गई है। घायलों में से विनोद, विलास एवं गंगा साह के स्थिति गंभीर देख उसे प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया गया।



अस्पताल में भर्त्ती घायल।

## पसराहा रेलवे स्टेशन पर वाहन पार्किंग सुविधा शुरू

**पसराहा (डीएनएस)।** बरौनी-कटिहार रेल खंड पर स्थित पसराहा रेलवे स्टेशन पर यात्रियों और स्थानीय लोगों की सुविधा के लिए आधिकारिक वाहन पार्किंग स्थल की शुरुआत कर दी गई है। स्टेशन परिसर में पारंपरिक पूजा-अर्चना के साथ इस नई व्यवस्था का औपचारिक शुभारंभ किया गया। इस व्यवस्था के शुरू होने से अब साइकिल और मोटरसाइकिल से लेकर चार पहिया वाहनों को पार्क करने की उत्तम सुविधा उपलब्ध कराई गई है। अधित पार्किंग संचालक प्रशांत कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि परिसर में वाहनों के दैनिक प्रवेश के साथ-साथ महीनों तक सुरक्षित रखने का भी विशेष प्रबंध किया गया है। इससे पहले स्टेशन परिसर में सुरक्षा की कमी के कारण साइकिल चोरी की घटनाएं लगातार होती रहती थीं, जिससे रेल यात्रियों को भारी परेशानी और आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था। नई पार्किंग व्यवस्था लागू होने से न केवल चोरी की इन घटनाओं पर पूरी तरह अंकुश लगेगा, बल्कि स्टेशन के आसपास अव्यवस्थित ढंग से खड़े वाहनों से लगने वाले जाम से भी राहत मिलेगी। दैनिक यात्रियों के लिए यह सुविधा बेहद राहत भरी साबित होगी, क्योंकि अब वे बिना किसी चिंता के अपने वाहनों को सुरक्षित हाथों में सौंपकर निश्चिंतता के साथ अपनी रेल यात्रा पूरी कर सकेंगे।



पार्किंग स्थल।

## कटाव निरोधक कार्य में भारी अनियमितता का आरोप

**बेलदौर।** प्रखंड क्षेत्र के बलैठा पंचायत के मुनी टोला में चल रहे कटाव निरोधक कार्य में भारी अनियमितता का आरोप ग्रामीणों ने लगाया है। ग्रामीणों के अनुसार संवेदक चंदन कुमार, संजीव कुमार के द्वारा लगभग 510 मीटर मे एनसी एवं बंबू रोल का कार्य कराया जा रहा है। आरोप है कि कटाव निरोधक कार्य में उपयोग होने वाले एनसी (नायलन क्रेट) में मानक के अनुसार मिट्टी भरने के बजाय ठेकेदार द्वारा मात्र 25 किलो मिट्टी भरकर काम चलाया जा रहा है। ग्रामीणों ने बताया कि बाढ़ और कटाव के समय यही कार्य गांव की सुरक्षा के लिए है, लेकिन इसमें इस तरह की लापरवाही से पूरा इलाका फिर से कटाव की चपेट में आ सकता है। कम मिट्टी भरने से क्रेट बह जाने और बंबू रोल के कमजोर होने की आशंका है। ग्रामीणों ने जिला प्रशासन एवं संबंधित विभाग से मामले की जांच कर मानक के अनुसार गुणवत्तापूर्ण कार्य कराने की मांग की है।इस संबंध में संवेदक से संपर्क करने का प्रयास किया गया। संवेदक फोन उठाना मुनासिब नहीं समझा, वहीं विभागीय अधिकारियों का कहना है कि शिकायत मिलने पर जांच कर कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब हो कि इससे पहले भी जलसंसाधन विभाग के कार्यपालक अभियंता से बात की गयी थी तो उन्होने कहा कि हम मीडिया को बातों का साझा नही करते हैं।



कटास्थल।

## बेलदौर में नवविवाहिता की संदिग्ध मौत, शव बरामद

**बेलदौर।** बेलदौर नगर पंचायत के वार्ड नंबर 13 भैंसाडीह में एक नवविवाहिता की मौत को लेकर ससुराल एवं मायके पक्ष आमने-सामने हो गए हैं। दोनों पक्षों के लोग एक दूसरे पक्ष के लोगों को इस मौत के लिए जिम्मेवार ठहरा रहे है। नवविवाहिता के मौत की खबर पर शुक्रवार की सुबह में बेलदौर पुलिस और एफएसएल की टीम घटनास्थल पर पहुंच कर उपलब्ध जरूरी साक्ष्य को इकट्ठा कर इसका विश्लेषण कर रही है। पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर उसका पंचनामा बनाकर पोस्टमार्टम के लिए खगड़िया सदर अस्पताल भेज दिया। मृतका की पहचान भैंसाडीह निवासी रामबिलास चौधरी के बेटे सोनू कुमार की पत्नी सुशीला कुमारी के रूप में की गई है। घटना गुरुवार देर संध्या की बताई जा रही है। इस संबंध में में मृतिका के भाई गोविंद कुमार ने बताया कि वह मधेपुरा जिले के सुखासन गांव के रहने वाले हैं। गोविंद के मुताबिक लगभग आठ माह पहले उसकी बहन सुशीला कुमारी की शादी भैंसाडीह गांव के सोनू कुमार से हुई थी। शादी के बाद से ही सुशीला की सौतेली सास रीना देवी दहेज को लेकर उसे शारीरिक और मानसिक तौर पर प्रताड़ित कर रही थी। जिससे परेशान होकर सुशीला ने फांसी लगाकर अपनी जान दे दी।वहीं ग्रामीणों के मुताबिक मृतिका का शादी से पहले एक युवक से प्रेम संबंध था। शादी के दिन भी उस युवक ने विवाह स्थल पर पहुंचकर हंगामा किया था। शादी के बाद भी मृतिका उस युवक के संपर्क में थी, जिसका पति सोनू विरोध करता था। घटना के समय भी दूसरे राज्य में मजदूरी कर रहे पति सोनू से सुशीला की मोबाइल पर बहस हुई थी। इसके बाद गुस्से में आकर नवविवाहिता ने फांसी लगाकर जान दे दी। इस संबंध में थानाध्यक्ष अजीत कुमार ने बताया कि नवविवाहिता की संदिग्ध मौत के मामले में शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया गया है। उन्होंने यह भी बताया कि इस मामले में अभी तक किसी पक्ष के लोगों से लिखित शिकायत नहीं मिली है।



शव को ले जाते परिजन।

# प्रभावित इलाकों को तत्काल घोषित किया जाए बाढ़ प्रभावित क्षेत्र : बबलू कुमार मंडल

**खगड़िया (डीएनएस)।** खगड़िया विधानसभा क्षेत्र में लगातार बढ़ते बाढ़ के प्रभाव को देखते हुए खगड़िया सदर विधायक बबलू कुमार मंडल ने मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी को पत्र भेज कर एवं आपदा प्रबंधन विभाग के मंत्री रत्नेश सदा के साथ आयोजित बाढ़ प्रभावित पंचायतों एवं नगर परिषद क्षेत्र के वार्डों में किए जा रहे राहत एवं बचाव कार्य को लेकर आयोजित बैठक में पत्र देकर तत्काल बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित करने की मांग की है। उन्होंने मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के लोगों को राहत स्वरूप दी जाने वाली जीआर की राशि के जल्द से जल्द भुगतान की मांग की है। विधायक ने कहा है कि क्षेत्र में कई स्थानों पर बाढ़ का पानी फैलने से आम लोगों का जनजीवन बुरी तरह प्रभावित हुआ है। बड़ी संख्या में परिवारों के सामने भोजन, पेयजल, आवागमन और अन्य जरूरी सुविधाओं की समस्या उत्पन्न हो गई है। विधायक द्वारा भेजे गए पत्र में कहा गया है कि खगड़िया विधानसभा क्षेत्र की कई पंचायतों में विभिन्न नदियों के जलस्तर में वृद्धि के कारण बाढ़ की स्थिति बनी हुई है। रहीमपुर दक्षिणी, रहीमपुर उत्तरी एवं रहीमपुर मध्य पंचायत के विभिन्न गांव बाढ़ से प्रभावित हैं। इन क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बाढ़ के कारण ग्रामीण क्षेत्रों में आवागमन प्रभावित होने के साथ-साथ दैनिक जरूरतों की वस्तुओं की उपलब्धता भी चुनौती बन गई है। पत्र में मानसी प्रखंड के पूर्वी ठाठा पंचायत के चौधा बांध, जालिम बाबू टोला एवं मटिहानी क्षेत्र में भी बाढ़ के व्यापक प्रभाव का उल्लेख किया गया है। विधायक ने कहा कि इन क्षेत्रों में भी बाढ़ की स्थिति को देखते हुए प्रशासनिक स्तर पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है, ताकि प्रभावित लोगों को समय पर राहत पहुंचाई जा सके। इसके अलावा विधायक ने खगड़िया नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड संख्या 30, 31 एवं 19 को भी बाढ़ से प्रभावित बताया है। इन वार्डो में बाढ़ का पानी फैलने के कारण शहरी क्षेत्र में रहने वाले लोगों का सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ है। विधायक ने इन वार्डो को भी बाढ़ प्रभावित क्षेत्र के रूप में घोषित करने की मांग की है। विधायक बबलू कुमार मंडल ने मंत्री से आग्रह किया है कि प्रभावित क्षेत्रों का तत्काल आकलन कराकर उन्हें बाढ़ प्रभावित क्षेत्र घोषित किया जाए। इसके साथ ही बाढ़ प्रभावित परिवारों को आपदा प्रबंधन विभाग के निर्धारित प्रावधानों के अनुसार राहत सामग्री, क्षतिपूर्ति एवं अन्य आवश्यक सरकारी सहायता उपलब्ध कराने के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए जाएं। विधायक ने कहा कि आपदा की इस स्थिति में सरकार और प्रशासन की प्राथमिकता प्रभावित परिवारों तक समय पर सहायता पहुंचाना होना चाहिए। राहत शिविरों में भोजन, स्वच्छ पेयजल, दवा, आवश्यक सामग्री तथा सुरक्षित आवागमन जैसी सुविधाओं पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि बाढ़ प्रभावित लोगों की समस्याओं का समाधान कराने के लिए वे लगातार प्रशासन के संपर्क में हैं और हर संभव मदद के लिए प्रयासरत हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि आपदा प्रबंधन विभाग प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र आवश्यक कार्रवाई करेगा, जिससे बाढ़ से प्रभावित परिवारों को राहत मिल सके और उन्हें सरकारी सहायता का लाभ समय पर प्राप्त हो।



बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करते विधायक व अन्य।

संक्षिप्त खबरें

## खगड़िया जिले में 1,62,957 लोग हैं बाढ़ प्रभावित

**खगड़िया (डीएनएस)।** जिले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा प्रभावित परिवारों तक राहत एवं आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने के साथ-साथ स्वास्थ्य, स्वच्छता, शिक्षा एवं पशुधन संरक्षण की दिशा में भी लगातार कार्य किया जा रहा है। जिला पदाधिकारी विक्रम विरकर के निर्देशानुसार सभी संबंधित विभागों एवं पदाधिकारियों द्वारा समन्वित रूप से राहत एवं बचाव कार्य संचालित किए जा रहे हैं।बाढ़ से प्रभावित 1,62,957 लोगों तक राहत एवं आवश्यक सुविधाएं पहुंचाने के उद्देश्य से प्रशासन द्वारा क्षेत्रवार सतत निगरानी की जा रही है। प्रभावित क्षेत्रों में आवागमन एवं राहत कार्यो के लिए वर्तमान में 157 नावों का परिचालन किया जा रहा है। प्रभावित परिवारों को आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने के क्रम में अब तक 5,200 ड्राई राशन पैकेट एवं 19,510 पलीथिन शीट वितरित की जा चुकी हैं। राहत शिविरों एवं प्रभावित क्षेत्रों में भोजन, पेयजल, स्वच्छता तथा अन्य मूलभूत सुविधाओं की लगातार समीक्षा की जा रही है। राहत शिविरों में रह रहे बच्चों की आवश्यकताओं का भी विशेष ध्यान रखा जा रहा है। बच्चों के बाल कटवाने की व्यवस्था के साथ उन्हें आवश्यक पोशाक उपलब्ध कराई जा रही है। साथ ही, बच्चों की पढ़ाई बाधित न हो, इसके लिए शिक्षकों एवं शिक्षा स्वयंसेवकों के माध्यम से अध्ययन की व्यवस्था की जा रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में गर्भवती महिलाओं से नियमित संपर्क स्थापित कर उनकी स्वास्थ्य स्थिति की जानकारी ली जा रही है तथा आवश्यकता के अनुसार चिकित्सीय सहायता उपलब्ध कराई जा रही है। इसी क्रम में तेमथा करारी, परबत्ता में सुरक्षित प्रसव कराया गया। वर्तमान में माता एवं नवजात शिशु दोनों स्वस्थ एवं सुरक्षित हैं। महिलाओं की गरिमा एवं आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए राहत शिविरों में डिगिटी किट का वितरण किया जा रहा है। छोटे बच्चों की देखभाल एवं पोषण संबंधी आवश्यकताओं को सुनिश्चित करने के लिए अस्थायी आंगनबाड़ी केंद्रों के संचालन की व्यवस्था की जा रही है। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पशुधन को सुरक्षित रखने एवं पशुपालकों को आवश्यक सहायता उपलब्ध कराने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। अब तक 13 पशु शिविर लगाए जा चुके हैं, जिनमें 992 पशुओं का उपचार किया गया है। पशुपालकों के बीच अब तक 220 टिल पशुचारा वितरित किया जा चुका है। वही लगार क्षेत्र में एक व्यक्ति की डूबने से मृत्यु की सूचना प्राप्त होने पर जिला प्रशासन द्वारा तत्काल कार्रवाई की गई। सूचना प्राप्त होने के लगभग 20 मिनट के भीतर एसडीआरफ की टीम मौके पर पहुंची तथा आपदा मित्र द्वारा शव को बरामद कर लिया गया। प्रशासन द्वारा त्वरित एवं संवेदनशील कार्रवाई करते हुए घटना के 5 घंटे के भीतर अनुग्रह अनुदान की राशि का भुगतान सुनिश्चित किया गया। बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों एवं तटबंधों पर आश्रय लिए लोगों के लिए स्वच्छता संबंधी सुविधाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। आवश्यकता वाले स्थानों पर अस्थायी शौचालयों का निर्माण कराया जा रहा है। साथ ही, राहत शिविरों में भोजन की गुणवत्ता, स्वच्छता एवं उपलब्धता की नियमित निगरानी की जा रही है।जिला प्रशासन द्वारा बाढ़ प्रभावित परिवारों की तत्काल आवश्यकताओं के साथ-साथ महिलाओं, बच्चों एवं पशुधन की विशेष जरूरतों को ध्यान में रखते हुए राहत एवं बचाव कार्यो को निरंतर गति दी जा रही है। प्रशासन की प्राथमिकता है कि बाढ़ प्रभावित प्रत्येक परिवार तक आवश्यक सहायता समयबद्ध, प्रभावी एवं संवेदनशील तरीके से पहुंचाई जाए।

## ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने का लिया संकल्प

**चौथम।** प्रखंड के मध्य बौरने पंचायत में शुक्रवार को नारीशक्ति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति की आम सभा का आयोजन किया गया। पंचायत स्तर पर आयोजित इस आम सभा में जीविका से जुड़ी सैकड़ों महिलाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान ग्रामीण महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने, रोजगार एवं स्वरोजगार के अवसर उपलब्ध कराने तथा आर्थिक और सामाजिक रूप से सशक्त बनाने पर विशेष रूप से चर्चा की गई। कार्यक्रम का शुभारंभ पंचायत के मुखिया शशि भूषण कुमार, चौथम जीविका के प्रबंधक अंजनी कुमार तथा विभिन्न शाखाओं से आए प्रबंधकों अनिल कुमार, गिरधर कुमार एवं प्रिंस कुमार सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इसके बाद समिति की गतिविधियों, उपलब्धियों और भविष्य की कार्ययोजना पर विस्तार से विचार-विमर्श किया गया। आम सभा में नारीशक्ति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति की सीसी पूनम कुमारी, शोभा कुमारी, अध्यक्ष आभा कुमारी, सचिव नीतू कुमारी, कोषाध्यक्ष किरण कुमारी सहित राजीव कुमार एवं अन्य पदाधिकारी और सदस्य मौजूद रहे। इसके अलावा जीविका से जुड़े विभिन्न स्वयं सहायता समूहों की बड़ी संख्या में महिलाएं भी कार्यक्रम में उपस्थित रहीं। सभा को संबोधित करते हुए चौथम जीविका के प्रबंधक अंजनी कुमार एवं जिला स्तर से पहुंचे अन्य प्रबंधकों ने जीविका के उद्देश्यों और उसकी कार्यप्रणाली पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र की महिलाओं को संगठित कर उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाना जीविका का प्रमुख उद्देश्य है। महिलाओं को स्वयं सहायता समूहों से जोड़कर बचत की आदत विकसित करने के साथ-साथ उन्हें रोजगार, स्वरोजगार और विभिन्न प्रकार की आजीविका गतिविधियों से जोड़ा जा रहा है। उन्होंने कहा कि जब महिलाएं आर्थिक रूप से मजबूत होती हैं तो इसका सकारात्मक प्रभाव पूरे परिवार और समाज पर पड़ता है। जीविका के माध्यम से महिलाओं में आत्मनिर्भरता, निर्णय लेने की क्षमता, पारस्परिक सहयोग और नेतृत्व की भावना विकसित करने का प्रयास किया जा रहा है। महिलाओं को उनके अधिकारों और सामाजिक जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक करने के साथ उन्हें विकास की मुख्यधारा में लाने के लिए लगातार कार्य किया जा रहा है। सभा में जानकारी दी गई कि नारीशक्ति जीविका महिला विकास स्वावलंबी सहकारी समिति के अंतर्गत तीन पंचायतों के नौ राजस्व ग्राम आते हैं। इन क्षेत्रों में कुल 40 ग्राम संगठन और 599 स्वयं सहायता समूह संचालित हैं। इन स्वयं सहायता समूहों से लगभग 7,218 जीविका दीदियां जुड़ी हुई हैं।इतनी बड़ी संख्या में महिलाओं का स्वयं सहायता समूहों से जुड़ना ग्रामीण क्षेत्र में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। समूहों के माध्यम से महिलाएं नियमित बचत, आंतरिक ऋण, छोटे व्यवसाय, रोजगार एवं विभिन्न आजीविका गतिविधियों से जुड़कर अपने परिवार की आर्थिक स्थिति को मजबूत करने में योगदान दे रही हैं।अधिकारियों ने बताया कि स्वयं सहायता समूहों का मूल उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों की आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़ी महिलाओं को एकजुट कर उनका समग्र विकास करना है। सहकारिता के सिद्धांतों पर आधारित समूहों के माध्यम से सदस्यों में मितव्ययिता, आत्मनिर्भरता, पारस्परिक सहयोग और नियमित बचत की भावना विकसित की जाती है।समूह की महिलाएं छोटी-छोटी बचत के माध्यम से आर्थिक आधार मजबूत करती हैं और जरूरत के समय समूह से ऋण प्राप्त कर अपनी आजीविका गतिविधियों को आगे बढ़ाती हैं। इससे महिलाओं को साहूकारों पर निर्भरता कम करने में मदद मिलती है तथा वे अपने परिवार की आवश्यकताओं को बेहतर ढंग से पूरा करने में सक्षम बनती हैं।वक्ताओं ने कहा कि जीविका का प्रयास केवल महिलाओं को समूह से जोड़ने तक सीमित नहीं है, बल्कि उन्हें सामाजिक और आर्थिक रूप से सशक्त बनाकर निर्णय लेने में भागीदारी बढ़ाना भी इसका महत्वपूर्ण उद्देश्य है। महिलाओं को स्वरोजगार और रोजगार के अवसरों से जोड़कर उनके जीवन स्तर में सुधार लाने के लिए स्वावलंबी समिति लगातार कार्य कर रही है। सभा में मौजूद पदाधिकारियों ने कहा कि किसी भी गांव के सर्वांगीण विकास में महिलाओं की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है। महिलाओं को आर्थिक रूप से सक्षम बनाकर ही परिवार और समाज को मजबूत बनाया जा सकता है। जीविका समूहों के माध्यम से ग्रामीण महिलाओं में आत्मविश्वास बढ़ा है और वे अपने परिवार की आर्थिक जरूरतों को पूरा करने के साथ सामाजिक गतिविधियों में भी सक्रिय भागीदारी निभा रही हैं।आम सभा के दौरान समिति के कार्यो की समीक्षा के साथ आगे की योजनाओं और महिलाओं को अधिक से अधिक आजीविका के अवसर उपलब्ध कराने पर भी चर्चा की गई। कार्यक्रम में मौजूद महिलाओं ने जीविका के माध्यम से मिल रहे सहयोग और समूह से जुड़कर होने वाले लाभों को महत्वपूर्ण बताया।



जीविका दीदीयां।

# छठ से पहले चकाचक होगा काली पहाड़ी नहर, मुख्य पार्षद ने किया निरीक्षण



निरीक्षण करतीं मुख्य पार्षद पार्वती देवी एवं अन्य।

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** नगर परिषद जमालपुर शहर को स्वच्छ, सुंदर और पर्यावरण अनुकूल बनाने की दिशा में लगातार कार्य कर रहा है। इसी कड़ी में काली पहाड़ी नहर के सौंदर्यीकरण कार्य को छठ महापर्व से पहले पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। नगर परिषद की मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम, जनप्रतिनिधियों एवं नगर परिषद की टीम के साथ निर्माणाधीन स्थल का निरीक्षण कर कार्यों की प्रगति का जायजा लिया।निरीक्षण के दौरान मुख्य पार्षद ने अधिकारियों से निर्माण कार्य की गुणवत्ता और समयसीमा की जानकारी ली। कार्यपालक पदाधिकारी विजयशील गौतम ने बताया कि छठ पर्व से पूर्व नहर के सभी सीढ़ी घाटों का निर्माण, आकर्षक लाइटिंग तथा श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आवश्यक आधारभूत व्यवस्थाएं पूरी कर ली जाएंगी। उन्होंने कहा कि कार्य को निर्धारित समय पर पूरा कराने के लिए लगातार निगरानी की जा रही है।मुख्य पार्षद पार्वती देवी ने कहा कि नगर परिषद का उद्देश्य केवल विकास कार्य कराना नहीं, बल्कि शहरवासियों को बेहतर और सुरक्षित सार्वजनिक सुविधाएं उपलब्ध कराना है। उन्होंने कहा कि काली पहाड़ी नहर का सौंदर्यीकरण पूरा होने के बाद यह जिला का सबसे आकर्षक छठ घाट बनेगा। यहां वतियों और श्रद्धालुओं के लिए सुरक्षित सीढ़ी घाट, बैठने की व्यवस्था, बेहतर प्रकाश व्यवस्था तथा स्वच्छ वातावरण उपलब्ध रहेगा।उन्होंने कहा कि यह स्थल केवल छठ पूजा तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सुबह-शाम टहलने, व्यायाम करने और स्वास्थ्य लाभ के लिए आने वाले लोगों के लिए भी आकर्षण का केंद्र बनेगा। नगर परिषद शहर को षग्रीन एंड क्लीनष बनाने के अपने संकल्प को लगातार आगे बढ़ा रहा है और जनता की अपेक्षाओं पर खरा उतरने के लिए प्रतिबद्ध है।निरीक्षण के दौरान पदाधिकारी सोनम राज, वार्ड पार्षद कैलाश सिंह, आलोक कुमार, राजन मंडल, नपकर्मी प्रेम शंकर, सत्यनारायण सहित कई जनप्रतिनिधि एवं कर्मी मौजूद रहे।

## संक्षिप्त खबरें

### बाढ़ की आड़ सरकारी खजाना की लूट भ्रष्टाचार का बोलबाला

**सोनपुर (एन एसबी)** अनुमंडल में आई बाढ़ अब थम गई है।, लेकिन भ्रष्टाचारियों का ईमान नहीं थमा है। जल संसाधन विभाग के जिम्में बाढ़ नियंत्रण कार्य सौंपा गया है। प्रत्येक साल बोरा में बालू-मिट्टी भर कर हजारों बोरा लाखों की खरीद होती है। और श्ढाल की तीन पात वाली कहावत चरितार्थश गंगा और गंडक आक्रमक रुख को रोकने का प्रयास में विभागीय अधिकारी और कर्मचारी असफल रहते। वहीं ग्रामीणों और राहगीरों ने बताया कि दामोदरपुर जाने वाली सड़क किनारे खेत में राज्य सरकार का निशान लगी बालू-मिट्टी भरी सैकडों बोरा रात्रि समय में अज्ञात वाहन द्वारा फेक दिया गया है। यह देख राहगीरों में तरह-तरह की चर्चा हो रही है। और ग्रामीण दावा के साथ कहता है कि राज्य सरकार के द्वारा भ्रष्टाचारियों पर गाज गिर रही है। इसके बावजूद भ्रष्टाचार थमने का नाम नहीं ले रहा। बाढ़ आने पहले और गंगा और गंडक नदी जलधारा से कटाव रोकने के लिए बोरा में मिट्टी-बालू खरीद कर रखी जाती है। इसका उपयोग कहां कोई अधिकारी और कर्मचारी बताने से कतरा रहें हैं।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्री राधा कृष्ण मंदिर के तत्वावधान में आयोजित श्री मदभागवत कथा महोत्सव का चतुर्थ दिवस

**सोनपुर (एन एसबी)** वृन्दावन धाम से पधारे प्रख्यात कथा प्रवक्ता भागवत रत्न आचार्य श्री सुमन्त ष्ण शास्त्री जी (कन्हैया जी) महाराज ने चतुर्थ दिवस की कथा में बतलाया कि हरिहर क्षेत्र में ही जड़भरत की कथा का प्रसंग आता है, इसी क्षेत्र में श्री जड़भरत जी ने राजा रहूगड़ को उपदेश कर उसका अभिमान दूर किया, जड़भरत जी के उपदेश से प्रभावित होकर राजा ने यहीं समाधि ले ली थी, भक्त की श्रद्धा से ही भगवान का अवतार होता है, भक्त अपनी श्रद्धा पूर्वक भक्ति भाव से पत्थर में भी भगवान को प्रगट कर देता है, भक्त प्रह्लाद जी के भाव से भगवान नृसिंह रूप में अवतार लेकर खम्भ से प्रकट हुए । और संकेत दिया भक्त की भक्ति में अगर कोई बाधा उत्पन्न करता है अथवा मेरे परम भक्त को कष्ट देता है वो मुझसे सहन नहीं होता, उसकी रक्षा की पूर्ण जिम्मेदारी मेरी ही हो जाती है। गजेंद्र मोक्ष के प्रसंग में हरिहर क्षेत्र की महिमा का वर्णन करते हुए बतलाया कि इसी भूमि पर भगवान नारायण स्वयं हरि अवतार लेकर पधारे ग्राह के फंदे से गजेंद्र की रक्षा की , इसी भूमि पर भगवान ने ग्राह को मुक्ति प्रदान की । जब जब धर्म की हानि होती है दुष्टों का अत्याचार जब बड़ जाता है तब तब परमात्मा का अवतार होता है । धर्म की रक्षा के लिए भगवान राम ष्ण के रूप में अवतार लेकर पधारे । कथा प्रसंग के अनुसार ही बहुत ही जड़भरत चरित्र, प्रह्लाद चरित्र, गजेन्द्र मोक्ष, वामन अवतार, श्री राम जन्म और श्री ष्ण जन्म की कथा सुनायी । सभी भक्तों ने खूब हर्षोल्लास से मनाया श्री ष्ण जन्मोत्सव । बधाई के रूप में खूब टफी बिस्कुट चकलेट खिलौने लुटाए गए । 'नंद के आनंद भयो जय कन्हैया लाल की' इस आनंद की गूंज से पूरा पंडाल गुंजायमान हो गया, प्रत्येक भक्त में अपार उत्साह देखने को मिला ।आज के यजमान दिलीप कुमार झा एवं संजय कुमार सिंह ठीकेदार रहे। विधायक विनय कुमार सिंह भी शामिल हुए। कथा पंडाल में मनाया गया छठी महोत्सव, कथा के उपरान्त सभी भक्तों भंडारा प्रसाद ग्रहण किया ।मौके पर मंदिर न्यास समिति सचिव विजय कुमार सिंह लल्ला,भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु, पुष्पा सिंह, प्रेमलता सिंह, नरेश सिंह,सुशील कुमार सिंह, धनंजय सिंह, राज सिंह सहित हजारों भक्त शामिल हुए।

### श्री कृष्ण जन्माष्टमी के पावन अवसर पर श्री राधा ष्ण मंदिर श्री मद भागवत कथा महोत्सव

**सोनपुर। वृन्दावन धाम** से पधारे प्रख्यात कथा प्रवक्ता भागवत रत्न आचार्य श्री सुमन्त ष्ण शास्त्री जी (कन्हैया जी) महाराज ने पंचम दिवस की कथा में श्री बाल ष्ण प्रभु की बाल लीला, माखन चोरी लीला , गौ चारण लीला, गिरिराज गोवर्धन पूजा और छप्पन भोग के दर्शन के साथ साथ मटकी फोड़ लीला की झांकी का दर्शन हुआ, गिरिराज पर्वत और ष्ण बलदेव की सुंदर झाँकी का दर्शन हुआ ।आज के यजमान पुरसोत्तम कौशिक, पहलाद सिंह, लक्ष्मण जी रहे। मौके पर सतीश द्विवेदी,बैद्यनाथ सिंह, भाजपा नगर अध्यक्ष मुकेश कुमार सिंह बब्लु, संजय सिंह, अमित कुमार सिंह, मनोज कुमार सिंह, नरेश सिंह, धनंजय सिंह सहित सैकड़ो भक्त शामिल हुए।

## जाति प्रमाण पत्र की जटिल प्रक्रिया के विरोध में जनता जनप्रतिनिधि का प्रदर्शन

**जमालपुर (मुंगेर) ।** जाति प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया को सरल करने समेत विभिन्न मांगों को लेकर शुक्रवार को भारत माता चौक पर जमालपुर अंचल कार्यालय के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। प्रदर्शन का नेतृत्व पार्षद राकेश तिवारी ने किया। इस दौरान प्रदर्शनकारियों ने अंचल कार्यालय की कार्यप्रणाली और जाति प्रमाण पत्र जारी करने की प्रक्रिया पर सवाल उठाते हुए इसे आम लोगों के लिए परेशानी का कारण बताया।पार्षद राकेश तिवारी ने कहा कि जाति प्रमाण पत्र की प्रक्रिया को इतना जटिल कर दिया गया है कि बड़ी संख्या में आवेदन निरस्त किए जा रहे हैं। इसका सबसे अधिक असर छात्र-छात्राओं पर पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि यदि किसी व्यक्ति के पास जमीन या कबाला नहीं है,वह भूमिहीन अथवा किराएदार है, तो उसका जाति प्रमाण पत्र नहीं बनना न्यायसंगत नहीं है। सरकार को इस व्यवस्था पर पुनर्विचार कर प्रक्रिया को सरल करना चाहिए।उन्होंने कहा कि यदि कोई व्यक्ति गलत तरीके से जाति प्रमाण पत्र बनवाता है तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई हो, लेकिन सही आवेदकों को अनावश्यक रूप से परेशान नहीं किया जाना चाहिए। उन्होंने चेतावनी दी कि जल्द प्रक्रिया सरल नहीं की गई तो आंदोलन को और व्यापक एवं उग्र किया जाएगा।प्रदर्शनकारियों ने यह भी आरोप लगाया कि जमालपुर आरटीपीएस काउंटर पर पहचान और कथित लेन-देन के आधार पर काम होने की शिकायतें सामने आती हैं। साथ ही एक बार जारी जाति प्रमाण पत्र को बार-बार बनवाने की व्यवस्था पर भी सवाल उठाया गया। प्रदर्शनकारियों ने कहा कि यदि व्यक्ति की जाति नहीं बदलती तो प्रत्येक वर्ष नया जाति प्रमाण पत्र बनवाने की जरूरत क्यों पड़ती है, सरकार को इसका जवाब देना चाहिए।प्रदर्शन में लक्ष्मण कुमार, उत्तम गुप्ता,नवल किशोर,रविशंकर,दीपक कुमार, पार्षद प्रतिनिधि गौतम,आजाद प्रतिनिधि दीपक कुमार समेत अन्य लोग मौजूद थे।



अंचल कार्यालय के विरोध में प्रदर्शन करते जनता जनता प्रतिनिधि।

## इरिमी और बीसीई के बीच पांच साल का करार

**जमालपुर( मुंगेर) ।** भारतीय रेल के भावी तकनीकी नेतृत्व को और दक्ष बनाने की दिशा में जमालपुर स्थित भारतीय रेल यांत्रिक एवं विद्युत इंजीनियरिंग संस्थान इरिमी ने अहम पहल की है। इरिमी और भागलपुर कलेज अफ इंजीनियरिंग बीसीईभागलपुर के बीच पांच वर्षो के लिए दीर्घकालिक शैक्षणिक एवं तकनीकी सहयोग का समझौता ज्ञापन एमओयू हुआ है। इस करार के तहत भारतीय रेल प्रबंधन सेवा के परिवीक्षाधीन अधिकारियों को आधुनिक यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण की तकनीकों के साथ प्रयोगशाला आधारित और व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया जाएगा।इरिमी के महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा, संकायाध्यक्ष एवं वरिष्ठ आचार्य प्रेम प्रकाश, वरिष्ठ आचार्य राजीव कुमार, सेक्रेटरी टू डीजी प्रेमनजीत कुमार, आचार्य शिशिरचंद्र शेखर एवं आचार्य कुमार ज्योतिरादित्य की मौजूी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए।इरिमी के महानिदेशक अनिमेष कुमार सिन्हा ने कहा कि भारतीय रेल में तकनीकी परिवर्तन की गति लगातार बढ़ रही है। ऐसे में आईआरएम अधिकारियों के लिए तकनीकी ज्ञान के साथ व्यावहारिक और बहुविषयक समझ विकसित करना जरूरी है। इरिमी और बीसीई के बीच यह एमओयू शैक्षणिक विशेषज्ञता को व्यावहारिक प्रशिक्षण से जोड़ने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है। इससे परिवीक्षाधीन अधिकारियों को आधुनिक विद्युत एवं यांत्रिक अभियंत्रण तकनीकों को समझने और रेलवे के कार्यक्षेत्र में प्रभावी ढंग से लागू करने में मदद मिलेगी।उन्होंने कहा कि इरिमी बदलती तकनीकी जरूरतों के अनुरूप अपने प्रशिक्षण कार्यक्रमों को लगातार विकसित कर रहा है। बीसीई के साथ दीर्घकालिक सहयोग भारतीय रेल के भविष्य के मानव संसाधन को तकनीकी रूप से और अधिक सक्षम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।संकायाध्यक्ष एवं वरिष्ठ आचार्य प्रेम प्रकाश ने कहा कि तकनीकी शिक्षा को प्रयोगशाला आधारित अध्ययन से जोड़ना प्रशिक्षण की गुणवत्ता के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। बीसीई के विशेषज्ञ संकाय और प्रयोगशाला सुविधाओं से प्रशिक्षणार्थियों को यांत्रिक एवं विद्युत अभियंत्रण के विभिन्न क्षेत्रों में बेहतर व्यावहारिक प्रशिक्षण मिलेगा।



समझौता पत्र दिखाई रेल अधिकारी।

## गर्म चाय की चुस्की कहीं सेहत पर भारी न पड़ जाए

### 65 डिग्री से अधिक गर्म पेय से भोजन नली के कैंसर का बढ़ सकता है खतरा

**बाढ़ (दैनिक नवसंदेश)।** चाय-कफी भारतीय जीवनशैली का अहम हिस्सा हैं, लेकिन इन्हें अत्यधिक गर्म पीने की आदत स्वास्थ्य के लिए नुकसानदेह हो सकती है। होम्योपैथिक चिकित्सक ड़ अजीत कुमार (बाढ़) ने बताया कि अक्सफोर्ड विश्वविद्यालय के विशेषज्ञों के एक विश्लेषण में करीब 1977 लाख मध्यम आयु वर्ग के लोगों के आंकड़ों का अध्ययन किया गया। इसमें 65 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक तापमान वाले पेय को अत्यधिक गर्म माना गया और इनके नियमित सेवन को भोजन नली के कैंसर के बढ़े जोखिम से जोड़ा गया है। ड़ अजीत कुमार के अनुसार, बहुत गर्म पेय भोजन नली की अंदरूनी परत को बार-बार नुकसान पहुंचा सकते हैं। दिन में छह या अधिक बार अत्यधिक गर्म चाय-कफी पीने वालों में जोखिम अधिक पाए जाने की बात सामने आई है। हालांकि, इसका मतलब यह नहीं कि चाय या कफी स्वयं कैंसर का कारण हैं। मुख्य चिंता पेय के अत्यधिक तापमान को लेकर है। उन्होंने सलाह दी कि चाय-कफी को कप में डालने के बाद कुछ मिनट ठंडा होने दें और फिर पिएं। यदि पेय मुंह या जीभ जला रहा हो तो उसे पीने से बचना चाहिए। केवल ठंडा दूध मिलाना पर्याप्त नहीं है, बल्कि पेय का तापमान कम होना जरूरी है। चिकित्सक ने कहा कि धूम्रपान और शराब का सेवन भी भोजन नली के कैंसर के प्रमुख जोखिम कारकों में शामिल हैं, जबकि तंबाकू मुंह के कैंसर का बड़ा जोखिम कारक है। लगातार सीने में जलन, निगलने में परेशानी, गले या छाती में दर्द, बदहजमी या बिना कारण वजन घटने जैसे लक्षण लंबे समय तक बने रहें तो चिकित्सकीय सलाह लेनी चाहिए।

## विदेशी शराब के साथ एक गिरफ्तार

**फतुहा।** नदी थाने की पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर गुरुवार को सम्मसपुर से अभिजीत कुमार को करीब साढ़े ग्यारह लीटर विदेशी शराब के साथ गिरफ्तार किया है। नदी थानाध्यक्ष सद्दाम हुसैन ने बताया कि गुप्त सूचना मिली थी कि वह शराब बेचने का धंधा करता है। उसे न्यायिक हिरासत में भेजते हुए आगे की कार्रवाई की जा रही है

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा

फतुहा। स्थानीय समाजसेवी सह लोजपा ( आर ) नेता टुनटुन यादव ने शुक्रवार को बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का दौरा कर राहत सामग्री का वितरण किया। इन्होंने बाढ़ पीड़ितों से मुलाकात कर उनलोगों का हालचाल भी जाना। उन्होंने कहा कि जनता हमारा मालिक है और हम जनता के हर सुख-दुःख में शामिल हैं। इनके द्वारा शुक्रवार को फतुहा विधानसभा के सुल्तानपुर, जमालपुर, बाकरचक आदि गांवों में बाढ़ प्रभावित परिवारों के बीच राहत सामग्री का वितरण किया गया। इनके साथ बबन यादव, जयप्रकाश उर्फ चंगरू जी, सुधीर यादव, दीपक कुमार, संजीत कुमार, लक्की सिंह, छोटू कुमार आदि मौजूद रहे।

## भक्ति के रंग में रंगा जमालपुर, राणी सती दादी का भादवा महोत्सव शुरू, हजारों श्रद्धालुओं ने टेका माथा

**जमालपुर (मुंगेर) (डीएनएस)।** लौहनगरी जमालपुर में रात राणी सती दादी मां की भक्ति का उल्लास देखते ही बना।राणी सती दादी मंदिर समिति की ओर से मारवाड़ी धर्मशाला परिसर में आयोजित 59वें दो दिवसीय विराट भादवा महोत्सव का विधिवत शुभारंभ हुआ। दीप प्रज्ज्वलन के साथ शुरू हुए समारोह में देर रात तक भक्ति गीतों, भजनों और आकर्षक झांकियों का दौर चलता रहा।महोत्सव के शुभारंभ पर मंदिर परिसर श्रद्धालुओं से खचाखच भरा रहा। शहर सहित आसपास के क्षेत्रों से बड़ी संख्या में पहुंचे भक्तों ने दादी मां के दरबार में पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच अखंड ज्योत प्रज्ज्वलित कर विधिवत पूजा की गई।महोत्सव का उद्घाटन निदेशक अशोक कुमार मेहाड़िया, मंत्री अरविंद कुमार जालान, अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक संजय कुमार मेहाड़िया, मीडिया प्रभारी राजकुमार शर्मा, उपाध्यक्ष शंकर लाल शर्मा सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

कार्यक्रम की शुरुआत भजन एवं गजल सम्राट अभिजीत आनंद की गणेश वंदना से हुई। इसके बाद बिहार, बंगाल और जमालपुर के कलाकारों ने एक से बढ़कर एक भक्ति प्रस्तुतियां देकर माहौल को भक्तिमय बना दिया। इलाहाबाद की बुलबुल अग्रवाल, आनंद म्यूजिकल ग्रुप, कोलकाता की बंटी डांस ग्रुप और संजू-मोनू पाठ वाचक की प्रस्तुतियों पर श्रद्धालु देर रात तक झूमते रहे।देवी-देवताओं की वेशभूषा में कलाकारों की मनमोहक झांकियां महोत्सव का खास आकर्षण रहीं। मंच पर सजी भक्ति और सांस्तिक प्रस्तुतियों ने श्रद्धालुओं की खूब तालियां बटोरीं।

मंदिर समिति के अध्यक्ष सह कार्यक्रम संयोजक संजय कुमार मेहाड़िया और महोत्सव निदेशक अशोक मेहाड़िया ने कहा कि दादी मां की पा जमालपुरवासियों पर सदैव बनी रहे और उनका आशीर्वाद बारिश की बूंदों की तरह निरंतर बरसता रहे। वही मंगल पाठ और भंडारा महोत्सव के दूसरे दिन शुक्रवार को दोपहर दो बजे से महिला मंडली की ओर से मंगल पाठ का आयोजन होगा। रात करीब आठ बजे विशाल प्रसाद एवं भंडारे का आयोजन किया जाएगा। समिति ने श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर मंगल पाठ और भंडारे में शामिल होने की अपील की है।



भादवा महोत्सव का उद्घाटन करते पूजा समिति।

## संक्षिप्त खबरें

### सीसीटीवी ने खोला मोबाइल चोरी का राज, गिरफ्तार हुआ चोर

**जमालपुर(मुंगेर)।** रेलवे स्टेशन के वेटिंग हल में सो रही महिला के कपड़ों से मोबाइल और नकदी चोरी करने वाले किशोर को आरपीएफ की सीआईबी टीम ने सीसीटीवी फुटेज की मदद से पकड़ लिया। उसके पास से चोरी का वीवो मोबाइल और 1100 रुपये नकद बरामद किए गए। बरामद सामान की अनुमानित कीमत करीब 20 हजार रुपये बताई गई है।घटना 11 सितंबर की रात करीब 2रू45 बजे की है। महिला जमालपुर स्टेशन के वेटिंग हल में बेंच पर सो रही थी। इसी दौरान एक युवक ने उसके कपड़ों से मोबाइल निकाल लिया। मोबाइल कवर के पीछे रखे 100-100 रुपये के 11 नोट यानी 1100 रुपये भी निकालकर गिनने के बाद वह वहां से फरार हो गया। महिला ने सुबह करीब 3रू30 बजे इसकी सूचना आरपीएफ पोस्ट जमालपुर को दी।सूचना मिलते ही सीआईबी इंस्पेक्टर एसके सुधा ने आरपीएफ के अन ड्यूटी अधिकारी व जवानों के सहयोग से स्टेशन के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला। फुटेज में चोरी की पूरी वारदात कैद मिली। फुटेज के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की गई। सुबह करीब 6रू05 बजे टिकट काउंटर के समीप सर्कुलेटिंग एरिया में संदिग्ध अवस्था में घूम रहे युवक को आरपीएफ ने देखा। रोकने पर वह भागने लगा, जिसे जवानों ने पकड़ लिया।पूछताछ में उसने अपना नाम मोहम्मद नफीज पिता मोहम्मद सिकंदर, निवासी खलासी मोहल्ला, जनता मोड़, आदर्श थाना जमालपुर बताया। नियमों के तहत वीडियोग्राफी में तलाशी लेने पर उसके पास से बिना सिम का पुराना वीवो मोबाइल और 1100 रुपये बरामद हुए। पूछताछ में उसने मोबाइल चोरी करने की बात स्वीकार की।सीआईबी टीम ने जब्ती सूची तैयार कर किशोर को डिटेंशन मेमो के तहत जीआरपी जमालपुर को सौंप दिया।



गिरफ्तार कर की जानकारी देते आरपीएफ।

### संसाधनों के बिना योजनाओं का जिम्मा काली पट्टी बांधकर जताया विरोध

**जमालपुर (मुंगेर) -** बिहार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति कल्याण पदाधिकारी संघ के आह्वान पर शुक्रवार को राज्यभर के प्रखंड और अनुमंडल कल्याण पदाधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर सांकेतिक विरोध प्रदर्शन किया। मुंगेर जिले में भी जमालपुर, धरहरा, सदर मुंगेर, बरियारपुर, हवेली खड़गपुर, टेटिया बुम्बर, असरगंज, तारापुर और संग्रामपुर समेत विभिन्न प्रखंडों में पदाधिकारियों ने काली पट्टी बांधकर अपने दायित्वों का निर्वहन किया।धरहरा में श्रावणी गुप्ता,सदर मुंगेर में भोगेन्द्र कुमार, बरियारपुर में अश्वनी कुमार, टेटिया बुम्बर में रमेश बाबू, तारापुर में सोने लाल पाल और संग्रामपुर में अर्चना कुमारी समेत अन्य कल्याण पदाधिकारियों ने विरोध दर्ज कराया। पदाधिकारियों ने जिलाधिकारियों और संबंधित अधिकारियों को ज्ञापन सौंपकर अपनी समस्याओं से अवगत कराया।पदाधिकारियों का कहना है कि एससी-एसटी कल्याण योजनाओं के क्रियान्वयन, अत्याचार निवारण अधिनियम के तहत पीड़ितों को मुआवजा दिलाने, विकास मित्रों के कार्यो के मूल्यांकन एवं नियंत्रण तथा विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति से जुड़े महत्वपूर्ण कार्यो की जिम्मेदारी उनके कंधों पर है। इसके बावजूद प्रखंड और अनुमंडल स्तर की कल्याण शाखाओं में पर्याप्त मूलभूत संसाधन उपलब्ध नहीं हैं।उन्होंने कार्यालय कक्ष, फर्नीचर, लिपिक और डाटा एंट्री अपरेटर उपलब्ध कराने की मांग की है। साथ ही क्षेत्र भ्रमण और निरीक्षण के लिए सरकारी वाहन अथवा निर्धारित यात्रा भत्ता (टीए) की व्यवस्था करने की मांग भी उठाई है।कल्याण पदाधिकारियों ने चेतावनी दी कि काली पट्टी बांधकर किया गया यह विरोध सांकेतिक है। यदि सरकार और विभाग ने उनकी मांगों पर जल्द सकारात्मक निर्णय नहीं लिया, तो सभी पदाधिकारी अनिश्चितकालीन सामूहिक अवकाश पर चले जाएंगे। इससे कल्याण विभाग से जुड़ी योजनाओं और सेवाओं का काम प्रभावित होने की जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।



जिला कल्याण पदाधिकारी को ज्ञापन प्रखंड कल्याण पदाधिकारी।

### इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने महिला पत्रकारों की निर्मम मारपीट के विरोध में उप जिलाधिकारी को सौंपा ज्ञापन

#### इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा, स्वाभिमान और अधिकारों के लिए संघर्षशील : सेराज अहमद कुरैशी

#### महिला पत्रकारों की सुरक्षा, सम्मान और प्रेस की स्वतंत्रता के लिए देशव्यापी संघर्ष का ऐलान

**सोनपुर (एन एसबी)** गोरखपुर, उत्तर प्रदेश, दिल्ली में पत्रकार शाहीन खान (4 पीएम न्यूज नेटवर्क) एवं नफीसा खान (स्वतंत्र पत्रकार) के साथ दिल्ली पुलिस द्वारा कथित रूप से की गई मारपीट की घटना के विरोध में इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन ने कड़ा आक्रोश व्यक्त किया। संगठन के पदाधिकारियों एवं सदस्यों ने जिलाधिकारी गोरखपुर के माध्यम से माननीय राष्ट्रपति महोदया के नाम सात सूत्रीय मांग-पत्र उप जिलाधिकारी गोरखपुर श्री हिमांशु वर्मा जी को सौंपकर घटना की निष्पक्ष जांच, दोषियों पर कार्रवाई तथा पत्रकारों की सुरक्षा के लिए प्रभावी कानून बनाने की मांग की। इस अवसर पर इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी ने कहा कि पत्रकार पर हमला सिर्फ एक पत्रकार पर हमला नहीं है, बल्कि लोकतंत्र की आवाज, जनता के अधिकार और संविधान में निहित अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला है। उन्होंने कहा कि महिला पत्रकारों के साथ निर्मम मारपीट की घटना बेहद गंभीर है। पत्रकार अपना काम किसी निजी स्वार्थ के लिए नहीं बल्कि समाज और देश के सामने सच लाने के लिए करता है। पत्रकारों को डराकर, धमकाकर या उनके साथ मारपीट कर कलम और कैमरे की आवाज को दबाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि कलम झुकेगी नहीं, कैमरा रुकेगा नहीं और पत्रकारों की आवाज दबेगी नहीं। इंडियन जर्नलिस्ट एसोसिएशन पत्रकारों के सम्मान, सुरक्षा, स्वाभिमा।



राष्ट्रीय अध्यक्ष सेराज अहमद कुरैशी अन्य।

## संक्षिप्त खबरें

### भाजपा जिला महामंत्री के आवास पर गोलीबारी मामले में आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से कार्यकताओं में रोष

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** भाजपा के वरिष्ठ नेता एवं जिला महामंत्री सुनील कुमार के शंभूपट्टी स्थित आवास पर गोलीबारी, मारपीट एवं जान से मारने की धमकी देने के मामले में प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद नामजद आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से भाजपा कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय लोगों में आक्रोश है।




बताया गया है कि राजीव उर्फ छोटू सिंह के खिलाफ मामले में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है, लेकिन अब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं होने से पीड़ित परिवार में भय का माहौल बना हुआ है। भाजपा के मुख्य जिला प्रवक्ता मुकेश कुमार सिंह ने कहा कि घटना के बाद प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद आरोपी के खुलेआम घूमने की सूचना से कार्यकताओं में नाराजगी है। उन्होंने कहा कि एक ओर पीड़ित परिवार सुरक्षा को लेकर चिंतित है, वहीं दूसरी ओर आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से पुलिस की कार्यप्रणाली पर सवाल उठ रहे हैं। भाजपा कार्यकताओं ने पुलिस प्रशासन से मामले को गंभीरता से लेते हुए नामजद आरोपी को शीघ्र गिरफ्तार करने, घटना की निष्पक्ष जांच कराने तथा पीड़ित परिवार की सुरक्षा सुनिश्चित करने की मांग की है। कार्यकताओं का कहना है कि प्राथमिकी दर्ज होने के बाद भी आरोपी की गिरफ्तारी नहीं होने से अपराधियों का मनोबल बढ़ सकता है और आम लोगों के बीच कानून-व्यवस्था को लेकर गलत संदेश जा सकता है। उन्होंने पुलिस प्रशासन से त्वरित एवं प्रभावी कार्रवाई कर कानून का राज सुनिश्चित करने की मांग की।

### मिशन परिवार विकास अभियान को लेकर अंतर्विभागीय समन्वय बैठक

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** जिले में 7 सितंबर से 26 सितंबर 2026 तक संचालित मिशन परिवार विकास अभियान पखवाड़ा के सफल आयोजन एवं प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभाकक्ष में अंतर्विभागीय समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के तहत दंपति संपर्क एवं सामुदायिक उत्प्रेरण पखवाड़ा तथा परिवार नियोजन सेवा पखवाड़ा के सफल संचालन को लेकर



विभागवार तैयारियों एवं कार्ययोजना की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने संबंधित विभागों के पदाधिकारियों को आपसी समन्वय के साथ अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि पात्र दंपतियों तक परिवार नियोजन की सेवाओं एवं उपलब्ध साधनों की जानकारी प्रभावी तरीके से पहुंचाई जानी चाहिए। इसके लिए स्वास्थ्य विभाग, आईसीडीएस, आशा एवं आंगनबाड़ी सेवाओं सहित अन्य संबंधित विभागों के बीच बेहतर समन्वय आवश्यक है। जिलाधिकारी ने अधिक से अधिक लोगों को अभियान से जोड़ने तथा परिवार नियोजन के स्थायी एवं अस्थायी साधनों के संबंध में आमजन को जागरूक करने पर विशेष जोर दिया। उन्होंने पात्र लोगों को उपलब्ध स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ दिलाने के लिए विभागीय स्तर पर प्रभावी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। बैठक में सिविल सर्जन समस्तीपुर डॉ. राजीव कुमार, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी आईसीडीएस श्रीमती सुनीता कुमार सहित स्वास्थ्य विभाग एवं अन्य संबंधित विभागों के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### जिलाधिकारी ने किया जन संवाद, आमजनों की समस्याओं के त्वरित निष्पादन के दिए निर्देश

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय स्थित सभाकक्ष में जन संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें जिले के विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे आमजनों ने अपनी समस्याओं एवं मांगों से संबंधित आवेदन जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत किए। जन संवाद के दौरान जिलाधिकारी ने लोगों की समस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना तथा संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को प्राप्त आवेदनों पर नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण तरीके से निष्पादन सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित समाधान जिला प्रशासन की सर्वोच्च प्राथमिकताओं में शामिल है। उन्होंने अधिकारियों को प्राप्त आवेदनों का नियमित अनुश्रवण करने तथा मामलों का शीघ्र निष्पादन सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आवेदकों को उनके आवेदन पर की गई कार्रवाई की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। जिन मामलों का समाधान स्थानीय स्तर पर संभव है, उनका यथाशीघ्र निष्पादन किया जाए, ताकि लोगों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों का चक्कर नहीं लगाना पड़े। जन संवाद के दौरान विभिन्न क्षेत्रों से पहुंचे लोगों ने अपनी समस्याएं एवं मांगें जिलाधिकारी के समक्ष रखीं। जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को प्रत्येक मामले को गंभीरता से लेते हुए नियमानुसार कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

### एसडीओ ने नाव से बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का लिया जायजा, पीड़ितों से मिलकर जाना हाल

समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी। विद्यापतिनगर प्रखंड के दियारा क्षेत्रों में गंगा एवं वाया नदी के पानी से उत्पन्न बाढ़ की स्थिति का शुक्रवार को एसडीओ किशन कुमार ने नाव से जायजा लिया। उन्होंने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में पहुंचकर पीड़ित परिवारों से मुलाकात की तथा उन्हें मिल रही राहत एवं सहायता की जानकारी ली। एसडीओ ने शेरपुर दियारा, मऊ दियारा, गोपालपुर दियारा एवं बाजिदपुर के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का नाव से भ्रमण किया। इस दौरान उन्होंने बाढ़ से घिरे लोगों से उनकी समस्याओं की जानकारी ली। पशुपालकों से पशु चारा उपलब्ध होने की स्थिति के बारे में भी जानकारी ली। उन्होंने बाढ़ पीड़ितों के लिए संचालित शिविरों में भोजन, सुरक्षा, पर्याप्त रोशनी, शुद्ध पेयजल, दवा एवं अन्य आवश्यक राहत सामग्री



की उपलब्धता की जानकारी ली। एसडीओ ने मौके पर मौजूद अधिकारियों एवं कर्मियों को आवश्यक निर्देश देते हुए कहा कि किसी भी बाढ़ पीड़ित को किसी प्रकार की परेशानी नहीं होनी चाहिए। उन्होंने कहा कि राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। यदि राहत व्यवस्था में गड़बड़ी की शिकायत मिलती है तो संबंधित कर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। इस दौरान बाढ़ पीड़ितों ने नाव की कमी, पशु चारे की उपलब्धता सहित अन्य समस्याओं से एसडीओ को अवगत कराया। एसडीओ ने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्रवाई का निर्देश दिया। मौके पर बीडीओ महताब अंसारी, आरओ अरुण कुमार, जदयू के प्रदेश सचिव धीरेंद्र कुमार सिंह, मुखिया राम प्रवेश राय, दिनेश प्रसाद सिंह सहित अन्य लोग मौजूद थे।

# बैंककर्मियों की राष्ट्रव्यापी हड़ताल, विभिन्न मांगों के समर्थन में निकाला शांतिपूर्ण मार्च







**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियंस के आह्वान पर शुक्रवार को आयोजित राष्ट्रव्यापी बैंक हड़ताल का असर समस्तीपुर में भी देखने को मिला। जिले के विभिन्न सरकारी बैंकों के अधिकारी एवं कर्मचारी हड़ताल में शामिल हुए। हड़ताल के दौरान बैंकिंग गतिविधियां प्रभावित रहीं और कर्मचारियों ने अपनी विभिन्न मांगों के समर्थन में शांतिपूर्ण मार्च निकाला। बैंककर्मियों ने यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय कार्यालय से गोला रोड तक मार्च निकाला। इस दौरान कर्मचारियों ने अपनी मांगों के समर्थन में नारेबाजी की तथा सरकार एवं बैंक प्रबंधन से लंबित मांगों पर शीघ्र निर्णय लेने की अपील की।

हड़ताल में शामिल बैंककर्मियों ने पांच दिवसीय कार्य सप्ताह को तत्काल लागू करने की मांग प्रमुखता से उठाई। इसके साथ ही समान पीएलआई योजना लागू करने तथा भेदभावपूर्ण पीएलआई व्यवस्था को वापस लेने की मांग की गई। कर्मचारियों ने कहा कि पीएलआई योजना में आवश्यक संशोधन यूनियनों के साथ द्विपक्षीय वार्ता के माध्यम से किया जाना चाहिए। बैंक यूनियनों से जुड़े लंबित एवं अवशिष्ट मुद्दों का शीघ्र समाधान करने की मांग भी प्रदर्शन के दौरान उठाई गई। बैंककर्मियों ने कहा कि कर्मचारियों से जुड़े मुद्दों का समयबद्ध समाधान होने से बैंकिंग व्यवस्था में सकारात्मक वातावरण बनेगा।

मार्च एवं हड़ताल में आशुतोष कुमार, विकास कुमार, अवध बिहारी, ब्रजेश कुमार, राजीव कुमार, ज्ञानप्रकाश कुमार, तारकेश्वर कुमार, राकेश कुमार, प्रिंस कुमार, अमित कुमार, शशि शेखर चंद्र समेत बड़ी संख्या में बैंक अधिकारी एवं कर्मचारी शामिल हुए।

## लक्ष्य के अनुरूप प्रगति सुनिश्चित करें : डीएम

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** जिलाधिकारी रोशन कुशवाहा की अध्यक्षता में शुक्रवार को समाहरणालय सभागार में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के सफल क्रियान्वयन एवं प्रगति को लेकर समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले में योजना के तहत अब तक हुई प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने प्राप्त आवेदनों, लाभुकों को योजना से जोड़ने, रूफटॉप सोलर सिस्टम की स्थापना तथा लंबित मामलों की जानकारी ली। उन्होंने संबंधित पदाधिकारियों से योजना के क्रियान्वयन में आ रही समस्याओं एवं उनके समाधान के संबंध में भी जानकारी प्राप्त की। डीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना सरकार की महत्वपूर्ण जनकल्याणकारी योजना है। इसका उद्देश्य अधिक से अधिक परिवारों को रूफटॉप सोलर के माध्यम से स्वच्छ एवं सस्ती ऊर्जा उपलब्ध कराना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना का व्यापक प्रचार-प्रसार करते हुए पात्र एवं इच्छुक परिवारों को इसके लाभ की जानकारी उपलब्ध कराई जाए। उन्होंने विद्युत विभाग के अधिकारियों एवं योजना से जुड़े आपूर्तिकताओं को आपसी समन्वय के साथ काम करने का निर्देश दिया। आवेदन से लेकर सोलर रूफटॉप सिस्टम की स्थापना तक की प्रक्रिया को सरल एवं समयबद्ध बनाने पर उन्होंने विशेष जोर दिया।

## विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग में युवाओं से बढ़-चढ़कर भाग लेने की अपील

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** देश के विकास में युवाओं की सक्रिय भागीदारी एवं नेतृत्व क्षमता को बढ़ावा देने के उद्देश्य से युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग-2027 का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के माध्यम से देशभर के युवाओं को विकसित भारत के निर्माण से जुड़े विषयों पर अपने विचार रखने, प्रतिभा प्रदर्शित करने तथा नेतृत्व क्षमता विकसित करने का अवसर मिलेगा। माय भारत की जिला युवा अधिकारी भावना गोयल ने समस्तीपुर जिले के युवाओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में भाग लेने की अपील की है। उन्होंने बताया कि जिले के 15 से 29 वर्ष आयु वर्ग के युवा एवं युवतियां विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं में शामिल होकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर सकते हैं।

जिला युवा अधिकारी ने कहा कि विकसित भारत के लक्ष्य को प्राप्त करने में युवाओं की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण है। युवा देश की सबसे बड़ी शक्ति हैं। उनकी प्रतिभा, नवाचार, रचनात्मक सोच एवं नेतृत्व क्षमता का उपयोग राष्ट्र निर्माण में किया जाना आवश्यक है। विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग युवाओं को अपनी सोच, विचार एवं सुझाव सामने रखने के लिए महत्वपूर्ण मंच उपलब्ध करा रहा है।

उन्होंने बताया कि अभियान के तहत 17 अगस्त से 30 सितंबर 2026 तक विभिन्न गतिविधियों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। इन गतिविधियों के माध्यम से युवाओं को अपनी ज्ञान क्षमता एवं समसामयिक विषयों की समझ प्रदर्शित करने का अवसर मिलेगा। विशेष रूप से क्विज प्रतियोगिता में भाग लेने वाले प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण पत्र भी प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने कहा कि यह कार्यक्रम केवल प्रतियोगिता तक सीमित नहीं है, बल्कि युवाओं को जिम्मेदार नागरिक बनने, नेतृत्व कौशल विकसित करने तथा राष्ट्र निर्माण में अपनी भूमिका समझने का अवसर प्रदान करता है। उन्होंने युवाओं, युवा संगठनों एवं संबंधित संस्थानों से अभियान का व्यापक प्रचार-प्रसार करने की अपील की, ताकि जिले की अधिकाधिक युवा प्रतिभाएं इस राष्ट्रीय अभियान से जुड़ सकें।

## इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट बने आदर्श




**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** बिहार टी-10 लीग में शानदार प्रदर्शन करने वाले समस्तीपुर के युवा ऑलराउंडर आदर्श पाराशर को इमर्जिंग प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट के सम्मान से नवाजा गया। टूर्नामेंट के समापन सह पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आदर्श को 10 हजार रुपये का चेक एवं ट्रॉफी प्रदान कर सम्मानित किया।

किसान पिता पंकज कुमार सिंह एवं गृहिणी माता सुलेखा देवी के पुत्र आदर्श पाराशर को बिहार टी-10 टूर्नामेंट के लिए चंपारण चैंपियंस ने 55 हजार रुपये में अपनी टीम में शामिल किया था। टीम की ओर से खेलते हुए आदर्श ने पूरे टूर्नामेंट में गेंद और बल्ले से प्रभावशाली प्रदर्शन किया। इसके अलावा मैदान पर उनकी चुस्ती-फुर्ती और बेहतरीन क्षेत्ररक्षण ने भी क्रिकेट प्रेमियों एवं आयोजकों का ध्यान आकर्षित किया।

पटना के ऊर्जा स्टेडियम में आयोजित पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने आदर्श को ट्रॉफी प्रदान करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। सम्मान मिलने के बाद जिले के क्रिकेट प्रेमियों में खुशी की लहर है। युवा खिलाड़ी की उपलब्धि को समस्तीपुर की खेल प्रतिभा के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। अपने भतीजे की उपलब्धि पर बधाई देते हुए जनसुराज के क्षेत्रीय प्रभारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि यह सम्मान आदर्श की मेहनत, अनुशासन और प्रतिभा की पहचान है। उन्होंने कहा कि सीमित संसाधनों के बावजूद बड़े सपने देखने वाले बिहार के युवा खिलाड़ियों के लिए आदर्श की सफलता प्रेरणादायक है। उन्होंने विश्वास जताया कि यह उपलब्धि उसके भविष्य के बड़े मुकाम की शुरूआत है।

वहीं आदर्श एवं उनके माता-पिता को शुभकामनाएं देते हुए पूसा मुखिया संघ के अध्यक्ष सह लोजपा नेता संजीव कुमार सिंह ने कहा कि आदर्श आने वाले समय में बिहार और देश का नाम रोशन करें तथा बड़े मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। उन्होंने कहा कि युवा खिलाड़ी का संघर्ष और मेहनत ही उसकी सबसे बड़ी पहचान बनेगी तथा उसकी सफलता आने वाली पीढ़ी के लिए प्रेरणा का काम करेगी।

## पीएम सूर्य घर योजना को लेकर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित



**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना को जन-जन तक पहुंचाने एवं लोगों को योजना के लाभ के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से सेल्को सोलर लाइट प्राइवेट लिमिटेड एवं बिहार ग्रामीण बैंक के सहयोग से अकबरपुर साड़ी, समस्तीपुर में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में बिहार ग्रामीण बैंक क्षेत्रीय कार्यालय समस्तीपुर से सुनील कुमार, प्रतीक कुमार एवं राहुल कुमार ने भाग लिया। उन्होंने लोगों को प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के उद्देश्य, लाभ, ऋण सुविधा एवं आसान किस्तों के संबंध में विस्तार से जानकारी दी। प्रतीक कुमार ने बताया कि बिहार ग्रामीण बैंक की किसी भी शाखा में ऋण प्रक्रिया से संबंधित समस्या होने पर लोग सीधे संपर्क कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं। उन्होंने लोगों को कार्यालय संपर्क के माध्यम से समस्या रखने की जानकारी भी दी। सेल्को के शाखा प्रबंधक यशवंत कुमार ने स्वच्छ ऊर्जा एवं पर्यावरण संरक्षण में सौर ऊर्जा की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने सोलर सिस्टम की लागत, सरकार द्वारा दी जाने वाली सब्सिडी एवं योजना के तहत उपलब्ध सुविधाओं के संबंध में लोगों को जानकारी दी। कार्यक्रम के दौरान बैंक की टीम ने लाभार्थी सुरैया खातून के घर पर लगाए गए 3 किलोवाट के सोलर सिस्टम का निरीक्षण भी किया। योजना का लाभ ले चुके नाजिर अंसारी ने अधिक से अधिक लोगों से प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना अपनाने की अपील की। मौके पर आलोक रंजन, शशि भूषण, सुरेश शर्मा, जैनब, सागर सहित अन्य लोग मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन यशवंत कुमार ने किया। धन्यवाद ज्ञापन नाजिर अंसारी ने किया, जबकि समापन अभिषेक आनंद ने किया।

## बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में 2.33 लाख से अधिक आबादी प्रभावित, 121 सामुदायिक रसोई संचालित

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** जिले में बाढ़ की स्थिति को देखते हुए जिला प्रशासन द्वारा राहत एवं बचाव कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता दी जा रही है। प्रभावित लोगों को भोजन, स्वास्थ्य सुविधा, सुरक्षित आवागमन एवं आवश्यक राहत सामग्री उपलब्ध कराने के साथ-साथ पशुओं के लिए भी चारा, आश्रय एवं चिकित्सा की व्यवस्था की गई है। जिला प्रशासन के अनुसार जिले में बाढ़ से कुल 2,33,212 की आबादी प्रभावित हुई है। प्रभावित परिवारों तक आवश्यक सहायता पहुंचाने के लिए जिला प्रशासन एवं संबंधित विभागों की ओर से लगातार राहत एवं बचाव कार्य चलाए जा रहे हैं। बाढ़ प्रभावित लोगों के लिए वर्तमान में 121 कम्युनिटी किचन संचालित किए जा रहे हैं। इन सामुदायिक रसोई के माध्यम से अब तक 4,22,591 मील परोसे जा चुके हैं। प्रशासन द्वारा कम्युनिटी किचन में भोजन की गुणवत्ता एवं नियमित संचालन की लगातार निगरानी की जा रही है। प्रभावित परिवारों को तत्काल राहत उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अब तक 36,800 पॉलिथीन शीट्स का वितरण किया जा चुका है। आवश्यकता के अनुसार प्रभावित परिवारों को अन्य आवश्यक राहत सामग्री भी उपलब्ध कराई जा रही है।

## सड़क दुर्घटना में रिटायर शिक्षक की मौत

**कल्याणपुर एनएसबी।** कल्याणपुर थाना क्षेत्र के बासुदेवपुर कुशवाहा चौक के समीप गुरुवार की देर रात हुई सड़क दुर्घटना में बाइक की ठोकर से एक सेवानिवृत्त शिक्षक की मौत हो गई। मृतक की पहचान मनियारपुर गांव निवासी सेवानिवृत्त शिक्षक रामचंद्र बैठा उर्फ मोहन बैठा के रूप में हुई है। बताया गया कि दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल होने के बाद उन्हें इलाज के लिए अस्पताल ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम कराया। शुक्रवार को पोस्टमार्टम के बाद शव का अंतिम संस्कार किया गया। अंतिम संस्कार में स्थानीय लोगों सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण शामिल हुए। घटना पर लोगों ने शोक व्यक्त करते हुए परिजनों के प्रति संवेदना जताई।

# मंडल में राजभाषा पखवाड़ा–2026 का भव्य शुभारंभ

### हिंदी की समृद्धि एवं भाषाई समन्वय पर हुई संगोष्ठी

**समस्तीपुर कार्यालय एनएसबी।** मंडल कार्यालय में गुरुवार को राजभाषा पखवाड़ा-2026 का हर्ष एवं उत्साहपूर्ण माहौल में शुभारंभ हुआ। इस अवसर पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (नराकास) के तत्वावधान में राजभाषा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मंडल रेल प्रबंधक, अपर मंडल रेल प्रबंधक सहित मंडल के विभिन्न अधिकारी मौजूद रहे। समारोह में नराकास के अध्यक्ष सह यूनियन बैंक ऑफ इंडिया के क्षेत्रीय प्रबंधक प्रेमरंजन कुमार मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। प्रसिद्ध कवि एवं साहित्यकार डॉ. संजय पंकज विशिष्ट अतिथि के रूप में मौजूद रहे। केंद्र सरकार के विभिन्न कार्यालयों, उपक्रमों, बैंकों, पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय सहित विभिन्न संस्थानों के प्रतिनिधियों ने भी कार्यक्रम में भाग लिया।




संगोष्ठी को संबोधित करते हुए डॉ. संजय पंकज ने हिंदी की महत्ता, व्यापक स्वीकार्यता एवं भाषाई समन्वय में इसकी भूमिका पर विस्तार से प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि हिंदी मातृभाषा नहीं होने के बावजूद नेताजी सुभाष चंद्र बोस, लोकमान्य तिलक, महात्मा गांधी, काकासाहब कालेलकर एवं सी. राजगोपालाचारी जैसे महापुरुषों ने हिंदी के मान, संरक्षण एवं संवर्धन के लिए महत्वपूर्ण कार्य किए।

उन्होंने कहा कि भारत विभिन्न भाषाओं एवं बोलियों वाला देश है और हिंदी देश की विविध भाषाई एवं सांस्कृतिक विरासत को एक सूत्र में जोड़ने का माध्यम बन सकती है। उन्होंने रामचरितमानस एवं हिंदी को भारतीय सांस्कृतिक चेतना का महत्वपूर्ण आधार बताते हुए कहा कि इनसे जुड़ाव बनाए रखना आवश्यक है।

कार्यक्रम के दौरान हिंदी की महत्ता एवं भाषाई समन्वय पर आधारित चार वीडियो क्लिप भी प्रदर्शित की गईं। इनमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के हिंदी संबंधी विचारों पर आधारित फिल्म, गीतकार एवं शायर जावेद अख्तर के भाषाओं के सहज आदान-प्रदान से संबंधित विचार, अभिनेता आशुतोष राणा द्वारा रामधारी सिंह दिनकर की ह्यरश्मिरथीह्न के तृतीय सर्ग के कृष्ण-कौरव सभा संवाद का पाठ तथा हास्य कवि अशोक चक्रधर की भाषाई मेल-मिलाप पर आधारित प्रस्तुति शामिल रही।

वीडियो प्रस्तुतियों ने कार्यक्रम में मौजूद लोगों को प्रभावित किया। अंत में मंडल वित्त प्रबंधक ने सभी अतिथियों, वक्ताओं एवं प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त खबरें

### पोषण से ही स्वस्थ परिवार की नींव, आंगनबाड़ी सेविकाओं ने चलाया जागरूकता अभियान

**मेहंदिया (एनएसबी)।** राष्ट्रीय पोषण माह के अवसर पर ह्यसही पोषण-स्वस्थ परिवारह्ल कार्यक्रम के तहत सेक्टर-6 की आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं सहायिकाओं ने जागरूकता अभियान चलाया। इस्माइलपुर पंचायत के जमुहारी स्थित आंगनबाड़ी केंद्र पर आयोजित कार्यक्रम में दर्जनों सेविकाओं, सहायिकाओं एवं लाभार्थियों ने हिस्सा लिया।कार्यक्रम में केवल पोषण के प्रति जागरूकता ही नहीं, बल्कि गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। गर्भवती महिलाओं की गोदभराई की रस्म पूरी कर उन्हें गर्भावस्था के दौरान पौष्टिक एवं संतुलित आहार लेने की सलाह दी गई। वहीं छह माह की आयु पूरी कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराकर उन्हें ऊपरी आहार की शुरूआत कराई गई। इस अवसर पर महिला पर्यवेक्षिका पिंकी कुमारी ने राष्ट्रीय पोषण मिशन के उद्देश्यों की जानकारी देते हुए कहा कि गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं, किशोरियों तथा छह वर्ष तक के बच्चों को उचित पोषण उपलब्ध कराना बेहद जरूरी है। कुपोषण को दूर करने में परिवार और समाज की महत्वपूर्ण भूमिका है।उन्होंने कहा कि आंगनबाड़ी सेविकाएं घर-घर जाकर लोगों को संतुलित आहार, बच्चों को समय पर पूरक आहार देने, स्तनपान, स्वच्छता एवं टीकाकरण के महत्व के बारे में जागरूक करें। बच्चों के जीवन के शुरूआती वर्षों में मिलने वाला उचित पोषण उनके शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। कार्यक्रम के दौरान महिलाओं एवं अभिभावकों को पोषण से जुड़ी जरूरी जानकारी दी गई तथा स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया गया। सेविकाओं ने कहा कि जब परिवार पोषण के प्रति जागरूक होगा, तभी कुपोषण पर प्रभावी ढंग से रोक लगाई जा सकेगी और स्वस्थ समाज का निर्माण संभव होगा।

**गोदभराई एवं अन्नप्राशन कार्यक्रम के माध्यम से महिलाओं और अभिभावकों को दिया पोषण का संदेश**

### वर्षों से जर्जर मेहंदिया-हसपुरा पथ, बड़े-बड़े गड्ढों के बीच सफर करने को मजबूर लोग

**मेहंदिया (एनएसबी)।** मेहंदिया से हसपुरा को जोड़ने वाला महत्वपूर्ण मेहंदिया-हसपुरा पथ बीते कई वर्षों से जर्जर स्थिति में है। सड़क पर जगह-जगह बड़े-बड़े गड्ढे बन जाने के कारण इस मार्ग से आने-जाने वाले लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। बरसात के मौसम में स्थिति और भी गंभीर हो गई है। सड़क के गड्ढों में पानी भर जाने के कारण राहगीरों और वाहन चालकों के लिए यह पता लगाना भी मुश्किल हो जाता है कि गड्ढा कितना गहरा है।मेहंदिया क्षेत्र के लोगों के लिए यह सड़क काफी महत्वपूर्ण है। इस मार्ग से मेहंदिया के लोग हसपुरा, उपहरा, देवकुंड, औरंगाबाद, दाउदनगर समेत कई इलाकों में आते-जाते हैं। बड़ी संख्या में लोग इन क्षेत्रों में व्यवसाय, रोजगार और अन्य जरूरी कार्यों के लिए प्रतिदिन आवागमन करते हैं। इसके अलावा कृषि कार्य के लिए भी इस मार्ग का इस्तेमाल बड़ी संख्या में ग्रामीण करते हैं।


सड़क बना गढ़ा।

**खराब सड़क का असर किराये पर भी :** सड़क की जर्जर स्थिति का सीधा असर इस मार्ग पर चलने वाले यात्रियों पर भी पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क खराब रहने के कारण इस मार्ग पर चलने वाले दोपहिया, तीनपहिया और चारपहिया वाहनों के चालक यात्रियों से अधिक किराया वसूलते हैं। खराब सड़क के कारण वाहनों के रखरखाव और आने-जाने में होने वाली परेशानी का हवाला देकर यात्रियों से अधिक किराया लिया जाता है। इससे रोजाना इस मार्ग से सफर करने वाले लोगों की परेशानी और बढ़ गई है।

**हर सफर में बना रहता है दुर्घटना का भय :** जर्जर सड़क पर बने बड़े-बड़े गड्ढों के कारण वाहन चालकों को हर समय दुर्घटना का डर बना रहता है। खासकर दोपहिया और तीनपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग काफी जोखिम भरा हो गया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि सड़क पर पानी जमा रहने के कारण कई बार गड्ढों का अंदाजा नहीं लग पाता। ऐसे में वाहन के अनियंत्रित होकर पलटने या दुर्घटनाग्रस्त होने की आशंका बनी रहती है। यात्रियों को सफर के दौरान यह भय सताता रहता है कि कहीं वाहन पलट न जाए और किसी व्यक्ति की असमय जान न चली जाए।

**पिछले वर्ष गड्ढे भरने के बाद फिर बिगड़ी स्थिति :** स्थानीय लोगों के अनुसार, पिछले वर्ष सड़क पर बने गड्ढों को भरने का काम किया गया था, लेकिन यह काम प्रभावी और स्थायी तरीके से नहीं किया गया। परिणामस्वरूप कुछ समय बाद ही सड़क फिर से गड्ढों में तब्दील होने लगी। वर्तमान में बरसात के कारण स्थिति और भी खराब हो गई है तथा कई स्थानों पर सड़क के गड्ढों में पानी भरा हुआ है।

कई बार अधिकारियों से लगा चुके हैं गुहार। क्षेत्र के लोगों का कहना है कि सड़क निर्माण और मरम्मत की मांग को लेकर वे कई बार संबंधित अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों से गुहार लगा चुके हैं, लेकिन अब तक इस महत्वपूर्ण सड़क की स्थिति सुधारने की दिशा में कोई ठोस पहल नहीं हुई है। लोगों का कहना है कि लगातार शिकायत और मांग के बावजूद समस्या पर ध्यान नहीं दिया जाना चिंता का विषय है। मेहंदिया से हसपुरा की दूरी लगभग 12 किलोमीटर है। यह मार्ग क्षेत्र के लोगों के लिए व्यापार, कृषि, रोजगार और दैनिक आवागमन की दृष्टि से काफी महत्वपूर्ण है। इसके बावजूद वर्षों से सड़क की खराब स्थिति के कारण हजारों लोगों को परेशानी झेलनी पड़ रही है। फिर आंदोलनात्मक मांग की तैयारी सड़क की बदहाल स्थिति से परेशान क्षेत्र के लोगों में अब नाराजगी बढ़ती जा रही है। स्थानीय लोगों ने एक बार फिर मेहंदिया-हसपुरा पथ के निर्माण और जीर्णोद्धार की मांग को लेकर जोरदार तरीके से आवाज उठाने की योजना बनाई है। लोगों का कहना है कि यदि जल्द ही सड़क निर्माण की दिशा में ठोस पहल नहीं की गई तो वे अपनी मांग को लेकर संबंधित विभाग और प्रशासन के समक्ष मजबूती से आवाज उठाएंगे। क्षेत्रवासियों ने प्रशासन और संबंधित विभाग से मांग की है कि मेहंदिया-हसपुरा पथ का स्थायी समाधान करते हुए सड़क का शीघ्र निर्माण कराया जाए, ताकि लोगों को जर्जर सड़क, अधिक किराये और दुर्घटना के भय से राहत मिल सके।

### बिजली की लचर व्यवस्था से लोग परेशान, सूचना देने वाला कोई नहीं, अधिकारियों के फोन नहीं उठाने से बढ़ रहा आक्रोश

**मेहंदिया (एनएसबी)।** क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की लचर व्यवस्था से उपभोक्ताओं की परेशानी लगातार बढ़ती जा रही है। बार-बार बिजली गुल होने और लंबे समय तक आपूर्ति बाधित रहने के बावजूद लोगों को यह बताने वाला कोई स्पष्ट माध्यम नहीं है कि आखिर बिजली क्यों काटी गई है और इसकी आपूर्ति कब तक बहाल होगी। उपभोक्ताओं की सबसे बड़ी शिकायत बिजली कटौती से अधिक बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों के व्यवहार तथा सूचना उपलब्ध कराने की व्यवस्था को लेकर है। क्षेत्र के पहलेजा और लोदीपुर सब स्टेशन से जुड़े उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली चले जाने या किसी तकनीकी खराबी के कारण आपूर्ति बाधित होने पर लोग संबंधित अधिकारियों और कर्मचारियों को फोन कर स्थिति की जानकारी लेने का प्रयास करते हैं। लेकिन कई बार फोन उठाया नहीं जाता। कुछ उपभोक्ताओं का आरोप है कि बार-बार फोन करने पर फोन व्यस्त बताता रहता है। ऐसे में लोगों के सामने यह समस्या खड़ी हो जाती है कि आखिर बिजली कब आएगी और खराबी किस कारण से हुई है। बिजली नहीं रहने पर बढ़ती है लोगों की बेचैनी बिजली गुल होने के बाद लोगों को सबसे अधिक परेशानी इस बात को लेकर होती है कि उन्हें सही जानकारी नहीं मिल पाती। यदि उपभोक्ताओं को यह जानकारी मिल जाए कि किसी तकनीकी खराबी के कारण बिजली बंद है और उसे ठीक करने में कितना समय लगेगा, तो लोग अपनी आवश्यक गतिविधियों की योजना बना सकते हैं। लेकिन सूचना के अभाव में लोग लगातार बिजली विभाग के नंबरों पर फोन करते रहते हैं। लोगों का कहना है कि बिजली की समस्या के कारण गुस्सा होना स्वाभाविक है, लेकिन जब समस्या के समाधान या बिजली बहाल होने की जानकारी लेने के लिए फोन किया जाता है और फोन नहीं उठाया जाता, तो उपभोक्ताओं का आक्रोश और बढ़ जाता है। अधिकारियों के व्यवहार को लेकर ज्यादा नाराजगी उपभोक्ताओं का कहना है कि बिजली की कटौती से उन्हें परेशानी तो होती ही है, लेकिन उससे भी अधिक नाराजगी समस्या के समय अधिकारियों से संपर्क नहीं हो पाने को लेकर है। लोगों का कहना है कि बिजली विभाग को ऐसी व्यवस्था करनी चाहिए, जिससे बिजली बाधित होने की स्थिति में उपभोक्ताओं को कम से कम सही जानकारी मिल सके।क्षेत्र के लोगों ने बिजली विभाग के वरीय अधिकारियों से मामले को गंभीरता से लेने की मांग की है।

# बाढ़ से हुई नुकसान के मुआवजे को लेकर डीएम से मिला राजत नेताओं का शिष्टमंडल

**कुर्था(एनएसबी)।** पुनपुन नदी में आई बाढ़ से अरवल जिले के कुर्था, वंशी एवं करपी प्रखंड के विभिन्न पंचायतों में हुई व्यापक क्षति को लेकर राष्ट्रीय जनता दल किसान प्रकोष्ठ के अरवल जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव के नेतृत्व में राजद नेताओं के एक प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी अमृषा बैंस से मुलाकात की। प्रतिनिधिमंडल ने बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों का सर्वेक्षण कर पीड़ित किसानों एवं प्रभावित परिवारों को उचित क्षतिपूर्ति और राहत राशि उपलब्ध कराने की मांग की। राजद किसान प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सुनील कुमार यादव ने कहा कि पुनपुन नदी में आई बाढ़ के कारण जिले के कई गांवों में एक सप्ताह से अधिक समय तक जलजमाव की स्थिति बनी रही। इससे बड़े पैमाने पर धान की फसल बर्बाद हुई है। इसके अलावा पशु आहार, पशुधन एवं अन्य संपत्ति को भी नुकसान पहुंचा है। बाढ़ के दौरान चार लोगों की डूबने से मौत भी हुई है। कई स्थानों पर सड़कें क्षतिग्रस्त होने से आवागमन भी प्रभावित हुआ है। उन्होंने बताया कि बाढ़ की स्थिति का जायजा लेने के लिए उन्होंने प्रभावित इलाकों का दौरा कर ग्रामीणों एवं किसानों से मुलाकात की और उनकी समस्याओं की जानकारी ली। वंशी प्रखंड की बलौरा, माली, खड़ासीन, सोनभद्र, अनुआ, चमंडी एवं शेरपुर पंचायत, कुर्था प्रखंड की बारा, कोदमरई, धमौल, इब्राहिमपुर एवं पिंजरावां पंचायत तथा करपी प्रखंड की नरगा, मुरहारी एवं किंजर पंचायत के विभिन्न गांवों में बाढ़ से भारी नुकसान की बात सामने आई है। प्रतिनिधिमंडल ने जिलाधिकारी से बाढ़ प्रभावित गांवों में विशेष जांच एवं क्षति का सर्वेक्षण करवाकर किसानों की नष्ट हुई फसल, पशुधन एवं अन्य नुकसान का आकलन कराने तथा प्रभावित परिवारों को नियमानुसार राहत एवं क्षतिपूर्ति राशि उपलब्ध कराने की मांग की। इस दौरान युवा राजद वंशी प्रखंड अध्यक्ष दयानंद कुमार यादव, सांसद प्रतिनिधि अमिताभ यादव समेत कई राजद नेता एवं कार्यकर्ता मौजूद रहे।



डीएम से मिलते राजन नेताओं का शिष्टमंडल।

## लारी के अधिवक्ता अरविंद कुमार को पटना हाईकोर्ट में मिली बड़ी जिम्मेदारी



पदभार ग्रहण करते अरविंद कुमार।

**बिहार सरकार ने किया गवर्नमेंट प्लीडर नियुक्त**

**कुर्था (एनएसबी)।** स्थानीय प्रखण्ड क्षेत्र के लारी निवासी अधिवक्ता एवं भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता अरविंद कुमार को बिहार सरकार के विधि विभाग द्वारा पटना उच्च न्यायालय में गवर्नमेंट प्लीडर नियुक्त किया गया है। विभाग की ओर से अधिसूचना जारी होने के बाद अरविंद कुमार ने तत्काल प्रभाव से पटना उच्च न्यायालय में महाधिवक्ता के समक्ष अपने पद का पदभार ग्रहण कर लिया। गवर्नमेंट प्लीडर के रूप में अरविंद कुमार पटना उच्च न्यायालय में बिहार सरकार से जुड़े विभिन्न कानूनी मामलों में सरकार की ओर से पैरवी एवं बहस करेंगे।

साथ ही न्यायालय के समक्ष सरकार का पक्ष मजबूती से रखने की जिम्मेदारी निभाएंगे। कानून के क्षेत्र में उनके अनुभव एवं विशेषज्ञता को देखते हुए उन्हें यह महत्वपूर्ण दायित्व सौंपा गया है। अरविंद कुमार वर्तमान में पटना उच्च न्यायालय में सेंट्रल गवर्नमेंट काउंसिल के रूप में भी अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा वे भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश प्रवक्ता की जिम्मेदारी भी संभाल रहे हैं। विधिक एवं सार्वजनिक जीवन में एक साथ महत्वपूर्ण दायित्वों का निर्वहन उनकी कार्यक्षमता, अनुभव और विधि क्षेत्र में पकड़ को दर्शाता है। उनकी नियुक्ति की खबर से लारी सहित पूरे अरवल जिले में हर्ष और गौरव का माहौल है। स्थानीय लोगों के साथ-साथ सामाजिक एवं राजनीतिक क्षेत्र से जुड़े लोगों ने इसे जिले के लिए बड़ी उपलब्धि बताते हुए अरविंद कुमार को बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। नियुक्ति पर भाजपा जिला मंत्री सह विधानसभा प्रभारी राहुल वत्स, जिला उपाध्यक्ष रामाशीष दास, जिला महामंत्री संगीता कुशवाहा, मंडल अध्यक्ष सुधीर शर्मा, विनय कुमार दरोगा, संजय सिंह, आशुतोष पांडेय सहित भाजपा के अनेक नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने उन्हें हार्दिक बधाई दी। भाजपा नेताओं ने कहा कि लारी जैसे ग्रामीण क्षेत्र से निकलकर पटना उच्च न्यायालय में बिहार सरकार की ओर से महत्वपूर्ण कानूनी जिम्मेदारी प्राप्त करना पूरे अरवल जिले के लिए गर्व की बात है। उन्होंने विश्वास जताया कि अरविंद कुमार अपनी नई जिम्मेदारी का पूरी निष्ठा, ईमानदारी एवं कुशलता के साथ निर्वहन करते हुए न्यायालय के समक्ष बिहार सरकार के हितों को मजबूती से रखेंगे और न्यायिक क्षेत्र में अपनी विशिष्ट पहचान बनाएंगे।

## बाढ़ के दौरान हुई मौत मामले में बसपा नेताओं ने लगाया मुआवजा देने में भेदभाव का आरोप

**कुर्था (एनएसबी)।** अरवल जिले में बाढ़ के दौरान हुई जनहानि के बाद मृतकों के परिजनों को मिलने वाली अनुग्रह राशि में कथित भेदभाव का आरोप लगाते हुए बहुजन समाज पार्टी ने सरकार और जिला प्रशासन से जवाब मांगा है। बसपा के वरिष्ठ नेता सह जिला परिषद सदस्य रंजन यादव, जिलाध्यक्ष अखिलेश कुमार एवं जिला महासचिव कामेश्वर दास ने कहा कि उनका उद्देश्य किसी व्यक्ति विशेष पर व्यक्तिगत आरोप लगाना नहीं, बल्कि आपदा पीड़ित परिवारों को समान राहत, किसानों को फसल क्षति का उचित मुआवजा और मृतक परिवारों को न्याय दिलाना है। बसपा नेताओं ने विथरा-सिनाने नहर में डूबने से मृत छतोंई गांव निवासी शिवम कुमार के परिजनों को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि उपलब्ध कराने के लिए प्रभारी मंत्री दीपक प्रकाश, जिलाधिकारी अमृषा बैंस एवं विधायक पप्पू वर्मा के प्रति आभार जताया। उन्होंने कहा कि मृतक के परिजनों से मुलाकात कर 48 घंटे के अंदर सहायता राशि का चेक उपलब्ध कराना सराहनीय पहल है। हालांकि, नेताओं ने सवाल उठाया कि यदि एक मृतक के परिवार को 48 घंटे के भीतर अनुग्रह राशि दी जा सकती है, तो बाढ़ में जान गंवाने वाले अन्य पांच मृतकों के परिजनों को अब तक राशि क्यों नहीं मिली? बसपा नेताओं के अनुसार, कुर्था एवं करपी क्षेत्र में बाढ़ के दौरान कुल छह लोगों की मौत हुई है। इनमें छतोंई के शिवम कुमार के परिजनों को चार लाख रुपये की अनुग्रह राशि मिल चुकी है, जबकि कमरिया, कुर्था के विराज सिंह, मदारपुर की शांति देवी, धमौल में मृत कसई (जहानाबाद) निवासी उपेंद्र मालाकार, सेलारपुर (करपी) के रिपु कुमार तथा अलावलचक (करपी) की सुमंत्री देवी के परिजनों को अनुग्रह राशि अब तक लंबित है। बसपा नेताओं ने कहा कि आपदा में जान गंवाने वाले सभी परिवारों के साथ समान व्यवहार होना चाहिए। उन्होंने सरकार और जिला प्रशासन से लंबित मामलों में तत्काल प्रक्रिया पूरी कर मृतकों के परिजनों को अनुग्रह राशि उपलब्ध कराने की मांग की है।

**मृतकों के परिजनों को शीघ्र मुआवजा नहीं मिला तो आंदोलन की चेतावनी**


पीसी करते बसपा नेता।

## डीएम के जनता दरबार में फरियादियों ने लगाया फरियाद


फरियाद लगाते लोग।

**अरवल (एनएसबी)।** जिला पदाधिकारी ने आयोजित किया जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम। विभिन्न विभागों से संबंधित शिकायतों का किया गया त्वरित निष्पादन जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस द्वारा कार्यालय प्रकोष्ट में जनता से साक्षात्कार कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जनता से साक्षात्कार में लगभग 14 नागरिकों के द्वारा अपनी समस्याओं से जिला पदाधिकारी को अवगत कराया गया। प्राप्त शिकायतें मुख्य रूप से भूमि विवाद, बकाया राशि, नली गली, उप विकास आयुक्त कार्यालय, भूमि सुधार उप समाहर्ता कार्यालय, अनुमंडल कार्यालय, एसडीपीओ कार्यालय, प्रखण्ड कार्यालय, अंचल कार्यालय, परिवहन विभाग, आपदा विभाग, विद्युत विभाग एवं शिक्षा विभाग से संबंधित थे। जनता से साक्षात्कार में विभिन्न क्षेत्रों से आए लोगों ने अपनी समस्याएं रखीं, जिनमें से अधिकांश का मौके पर ही निष्पादन कर दिया गया। जिला पदाधिकारी द्वारा संबंधित पदाधिकारियों को आवश्यक निदेश दिया गया कि जनता की समस्याओं का समाधान शेष मामलों का त्वरित और पारदर्शी तरीके से करें। अरवल प्रखण्ड स्थित पखरपुर निवासी सुजीत कुमार द्वारा बताया गया कि नया विद्युत कनेक्शन लेने हेतु माह अप्रैल में आवेदन की गई थी पर अबतक कनेक्शन उपलब्ध नहीं कराई गई है, कनेक्शन उपलब्ध करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा कार्यपालक अभियंता विद्युत विभाग अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। कलरे प्रखण्ड स्थित ग्राम वलिदाद निवासी उपेन्द्र राम द्वारा बताया गया कि वलिदाद नट बिगहा स्कूल में सफाई कर्मी था, जो अब हटा दिया गया है। साथ ही 08 माह से मजदूरी का भुगतान भी नहीं किया गया है, भुगतान करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा जिला शिक्षा पदाधिकारी अरवल को नियमानुसार कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया। करपी प्रखण्ड स्थित समनपुर बदो निवासी राम निवास शर्मा द्वारा बताया गया कि बाढ़ आने से आवागमन का रास्ता कट गया है जिससे ग्रामीणों को काफी परेशानी हो रही है। रास्ता को मरम्मती करवाने की कृपा प्रदान की जाए। इस पर जिला पदाधिकारी द्वारा प्रखण्ड विकास पदाधिकारी करपी एवं प्रखण्ड पंचायती राज पदाधिकारी करपी को संयुक्त जाँच स्थलीय निरीक्षण कर उचित कार्रवाई करने हेतु निदेशित किया गया।

## 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर तक चलेगा सेवा संकल्प अभियान

**अरवल (एनएसबी)।** मुख्य सचिव, बिहार की अध्यक्षता में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राज्य के सभी जिला पदाधिकारियों एवं पुलिस अधीक्षकों के साथ ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल के सफल क्रियान्वयन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में अभियान के उद्देश्यों, निर्धारित गतिविधियों, व्यापक जनभागीदारी तथा विभिन्न विभागों के समन्वय से कार्यक्रमों के प्रभावी आयोजन के संबंध में आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिले से जिला पदाधिकारी अमृषा बैंस, पुलिस उपाधीक्षक (मुख्यालय), उप विकास आयुक्त शैलेश कुमार सहित संबंधित पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में शामिल हुए।

**सेवा एवं जनभागीदारी से जुड़ी विभिन्न गतिविधियों का होगा आयोजन**

बैठक में बताया गया कि ह्यसेवा संकल्प अभियानह्ल का आयोजन 17 सितम्बर से 17 अक्टूबर, 2026 तक किया जाएगा। अभियान का मुख्य उद्देश्य सेवा, सामाजिक सहभागिता एवं जनकल्याण की भावना को सशक्त करते हुए सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति आमजनों में जागरूकता बढ़ाना तथा अधिकाधिक लोगों की सहभागिता सुनिश्चित करना है। अभियान के अंतर्गत जिला, प्रखंड, पंचायत एवं संस्थागत स्तर पर विभिन्न रचनात्मक एवं जनसहभागिता आधारित गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। आशीर्वाद का दीयाह्ल के तहत विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों से संपर्क कर उन्हें दीप प्रज्वलन हेतु आमंत्रित किया जाएगा। इसमें नगर निकाय, स्वास्थ्य उपकेंद्र, जन वितरण प्रणाली विक्रेता, गैस वितरक एवं पंचायत सरकार भवन सहित विभिन्न संस्थाओं की सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। सेवा चित्रह्ल के अंतर्गत विद्यालयों एवं महाविद्यालयों में चित्रकला एवं भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा, जिसके माध्यम से विद्यार्थियों को सेवा एवं जनकल्याण से जुड़े विषयों पर अपनी रचनात्मक अभिव्यक्ति प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। ह्यसेवा स्मरणह्ल के तहत प्रमुख जनकल्याणकारी योजनाओं एवं उपलब्धियों को नाट्य प्रस्तुतियों के माध्यम से प्रदर्शित कर सेवा एवं जनकल्याण की भावना को जन-जन तक पहुंचाया जाएगा। आंगन का मिलनह्ल के अंतर्गत बच्चों एवं अभिभावकों द्वारा आंगनबाड़ी सेविकाओं एवं कर्मियों के योगदान तथा उनकी सेवाओं के प्रति सम्मान व्यक्त किया जाएगा। कहानी बदलाव कीह्ल के माध्यम से सरकार की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित लोगों के जीवन में आए सकारात्मक बदलाव एवं उनकी सफलता की कहानियों को लघु कथा अथवा रील के माध्यम से प्रस्तुत किया जाएगा। सेवा ज्योति यात्राह्ल का आयोजन ग्राम पंचायत, प्रखंड एवं जिला स्तर पर किया जाएगा। इसके माध्यम से अभियान एवं विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रति व्यापक जनजागरूकता एवं जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। सेवा मेरा योगदानह्ल के तहत पदाधिकारियों, कर्मियों एवं आमजनों को समाज सेवा से जुड़े विभिन्न कार्यों में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया जाएगा।सेवा सेतु अभियानह्ल के अंतर्गत ह्यसरकार आपके द्वारह्ल की अवधारणा के अनुरूप आमजनों की शिकायतों एवं समस्याओं को सुनते हुए उनके त्वरित एवं प्रभावी समाधान पर विशेष जोर दिया जाएगा। इसी प्रकार ह्यसेवा के रंगह्ल के तहत जनकल्याणकारी योजनाओं एवं सेवाओं को रचनात्मक रूप से प्रदर्शित करने के उद्देश्य से ह्यूमन रंगोली का आयोजन किया जाएगा। माध्यम से श्रेष्ठ नवाचारों एवं नवोन्मेषकों को प्रोत्साहित किया जाएगा। चयनित नवाचारों को प्रदर्शनी, संवाद एवं लाइव डेमो के माध्यम से प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।सेवा संकल्प अभियानह्ल सेवा, सहभागिता एवं जनकल्याण की भावना को जन-जन से जोड़ने की एक व्यापक पहल है। जिला प्रशासन, अरवल द्वारा अभियान के दौरान विभिन्न विभागों एवं समाज के सभी वर्गों की सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करते हुए निर्धारित गतिविधियों के प्रभावी एवं सफल आयोजन पर विशेष जोर दिया जाएगा।



वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग में भाग लेते डीएम।

## पिकअप ब ऑटो के टक्कर में चार घायल चालक फरार

**कुर्था(एनएसबी)** स्थानीय प्रखंड क्षेत्र के कुर्था बेनीपुर मुख्य मार्ग पर स्थित पेट्रोल पंप के समीप पिकअप व ऑटो के जोरदार टक्कर हो गई। जिसमें ओटो पर सवार चार सवारी पूरी तरह से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार कुर्था से चमंडी की ओर जा रही ऑटो कुर्था बेनीपुर मुख्य पथ पर पेट्रोल पंप के समीप अनियंत्रित होकर टकरा गई। जिसमें ऑटो में सवार कुर्था थाना क्षेत्र के बारा फरीदपुर गांव निवासी नीतीश कुमार 35 बर्ष, चमंडी गांव निवासी जीरा देवी 40 बर्ष, चमंडी गांव निवासी पुष्पा देवी 35 बर्ष व ऑटो चालक चमंडी गांव निवासी रंजन कुमार बर्ष 30 पूरी तरह से घायल हो गए। हालांकि मौके से पिकअप चालक फरार हो गया। घटना की सूचना मिलते ही कुर्था थानाध्यक्ष चंदन कुमार झा दलबल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर सभी घायलों को कुर्था सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।

# जनता दरबार में 103 परिवादों की सुनवाई

## सात दिनों में कार्रवाई का निर्देश, जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** जिला पदाधिकारी वैशाली, श्रीमती वर्षा सिंह द्वारा समाहरणालय वैशाली कार्यालय प्रकोष्ठ में आयोजित जनता दरबार कार्यक्रम में आमजन की समस्याओं का गंभीरतापूर्वक अवलोकन एवं निस्तारण किया गया। जनता दरबार में कुल 103 परिवाद प्राप्त हुए, जिनमें जिले के विभिन्न प्रखंडों से आए नागरिकों ने अपनी समस्याएं सीधे जिलाधिकारी के समक्ष प्रस्तुत कीं।

जनता दरबार के दौरान जिलाधिकारी द्वारा सभी संबंधित विभागीय पदाधिकारियों को निर्देश दिया गया कि प्राप्त परिवादों पर सात (7) दिनों के भीतर आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करते हुए प्रतिवेदन जन शिकायत कोषांग को उपलब्ध कराया जाए। उन्होंने स्पष्ट किया कि शिकायतों के निष्पादन में किसी प्रकार की लापरवाही अथवा विलंब स्वीकार्य नहीं होगा।

प्राप्त परिवाद राजस्व एवं भूमि सुधार, शिक्षा, पुलिस अधीक्षक कार्यालय, अवर निबंधक, आवास, विद्युत, डीएसओ, आईसीडीएस, आर्म्स, स्वास्थ्य, जीविका, आपदा प्रबंधन, निर्वाचन, सामाजिक सुरक्षा सहित अन्य विभागों से संबंधित रहे। जिलाधिकारी ने अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर मामलों की जांच कर त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

उल्लेखनीय है कि सात निश्चय 3 के अंतर्गत सबका सम्मानजीवन आसान कार्यक्रम के तहत जिला, अनुमंडल, प्रखंड एवं थाना स्तर पर भी जनता दरबार का नियमित आयोजन किया जा रहा है। आज जिला, अनुमंडल, प्रखंड एवं थाना स्तर पर कुल मिलाकर 181 आवेदनों का अवलोकन एवं निस्तारण सुनिश्चित किया गया।

जिलाधिकारी ने कहा कि जिला प्रशासन



जनता दरबार में सुनवाई करती डीएम।

की सर्वोच्च प्राथमिकता आम नागरिकों की समस्याओं का त्वरित, पारदर्शी एवं समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करना है। जनता दरबार एक सशक्त मंच है, जिसके माध्यम से आमजन सीधे प्रशासन तक अपनी समस्याएं पहुँचा सकते हैं। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि प्राप्त परिवादों के निष्पादन में संवेदनशीलता एवं गंभीरता बरतते हुए समयसीमा का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करें, ताकि आम नागरिकों को अनावश्यक रूप से कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें।

जनता दरबार कार्यक्रम में सहायक समाहर्ता (प्रशिक्षु) अंकुर त्रिपाठी, अपर समाहर्ता वैशाली, अनुमंडल पदाधिकारी हाजीपुर, जिला आपूर्ति पदाधिकारी, निदेशक डीआरडीए, जिला विकास पदाधिकारी, जिला सहकारिता पदाधिकारी, भूमि सुधार उप समाहर्ता, वरीय उप समाहर्ता, सहायक निदेशक जिला सामाजिक सुरक्षा कोषांग, जिला कार्यक्रम पदाधिकारी शिक्षा विभाग, जिला कल्याण पदाधिकारी सहित विभिन्न विभागों के संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

## खबरें – खास-खास

### महनार में पैन नहर के बांध पर चढ़ा बाढ़ का पानी, तीन गांवों पर खतरा

#### कुतुबपुर, पानापुर पहेमी और पहाड़पुर में बढ़ी चिंता, ग्रामीणों ने सुरक्षात्मक कार्य कराने की मांग की

**महनार (दैनिक नवसंदेश)।** महनार प्रखंड की पहाड़पुर विशुनपुर पंचायत के कुतुबपुर चौर में पैन नहर के बांध के ऊपर से बाढ़ का पानी बह रहा है। पानी तेजी से आबादी की ओर बढ़ने से कुतुबपुर, पानापुर पहेमी और पहाड़पुर गांवों में ग्रामीणों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में लगी फसलें पहले ही जलमग हो चुकी हैं। पंचायत की मुखिया मालती देवी और समाजसेवी राजू सिंह ने प्रशासन से अविलंब मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लेने और पानी के बहाव को रोकने के लिए आवश्यक सुरक्षात्मक कार्य कराने की मांग की है। ग्रामीणों का कहना है कि समय रहते पानी का बहाव नहीं रोका गया तो स्थिति गंभीर हो सकती है। उनके अनुसार एक-दो दिनों में कुतुबपुर की करीब 1000 से 1500 की आबादी बाढ़ से प्रभावित हो सकती है। वहीं, कुतुबपुर निवासी किसान शिलानाथ पासवान ने बांध क्षतिग्रस्त होने की शिकायत की थी। इसके बाद महनार एसडीओ अंकित कुमार के निर्देश पर जल निस्सरण विभाग, हाजीपुर ने जांच की। अभियंता विजय ष्ण की रिपोर्ट में जलस्तर बढ़ने से बांध के ऊपर से पानी बहने की बात कही गई है। रिपोर्ट में बांध को सुरक्षित बताया गया है।



महनार के कुतुबपुर चौर में बाढ़ के पानी से जलमग्न खेत और फसल को दिखाता किसान।

### शटर का ताला काटकर कपड़ा दुकान में चोरी

**बिदुपुर (दैनिक नवसंदेश)।** हाजीपुर मार्ग स्थित पानापुर चौक के समीप दिव्यांश वस्त्रालय में गुरुवार रात चोरों ने शटर का ताला काटकर चोरी कर ली। चोर दुकान से 25 हजार रुपए नकद समेत करीब साढ़े चार लाख रुपए मूल्य के कीमती कपड़े ले गए। दुकानदार अमन के अनुसार, शुक्रवार सुबह दुकान खोलने पहुंचे तो शटर का ताला कटा मिला। अंदर सामान बिखरा पड़ा था और कपड़े व नकदी गायब थे। घटना के बाद स्थानीय लोगों ने इलाके में बढ़ती नशाखोरी को लेकर चिंता जताई। लोगों का आरोप है कि पानापुर चौक स्थित सरकारी स्कूल के आसपास कई दुकानों से ड्रग्स व अन्य मादक पदार्थों की आपूर्ति किए जाने की जानकारी पूर्व में भी प्रशासन को दी गई है। स्थानीय लोगों ने आशंका जताई कि नशे के आदी युवकों की गतिविधियों पर रोक नहीं लगने से क्षेत्र में चोरी समेत अन्य आपराधिक घटनाएं बढ़ रही हैं। लोगों ने पुलिस से मामले की जांच कर चोरों की गिरफ्तारी और नशे के कारोबार पर कार्रवाई की मांग की है।

### बाढ़ आपदा कार्य में लापरवाही के मामले में जिला पशुपालन पदाधिकारी के विरुद्ध प्राथमिकी एवं अनुशासनिक कार्रवाई की अनुशंसा

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बाढ़ आपदा के दौरान राहत एवं बचाव कार्यों में किसी भी स्तर पर लापरवाही, उदासीनता अथवा सरकारी दायित्वों के निर्वहन में शिथिलता को जिला प्रशासन द्वारा गंभीरता से लिया जा रहा है। इसी क्रम में जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह के स्तर से बाढ़ आपदा कार्यों की सतत मॉनिटरिंग एवं अनुश्रवण के दौरान जिला पशुपालन पदाधिकारी, वैशाली डा. उदय दत्त कुमार बोस के विरुद्ध कर्तव्य निर्वहन में गंभीर लापरवाही एवं उदासीनता के मामले में कार्रवाई की गई है।

बाढ़ आपदा के दौरान राहत शिविरों में पशुधन के लिए आवश्यक चारा एवं अन्य व्यवस्थाओं को सुनिश्चित करना पशुपालन विभाग के महत्वपूर्ण दायित्वों में शामिल है। प्रथम दृष्टया जिला पशुपालन पदाधिकारी द्वारा राहत एवं आपदा कार्यो के दौरान अपने दायित्वों के निर्वहन में गंभीर शिथिलता बरते जाने, राहत शिविर से अनुपस्थित रहने, पशु चारा के समुचित वितरण की व्यवस्था सुनिश्चित नहीं करने तथा शिविर में उपलब्ध पशु चारा को हटाए जाने सहित कई गंभीर अनियमितताएँ सामने आई हैं। इसके साथ ही राहत शिविरों में पशुपालन विभाग के पदाधिकारियों एवं कर्मियों की उपस्थिति सुनिश्चित करने में भी अपेक्षित तत्परता नहीं बरती गई।

प्रथम दृष्टया यह भी पाया गया कि संबंधित पदाधिकारी द्वारा आपदा प्रबंधन से संबंधित निर्धारित मानक संचालन प्रक्रिया एवं विभागीय निर्देशों के अनुरूप अपेक्षित कार्रवाई नहीं की गई तथा वरीय पदाधिकारियों के निर्देशों के अनुपालन में भी शिथिलता बरती गई। बाढ़ जैसी आपदा की स्थिति में पशुधन के लिए आवश्यक राहत व्यवस्था से जुड़े कार्यों में इस प्रकार की लापरवाही को जिला प्रशासन द्वारा अत्यंत गंभीरता से लिया गया है।

उक्त मामले में जिला पशुपालन पदाधिकारी, वैशाली डा. उदय दत्त कुमार बोस के विरुद्ध गंगाब्रिज थाना, हाजीपुर में प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। प्राथमिकी संख्या 249/2026, दिनांक 09-09-2026 है। प्राथमिकी में आपदा प्रबंधन कार्य के निर्वहन में लापरवाही से संबंधित प्रावधानों के अंतर्गत आपदा प्रबंधन अधिनियम, 2005 एवं अन्य सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

इसके अतिरिक्त संबंधित पदाधिकारी के विरुद्ध विभागीय स्तर पर भी अनुशासनिक कार्रवाई की प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। उनके विरुद्ध लगाए गए आरोपों के संबंध में आरोप पत्र गठित कर सचिव, डेयरी, मत्स्य एवं पशु संसाधन विभाग, बिहार, पटना को भेजा गया है। जिला प्रशासन द्वारा बिहार सरकारी सेवक आचार नियमावली, 1976 के प्रावधानों के तहत अनुशासनिक कार्रवाई किए जाने तथा मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित पदाधिकारी को निलंबित किए जाने की अनुशंसा की गई है।

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि आपदा की स्थिति में राहत एवं बचाव कार्यों में संलग सभी पदाधिकारी एवं कर्मी अपने निर्धारित दायित्वों का पूरी संवेदनशीलता, तत्परता एवं उत्तरदायित्व के साथ निर्वहन करें। आपदा प्रबंधन से संबंधित सरकारी निर्देशों, व एवं वरीय पदाधिकारियों के आदेशों के अनुपालन में किसी भी प्रकार की लापरवाही अथवा उदासीनता पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार के जन्म स्थान बख्तियारपुर का नाम बदलकर नीतीशपुर कर दिया जाए, पार्टी का नाम जनता दल (यूनाइटेड) के बजाय जनता दल-नीतीश कर दिया जाए : राजू वर्णवाल

**गया जी (दैनिक नवसंदेश)।** जदयू महानगर कार्यालय में उपस्थित महानगर के साथियों के बीच जिलाध्यक्ष जदयू महानगर गया राजकुमार प्रसाद उर्फ राजू बरनवाल की उपस्थिति में सभी लोगों ने कहां की नीतीश कुमार जी के जदयू पार्टी को जनता दल नीतीश करने का उनके चाहने वालों के साथ हम लोग भी चाहते हैं कि इस बिहार के लिए स्वर्णिम गौरव का दिन होगा, विकास पुरुष लोहिया जी, जयप्रकाश नारायण, कर्पूरी ठाकुर के बाद अगर किसी का नाम, इस धरती पर सच्चे मन से लेना चाहिए तो वह नाम है नीतीश कुमार। बरनवाल बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री और पार्टी प्रमुख नीतीश कुमार के बिहार और पार्टी के विकास में योगदान की प्रशंसा करते हुए कहा कि 2005 से पहले और उसके बाद के बिहार के हालातों को भी याद किया, जब नीतीश कुमार राज्य के मुख्यमंत्री बने थे। अब लोग गर्व से खुद को बिहारी कहते हैं, और पार्टी की प्रगति के साथ-साथ बिहार भी तरक्की कर रहा है, इतने वर्षो तक राजनीति में सक्रिय रहे इतने प्रभावशाली नेता को पहले कभी नहीं देखा। बख्तियारपुर महज एक भौगोलिक पहचान नहीं है। यह एक महान जननेता नीतीश कुमार की जन्मभूमि है, जिन्होंने अपने लंबे जनजीवन के माध्यम से बिहार की राजनीति, विकास और शासन को एक नई दिशा दी। नीतीश कुमार का जीवन सफर, संघर्ष और अनगिनत यादें इसी भूमि और इसी भावना से जुड़ी हैं। इस बैठक में सभी लोगों ने मांग की जेडीयू प्रमुख नीतीश कुमार के जन्मस्थान बख्तियारपुर का नाम बदलकर नीतीशपुर कर दिया जाए व आग्रह किया कि पार्टी का नाम जनता दल (यूनाइटेड) के बजाय जनता दल-नीतीश कर दिया जाए। आग्रह करने वालों में लालजी प्रसाद, गोपाल प्रसाद, अरविंद सिंह, अमरनाथ धोकड़ी,दीपक नटराजन, दुलारचंद भारती , मानिकचंद गुप्ता, नरेश दांगी, अमर चंद्रवंशी, प्रिंस , मिंता देवी सहित सैकड़ो लोगों ने सहमति दी है।



जदयू महानगर कार्यालय में उपस्थित लोग।

## खबरें : एक नजर में

### 6 चक्का ट्रक से 580 पेटी विदेशी शराब जब्त, 5,159.880 लीटर शराब बरामद

**हाजीपुर (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार सरकार की शराबबंदी नीति के प्रभावी अनुपालन एवं अवैध शराब के कारोबार के विरुद्ध जिला पदाधिकारी, वैशाली श्रीमती वर्षा सिंह (भा.प्र.से.) के निर्देशन में जिले में लगातार सघन कार्रवाई की जा रही है। इसी क्रम में उत्पाद विभाग की कार्रवाई में सराय थाना क्षेत्र अंतर्गत बेलकुंडा-सराय रोड पर एक 6 चक्का ट्रक से भारी मात्रा में विदेशी शराब बरामद कर जब्त की गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, बेलकुंडा-सराय रोड, थाना सराय क्षेत्र में वाहन जांच एवं निगरानी के क्रम में 6 चक्का ट्रक, जिसका रजिस्ट्रेशन संख्या 04-5234 है, की जांच की गई। जांच के दौरान ट्रक से विभिन्न ब्रांड की विदेशी शराब की कुल 580 पेटी, कुल 5,159.880 लीटर शराब बरामद की गई। जब्त शराब की सभी पेटियों पर अंकित पाया गया।

जब्त शराब में रयल स्टैग व्हिस्की 750 एमएल की 24 पेटी, 375 एमएल की 16 पेटी एवं 180 एमएल की 43 पेटी, रयल ग्रीन व्हिस्की 750 एमएल की 60 पेटी एवं 375 एमएल की 99 पेटी, इम्पीरियल ब्लू व्हिस्की 750 एमएल की 89 पेटी, 375 एमएल की 125 पेटी एवं 180 एमएल की 124 पेटी शामिल हैं। इस प्रकार कुल 580 पेटी विदेशी शराब, जिसकी कुल मात्रा 5,159.880 लीटर है, जब्त की गई।

जिला प्रशासन द्वारा स्पष्ट किया गया है कि बिहार में पूर्ण शराबबंदी कानून के प्रभावी अनुपालन को लेकर अवैध शराब के निर्माण, परिवहन, भंडारण एवं कारोबार के विरुद्ध लगातार सघन निगरानी एवं कार्रवाई की जा रही है। जिले में शराब की अवैध आपूर्ति एवं तस्करी से जुड़े मामलों में कानून के प्रावधानों के तहत कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जा रही है।

जिला पदाधिकारी श्रीमती वर्षा सिंह ने संबंधित अधिकारियों को शराबबंदी कानून के अनुपालन में सतत निगरानी बनाए रखने तथा अवैध शराब के परिवहन एवं कारोबार के विरुद्ध प्रभावी कार्रवाई जारी रखने का निर्देश दिया है। जिला प्रशासन द्वारा आम लोगों से भी अपील की गई है कि अवैध शराब के निर्माण, बिक्री अथवा परिवहन से संबंधित किसी भी सूचना की जानकारी तत्काल संबंधित प्रशासनिक अथवा पुलिस पदाधिकारियों को दें, ताकि ऐसे मामलों में त्वरित कार्रवाई की जा सके।

# 72.240 किलो गांजा के साथ पांच तस्कर गिरफ्तार

### दो चारपहिया वाहनों से मुजफ्फरपुर से हाजीपुर ले जाया जा रहा था मादक पदार्थ, भगवानपुर में पुलिस ने दबोचा

**गोरौल (दैनिक नवसंदेश)।** वैशाली पुलिस द्वारा जिले में अवैध मादक पदार्थो के सेवन, बिक्री और तस्करी पर रोक लगाने के लिए चलाए जा रहे अपरेशन नीलकंठ के तहत भगवानपुर थाना क्षेत्र में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने वाहन जांच के दौरान दो चारपहिया वाहनों से भारी मात्रा में गांजा बरामद करते हुए पांच कथित तस्करों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपितों के पास से 72.240 किलोग्राम गांजा एवं चार मोबाइल फोन बरामद किए गए हैं।

पुलिस के अनुसार, मद्यनिषेध एवं राज्य स्वापक ब्यूरो, बिहार, पटना के माध्यम से बीती रात गुप्त सूचना प्राप्त हुई थी कि कुछ मादक पदार्थ तस्कर स्वीफ्ट डिजायर और स्कर्पियो से मादक पदार्थ लेकर मुजफ्फरपुर की ओर से हाजीपुर की तरफ जाने वाले हैं। सूचना मिलते ही वरीय पुलिस अधीक्षक शुभांक मिश्रा एवं पुलिस अधीक्षक ग्रामीण सोनू यादव के निर्देश पर आवश्यक कार्रवाई शुरू की गई।अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी सदर-02 लालगंज गोपाल मंडल के नेतृत्व में भगवानपुर थानाध्यक्ष एवं पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने भगवानपुर थाना क्षेत्र में एनएच-22 स्थित किरतपुर राजाराम ओवरब्रिज के समीप वाहन जांच शुरू कर दी।

इसी दौरान पुलिस ने संदिग्ध दोनों वाहनों को रोककर जांच की। तलाशी के दौरान वाहनों से कुल 72.240 किलो गांजा बरामद हुआ।



प्रेसवार्ता कर जानकारी देते एसपी।

पुलिस ने दोनों वाहनों पर सवार पांच लोगों को गिरफ्तार कर लिया तथा उनके पास से चार मोबाइल फोन भी जब्त किए।

पटना जिले के रहने वाले हैं सभी गिरफ्तार आरोपित : पुलिस के अनुसार गिरफ्तार आरोपितों की पहचान सुरज महतो, पिता राजेश्वर महतो, निवासी कमला नेहरू नगर, थाना कोतवाली, पटनाय योगेन्द्र पासवान, पिता स्व़ राजेन्द्र पासवान, निवासी कमला नेहरू नगर, थाना कोतवाली, पटनाय बिपुल कुमार, पिता स्व़ सुखनंदन राय, निवासी जेठूली, थाना नदी, पटनाय राहुल यादव, पिता उमेश प्रसाद यादव, निवासी जेठूली, थाना नदी, पटना तथा बिट्टू कुमार, पिता स्व़ भूषण राय, निवासी मौजीपुर, थाना नदी, पटना के रूप में हुई है।पुलिस ने बताया कि पूछताछ के दौरान बरामद मादक पदार्थ के स्रोत और उसे कहां पहुंचाया जाना था, इस संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी सामने आई है। पुलिस इस पूरे नेटवर्क की कड़ियों को खंगालने में जुटी है।इस मामले में भगवानपुर थाना कांड संख्या 383/26 दर्ज किया गया है। पुलिस के अनुसार सभी गिरफ्तार आरोपितों को न्यायिक हिरासत में भेजे जाने की प्रक्रिया की जा रही है। भारी मात्रा में गांजा बरामद होने के बाद पुलिस अब इस तस्करी के पीछे जुड़े अन्य लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

## साधु के वेश में घूम रहे व्यक्ति ने युवक के पेट में घोंपा चाकू

**गोरौल (दैनिक नवसंदेश)।** बेलसर थाना क्षेत्र के बेलवर गांव में गुरुवार की देर रात उस समय अफरातफरी मच गई,जब साधु के वेश में घूम रहे एक व्यक्ति ने हाथ में चाकू लेकर राहगीरों को धमकाना शुरू कर दिया।इसी दौरान गांव के ही युवक मणिकांत शुक्ला पर कथित रूप से चाकू से हमला कर दिया गया। हमले में युवक गंभीर रूप से घायल हो गया।घटना के बाद परिजन एवं ग्रामीणों ने आनन-फानन में घायल को इलाज के लिए मुजफ्फरपुर स्थित एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका उपचार चल रहा है।ग्रामीणों के अनुसार, बेलवर गांव निवासी एक व्यक्ति पिछले कुछ समय से साधु का वेश धारण कर गांव में रह रहा था।गुरुवार की रात गांव में श्राद्धकर्म का भोज था। भोज में शामिल होने के लिए ग्रामीणों का आना-जाना लगा हुआ था।वह व्यक्ति कथित तौर पर हाथ में चाकू लेकर राहगीरों को धमकाने लगा। ग्रामीणों का कहना है कि वह लोगों को चाकू मारने की धमकी दे रहा था, जिससे गांव में भय का माहौल बन गया।बताया गया कि भोज खाने के बाद मणिकांत शुक्ला जैसे ही अपने दरवाजे के समीप पहुंचे,तभी आरोपित ने उन पर चाकू से हमला कर दिया। चाकू लगने से युवक के पेट में गंभीर चोट आई।घटना के बाद वह मौके पर ही बेहोश हो गए। गंभीर स्थिति को देखते हुए ग्रामीणों ने तत्काल उन्हें अस्पताल पहुंचाया,जहां चिकित्सकों की निगरानी में उनका इलाज चल रहा है।घटना की जानकारी मिलते ही गांव में अफरातफरी का माहौल बन गया।बड़ी संख्या में ग्रामीण घटनास्थल के आसपास जुट गए।, घटना के संबंध में बेलसर पुलिस ने फिलहाल अनभिज्ञता जताई है।पुलिस का कहना है कि घटना के संबंध में अब तक कोई मौखिक अथवा लिखित सूचना प्राप्त नहीं हुई है। पुलिस को आवेदन मिलने के बाद मामले की जांच और आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## महनार में बाढ़ के पानी में मछली पकड़ने गए युवक की डूबने से मौत

### गोरीगामा पंचायत के जगन्नाथपुर गांव की घटना, अस्पताल में चिकित्सकों ने मृत घोषित किया

**महनार (दैनिक नवसंदेश)।** महनार प्रखंड क्षेत्र में बाढ़ का पानी लोगों के लिए जानलेवा साबित हो रहा है। गोरीगामा पंचायत के जगन्नाथपुर गांव में शुक्रवार को बाढ़ के पानी में मछली पकड़ने के दौरान डूबने से करीब 36 वर्षीय युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान जगन्नाथपुर निवासी सुरेश सहनी, पिता स्व. जुगेश्वर सहनी के रूप में हुई है। बताया गया कि सुरेश सहनी बाढ़ के पानी में मछली पकड़ने गया था। इसी दौरान वह गहरे पानी में चला गया और डूब गया। आसपास के लोगों ने उसे पानी से बाहर निकाला। इसके बाद परिजन उसे लेकर महनार सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचे। यहां ड्यूटी पर तैनात चिकित्सक ड़ अरुण कुमार और चिकित्सा कर्मी अब्दुल रियाज शेख ने जांच के बाद उसे मृत घोषित कर दिया। अस्पताल पहुंचने के बाद परिजनों में चीख-पुकार मच गई।

महनार थाने की पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए हाजीपुर सदर अस्पताल भेज दिया है। सीओ सह आरओ पूजा राय ने बताया कि संबंधित कर्मचारी को मौके पर भेजा गया है। जांच प्रतिवेदन मिलने के बाद नियमानुसार सहायता दी जाएगी।



युवक की मौत के बाद महनार सीएचसी में जुटे परिजन और पुलिसकर्मी।

## बिहार के पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष से किया मुलाकात

**पटना (दैनिक नवसंदेश)।** बिहार के पर्यटन विभाग के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष से राजभवन, हरियाणा में शिष्टाचार मुलाकात किये एवं उन्हें पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत व अभिनंदन किया।

इस अवसर पर बिहार के पर्यटन विभाग के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता एवं हरियाणा के राज्यपाल प्रो. असीम कुमार घोष के बीच पर्यटन के विकास, सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण एवं पर्यटन क्षेत्र में नई संभावनाओं से जुड़े महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक एवं सकारात्मक चर्चा हुई।

मंत्री श्री गुप्ता ने कहा कि पर्यटन केवल यात्रा का माध्यम नहीं, बल्कि संस्ति, विरासत और विकास को जोड़ने का सशक्त सेतु है। उन्होंने कहा कि बिहार और हरियाणा के बीच पर्यटन एवं सांस्तिक आदान-प्रदान को और मजबूत करने के लिए इस प्रकार की सार्थक चर्चा निश्चित रूप से आपसी सहयोग को नई दिशा और नई गति प्रदान करेगी।

इधर, बिहार के पर्यटन विभाग के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने चंडीगढ़ एयरपोर्ट पर हरियाणा पर्यटन के एआई चौटबट का अवलोकन किया। इस दौरान उन्होंने कहा कि पर्यटकों की सुविधा के लिए तकनीक के



बिहार के पर्यटन मंत्री केदार गुप्ता ने हरियाणा के राज्यपाल असीम कुमार घोष से किया मुलाकात, पुष्पगुच्छ भेंटकर की स्वागत व अभिनंदन।

उपयोग की यह पहल बेहद सराहनीय और प्रेरणादायी लगी।

बिहार के पर्यटन विभाग के मंत्री केदार प्रसाद गुप्ता ने कहा कि बिहार पर्यटन में भी ऐसी आधुनिक एआई आधारित सुविधा हम भी विकसित करेंगे, ताकि बिहार आने वाले देश-विदेश के पर्यटकों को पर्यटन स्थलों, यात्रा एवं सुविधाओं की जानकारी आसानी से और तुरंत मिल सके।

## नगर पंचायत अध्यक्ष मिंटू कुमार ने पूजा-अर्चना कर किया कार्य का शुभारंभ

**खुसरूपुर / पटना (दैनिक नवसंदेश)।** खुसरूपुर में वर्षो पुरानी मांग हुई पूरी, स्टेशन रोड से समना मैदान तक बनेगी पक्की सड़क । खुसरूपुर से इस वक्त की बड़ी और राहत भरी खबर सामने आ रही है। नगरवासियों के लिए वर्षो से चली आ रही स्टेशन रोड से समना मैदान तक पक्की सड़क निर्माण की मांग अब धरातल पर उतर गई है।

शुक्रवार को खुसरूपुर नगर पंचायत अध्यक्ष मिंटू कुमार ने स्टेशन रोड में नारियल फोड़कर सड़क निर्माण कार्य की विधिवत शुरुआत की। सड़क निर्माण कार्य शुरू होते ही स्थानीय लोगों में खुशी की लहर दौड़ गई।

दरअसल, स्टेशन रोड से समना मैदान तक सड़क निर्माण की मांग लंबे समय से स्थानीय जनता और सामाजिक कार्यकर्ताओं द्वारा उठाई जा रही थी। सड़क की जर्जर स्थिति के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था।



नगर पंचायत अध्यक्ष मिंटू कुमार ने इस वर्षो पुरानी मांग को प्राथमिकता देते हुए पटना साहिब सांसद एवं पूर्व केंद्रीय कानून मंत्री रविशंकर प्रसाद से मुलाकात कर सड़क निर्माण की मांग रखी थी और इस संबंध में सांसद को मांग पत्र भी सौंपा था।

बताया गया कि सांसद रविशंकर प्रसाद ने भी इस महत्वपूर्ण सड़क निर्माण को लेकर विशेष रुचि दिखाई और योजना की अनुशंसा की। वहीं, सांसद प्रतिनिधि बी़एऩ चौबे ने भी इस बड़ी योजना को लेकर सांसद रविशंकर प्रसाद से विशेष वार्ता कर सड़क निर्माण को आगे बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

अब सांसद की अनुशंसा और मुख्यमंत्री शहरी विकास योजना के तहत स्टेशन रोड से समना मैदान तक पक्की सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। शुक्रवार से संबंधित ठेकेदार द्वारा निर्माण कार्य शुरू कर दिया गया। सड़क निर्माण कार्य के शुभारंभ के मौके पर नगर पंचायत अध्यक्ष मिंटू कुमार, उपाध्यक्ष प्रतिनिधि भूषण पांडेय, सांसद प्रतिनिधि बी़एऩ चौबे, वार्ड नंबर 7 के पार्षद हिमांशु राज उर्फ बिट्टू, वार्ड नंबर 6 के पार्षद प्रतिनिधि वीरेंद्र कुमार, कुक्कू फाउंडेशन के अध्यक्ष अजय जी, दिलीप कुमार, भाजपा नेता पप्पू यादव सहित बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। वहीं, नगर पंचायत अध्यक्ष मिंटू कुमार ने इस सड़क निर्माण के लिए पटना साहिब सांसद रविशंकर प्रसाद का आभार व्यक्त करते हुए उन्हें धन्यवाद और शुभकामनाएं दी हैं।

## रौनियार समाज ने धूमधाम से मनाई कन्हैया की छठी महोत्सव

**गया जी (दैनिक नवसंदेश)।** नई गोदाम मोड़ स्थित श्री राधा-कृष्ण एवं शिव-पार्वती मंदिर प्रांगण में की ओर से हर्षोल्लास के साथ भगवान श्रीकृष्ण का छठी समारोह का आयोजन किया गया है।

इस धार्मिक और सांस्कृतिक उल्लास से भरपूर इस भव्य आयोजन में अरुण गुप्ता, राजू गुप्ता, बालमुकुंद प्रसाद, राजकुमार गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता,राम नरायण शर्मा,अशोक गुप्ता,सत्येंद्र गुप्ता, रेनू रानी गुप्ता, रिंकी गुप्ता, राकेश कुमार उर्फ बबलू, रोहित कुमार नयी गोदाम, राजेश कुमार गुप्ता, अजय कुमार गुप्ता गया मार्केट,विवेक कुमार गुप्ता,विजय कुमार गुप्ता,दिल्ली से चलकर आई रिना रानी गुप्ता,और किरण गुप्ता,रिना गुप्ता,सहित बड़ी संख्या में स्थानीय श्रद्धालु और गणमान्य लोग उपस्थित रहें हैं।

इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण शाम को आयोजित भजन संध्या रही, जिसमें गया जी के सुप्रसिद्ध भजन गायक नवेंदु भट्टाचार्य ने अपनी जादुई आवाज से समां बांध दिया है। उन्होंने कन्हैया मैंने ही माखन खाया और लागी मीरा लगन वो काला एक बांसुरी वाला, माखन चोर जो नंदकिशोर, अच्युतम केशवम कृष्ण दामोदरम जैसे लोकप्रिय कृष्ण भजनों की प्रस्तुतियां दीं है। इन भजनों की स्वरलहरियों पर उपस्थित श्रद्धालु झूम उठे और पूरा मंदिर परिसर कृष्णमय हो गया है। भजन संध्या में सुप्रसिद्ध तबला वादक राघवेंद्र राव ने अपनी बेहतरीन थाप से अद्भुत संगत देकर कार्यक्रम में चार चांद लगा दिए हैं।

इस कार्यक्रम के दौरान प्रमुख सदस्य अरुण गुप्ता ने इस धार्मिक आयोजन के महत्व पर अपने विचार साझा करते हुए कहा कि भगवान श्रीष्ण के जन्मोत्सव के ठीक छठे दिन यह आयोजन किया जाता है, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया है। आज के समय में हमें भगवान श्रीकृष्ण के दिखाए गए मार्ग और उनके पदचिन्हों पर चलने की आवश्यकता है, तभी हम सत्य और अहिंसा के मार्ग पर चलकर समाज में सकारात्मक बदलाव ला सकेंगे।